लेकिन लिरा की तरफ के सितारों से हमारा फ़ासला उस से कम नहीं मालूम होता जितना कि दूसरी तरफ के सितारों से और उसका परिवार वर्तमान रफ़्तार पर चल कर दसलाख वर्ष से पहिले उस अगाध, आसमानको पार नहीं कर सकेंगे जो कि सूरज के वर्तमान स्थान और लिरा की हद के बीच में है यह बात तसलीम कर लेनी चाहिये कि हमारी रफ़्तार बिलकुल ठीक नहीं मालूम परन्तु जो चाल हर्शेल ने बयान की है वह क़रीब २ ठीक है।

भावार्थ—सूर्य अपने परिवार सहित आध घंटे में १०००० हज़ार मील की चाल से लिरा तारे की तरफ जा रहा है।

नं० ५७ ज्योतिर्विनोद पत्र १२८-१३५ ।

सूर्यकी गतिका पता पहिले हर्शेल (Herschel ने) लगाया, अपनी रीति उन्होंने एक उदाहरण द्वारा समझाई है। मान लीजिए कि एक सड़क के दोनों ओर बहुत दूर तक वृक्ष लगे हैं और एक मनुष्य उस पर चल रहा है ज्यों ज्यों वह आगे बढ़ेगा उसको ऐसा प्रतीत होगा कि जिस ओर मैं चल रहा हूं इस ओर के वृक्ष अलग २ हो कर सड़क खुली छोड़ते जाते हैं और जिधर से मैं आरहा हूं उधर के वृक्ष मिलाकर सड़क बंद करते जाते हैं प्रत्यक मनुष्य एक लम्बी छायादार सड़क पर इसका अनुभव करसकता है और इसीतरह यदि सौर्य-चक्र किसी दिशा में जा रहा है तो उसके सामने के तारे

किसी दिशा में को हटते हुए दीखने पड़ने चाहिये और पीछे के सिमिटते हुए। परिश्रम करने से तारोंका एक तरफ अलग होते जाना और दूसरी ओर पास होते जाना वस्तुतः देखा गया है ऐसा ज्ञात होता है कि सूर्य डेल्टा लाइरा (Lyra) तारे की ओर जारहा है। उसका वेग क्या है। यह और भी कठिन प्रश्न है। यदि तारे ऊपर दी हुई उपमा के वृक्षों की भांति अचल होते तो वेग निकालना कठिन न होता, पर वे स्वयं चल रहे हैं और वह भी भिन्न भिन्न दिशाओं में। यदि ऊपर के उदाहरण में वृक्षों के स्थान में चलते हुए मनुष्य होते तो बीच में चलने वाले मनुष्य का वेग निकालना कितना कठिन होता, परन्तु आधुनिक ज्योतिषियों को धन्य है कि उन्होंने इस कठिनाई को भी जीत लिया है। ऐसा ज्ञात हुआ है कि सूर्य प्रति सेकिण्ड ११ मील या ५$\frac{१}{२}$ कोस चलता है। यह वेग और कई तारों के वेग से बहुत कम है। पर यह स्मरण रहे कि इस वेग से सूर्य दिन रात में ९०००० मील या ४$\frac{१}{२}$ लाख कोस चलता है और जिस प्रकार एंजिन (Engine) के साथ गाड़ियां खिंची चली जाती हैं उसी प्रकार सूर्य मण्डल के सब पिण्ड भी आकाश में इतना अवकाश अतिक्रमण करते हैं। पर कोई नहीं कह सकता है कि सूर्य हमको कहां लिए जारहा है। पता नहीं कि यह यात्रा डेल्टा लाइरा (Lyra) पर ही समाप्त होगी या वह केवल एक स्टेशन ही है।

भावार्थ—सूर्य्य परिवार सहित डेल्टा लायरा तारे की तरफ १ सेकण्ड में ११ मील चलता है।

५८-५९ ज्योतिर्विनोद पत्र ४९ सूर्य से ग्रहों की दूरी परिभ्रमण कालादि का नक़शा।

ग्रहनाम	सूर्य से दूरी	परिभ्रमण काल दिन	व्यास	अनुमान १दिनकी प्रदक्षणा मील
बुध	तीन करोड़ बासठ लाख दस हज़ार मील ३६२१०००० मील	८८	३०३०मील	४१०००००
शुक्र	छः करोड़ बहत्तर लाख अड़तीस हज़ार ६७२३८००० मील	२२५	७७००॥	३०००००
पृथ्वी	नौ करोड़ तीन लाख ९३०००००० मील	३६५॥	८०००॥	३६००००
मंगल	चौधे करोड़ दस लाख १४१०००००० मील	६८७॥	४२३०॥	२०००००
अवांतर ग्रह	अट्ठाईस करोड़ २८०००००० मील	२२००॥	१०मीलसे ५०० मील	१०२५००
बृहस्पति	अड़तालीस करोड़ बीस लाख मील ४८२००००००	४३३२॥	९२१६४॥	१२००००
शनि	अट्ठाईस करोड़ पैंतीस लाख मील २८३५०००००	१०७५९॥	७४०००॥	८०००००
युरेनस	दो अरब चौहत्तर करोड़ पैंतीस लाख मील २७४३५०००००	३०६८७॥	३१०००॥	९०००००
नेपच्यून	दो अरब अठत्तर करोड़ नब्बे लाख मील २७८२००००००	६०१२७॥	३४०००॥	४४००००

नोट—२ मील का १ कोस ४ कोस का १ योजन माना है।

NO. 60
ARDEN WOOD'S GEOG.
PAGE 9.

Like the Earth the moon has no light of its own. It shines at night because it reflect the light which it receives from the sun.

नं० ६० आर्डनवुड जोगरफी सफा ९

पृथ्वी की तरह चन्द्रमा में अपनी रोशनी नहीं है। यह रात को इस कारण से चमकता है कि यह जो रोशनी सूर्य्य से लेता है उस को रात में झलकाता है।

भावार्थ—चन्द्रमा में प्रकाश सूर्य्य से होता है।

NO. 61
THE STORY OF HEAVENS
PAGE 533.

"But number every grain of sand,
Wherever salt wave touches land;
Number in single drops the sea;
Number the leaves on every tree,
Number earth's living creatures, all
That run, that fly, that swim, that crawl;
Of sands, drops, leaves and sives the count

Add up into one vast amount,
And then for every separate one
Of all those, let a flaming sun
Whirl in the boundless skies, with each
Its massy planets, to outreach
All sight, all thought: for all we see
Encircled with infinity,
Is but an island."

नं० ६१ स्टारी पत्र ४३३ सूर्यों की गणना ।

मिस्टर एलिंगग्राम की बनाई हुई कविता का अर्थ
प्रत्येक रेतके दाने को जहां २ समुद्र की लहरें ज़मीन को छूती हैं, और

प्रत्येक समुद्र की बूंदों को,
वृक्षों के पत्तों को, और

तमाम पृथ्वी के ज़िन्दा जानवरो को जो कि दोड़ते हैं, चलते है, तैरते हैं और रेंगते हैं शुमार करो और इन सब को एक जगह जोड़लो

फिर इनेंमे से एक २ की जगह पर, एक २ जलता और घूमता हुआ सूर्य मय बड़े २ तारों के जोकि गिनती में न आसकते हों ख्याल करो जो कुछ हम इस तरह पर अगिणित तारोंसे घिरा हुआ देखते हैं वह केवल एक टापूही है।

सर रोबर्ट एस वाल पुस्तक रचियता की राह :—
तारागणों की गिनती करना नामुमकिन है परन्तु इसका कुछ अन्दाज़ इस कविता से लगता है।

भावार्थ—सूर्य असंख्यात हैं।

NO 62.
THE STORY OF THE HEAVENS PAGE 516.

From each square foot in the surface of the sun emerges a quantity of heat as great as could be produced by daily combustion of sixteen tons of coal.

नं० ६२ स्टोरी की पुस्तक सफ़ा ५१६

सूर्य के धरातल के प्रत्येक वर्ग फुट में से इतनी गर्मी निकलती है जितनी कि १६ टन कोयलों के जलाने से निकल सकती है ।

NO. 63
STORY OF THE HEAVENS
PAGE 546-547.

Let us clearly understand what we mean by, a month of one day. We mean that the time in which the moon revolves around the earth will be equal to the time in which the earth rotates around its axis. The length of this day, will, of course, be vastly greater than our day. The only element of

uncertainty in these enquiries arises when we attempt to give numerical accuracy to the statements. It seems to be as true as the laws of dynamics that a state of the earth-moon system in which the day and the month are equal must be ultimately attained, but when we attempt to state the length of that day we introduce a hazardous element into the enquiry. In giving any estimate of its length, it must be understood that the magnitude is stated with great reserve. It may be erroneous to some extent, though, perhaps, not to any considerable amount. The length of this great day would seem to be about equal to fifty-seven of our days. In other words, at some critical time, in the excessively distant future, the earth will take something like 1,400 hours to perform a rotation, while the moon will complete its journey precisely in the sametime.

———

नं० ६३ स्टोरी सफ़ा ५४६ ५४७

रोबर्ट एस बाल साहब लिखते हैं :—(अनागतमत) ।

हम अच्छी तरह से समझें कि १ दिन के माह से क्या तात्पर्य्य है। हमारा इस से यह मतलब है कि चंद्रमा को पृथ्वी की परिक्रमा करने में उतना समय लगेगा जितना कि पृथ्वी अपनी अक्ष पर घूमने में लगाती है। इस दिन की लम्बाई वास्तव में हमारे दिन से कहीं बड़ी होगी। जब हम इसका ठीक २ हिसाब लगाते हैं तो इस बात में सन्देह जान पडता है। आकर्षण शक्ति के अनुसार यह ठीक मालूम पड़ता है कि एक बार पृथ्वी और चंद्रमा की यह दशा अवश्य होगी जिस में चंद्रमा का दिन पृथ्वी के महिने के बराबर होगा। लेकिन जब हम इस दिन की लम्बाई बतलाने का प्रयत्न करते हैं तो हमारी इस खोज में सन्देह सा उत्पन्न हो जाता है।

हालांकि यह कुछ गलत होगा मगर ऐसा बहुत नहीं। इस बडे दिन की लम्बाई हमारे ५७ दिनों की लम्बाई के बराबर होगी, अथवा बहुत ही भविष्य में पृथ्वी अपनी कीली पर घूमने में १४०० घंटे लगावेगा और तब चंद्रमा का दिन भी इतना ही बडा होगा ।

भावार्थ— कोई समय ऐसा आयगा जो दिन १४०० घंटे का होगा।

NO. 64
ARDEN WOOD GEOG. PAGE 4.

Light travels at the almost incredible speed of 18600 miles a second.

Never the less the light of the sun takes more than eight minutes to reach the earth.

नं० ६४ आईनवुड जौगरफी सफा ४ ।

" रोशनी की चाल जोकि करीब २ आश्चर्य्य कारी है १८६००० मील फी सैकंड है फिर भी सूर्य्य की रोशनी को जमीन तक पहुंचने में ८ मिन्ट से अधिक समय लगता है ।

नं० ६५ ज्योतिर्विनोद पत्र ५३ ।

सौर चक्र में ग्रहों और उपग्रहों के अतिरिक्त कुछ और भी पिण्ड हैं जिन को केतु और उल्का कहते हैं इन विलक्षण पिंडोंका वर्णन एक स्वतंत्र अध्याय में किया जायगा जहां तक ज्ञात है अवांतर ग्रहों की संख्या ७०० के लगभग है परन्तु यह कोई नहीं कह सकता कि सूर्य के साथ कितने केतुओं और उल्काओं का सम्बन्ध है हम ने पहिले सूर्य को नवग्रह का राजा बतलाया है परन्तु इन पिंडों को देख कर हठात यह कहना पड़ता है कि वह नवग्रह नहीं प्रत्युत असंख्य जगतों का स्वामी है . इतना ही नहीं वरन् वह सदैव जैसा कि एक योग्य पिता को करना चाहिये, इन सब की रक्षा और परिचर्य्या करता रहता है ।

भावार्थ—(system) सौर चक्र सूर्य से असंख्यात मीलों दूरी पर है

नं० ६६ ज्योतिर्विनोद पत्र ६६-६७-६८-६९

६६ पत्र—सौरचक्र के पिंडों में हमें जितना वृतांत मंगल का ज्ञान है उतना और का नहीं। एक तो इसके देखने में कठिनाइयां नहीं पड़तीं जो बुध और शुक्र के सम्बंध में होती हैं। दूसरी सुगमता मंगल के देखने में यह है यद्यपि उसमें शुक्र के बराबर चमक नहीं होती परन्तु उसके रंग से वह पहचाना जाता है। मंगल रक्त वर्ण है।

६७ पत्र—पृथ्वी से बहुत मिलता है उसमें भी वायु मण्डल है पर बहुत पतला है हिमालय पहाड़ की पतली हवा से भी पतला है।

६८ पत्र—जिस प्रकार पृथ्वी के उत्तरी और दक्षिणी ध्रुवों के पास बर्फ जमी रहती है उसी प्रकार मंगल के ध्रुवों के पास भी बर्फ है।

६९ पत्र—परन्तु सन् १८७७ से इन मतों में परिवर्तन आरंभ हुआ। उसी वर्ष प्रसिद्ध ज्योतिषी शियापेरेली को कुछ धारियां देख पड़ीं इनको उन्होंने नहर का नाम दिया। कई वर्षों तक तो और ज्योतिषियों को इन नहरों (canals) के अस्तित्व में ही संदेह था क्यों कि कई कारणों से ये उनको देख ही न पड़ीं, परन्तु सन् १८८६ में और लोगों ने भी इनको देखा और उस समय से अब तक ये सबको ही देख पड़ती हैं अब इन के अस्तित्व में प्रायः किसी को भी संदेह नहीं है। दृष्ट नहरों की संख्या भी बढ़ती जाती हैं। इस समय अच्छे यंत्रों से तीन सौ से ऊपर नहरें देखी जा सकती हैं। ये नहरें मंगल के ध्रुवों के पास आरंभ होती हैं और लाल भाग के बीच की ओर जाती हैं। जहां कई नहरें मिलती हैं वहां हरे रंग के बड़े २ मैदान हैं इनको झील का नाम दिया गया है कई नहरें दस २

कोस यानी बीस मील चौड़ी हैं सबसे लम्बी नहर जिसको यूमिनिडीज़ आर्कस (Eumenides orcus) कहते हैं १७७० कोस यानी ३५४० मील लम्बी है।

इन नहरोंके सम्बन्ध में और भी कई स्मरणीय बातें हैं। जिस समय मंगल पर सर्दी पड़ती है और उस के ध्रुव के पास बर्फ़ जमने लगती है तो ये नहरें पतली हो जाती हैं। जब गर्मी में बर्फ़ गलने लग जाती है तो ये मोटी और चौड़ी होने लगती हैं और साथ ही साथ बर्फ़ के गलने से उस के नीचे जो पानी बनता है और जो— जैसा कि हम ऊपर कह आये हैं पृथ्वी से नीला मैदान सा देख पड़ता है वह भी पतला और छोटा होता है इन आश्चर्यों की संख्या इस बात से और बढ़ गई है कि थोड़े दिन हुए एक नई नहर देखी गई है और एक पुरानी नहर के ठीक बगल में एक और नहर देख पड़ने लगी है।

ये नहरें वस्तुतः क्या हैं ? यह एक बड़ा रोचक प्रश्न है। कुछ ज्योतिषियोंने पहले यह अनुमान किया कि ये दरारें हैं परन्तु इन्हें दरार मानने से जिन सब बातों का कथन ऊपर किया गया है वे समझ में नहीं आतीं फिर ये नहरें इतनी सीधी और नियम पूर्वक बनी प्रतीत होती हैं कि प्राकृतिक दरारें प्रायः ऐसी नहीं होतीं इस विषय पर और ज्योतिषियों की अपेक्षा अमेरिका के मिस्टर लोवेल (M. R. Lowell) ने अधिक विचार किया है कई वर्षों के अन्वेषण और कठिन परिश्रम के उपरांत उन्होंने एक सिद्धान्त निश्चित किया है उस का सारांश यों हैं :—

मंगल किसी समय पृथ्वी के सदृश था परन्तु अब उसकी वह दशा नहीं है अब वह वृद्ध हो गया है यद्यपि वह अभी चन्द्रमा के समान मृत जगत नहीं हुआ है परन्तु पृथ्वी से पुराना है उसके अवस्था पृथ्वी

और चन्द्रमा, बुध इत्यादि के बीचकी है किसी दिन पृथ्वी की भी यही दशा था इसी से मिलती जुलती दशा होने वाली है उसका जो भाग पृथ्वी मे लाल रंग का देख पड़ता है वह शुष्क मरुभूमि है किसी समय वहां जल या खेत रहे हों पर उस की दशा मारवाड़ के बालुकामय मैदानों में जैसी है उसके जो टुकड़े हरे देख सकते हैं वह समुद्र नहीं प्रत्युत हरे भरे मैदान है मंगल पर वायु तो थोड़ी है ही–जल भी थोड़ा ही है इसलिये उस पर सब जगह खेती नहीं हो सकती और न प्राणी रह सके हैं वहां के रहने वाले अत्यन्त सभ्य और सुशिक्षित हैं इसलिये उन्होंने अपने ध्रुवों के पास से नहरें खोदी हैं और अब भी आवश्यकतानुसार खोदते जाते हैं जब गर्मी में बर्फ़ गलती है तो वे उस से बने हुए जल को उन जगहों में ले जाते हैं अभी खेती हो सकती है अर्थात् जो जगहें रेत से बची हुई हैं इसीलिये गर्मी में नहरें मोटी देख पड़ती हैं और ध्रुवों के पास बर्फ़ गलने से जो नीला पानी देख पड़ता है वह क्षीण होता जाता है।

मंगल के सम्बन्ध में इतना ही वक्तव्य और शेष है कि यद्यपि अब ज्योतिषियों के मन में बहुत परिवर्तन हो गया है फिर भी जितने चित्रपट बनते हैं उन में नाम पहले ही की भांति दिये जाते हैं अब भी मंगल पर महाद्वीप, सागर नदी आदि के ही नाम हैं हिन्दुओं को यह जानकर प्रसन्नता होगी कि एक नहर का नाम "गंगा" रक्खा गया है।

भावार्थ—मंगल पृथ्वी के समान है वहां के सुशिक्षित पुरुषोंने नहरें भी निकाली हैं जिन में एक का नाम गंगा है एक सब से बड़ी नहर १७७० कोस लम्बी है।

NO. 67
STORY OF HEAVENS PAGE 547.

We refer, of course, to the fact that the moon at the present time constantly turns the same face to the earth

---

नं० ६७ स्टोरी सफ़ा ५४७

चन्द्रमा का एक ही भाग आजकल दीखता है।

NO. 68
THE STORY OF HEAVENS PAGE 74.

When we measure the actual diameters of the two globes, we find that of the earth to be 7,914 miles and of the moon 2,160 miles so that the diameter of the earth is nearly four times greater than the diameter of the moon. If the earth were cut into 50 piececes, all equally large, then one of these pieces rolled into a globe would equal the size of the moon. The superficial extent of the moon is equal

to about one thirteenth part of the surface of the earth. The hemisphere our neighbour turms towards us exhibits an area equal to about one twenty-seventh part of the area of the earth.

This, to speak aproximately, is about double the actual extent of the continent of Europe. The average materials of the earh are, however. much heavier than those contained in the moon. It wolud take more than eighty globes each as ponderous as the moon, to weigh down the earth.

नं ६८ स्टोरी सफा ७४

जब हम दोनों गोलों के असली व्यासों को नापते हैं तो हमको मालूम होता है कि ज़मीन का व्यास ७९१४ मील है और चन्द्रमा का २१६० मील है। इस तरह से ज़मीन का व्यास चन्द्रमा के व्यास से चौगुना है। अगर ज़मीन को पचास बराबर हिस्सों में बांट दिया होता तो इन में से एक हिस्सा गोला बनकर के आकार में चन्द्रमाके बराबर हो जाता। चन्द्रमाकी लम्बाई चौड़ाई (क्षेत्रफल) ज़मीन की सतह के तेरहवें हिस्से के बराबर है। हमारे पास का गोलार्द्ध जो हमारी तरफ़ घूमता है और जिसका रक़बा ज़मीन के रक़बे (क्षेत्रफल) के सत्ताईसवें हिस्से के बराबर दिखाई देता है। यह

क़रीबन यूरुप के दुगने क्षेत्रफल के बराबर है।" लेकिन पृथ्वी की चीज़ों की औसत बनिस्बत उन चीज़ों के जो चन्द्रमा में शामिल हैं ज़ियादा वज़नी हैं इसलिये पृथ्वी का बोझ निकालने में चन्द्रमा के से ८० से भी अधिक गोले चढ़ेंगे।

भावार्थ—चन्द्रमा का व्यास २१६० मील है और पृथ्वी से पिराड में $\frac{१}{५०}$ वां और तोल में $\frac{१}{८०}$ वां और क्षेत्रफल में $\frac{१}{१३}$ वां भाग है।

NO. 69

THE STORY OF HEAVENS PAGE 12-13.

The first (Fig, 2) represent the dome erected at Dunsink observatory for the equatorial telescope, the objectglass of which was presented to the Board of Trinity College, Dublin by the late sir James South. The main part of the building is a cylindrical wall, on the top of which reposes a hemispherical roof. In this roof is a shutter, which can be opened so as to allow the observer in the interior to obtain a view of the heavens. The dome is capable of revolving so that the opening may be turned towords that part of the sky where the object happens to be

situated. The next view (Fig. 3) exbihits a section through the dome, showing the machinery by which an attendant causes it to revolve as well as the telescope itself. The eye of the observer is placed at the eye piece and he is represented in the act of turning a handle, which has the power of slowly moving the telescope, in order to adjust the instrument accurately on the celestial body which it is desired to observe.

नं० ६९ स्टोरी सफा १२–१३

दूसरे चित्र की इमारत इस तरकीब से बनी हुई है कि भीतर खड़ा हुआ मनुष्य आसमान पर की वस्तुओं को इमारत की गुम्मज जोकि घूम सकती है उसकी खिड़की द्वारा देख सके। वह खिड़की गुम्मज के घूमने से हर एक ओर लाई जासकती है।
तीसरे चित्र में मनुष्य दूरबीन सहित दिखाया गया है इस दूरबीन में एक हत्था होता है जिस के द्वारा देखने वाला अपनी आंख देखने के स्थान पर लगाकर हत्थे को अपने हाथ से पकड़कर धीरे धीरे चाहे जिस ओर को हटा सकता है, इस तरह से वह आसमान पर की वस्तु को जिसे वह देखना चाहे ठीक प्रकार से देख सकता है।

भावार्थ—दुरबीन के मकान की छत घूमती व खिड़कीदार में स्थिर दुरबीन के द्वारा स्थिर पुतली करके देख रहा है।

THE STORY OF HEAVENS

PAGE 537.

It was not, however, until the great discovery of newton had disclosed the law of universal gravitation that it became posible to give a physical explanation of the tides. It was then seen how the moon attracts the whole earth and every particle of the earth. It was seen how the fluid particles which form the oceans on the earth were enablied to obey the attraction in a way that the solid parts could not. When the moon is overhead it tends to draw the water up, as it were, into a heap underneath, and this to give rise to the high tide The water on the opposite side of the earth is also affected in a way that might not be at first anticipated. The moon attracts the solid body of the earth with greater intensity than it attracts the water at the other side which lies more distant from it. The earth is thus drawn away from the water, and there is therefore a tendency to a high tide as well on the side of the earth

away from the moon as on that towards the moon. The low tides occupy the intermediate positions.

नं० ७०. स्टोरी पत्र ५३७

ज्वार भाटा पृथ्वी के दोनों भाग पर होता।

जिस वक्त तक न्यूटन की सय्यारी कानून कशिश का आविर्भाव नहीं हुआ था उस वक्त तक ज्वारभाटे का सबब मालूम नहीं था। यह उस वक्त मालूम हुआ था कि किस तरह चन्द्रमा कुल ज़मीन और उसके हर एक ज़र्रे को खींचता है और यह भी मालूम हुआ था कि समुद्र का पानी स्थूल पदार्थ के मुक़ाबिले में कशिश का कितना पाबन्द है। जब चांद ठीक सर पर होता है। वह पानी को खींचता है और इस से बड़ा ज्वार भाटा उठता है। पृथ्वी के दूसरे हिस्से के पानी में किस क़दर चन्द्रमा का असर पड़ता है उसका असर ख्याल नहीं किया जाता है। चन्द्रमा पृथ्वी को पृथ्वी के दूसरी ओर के पानी की अपेक्षा अधिक ज़ोर से खींचता है इस तरह से पृथ्वी पानी से दूर खिंच जाता है। इस कारण चन्द्रमा के सन्मुख पृथ्वी के दूसरे भाग में जो चन्द्रमा से दूर है उस में ज्वारभाटा होता है।

भावार्थ—पृथ्वी की दूसरी ओर में ज्वारभाटा—चन्द्रमा पृथ्वी को खींचता है जब होते हैं।

NO. 71

STAR LAND PAGE 28.

In the middle of the day, when the sun is high in the heavens, it is

impossible fore us to form a *notion* of the size of the sun people will form very different estimates as to his apparent bigness. Some will say he looks as large as adinner plate, but such state ments are meaningless, unless we say where the plate is to be held. If it be near the eye, of course the plate may hide the sun, and fox that matter, every thing else also. If the plate be about a hundred feet away, then it might just about hide the sun. If the plate were move than a hundred feet distant then it could not hide the sun entirely, and the further the plate, the smaller it would seem.

स्टार लैगड सफ़ा २८ ।

दोपहर (मध्यान्हकाल) को जबकि सूर्य्य आकाश में ऊंचा होता है, उस समय हमारे लिए सूर्य्य के कद का अन्दाज़ा करना (यह ज्ञात करना कि सूर्य्य कितना बड़ा है) असम्भव है। उसके प्रत्यक्ष विस्तार के विषय में मनुष्यों का भिन्न २ अन्दाज़ा (अनुमान) होगा। कोई कहेंगे कि वह इतना बड़ा ज्ञात होता है जितनी कि खाने की रक़ाबी लेकिन ऐसा कहदेना बे मतलब या मुहमिल है जब तक कि हम यह न बतलादें कि वह रक़ाबी कहां पर रक्खी हुई है। अगर वह रक़ाबी आंख के पास है तो

यह अवश्य ही सूर्य्य को ही नहीं बल्कि अन्य उतनी ही बड़ी चीजों को भी छिपालेगी। यदि वह क़रीब १०० फ़ीट के दूर होगी तो वह सूर्य्य को क़रीब २ छिपालेगी। यदि वह १०० फ़ीट से अधिक दूरी पर होगी तो वह सूर्य्य को बिल्कुल नहीं ढाक सकती, रकाबी जितनी ही ऊंची होगी उतनी ही छोटी ज्ञात पड़ेगी।

भावार्थ—रक़ाबी की छाया पृथ्वी पर बराबर, सूर्य्य की तरफ़ जाकर कम अन्त में नष्ट होजाती है।

NO. 72

ASTRONOMY OF TODAY PAGE 128-129.

The theory which seems to have received most acceptance is that put forward by Helmholtz in 1854 His idea was that gravitation produces continual contraction, or falling in of the outer parts of the sun; and that this falling in its turn, generates enough heat to compensate for what is being given off. The calculations of Helmholtz showed that a contraction of about 100 feet a year from the surface towards the centre would suffice for the purpose. In recent years however,

this estimate has been extended to about *180* feet.

Nevertheless, even with this increased figure, the shrinkage required is so slight in comparison with the immense girth of the sun, that it would take a continual contraction at this rate for about 6000 years, to show ever in our finest telescopes that any change in the size of that body was taking place at all Upon this assumption of cotinuous contraction, a time should, however, eventually be reached when the sun will have shrunk to such a degree of solidity, that it will not be able to shrink any further. Then, the loss of heat not being made up for any longer, the body of the sun should begin to grow cold But we need not be distressed on this account, for it will take some 10,000,000 years, according to the above theory before the solar orb becomes too cold to support life upon our Earth.

नं० ७२ ऐस्ट्रोनोमी आफ़ टूडे सफ़ा १२८–१२६

सब से अधिक मान्यनीय सिद्धान्त वह मालूम होता है जिसको कि हेलम होल्टज़ साहब ने सन् १८५४ ई० में पेश किया। उस का यह ख़्याल था कि आकर्षण

सूर्य्य के बाहर के हिस्से में सिकुड़न व कमी पैदा करती है। और यही सिकुड़न उस गर्मी को वापिस अदा करने के लिए जोकि सूर्य्य से निकलती रहती है काफ़ी गर्मी पैदा कर देती है। हेलम होल्टज़ साहब के हिसाब से १०० फ़ीट की सिकुड़न सूर्य्य के धरातल से केन्द्र की तरफ़ एक साल में काम के लाइक़ (आवश्यकतानुसार) गर्मी पैदा करदेती है। आजकल इस सुकड़नका अन्दाज़ा क़रीब क़रीब १८० फ़ीट फ़ी साल है। इस प्रकार के बढ़े हुए हिसाब से भी सूर्य्य के बड़े क़द की अपेक्षा सिकुड़न इतनी कम है कि क़रीब २ लगातार ६००० वर्ष लगेंगे तब कहीं हमारी अच्छी से अच्छी दूरबीन में यह मालूम हो सकता है कि सूर्य्य में कुछ परिवर्त्तन होरहा है। इस तरह बराबर सिकुड़ते सिकुड़ते एक समय ऐसा अवश्य आवेगा जबकि सूर्य्य इतना सिकुड़ जायगा कि और फिर नहीं सिकुड़ सकता। और तब सूर्य्य में गर्मी वापिस न आने के कारण सूर्य्य ठंडा हो जाइगा लेकिन हमको इस बात से दुःखित न होना चाहिए क्योंकि उपरोक्त सिद्धान्त के मुआफ़िक़ क़रीब १००००००० साल ऐसा होने में लगेंगे क़ब्ल इसके कि सूर्य्य इतना ठंडा होजाय कि हम उसपर जीवित भी न रह सकें।

भावार्थ—सूर्य एक साल में १८० फ़ीट सिकुड़ता जाता है और अंत में सिकुड़न बन्द होने पर ठण्डा होजायगा।

NO. 73
ASTRONOMY OF TODAY
PAGE 44-45

Notwithstanding the acknowledged truth and farreaching scope of the law of gravitation -- for we find its effects exemplified in every portion of the Universe there are yet some minor movements which it does not account for. For instance, there are small irregularities in the movement of mercury which can not be explained by influence of posible intra mercurial planets. and similarly there are slight unaccountable deviations in the mations of our neighbour the moon,

---

नं० ७३ एस्ट्रो नोमी आफ़ टूडे सफ़ा ४४–४५

इस मानी हुई सचाई और आकर्षण के नियम की विस्तृतता के होते हुए भी कि संसार भर के प्रत्येक हिस्से पर आकर्षण का प्रभाव दीख पड़ता है ऐसी ऐसी छोटी २ हरकतें (ग्रहों की हरकतें) हैं कि जिस में आकर्षण से कोई काम नहीं चलता। (जिस में आकर्षण से कोई सम्बन्ध नहीं) उदाहरण के लिए बुद्ध की चाल में कुछ ऐसी त्रुटियां हो जाती हैं जोकि बुद्ध के उपग्रहों के प्रभाव से कोई सम्बन्ध नहीं रखतीं, और इसी प्रकार की छोटी

छोटी त्रुटियां हमारे पड़ौसी चन्द्रमा की चाल में भी पाई जाती हैं।

भावार्थ—चन्द्रमा और बुध की चाल से आकर्षण की असंभवता।

नं० ७४ टाइमटेबिल

कलकत्ते के समुद्र की सतह से पृथ्वी की दूरी तथा ऊंचाई का ब्योरा।

नाम स्थान	दूरी मील	उचाई फीट
दिल्ली	९००	७२५
आगरा	७२०	५३४
पटना	३३२	१८५
अलीगढ़	८२०	६२१
हुगली	२५	२८
पानीपत	९५८	७७५
करनाल	९७२	८१५
कुरुक्षेत्र	१०००	८४०
कानपुर	६३३	४२८

जैसे कलकत्ते के समुद्र की सतह से कुरुक्षेत्र तक १००० मील करीब में पूर्व के शहरों की दूरी और पृथ्वी की उचाई दी है तैसेही किरांची के समुद्र की सतह से १००० मील करीब दूर कुरुक्षेत्र है वहां पश्चिम के शहरों की दूरी व उचाई समझना क्योंकि कुरुक्षेत्र की भूमि से गंगा कलकत्ते में और सिन्धु किरांची में जा मिली है।

नं० ७५ टाइमटेबिल

पृथ्वी पर घड़ी के द्वारा टायम दिखाने का नकशा देखो में जो ग्रीनिच में दिन के १२बजे से।

पी०पेम० दिन के १२ से १२ रात तक। ए०पेम० रात्रि के १२ से १२ दिन तक।

नाम नगर	बजे	समय	
बरिलिन (जर्मन)	१२ ५४	पी	पेम
आकलैण्ड रात्रि	११-३६	"	"
बम्बई	४ ५१	"	"
ब्रुसल्स	१२-१७	"	"
कलकत्ता	५-५३	"	"
शिकागो (अमरीका)	६-१०	ए	पेम
डबलिन	११-३५	"	"
ग्रेन्डन यर्ग	११-३७	"	"
ग्लासगो	११-४२	"	"
मन्द्रास	५-२१	पी	पेम
माल्टा	१२-५८	"	"
मेलबोरनी रात्रि	९-४०	"	"
मोजको	२-३०	"	"
न्यूयार्क	७-४	ए	पेम
पेरिस	१२-९	पी	पेम
रात्रि पेकिन	७ ३६	"	"
रूम	१२ ५०	"	"
पिटसबर्ग	२-१	"	"
स्वेज	२-१०	"	"
वीना	१ ५	"	"

नं० ७६ मैन्स्यूरेशन सफा २५

किसी नदी का पाट बिना उसके पार गये हुए बताओ।

कल्पना करो, अ और य दो वस्तु नदी के दोनों तटों पर एक दूसरे के सन्मुख एक ही साथ में स्थित हैं नदी के इस तट पर एक रेखा अज, अय के साथ समकोण बनाता हुआ खींचो और अज को नाप लो अज को द तक बढ़ाओ और दक लम्ब बिंदु क तक इस प्रकार खींचो कि क व ज व य एक ही सीध में दिखलाई दें तो यअज और जदक सजाती त्रिभुज हैं।

∴ जद:दक::जअ:अय इस हेतु

$$\text{अय} = \frac{\text{दक} \times \text{जअ}}{\text{जद}}$$

य अ ज द क

परन्तु दक व जअ व जद मालूम हैं क्योंकि नदी के इस ओर होने के कारण नाप सके हैं इस हेतु नदी का पाट अय मालूम हो गया।

नं० ७७ मैन्स्यूरेशन सफा ३५

एक वृत के बाहरी विन्दु की दूरी केन्द्र तक और अर्द्ध व्यास मालूम है तो सम्पात रेखा बताओ।

कल्पना करो बहद वृत है ज वृत का केन्द्र है बिंदु अ से अब सम्पात रेखावृत की है जब को मिलादो तो रेखागणित से सिद्ध होता है कि कोण अबज समकोण है

$(\overline{\text{अब}})^2 = (\overline{\text{अज}})^2 - (\text{जब})^2 = (\overline{\text{अज}} + \overline{\text{जब}})$

$(\overline{\text{अज}} - \overline{\text{जब}})$ (परिच्छेद १७)

रीति–वृत्त के बाहरी बिंदु से केन्द्र तक की दूरी और अर्द्ध व्यास के योग और अंतर को परस्पर गुणा करके गुणन फल का वर्गमूल निकालो वही उस बिन्दु से स्पर्श रेखा होगी।

उदाहरण–एक वृत्त का अर्द्ध व्यास ६ गज और बाहरी बिन्दु से केन्द्र तक की दूरी १० गज है तो सम्पात रेखा की लम्बाई बताओ।

सम्पातरेखा$=\sqrt{(१०+६)(१०-६)}$

$=\sqrt{१६ \times ४} = ४ \times २ = ८$ गज

नं० ७८ ऐलीमेंटरी सफा ४२

ज्यों ज्यों पदार्थ केन्द्रके पास जाता है त्यों त्यों हलका होता जाता है।

भावार्थ — केन्द्र के पास वज़न पदार्थ में नहीं रहता।

नं० ७९ मैन्स्यूरेशन सफा ३५

इस किताब की गणित बमूजिब ट्रिगोंनोमेटरी Trigonometry के है। रीति—उचांइ को पृथ्वीके व्यास से गुणा करके वर्गमूल निकालो वही दूरी मीलों में होगी जहांतक दृष्टि जासक्ती है।

NO. 80

MANUAL GEO. P. 5

There are some bodies which come into contact with the atmosphere of the Earth when the heat generated by friction ignites them, and they are consumed They then become visible a shooting stars. Some times they fall on the Earth and are then called Aerolites

---

नं० ८० मैन्युअल जौगरफी सफा ५

कुछ ऐसे पृथ्वी तारे हैं जोकि पृथ्वी के वायुमंडल में आ जाने से गर्मी पाकर क्षय हो जाते हैं और फिर वह टूटते हुए तारे की शकल में दीख पड़ते हैं बाज़वक्त वे पृथ्वी पर भी गिरते हैं और तब वह 'एरोलिटीज़' के नाम से पुकारे जाते हैं।

श्रीज्योतिःस्वरूप शर्मा के "सारस्वत-प्रेस" मुहल्ला मर्म्मारपुरा अलीगढ़ में मुद्रित।

* विशेष सूचना *

इस पुस्तक के संग्रह करने का मुख्य प्रयोजन यह है कि भूगोल-भ्रमण मत वादियों को अपने मत वादियों के मतान्तर का तथा इस मत के विपक्षियों को इनके मत की यथार्थता बोधन जो दुस्साध्य है, वह सुगम साध्य हो जाय।

यदि इसमें कहीं कोई त्रुटी किसी को विदित हो तो वे हमें पत्र द्वारा सूचित करें।

पं० प्यारेलाल जैन
मंत्री, भूज्योतिषचक्र विवेचिनी सभा
सिरनीसराय अलीगढ़

॥ श्री ॥

॥ श्री वीतरागायनमः ॥

मि० वीरचंद राघवजी गांधी

का

जीवन चरित्र

श्री जैन श्वेतांबर कान्फरेंस हैरल्ड में प्रकाशित
गुजराती लेख का हिन्दी अनुवाद

अनुवादक

श्याम लाल वैश्य मुरार

प्रकाशक

श्री अत्मानन्द जैन सभा अम्बाला शहर

श्रीवीर निर्वाण सं० २४४५ श्री आत्म सं० २४
विक्रम सं० १९७६ ईस्वी सन् १९१९

प्रथमावृत्ति १०००] मूल्य ।)

जैनीलाल प्रेस सहारनपुर में छपा

॥ श्री ॥

॥ श्री वीतरागायनमः ॥

मि० वीरचंद राघवजी गांधी

का

जीवन चरित्र

श्री जैन श्वेतांबर कान्फरंस हैरल्ड में प्रकाशित
गुजराती लेख का हिन्दी अनुवाद

अनुवादक

श्याम लाल वैश्य मुरार

प्रकाशक

श्री आत्मानन्द जैन सभा अम्बाला शहर

श्रीवीर निर्वाण सं० २४४५ श्री आत्म सं० २४
विक्रम सं० १९७६ ईस्वी सन् १९१९

प्रथमावृत्ति १०००] मूल्य ।)

जैनीलाल प्रेस सहारनपुर में छपा

धन्यवाद

इस पुस्तक के छपाने में लाला दौलतराम जी के सुपुत्र लाला हरीचन्द इन्द्रसैन अंबाला शहर निवासी ने रु० ७०) की सहायता दी है इसलिये सभा की तर्फ से उपरोक्त महानुभावों को धन्यवाद दियाजाता है।

निवेदकः—

सेक्रेटरी

।। श्रीवीतरागायनमः ।।

* भूमिका *

मनुष्य जीवन को आदर्श बनाने के लिये, उसे कर्तव्यवान बनाने के लिये ऐसे ग्रन्थों की आवश्यकता है जिनसे हमें आगे बढ़ने के लिये मार्ग मिले। महात्माओं के कर्त्तव्यशाली पुरुषों के जीवन की घटनाऐं मनुष्य को इस योग्य बनाती हैं। महात्माओं के चरितों सेही भविष्य जीवन का संगठन होता है पूज्य पुरुषों और महात्माओं के चरितों के अनुकरण करने सेही हम आगे बढ़ सकते हैं। जीवन को कर्त्तव्यशाली, महान् और पूज्य बनाने का इस से सरल और कोई दूसरा साधन नहीं है। शिवाजी, गारफिल्ड और लिंकन आदि महात्मा भी चरितों के पढ़नेसे ही ऐसे प्रसिद्ध महात्मा हुये। बालकों के ऊपर जीवन चरित्रों का बड़ा प्रभाव पड़ता है।

हिन्दी में जीवन चरित्रों का प्रायः अभावसाही है। देशोत्थान के लिये राष्ट्र भाषा होनेवाली हिन्दी में ऐसे ग्रन्थों का बाहुल्य होनाचाहिये जिससे देशका वास्तविक उपकार हो और भविष्य संतान अपने पितामहों के आदर्श पर चले तथा उनके अपूर्ण रहे हुये कार्यों को पूर्ण करें। पुस्तक प्रकाशकों को अवश्य इस ओर ध्यान देना चाहिये।

संसार में अनेकों महापुरुष होगये हैं जिन्हों ने अपना सारा जीवन मनुष्य समाज की सेवा में ही बिताया है। त्तण

भर भी वे सेवा से विरत नहीं हुये। वास्तव में ऐसे मनुष्यों का जन्म संसार में स्वर्ग बनाने के लिये हुआ था। इन्हीं के परिश्रम का फल है कि उन के यत्न से आज संसार की मनुष्य जाति अनेकों प्रकार के सुख भोग रही है। ऐसे महापुरुषों की गुणगरिमा संसार में उस समय तक बनी रहेगी जिस समय तक मनुष्य जाति का नाम रहेगा।

ऐसेही महापुरुषों में मिस्टर गांधी का जन्म हुआ था। जैन जाति को इस पर अभिमान है कि वर्तमान काल में उस जाति में ऐसे कर्मवीर ने जन्म लिया। मिस्टर गांधी ने अपना सारा जीवन लोकोपकार में बिता दिया। वे मरते समय तक मनुष्य समाज की सेवा के लिये कटिबद्ध रहे। जैन धर्म और जैन जाति का तो उन्हों ने बड़ा उपकार कियाही है पर उन्हों ने सार्व जनिक कामों में भी खूब योग दिया है। वे पक्के देश भक्त थे। केवल जैनियों के उत्थान के लिये उन्होंने परिश्रम नहीं किया बल्कि अपने देश और देश भ्राताओं के लिये कुछ उठा नहीं रखा। दुष्काल में अमेरिका से अन्न का भरा हुआ जहाज़ भिजवाना तथा स्त्री शिक्षा के प्रचार के लिये मिशन स्थापित करना, उनकी देश भक्ति के उत्कट प्रमाण हैं। अमेरिका में भारत वासियों की नीति रीति के विषय में किम्वदन्तियां फैल रहीं थीं। उनको दूर करने का श्रेय मिस्टर गांधी कोही है। हम स्वयं कुछ न कह कर प्रातः स्मरणीय महात्मा महादेव गोविन्द रानाडे की दी हुई स्पीच को पढ़ने की प्रार्थना करते हैं। उसका सारांश जीवन चरित के अंत में दियागया है।

जैन समाज के नवयुवको, उठो, अपने इस बंधु का अनुकरण करो। देश और समाज सेवा में अपने जीवन को अर्पण

करके मनुष्य योनि सार्थक करो। अपने हृदय पर नीचे लिखी कविता लिखलो और गांधीके आदर्श को सामने रखकर आगे बढ़ो।

" जिस को न निज गौरव तथा, निज देश का अभिमान है।
वह नर नहीं, वह पशु निरा है, और मृतक समान है ॥

सेवकः—

मुरार ' गवालियर
होलिका पौर्णिमा

श्याम लाल वैश्य
सम्पादक ' नारद,
तथा
भू० पू० सम्पादक 'मुनि'

स्वर्गीय वीरचन्द गांधी।

genius begins great works;
labour alone finishes them.

महान् कार्यों का आरंभ प्रतिभाशाली पुरुष करते हैं; पर उसका अंत श्रमशील मनुष्य ही करते हैं।

॥ प्रस्तावना ॥

कर्तव्यशाली महापुरुषों का जीवन सामान्यता माननीय और अनुकरणीय होता है। इस संसार में करोड़ों मनुष्य पैदा होगये, हो रहे हैं और भविष्य में होंगे, परन्तु ज्ञान सम्पादन करके जिन्हों ने राष्ट्रोन्नति के लिये, समाजोन्नति के लिये परोपकार के लिये, और धर्म के निमित्त अपना स्वकर्त्तव्य समझ कर जिस महात्मा ने अनेक काम किये हों, कर रहे हों और भविष्य में करेंगे, वेही महात्मा वंदनीय हैं। कर्त्तव्य के सहारे मनुष्य इस भूलोक को भी स्वर्ग बना सकता है और स्वयं मानव देव बन सकता है। पूर्व पुरुषों के महत्व का कारण उनकी कर्त्तव्य परायणता ही है। उसी कर्त्तव्य परायणता के उपासक पूर्व पुरुषों की स्तुति स्तोत गाये जाते हैं। कर्तव्य एक अजब और अमूल्य शक्ति है जिसकी साधना से देश, धर्म, और समाज उन्नति के शिखर पर चढ़ सकता है। कर्त्तव्य की प्रशंसा में एक अंग्रेज कवि का कथन है कि —

I slept and dreamt that life was Beauty,
I woke and found that life was Duty.

स्वप्न दृष्टि में मानव जीवन सौन्दर्य में लिप्त दिखाई दिया,

पर जहां दृष्टि जागृत हुई—घट की खुली, तहां यही मानव जीवन कर्त्तव्य पूर्ण दिखाई दिया ।

इस का अर्थ यह है कि कर्त्तव्य के कारण मानवी चरित्र महत्व का होजाता है। हम अपने प्राचीन पुरुषों, ऋषियों और महात्माओं के विषय में विचार करते हुये कहते हैं प्राचीन समय में सत्तयुग था—वह स्वर्ण का था और उस काल में देव तुल्य महात्मा होते थे पर हमारे जमाने के लिये वे दिन गये "। पर वास्तव में सत्य क्या है ? इसका विचार करने पर ज्ञात होता है कि काल सर्वदा वही रहता है। जो समय पहिले था, वह अब भी है। पूर्व काल जो उनका था वह हमारा भी है। केवल अन्तर इतनाही है कि इस काल में वैसे कर्त्तव्य परायण परिश्रमी पुरुष पैदा नहीं हुए, इसलिये इस काल का महत्व घटगया और वह तुच्छ मालूम होने लगा। प्रति दिन सहस्र रश्मि सूर्य तेज सहित पूर्वदिशा में उदय होता है पश्चात् दिन भर भूमि को प्रकाशित करके सायंकाल के समय पश्चिम दिशा में अस्त होजाता है। रात्रि के समय आकाश असंख्य तेज पुंज ताराओं से प्रकाशमान रहता है। चन्द्र ज्योति का रमणीय साम्राज्य शुक्ल पक्ष में स्थिर रहता है । और कृष्ण पक्ष में अंधकार अपनी सत्ता आज़माता है । ग्रीष्म में सूर्य का तेज प्रबल अर्थात् गर्म होता है और शरद ऋतु में प्रकाश ठंढा रहता है। वर्षा काल में आकाश से वृष्टि होती है और शरद ऋतु में पवन मंदता से चलती है। इस सब का कहने का सारांश यह है कि काल की जो गति होती है वह अब भी है। वर्तमान काल तथा पूर्व काल में यदि कुछ अन्तर होसकता है तो थोड़ा बहुत स्थितमंतर है। पूर्व काल में सोने की वर्षा

होता था, अब नहीं होती, ऐसी स्थित न कभी होसकती है और न थी। प्रत्येक काल में कर्त्तव्य शाली पुरुष अवश्य थे। जिस देश में, जिस धर्म में, और जिस समाज में कर्त्तव्यवान पुरुषों का जन्म होता है, वह देश, वह धर्म, और वह समाज इस पृथवी पर स्वर्ग तुल्य संचार करता है। अरे भारतवर्ष। अरे जैन समाज। तू कर्त्तव्य परायण पुरुषों का जन्म किसी एकही काल में नहीं वरन् सदैव देता रह? प्राचीन काल की संपादित उन्नति को पुनः इस भूमंडल पर विस्तारित करदे? ओ अविनाशी काल! सैकड़ो नहीं तो नहीं किन्तु थोड़ी संख्या में ही कर्तव्य शाली नर रत्नों को हमारे समाज में उत्पन्न कर और उनके द्वारा जैन धर्म का प्रकाश भूमंडल पर डाल!

प्रिय वाचक, भूमंडल पर जैन धर्म का प्रकाश डालने वाले एक महात्मा के अमूल्य चरित्र का आज मैं आप को परिचय कराता हूं। वीरचन्द भाई का जीवन सुशिक्षित और जैनधर्मोन्नति के इच्छुक युवकों के लिये अनुकरणीय है। जैन धर्म पृथ्वी पर बसने वाले समस्त प्राणियों का धर्म है। जिन धर्म अपनी आत्मा का जो धर्म वह जिन धर्म है। जिन प्रणीत धर्म का पाश्चात्य देशमें प्रसार करने के लिये सुशिक्षित और उत्साही वीरचन्द ने कैसा उद्योग किया। वीरचन्द के चरित्र से इसके लिये शिक्षा ग्रहण करनी चाहिये। जैन धर्म के ऊपर अन्य समाजों में दिये हुए भाषण, और कार्य करने की अपूर्व शक्ति आदि से आपकी कर्त्तव्य दक्षता सिद्ध होती। इसी लिये आपका चरित्र इतना बोध प्रद है। जो जन्म लेता है वह अवश्य मरेगा यह प्रकृति का अटल नियम है। कोई भी अमर होने का

Virchand R. Gandhi.

पट्टा नहीं लिखा लाया। किसी न किसी दिन काल के गाल में जाना ही पड़ेगा। परन्तु जिसने कर्त्तव्य निष्ठ होकर संसार की कठिनाइयों की परवाह न करके बड़े बड़े कठिन अवसरों को पार कर के मृत्यु पाई वह महापुरुष मरकर भी अमर है। उनका प्रशंसनीय चरित्र लोगों के हृदयों पर अंकित रहता है।

जिनको वास्तविक अपना मानव जीवन कृतार्थ करने के लिये निर्वाह करना है उनको यह भली प्रकार से समझ लेना चाहिये कि इस स्थूल शरीर को त्यागने सेही महान् पुरुषों की मृत्यु नहीं होती, उनका अक्षर देह कीर्ति रूप में अमर रहता है। जो इस क्षण भंगुर संसार यात्रा में अपने अमूल्य मानवी जीवन का मूल्य बिलकुल नहीं जानते। क्या उनका जीवन खूंटे अगाड़ी पिछाड़ी से बंधे हुए घोड़े के समान नहीं है? मनुष्य में और पशु में अन्तर ही क्या है? दोनों का आहार विहार समान है; दोनों आनन्द उड़ाते हैं। परन्तु जो मनुष्य अपना जीवन परमार्थ में बिताकर कर्तव्य परायण रहता है, उसी का मानवी जीवन सफल है। श्रीमंतों के पास कुबेर का खजाना हो तो क्या? जिस धन में से भोग विलास के सिवा अन्य किसी परमार्थ आदि में एक कौड़ी भी खर्च न हुआ हो तो उसके पास धन होतो क्या और न होतो क्या? सांप के फन में रहने वाली मणि और हाथी के मस्तक में रहनेवाला मोती भी धन है! हम को हमारे पूर्व पुण्य के उदय से धन मिला है यह समझ कर जो श्रीमंत लोकोपकार के लिये अपना धन खर्च करते हैं, वही धन प्रयोजनीय है; दूसरे धन से क्या लाभ। ऐसे ही धनवान प्रशंसनीय हैं। कहने का सारांश यह है कि मनुष्य जीवन के हेतु कर्तव्य तत्परता व्यक्त करवाना है।

कर्त्तव्य कर्म के भक्त महात्मा श्रीयुत वीरचन्द राघव जी गांधी का अल्प किन्तु महत्वपूर्ण चरित्र रूपी आदर्श निवेदन किया जाता है।

॥ जन्म ॥

जैन धर्मीय श्वेताम्बर सम्प्रदाय में काठियावाड़ प्रदेश के भावनगर शहर के निकट वर्ती ग्राम महुवा में आपका जन्म हुआ था। तारीख २५ अगस्त सन् १८६४ को वीरचन्द गांधी ने गरीब पर उत्तम कुल में जन्म लिया। आप के पिता का नाम राघव जी भाई था। राघव जी भाई जवाहरात का काम करते थे। इस व्यवसाय में बडे ही प्रवीण थे। साथही धर्म में भी आप की बड़ी रुचि थी। धर्मानुरक्त और धर्म कथा में आप एक दक्षपुरुष थे। जिसे आज कल शिक्षा कहते हैं उस प्रकार की उन्हों ने शिक्षा न पाई थी। पर वे अपने समय के अच्छे सुधारक थे। उस समय की निरुपयोगी, अप्रस्तुत और अज्ञान युक्त प्रचलित रिवाजों के सुधार में उन्हों ने समाज के लिये बड़ा परिश्रम किया था। मृत्यु के पीछे माथा कूटने का बुरा रिवाज गुजरात और काठियावाड़ में बाहुल्यता से और बड़े जोश से प्रचलित था। चरित नायक के पिता ने इसे बुरा समझ कर अपने ही घर से इस रिवाज को हटाकर अपूर्व धैर्य प्रदर्शित किया था। और समाज के सामने आदर्श स्थापन कर दिया था। सुधारक पिता के वीरचन्द जैसा सुधारक बेटा होना स्वभाविक ही है।

शिक्षा

बचपन में वीरचन्द गुजराती शाला में पढ़ने के लिये भेजे

गये। वहां की शिक्षा समाप्त करके वे भावनगर के अंग्रेजी स्कूल में अंग्रेजी पढ़ने के लिये गये। वीरचन्द अपने दरजे में बडे दक्ष और बुद्धिमान विद्यार्थी थे। आप ने केवल १६ वर्ष की ही अवस्था में सन् १८८० ईस्वी में मेट्रिकुलेशन परीक्षा पास कर ली। पश्चात राघवजी भाई ने उच्च शिक्षा दिलाने के अभिप्राय से उन्हें बम्बई के एलफिस्टन कालेज में भरती करा दिया। वहां वीरचन्द मनलगाकर पढ़ने लगे और प्रति वर्ष परीक्षा में पास होते चले गये। सन् १८८४ में बी० ए० परीक्षा में द्वितीय श्रेणी में बडे मान से पास हुए। श्वेतांबर समाज में वीरचन्द ही पहिले पहिल बी० ए० हुए थे, इस लिए सारे समाज की ओर से आप को अभिनन्दन मिला। समाज हितैषी अगुवाओं को आप के बी० ए० होने पर बड़ा आनन्द मिला॥

आप का मन्त्रित्व

सन् १८८२ में श्वेतांबर जैनियों की ओर से * जैन

---

* इस भारत वर्षीय जैन समाज के उद्देश्य ये थे :-

(१) समस्त हिन्दुस्तान में भिन्न २ भागों में बसने वाले सर्व जैन भाईयों में मित्रभाव का प्रचार करना॥

(२) समस्त भारत में भिन्न २ भागों में बसने वाले जैन भाइयों की सामाजिक, नैतिक, और मानसिक उन्नति हो। ऐसा सहोद्योग स्थापित करना और जैन समाज में शिक्षा, नीति और सद्गुणों का प्रसार (वृद्धि) करना।

(३) जैन धर्म के ट्रस्ट फंड और धर्म खातों के ऊपर देख रेख रखना।

ऐसोसियेशन आफ इंडिया नामक संस्थाकी स्थापना हुई। इसके सेक्रेटरीका पद सम्मानपूर्वक और गौरव सहित श्रीवीरचंद को सं० १९४१ में सौंपागया। जबसे सार्वजनिक कार्य करने की शक्ति तीक्ष्ण हुई और मि० वीरचन्द की कर्तृत्वशक्ति के कारण संस्था को यश प्राप्त हुआ (सं० १९४१ जैन मंडल में एक्यता होने का विवरण तथा सुधार और सं० १९४२ में हुकूम मुनि और तत्सम्बन्धी विचार,

+शत्रुञ्जय तीर्थ संबन्धी खुशकारक वृतांत तथा जैन भाइयों में होने योग्य सांसारिक धार्मिक और राजकीय सुधार आदि विषयों पर जो भाषण चरितनायक ने दिये हैं वे ऐसो सियेशन से प्रकाशित होनेवाले भाषण संग्रह में हैं।

---

(४) जानवरों की हत्या न होने देना ऐसा उपाय करना तथा जीव दया का पोषण करना और करवाना।

(५) भिन्न २ स्थानों तथा तीर्थों की यात्रा करने वाले यात्रियों को सुगमता पड़े, कोई अड़चन न हो, ऐसा उपाय करना साथही जैन भाई संसारिक धार्मिक और राजकीय सुधारों में अगुआ हो ऐसा उपाय करना।

+शत्रुञ्जय पर्वत के पास सूरजकुन्ड के नजदीक श्रीऋषभदेव भगवान की पादुका स्थापित थीं। ता० ७ जून १८८५ को मालूम हुवा कि कोई उसे खोद गया। ता० १९ जून को वह खोगई। वहां के ब्राह्मणों के गुरू दत्तात्रय थे। उन्हों ने यह फरयाद की (कि कोई कहता है कराई गई) कि श्रावकोंनेही पादुका खो दी हैं और गुम की है। इस पर श्रावकों के रखेहुये नौकरों को मारपीट के साथ पकड़ लिया। इस सम्बन्ध में

रा० वीरचन्द पृथक पृथक उपयोगी और समाज हित कारक कार्य संस्था से पास कराने की योजना करते गये और इस लिये इस संस्था का हिन्दुस्तान में प्रभाव बढ़तागया। पहला कार्य्य जैन समाज और पालीताणा के ठाकुर सूरजसिंह के बीच पैदा होने वाले बंधान के विषय में था।

यह सब को विदित है कि शत्रुञ्जय पर्वत अकबर बादशाह और नगर सेठ शान्तिदास के समय से ही श्वेताम्बर जैनों के अधिकारमें था उसी बादशाह तथा उसके पीछे गद्दीपर बैठने वाले जहांगीर शाहनशाह आदि बादशाहों के समय में ताम्र पट्ट पर खुदे हुये फरमान का उपयोग न होने के कारण उसकी हुकूमत

गवर्नर के पास दो बार तार दिये गये। ता० १८ जुलाई को पूना में गवर्नर लार्डरे ने जैन डेप्यूटेशन से मुलाकात की। पीछे सोनागढ़ के असिस्टेन्ट पोलिटिकल एजन्ट कप्तान फोरडायस ने एक तर्फी (एक पक्षी) खोज की। पश्चात् सरकार की ओर से यह निश्चय हुआ कि पालीताणा दरबार ने जैन नौकरों के ऊपर जो अत्याचार किया है उसका निर्णय करने के लिये सोनागढ़ में खोज की है और पालीताणा कोर्ट में जैन नौकरों के सम्बन्धी केस को असिस्टेन्ट पो० ओ० नीकी कोर्ट में ले जाओ। इस पर पालीताणा दरबार महाबलेश्वर के गवर्नर पर अर्ज करने गया। और वीरचन्द और दूसरे जैन अगुआ भी गवर्नर के पास गये। इधर कार्तिक बदी ३ सं० १९४२ में ठाकुर सूरजसिंह की मृत्यु होगई। यों यह मामला बन्द होगया पश्चात गद्दी पर ठाकुर मानसिंह बैठे। इस के पश्चात् उन से शर्तनामा ही होगया। (अनुवादक)

पालीताणा राज्य कर्ता के पास चली गई । इस समय वहां जाने वाले श्वेताम्बर यात्रियों पर कर लगाने के सम्बन्ध में निश्चय हुआ । यह कर बड़ा त्रास दायक था । पर्वत की रक्षा के बहाने यह कर वसूल कियाजाता था पर्वत का संरक्षण करने को प्रत्येक यात्री पर दो रुपया कर वसूल किया जाने लगा इस से बड़ी गड़बड़ फैली । इसके लिये मि० वीरचन्द उपाय खोजने लगे ।

रक्षण करने का समाधान

इस समय काठियावाड़ के पोलिटीकल एजन्ट (जो वर्तमान समय में एजन्ट टू दी गवर्नर कहे जाते हैं) कर्नल वाटसन थे और बम्बई के गवर्नर प्रसिद्ध लार्ड रे थे । कर्नल वाटसन ने श्रावकों के प्रतिनिधियों को पालीताणा बुलावाया, इस समय प्रतिनिधियों की ओर से मि० वीरचन्द ने सारी हकीकत निवेदन की । महान प्रयास से ठाकुर साहब मानसिंह और जैन समुदाय की बीच यह शर्तनामा करार पाया कि (१) दो रुपये का कर उठा दियो जायगा, उसके बदले में जैनी लोग ठाकुरसाहेब को पंद्रह हजार रुपया देवेंगे । (२) यह शर्तनामा सन् १८८६ के अप्रैल मास से चालीस वर्ष तक रहेगा । (३) इन चालीस वर्ष के बाद रकम में फेर फार करने का दोनों को अधिकार है दोनों स्वतंत्र हैं । दोनों ओर की दलीलों को ध्यान में लाने के पश्चात् फेर फार को मंजूर अथवा ना मंजूर करने का अधिकार ब्रिटिश सरकार अपने हाथ में रखेगी । इस प्रकार वीरचन्द ने अपनी प्रभावशाली कर्त्तृत्व शक्ति से सब जैनियों को अंजित कर सर्वत्र आनन्द फैला दिया ।

लार्ड रे को मान पत्र

गवर्नर साहब काठियावाड़ गये थे। उस समय शत्रुञ्जय तीर्थ की भेंट करते समय उनको १५ वीं दिसम्बर १८८६ई० को तीर्थ स्थान पर मान पत्र समर्पित किया गया।

व्यवसाय

इसके पीछे कोई स्थायी व्यवसाय करने की ओर श्री वीरचन्द का ध्यान गया। सोलिसिटरी नामक उच्च परिक्षा पास करने की ओर उनका लक्ष्य गया। सोलिसिटरी का पेशा बड़ाही श्रम दायक होता है। साथही उसमें समयभी नहीं मिलता। दिन रात श्रम करते रहने और फुरसत न पाने के लिये यह पेशा ऐसा बुरा है कि वर्णन नहीं होसक्ता परन्तु इसके साथही यह बड़ी इज्जत और अधिक रु० पैदा करन का व्यवसाय है, जिसके कारण इसके उपरोक्त दो कष्ट नहीं खटकते। इस कथन से यह न समझ लेना चाहिये कि उच्च, नीतिवान और धर्मिष्ठ पुरुषों को इस व्यवसाय में ही नहीं पड़ना चाहिये क्योंकि बहुत से इस व्यवसाय को करते हुए भी सार्वजनिक सेवा करने को सब से अधिक समय लगाते हैं। सरकारी सोलिसिटर बनने की इच्छा से श्री वीरचन्द "लिटिल रौंड कम्पनी" में सन् १८८६ में आर्टिकिल्ड क्लार्क होगये। औ वहां वे सोलिसिटरी परीक्षा के लिये आवश्यक ज्ञान सम्पादन करने लगे। अहमदाबाद और बम्बई के जैनी अभी इन्हे भूले न थे। जैन समाज के लिये अभीतक जो जो उत्तम कार्य उन्हों ने किये थे वे सब वहां के जैनियों के हृदयों पर अंकित थे। अतएव

उन्होंने मि० वीरचन्द को इस समय द्रव्य से सहायता देकर बड़ा अच्छा किया था। इस व्यवसाय में फस जाने के कारण श्रीवीरचन्द ने जैन समाज के हित और आवश्यक कार्यों के प्रति दुर्लक्ष नहीं दिया। ऐसी समय जैन समाज को दुःख पहुंचाने वाली, हृदय द्रावक घटना घटी, उसके दूर करने के लिये जैनियों की उंगली कर्तव्य निष्ठ वीरचन्द गांधी कीही ओर उठी।

शिखर जी पर अत्याचार

यह घटना थी शिखर जी पर अत्याचार। सन १८९१ ई० में मि० बेडम नामो अंग्रेज ने जैनियों के पवित्र क्षेत्र सम्मेद शिखर पर जिसे अंग्रेज पारसनाथ हिल कहते हैं, चरबी बनानेका कारखाना और पशु हत्यागृह खोलना चाहा था। इस सूचना से सारा जैन समाज प्रक्षुब्ध हो गया और अंगरेजी कारखाने के विरुद्ध कलकत्ता में नीचे की कोर्ट में फर्याद पेश की। वहां से जैनियों के विरुद्ध फैसला मिला इसपर उसकी अपील हाईकोर्ट में कीगई। इसी के लिए मि० गांधी की आवश्यकता पड़ी और वे कलकत्ते में आए। वहांपर रह कर उन्हों ने बंगाली भाषा को सीखा और फिर देशी भाषा में जो जो कागज मुकद्दमे के लिये उपयोगी थे उन सब का अंग्रेजी में अनुवाद करके सबूत के लिये हाई कोर्ट में पेश किये। इसी प्रकार कितने ही शिला लेख, ताम्र पत्र, और प्राचीन लेखों की सहायता से कोर्ट में शिखर जी पर्वत पर जैनियों का अधिकार प्रमाणित कर दिया। दीर्घ उद्योग तथा उत्साह के साथ हाईकोर्ट

में ऐसी सुन्दरता और स्पष्टता से पैरवी की गई कि नीचे की अदालत का फैसला रद् होकर जैनियों के पक्ष में फैसला मिला इस प्रकार पवित्र तीर्थ क्षेत्र की इस अत्याचार से रक्षा हुई। इस बार भी मि० गांधी के हाथ में लिएहुये कार्य की विजय हुई। यह मि० वीरचन्द की दूसरी विजय थी इस समय से वीरचन्द सब की दृष्टि में आदर से देखे जाने लगे। और सब ने इन के प्रति कृतज्ञता प्रगट की।

चिकागो विश्व धर्म्म परिषद्

इसी समय अमेरिका के चिकागो नामक शहर में पाश्चात्य विद्वानों ने संसार भर के सब धर्मों की महासभा बैठाने का उद्योग किया था। प्रत्येक धर्म के प्रतिनिधियों को आमंत्रण दिया गया था। हिन्दुस्तान से भी प्रत्येक धर्म के अलग अलग प्रतिनिधि गये थे। जैन धर्म का भी एक प्रतिनिधि भेजने के लिये श्वेताम्बर जैनाचार्य श्री विजयानन्दजी सूरि (आत्माराम जी) के पास नियन्त्रण आया था जैन शास्त्रों के अनुसार साधुओं को सामान्यता समुद्र यात्रा का निषेध है। अतएव आचार्य जी ने प्रतिनिधि भेजने का प्रश्न जैन ऐसोसियेशन पर डाल दिया। ऐसोसियेशन ने जब इस प्रश्न पर विचार किया तो प्रतिनिधि होने के लिये 'वीरचन्द' ही उपयुक्त समझे गये और वे ही प्रतिनिधि निर्वाचित किये गये। जैन धर्म के तत्वमय स्वरूप को समझना कठिन है फिर भी उनके लिये और भी कठिन था। अतएव मि० वीरचन्द जैन धर्म और जैन तत्व का ज्ञान संपादन करने के लिये श्री मद विजयानन्द सूरि (स्वामी आत्माराम जी) के पास गये और उन से पढ़ने लगे

पश्चात् जलयात्रा द्वारा वे अमेरिका को गये। जाते समय बम्बई बन्दरपर "यशस्वी हों" इस ध्वनि और आशीर्वाद की वृष्टि होने लगी। हिन्दुधर्म मंडल की ओर से स्वामी विवेकानन्द आदि भी इस विश्व धर्म परिषद में सम्मिलित थे। मि० गांधी जैसे तरुण पुरुष ने ऐसे महत्व के कार्य को उत्साह के साथ स्वीकार किया, इस से मि० गांधी की असामान्य विद्वत्ता और बुद्धिमत्ता भलीप्रकार से सूचित होती है। कारण, यह परिषद् धर्म विषयक ही नहीं था। किन्तु उस गूढ़ समय में श्रेष्ठ और अच्छे धार्मिक तत्व जानने की इच्छा से बड़े २ विद्वान अधिक संख्या में एकत्रित हुए थे। इस जग विख्यात और अपूर्व प्रसंग पर जैन धर्म की प्रतिष्ठता प्रकाशित करने में एक जैन युवक का मनोबल किस प्रकार से काम करगया, यह जैनियों के वर्त्तमान इतिहास में चिरस्मरणीय रहेगी।

अमेरिका में किये हुये कार्य

सितम्बर सन् १८८३ से अमेरिका के चिकागो शहर में इस प्रचण्ड सार्व धर्म परिषद् का प्रारम्भ हुवा। और सत्तर दिनतक रही। इसमें पृथक पृथक देश के पृथक २ धर्म प्रतिनिधियों ने अपने अपने धर्म का स्वरूप प्रकाशित किया। मि० वीरचन्द ने जैन धर्म का स्वरूप नीति और तत्वज्ञान मय ऐसी उत्तमता से प्रकाशित किया कि सबका ध्यान आकृष्ट होगया हम अपनी ओर से कुछभी न कह कर नीचे एक प्रसिद्ध अमेरिकन समाचार पत्रकी सम्मति देते हैं।

"A number of distinguished Hindu schalars, philosophers, and Religous teachers attended and addressed the Parliament, some of them taking rank wich the highest

Virchand R. Gandhi.

of any race for learning eloquence and piety. But it is safe to say that no one of the pricental scholars was listened to with greater intrest than was the young lay man of the Jain community as he declared the Ethics and Philosophy of his people."

इसका हिन्दी अनुवाद यह हुवा कि:—

"पारलिया मेंट (परिषद्) में प्रतिष्ठित हिन्दू विद्वान तत्व ज्ञानी धर्मोपदेशक उपस्थित थे और उन्होंने भाषण भी दिये थे। जिनमें से कितनेही अपनी जातिकी विद्वत्ता, वक्तृत्व कला और धर्म भक्ति के पण्डित थे। पर यह बात निर्भयता से कही जासक्ती है कि पौर्वात्य पंडितों में जैन समाज के युवक श्रावक ने अपने वर्गकी नीति और तत्व ज्ञान के सम्बन्ध में जो भाषण दिये थे उनमें जो रस था और वे जिस प्रेम से श्रोताओं ने सुने थे वे किसी दूसरे के नहीं सुने उनकी समता कोई भी भाषण नहीं करसक्ते"

इसके प्रथम विदेशों में जैन धर्म का प्रचार करने के लिये कोई नहीं गया था विदेशियों को जैन धर्म का परिचय कराने के लिये सब से प्रथम सम्मान इसी श्रावक को प्राप्त हुवा।

बम्बई का व्याख्यान

सन् १८६५ के जून में ये बम्बई आए। बम्बई आने के पश्चात मि० गांधी ने जैनतत्व ज्ञान का अभ्यास विशेषरूप से आरम्भ किया। संसार के दूसरे धर्मों का निरीक्षण करके उनकी तुलना जैन धर्म से की। पश्चात् जैन धर्म के तत्वज्ञान की शिक्षा देने के लिये बम्बई में मि० गांधी ने "हेमचन्द्राचार्य अभ्यासवर्ग स्थापित किया। इस संस्था में कर्म सिद्धांत (Doctrine of Karmas) पुनर्जन्म, जड़ और चैतन्य सामान्य

तत्व आदि विषयों पर मि० गांधी के उपयुक्त व्याख्यान हुये तब से मि० गांधी की विद्वता का परिचय जैनेतर विद्वान मण्डल में भी होगया और लोग जानने लगे कि जैन धर्म अज्ञात परन्तु उत्कृष्ट धर्म है। बम्बईकी बुद्धिवर्धकसभा, आर्यसमाज थियोसाफिकल सोसाइटी आदि संस्थाओं में भी मि० गांधी ने जैन धर्म पर व्याख्यान दिये ॥

अमेरिका से फिर आमन्त्रण

इधर इस प्रकार स्वदेश में देशबंधुओं को जैन धर्म का परिचय कराने का पवित्र कार्य चल रहाथा। उधर मि० गांधी को अमेरिकावालों की ओर से एक पर एक आमंत्रण आरहे थे कि वे अमेरिका जाकर वहां के निवासियों को जैन धर्म का विशेष परिचय करावें। स्वधर्म के परिचय कराने की तीव्र इच्छा रखते हुए, जैनों के तत्वज्ञान के प्रति रुचिको तृप्त करन का आमंत्रण कौनसा धर्माभिमानी पुरुष अस्वीकार करेगा? तुरन्त ही मि० वीरचन्द सन् १८९६ में पुनः दूसरीबार अमेरिका को गये। इस वार जाते समय २० अगस्त को मांगरोल जैन सांगीत मंडली की ओर से मान पत्र दिया गया था [इसका मूल (अंग्रेजी) और अनुवाद अन्यत्र प्रकाशित है]

इस समय अमेरिका में कुछ महीने रहकर और कुछ महीने इंगलंड में रहकर अपने व्याख्यान दिये थे। साथही साथ बैरिस्टरी का अध्ययन भी करने लगे इस प्रकार धर्म प्रचार का उद्योग चल रहा था कि इनको फिर जैन बंधुओं ने हिन्दुस्तान बुलालिया। बुलाने का यह कारण था कि जैन समाज के हित के लिये (सेक्रेटरी आफ स्टेट भारत मन्त्री) के यहां एक अपील करनी थी। मि० गांधी की योजना सब को पसन्द आई।

इस लिये यह १२ वीं अगस्त सन् १८६८ को भारत वापस आगये। यहांपर तीन सप्ताह रहकर अपील के सम्बन्ध का पूरा परिचय प्राप्त करके २४ वी सितम्बर १८६८ को अपने पुत्र सहित फिर विलायत चले गये। आपने वहां सेक्रेटरी आफस्टेट के यहां ऐसी योग्यता से अपील की कि कार्य सिद्ध हो गया इस प्रकार इस कार्यमें भी यशस्वी होकर यह भारत लौट आए।

तीसरी बार जब यह अमेरिका गये थे तब मांगरोल जैन सांगीत मंडली के उद्योग से स्वर्गीय न्यायमूर्ती महादेव गोविन्द रानाडे की अध्यक्षता में एक सार्वजनिक महासभा हुई। और मि० गांधी को मान पत्र दिया गया। इसकी अंग्रेजी नकल हिन्दी अनुवाद सहित आगे छपी है।

हमारे चरित नायक ने जैन धर्म सम्बन्धी तत्व ज्ञान विषयक जो भाषण सार्वधर्म परिषद में दियाथा उस का उस परिषद् के उत्पादक और एकत्रित विद्वन्मण्डल पर ऐसा उत्कृष्ट प्रभाव पड़ा कि उन्होंने चरित नायक को एक रौप्य पदक प्रदान कर सम्मानित किया। इस सभा के भाषण को सब लोग जान जांय तथा जैन धर्म के तत्वों की उत्तमता को सबलोग समझ जायें इसलिये इन्होंने अमेरिका के प्रसिद्ध २ शहर बोस्टन न्यूयार्क, वाशिंगटन आदि शहरों में जैन धर्म पर व्याख्यान दिये। जैन धर्म का रहस्य, उसकी व्यापकता, और सुन्दरता श्रोताओं को समझाई। कासाडोग नामक शहर के सब निवासी इनके जैन धर्म सम्बन्धी भाषण से ऐसे संतुष्ट हुये कि उन्होंने मि० गांधी को एक स्वर्ण पदक समर्पण किया। ये भाषण जैन धर्म क्या है? (what is Jainism) जैनियों का तत्व ज्ञान और मानस शास्त्र

Philosophy and Byebology of the Jains जैनियों का स्वार्थ त्यागका गूढ़ धर्म (The Occult law of sacrifice) जीवन के सत्य सिद्धांत (The true laws of life) और जैनियों का विश्वसे सम्बन्ध (Jains Relation to the Univrse) थे इनके सिवाय और भी अनेक भाषण अमेरिका में दिये थें। इस के पश्चात अमेरिकन लोगों को जैन तत्व ज्ञान का परिचय होता रहे. इस उद्देश्य से आपने वहां "गांधी -फिलासफिकल सोसायटी नामक संस्था भी स्थापित करदी। इस प्रकार उद्दिष्ट कार्य में यश प्राप्त करके मि० गांधी ने इंगलेंड में प्रवेश किया

इंगलेंड के कार्य

लन्दन आदि प्रसिद्ध प्रसिद्ध नगरों के विद्वानों की मंडलियों में जैन धर्म के मूलभूत तत्वोंपर मि० गांधीने कितने ही भाषण दिये। इस समय बम्बई के भूत पूर्व गवर्नर लार्ड रे भी इङ्गलेंड में ही थे। मि० गांधी का पहिले से ही उनसे परिचय था। अतएव इन्हें अपने कार्यों में उक्त लार्ड साहब से भी बड़ी सहायता मिली। इङ्गलेण्ड में गांधी के कार्यों का यह परिणाम हुआ कि बहुत से जिज्ञासुओं ने जैन धर्म सीखने की प्रबल

नोट-इनके अंगरेजी व्याख्यानों की पुस्तकें मेघ जी हीर जी बुकसेलर पायधुनी, बम्बई; शेठ देवचन्द लाल भाई पुस्तकोद्धार फंड झवेरी बाजार, बम्बई अथवा जैन ग्रन्थ रत्नाकर कार्यालय, हीराबाग बम्बई से मिल सकती हैं। उन्हें पढ़कर लाभ उठाना चाहिये। पुस्तकों के नाम और कीमत इस प्रकार है :—

Jain Philosophy Rs. 1/8/-, Yog Philosophy as five और Kavma Philosophy -/5/ -

इच्छा प्रगट की। उनमें से एक का नाम मि० वारन था। पर-धर्मी ईसाई धर्मानुयायी जैन धर्म की शिक्षा लेने के लिये तैयार होगये, यह क्या मि० गांधी की कर्तृत्व शक्ति के लिये कम धन्यवाद की बात थी। आपने ऐसी शिक्षा देने की व्यवस्था की और एक शिक्षण वर्ग स्थापित कर दिया। इसका विजयी परिणाम निकलने के पहले ही शरीर की प्रकृति अनुकूल न रहने के कारण स्वदेश को लौटना पड़ा बम्बई आते ही बड़े सम्मान से आप को लोगों ने लिया।

स्वर्ग वास

स्वदेश के जैन समाजोन्नति के विचारों ने मि० गांधी के हृदय में स्थान करलिया था और इस क्षेत्र में उन्होंने कार्य भी प्रारंभ कर दिया था परन्तु यदि मनुष्य की इच्छा सेही इस संसार में सब सूत्र चलते तो काल का महत्व ही कोई क्यों मानता और क्यों बड़े बड़े सार्व भौम, विद्वान और कवियों के लिये "कालाय तस्मै नमः" कहने का अवसर आता। काल के समीप सबकी गति कुंठित है; संसार में ऐसी कोई भी वस्तु नहीं है जो काल के वश में न हो फिर मि० गांधी की हकीकत ही क्या थी? अपने आरम्भ किये हुये व्यवसाय को छोड़कर एक दम स्वर्ग वास करना पड़ेगा, यह मि० गांधी को स्वप्न में भी ध्यान न था। विलायत से आए सप्ताहही हुए थे कि ७ अगस्त सन् १६०१ को मि० गांधी सब को शोक सागर में डुबा स्वर्ग को सिधार गये। कितनो ही का कथन है कि स्वदेश में मि० गांधी मरने के लिये ही आये थे। ठीक। जैन समाज का एक कर्तव्य शाली हीरा यों नष्ट हो गया। भारतीय जैन समाज के भूषण श्रीमान् वीरचन्द्र की आत्मा को सद्गति मिले

उपसंहार

मि० गांधी में बिशाल बुद्धिमत्ता होते भी वे बडे मिलनसार थे, उनका स्वभाव बड़ा नम्रथा। उनकी वक्तृत्व शक्ति न्याय युक्तऔर बलवान थी। दिन रात काम करते रहने की उनकी पद्धति थी। अवकाश में भी वे विश्रांति नहीं लेते थे। अविश्रांति परिश्रम से कार्य करते रहने के कारण उनका स्वास्थ ठीक न रहता था और इस लिए उनकी अकालमृत्यु होगई, यदि यह कहा जाय तो अयुक्त न होगा। अपने धर्म की उन्नति के लिय ससार में मि० गांधी अल्प आयुही में चले गये परन्तु अन्य मनुष्यों के सम्मुख ज्वलंत दृष्टांत रख गये कि यह तुच्छ जीवन किस प्रकार अत्यन्त पूर्ण बनाया जा सकता है। पूर्वसमय में तीर्थंकर अथवा दूसरे मुनि भारत खंड के बाहर धर्मोपदेश किया करते थे परन्तु कितनी ही शताब्दियोंसं आर्यावर्त्त में ही जैनधर्म का नामावशेष रूपरहगया है। वर्तमान में उसको बाहर उज्ज्वल रूप में प्रकाशित करने का श्रेय मि० गांधी ने ही सम्पादन किया। मि० गांधी ने जो जो कार्य हाथ में लिये उन सब में उन्हें यश प्राप्त हुआ। श्रीयुत स्वर्गस्थ मि० बीरचन्द भाई की मृत्यु से जैन समाज की वड़ी हानि हुई ऐसा बीर पुरुष आज न तो दिगम्बर अथवा श्वेताम्बरों में कोई है और न भविष्य में होने की आशा है।

(२)

श्रीमान् गांधी जी जब दूसरी बार सकुटुम्ब अमेरिका को गये, तब मांगरोल सांगीत मंडली की ओर से अंगरेजी और गुजराती भाषा में कर्मवीर स्वर्गीय सेठ प्रेमचन्द रायचन्द के सभापतित्व में जो मान पत्र उन को दिया गया था। उसकी नकल पाठकों के अवलोकनार्थ नीचे देते हैं।

To

Vir Chand Raghavji Gandhi, Esqr., B.A.,
Member of the Royal Asiatic Society,
Secretary to the Jain Association of India,
President of the Hemchandra Charya,
Study Class, &c , &c.,
Bombay.

Dear Sir,

We, the Members of the Mangrol Jain Sangit Mandli, are assembled here to day to give expression in public to the high esteem and ardent admiration with which we all regard you for the incalculable benifits you have conferred upon our assembly by useful services and timely suggestions, as well as on the whole community, on religious matters, and many important and intricate questions connected with the affairs of our sacred Places.

We avail ourselves of this occasion, especially because only to-morrow you will be on your way to that land where you went in 1893, as an accredited *Delegate* of the Jain Community, to represent the views on the Ethics and Philosophy of our Religion in the Parliament of Religions at Chicago. It was a matter of joy and satisfaction for us all that out of a few Indian Delegates of light and learning, who could compete with and hold their own against the foremost thinkers of Europe and America, you were the only person who was heard with rapt attention and accorded due praise.

Your real work may be said to have commenced with the termination of the sittings of that grand Assembly, for it was then that invitations from persons of diverse sview and various positions, coupled with the earnest solicitations of Associations, Unions, and Clubs, began to pour in, which induced you to prolong

your stay there. This brief sojourn you turned to the best account, by delivering many public lectures on the idea and aim of Jain Philosophy-nay-when on certain occasions the duty of representing the whole India devolved upon you, you discoursed on Indian Philosophy in general, and succeeded to a great extent in dispelling doubts and misconceptions about the History, Morality, and Religion of the Hindus, and thus lifted up the veil which screened real things from their gaze. Here, also, after your arrival you did not fail to embrace every opportunity to enlighten us on the manners, customs and the educational systems of America, and your unremitted exertions have resulted in creating a zealous study of our Religion and Philosophy and the formation of the Hemchandra charya study class.

Rejoicing as we do at your second visit, we cannot but feel profound sorrow at the idea of seperation from a person of your knowledge, ability, and simplicity, we however console ourselves with the fact that what is loss to us is a substential gain to our American Bretheren.

Those of our Bretheren on the other side of the Mississipi who being far removed from the centres of activity, could not share the pleasures of your company and adresses, will have now ample time to satisfy themselves. It will also be a boon and blessing to the enthusiastic students of occult Philosophy, who paid you a well merited men of honour by founding a society of Philosophic Investigations in your name. We feel pride and pleasure to know that you will be accompanied by your devoted wife, who will be a source of great help and comfort to you, and will afford our American sisters, a good opportunity to form a correct idea of the nature, virtues and responsibilities of an Aryan Lady.

In conclusion, Sir, we heartily wish you a lion voyage and pray that blessings may be strewn accross your path, and that your efforts in propounding and propagating the high principles of our noble religion may

be crowned with success, and hope that the revival of the glorious Past of the noble land of the East, which was hailed with favour in a dim and prophetic vision, by that illustrious French writer Victor Hiugo is destined to take place in the sail of America which have been already brought into contact by material civilization, will through our spritual thoughts be united in more enduring and permanent bonds of Fraternity.

As for ourselves, we shall be longingly looking forward for that day, when after mastering the great problem of the free education of the masses, you will return here and work for its introduction, for it is upon the solution of this problem alone that the future happiness of our country depends.

We beg to remain,
Dear Sir,
Your Friends and well wishers,
Prem Chand Roy Chand,
President of the meeting,
Moti Chand Debi Chand,
President,
for members of the Mangrol
Jain Sangit Mandli.

Bomboay,
20th August 1896.
Amer Chand
Tilok Chand
Honourary Secretary.

ऊपर के मानपत्र का हिन्दी अनुवाद

मि० वीरचन्द राघवजी गांधी बी० ए०
मेम्बर आफदी रायल एशाटिक सोसाइटी,
सेक्रेटरी जैन एसोसिएशन आफ् इण्डिया आदि बम्बई

प्रियबन्धु,

श्रीमांगरोल जैन सांगीत मंडली के हम सब सभासद आज आपकी उपयुक्त सेवा, प्रासंगिक सूचनाओं तथा समस्त

समाज धर्म संबन्धी विषयों में, पवित्र तीर्थों से सम्बन्ध रखने वाले कठिन और महत्व के प्रश्नों के विषय में जो आपने असंख्य लाभ पहुंचाये हैं, उसके लिये हम प्रत्यक्ष रूप से आपका आभार मानते हैं। आपके प्रति उच्चमान तथा प्रेम प्रदर्शित करने के लिये हम सब यहां एकत्रित हुये हैं।

इस प्रसंग को जल्दी लाने का मुख्य कारण यह है कि कलही आप उसदेश (अमेरिका) को प्रस्थान करजाओगे जहां आप सन् १८९३ ई० में चिकागो की धर्म परिषद् में हमारे धर्म के तत्वों और रहस्य को प्रदर्शित करने के लिये जैनों के प्रतिनिधि बनकर गयेथे। यूरुप और अमेरिका के श्रेष्ठ तत्व ज्ञानियों और अच्छे विद्वानों की समता करने हिन्दुस्तान के अच्छे विद्वान गये थे। पर हमें यह जान कर बड़ा हर्ष और संतोष हुआ कि आपके व्याख्यान बड़े ध्यान से सुने गये और आप के व्याख्यानों की प्रशंसा कीगई॥

उस महा समाज की बैठक पूरी होतेही आपके वास्तविक कार्यों का आरम्भ हुवा क्योंकि तभी से भिन्न भिन्न विचार वाले और भिन्न भिन्न स्थिति के मनुष्यों ने आपको आमन्त्रणों से और अनेक मडलियों, सभाओं और क्लबों की प्रार्थनाओं से प्रेरित होने पर आपको वहां कुछ समय के लिये ठहरना पड़ा। विविध विषयों पर व्याख्यान और भाषण देकरही आपने इस समय का सदुपयोग किया। यही नहीं, किन्तु भारतवर्ष के प्रतिनिधि होने के कर्तव्य को भी निबाहा। क्यों कि सारे भारतवर्ष के प्रतिनिधि के कर्तव्य का भार आप के सिर पर था। अतएव आपने भारतीय तत्वज्ञान के विषय में भी अपने विचार प्रगट किये थे। वहां के निवासियों के दिमाग में

भारतीय इतिहास, नीति और धर्म के प्रति जो जो भूलें घर कर रही थीं उन्हें दूर करने में आपने बड़ी सफलता प्राप्तकी और उन्हें उनके विषय में सत्य बातें बतलाकर उनका भ्रम दूर किया। यहां आने पर आपने अमेरिका के उपयोगी रीति रिवाज और विद्या प्रचार के बहु मूल्य संदेश हमें सुनाये। धर्म की ओर रुचि उत्पन्न करनेका आपका यह बड़ा प्रयत्न भी सफल हुवा और हेमचन्द्राचार्य अभ्यास वर्गकी स्थापना हुई

आपकी दूसरी मुसाफिरी के समय हम खुशी मना रहे हैं पर साथही आप जैसे ज्ञानवान, शक्तिवान, और नम्र गृहस्थ के वियोग का हमें बड़ा दुख है। पर आप के वियोग से हमारी जो भारी हानि होगी उसके बदले हमारे अमेरिकन भाई और बहिनों को अमूल्य लाभ होगा यही विचार कर हमें खुशी होती है।

मिसिसिपि नदी की दूसरी ओर बसने वाले अमेरिकन भाइयों ने आपके व्याख्यानों से लाभ प्राप्त कर नहीं पाया था इसलिये अब वह अपनी इच्छा को पूर्ण करसकेंगे। तत्व ज्ञान के जिज्ञासु विद्वानों के लिये भी जिन्होंने आपके गुणों और ज्ञान पर मुग्ध होकर आपके नाम से तत्व शोधक मंडल स्थापित किया है आपकी यह यात्रा बड़े हर्ष और आशीर्वाद का कारण होगी। हमें यह जानकर और भी हर्ष हुवा कि इस यात्रा में आप के साथ आपकी सह धर्मिणी भी रहेंगी, जिनसे आपको पूरी सहायता और आराम मिलेगा; साथही वे अमेरिकन बहिनों को आर्य महिलाओं के कर्तव्य, गुण और स्वभाव का ज्ञान करावेंगी।

अन्त में हम अन्तः करण से इच्छा करते हैं कि आप की

यात्रा आनन्द से समाप्त हो । जहां जहां आप जायें वहां वहां आशीर्वचनों की वृष्टि हो, हमारे धर्म के महान सिद्धान्तों के समझाने में और प्रसार करने में आपको सफलता हो, यही हम प्रार्थना करते हैं । पूर्वीय देशकी दिव्य भूमि की भूत पूर्व उज्वल स्थितिके पुनरुद्धार यशस्वी फ्रेंच लेखक मि० ह्युगोये को आशा थी । कि वह पुनरुद्धार अमेरिका में जाकर हुआ । भारत और अमेरिका का भौतिक सुधारों से जो थोड़ासा परस्पर संबन्ध हुवा है उसके द्वारा हमारे अध्यात्म ज्ञान के और प्रसार की तथा स्थायी भ्रातृभाव की आशा है ।

हम उस दिनकी प्रतीक्षा बड़ी उत्सुकतासे कर रहे हैं जिस दिन आप जन समाज की अनिवार्य और निःशुल्क शिक्षा के महान सिद्धांत में निपुणता प्राप्त करके यहां वापिस लौटेंगे और उसके प्रचार के लिये आप कार्य करेंगे । इसी प्रश्न पर हमारे देश का भविष्य सुख निर्भर है ।

भवदीय

बम्बई ता० २० अगस्त १८९६ अमरचन्द तिलकचन्द आनरेरी सेक्रेटरी	प्रेमचन्द रायचन्द मीटिंग के प्रेसीडेंट मोतीचन्द देवचन्द प्रेसीडेंट श्रीमांगरोल जैनसंगीतमंडली

To

Vir Chand Raghavji Gandhi Esqr. B.A.M.R.A.S.,

Dear Brother,

We, your friends and admirers, have assembled here to day to give expressions to our sentiments of deep gratitude andh igh admiration, which we so sincerely

cherish for you, in due appreciation of the invaluable and innumerable services which you have so creditably rendered to the members of your community and to the people of India in general, by fostering brotherly feelings in the hearts of the kind and courteous Americans, for the people of our renowned India.

We feel much satisfaction and pride repeat that we find in you, only a representative of the Jain Religion at the Parliament of Religions, held at Chicago, but at the same time we find in you a most energetic and competent advocate of the cause of Indian Philosophy. Disregarding the unavoidable inconveniences, which present themselves to an Orthodox Hindu traveller scrupulously following the prescriptions of religion, while prosecuting noble work, which you have so cheerfully undertaken, you visited different parts of America and preached in lofty tones from public and private pulpits the religion and Philosophical tenets of Hinduism; and we are extremely glad to endorse the opinion of the American public and press, that you have succeeded all with all the moral triumph of a conscientious preacher, in awakening American interest and sympathies for the religion and philosophy of India which has been gloricusly hailed by the foreigners from times immemorial, as the mother of Religions and the Cradle of Civilization. This, in itself is a sign, prophesying good for the orient and the Occident.

But your mission did not end here, you next concentrated all your energies in a pitched battle against the grant of darkness assuming various forms and specially against lock of education among the women of this country, which is one of the saddest and most deplorable condition of Indian society, we are much pleased to hear, has sent three of our Hindu sisters to America, with the offer to maintain and educate them, for three years at the expense of the society, so that they may be enabled to practically study how to become proper

help-mates to their husbands and pioneers in the work of reforming our society. We respectully solicit your favour to convey to our best sympathies and choisest blessings in their noblo mission of patronizing female education in India.

Equally precious are your services, during the recent famine in India, when you got enlisted with your charncteristic promptness, the sympathy of the kind herated Americans for the poorer masses, who were starving to death for want of sufficient food and sent a ship to India, laden with American maize for free distribution amoug the famine stricken people. These services and these touches of your philauthrophic disposition, we assuse you, our dear brother, have rightly earned for you our lasting admiration and gratitde.

The cause of Vegetarianism is equally commanding our admiration your numerous addresses so vividly portraying the excruciating pains and heart-rendering agonies of the poor animals, writhing under the knives of the heartless butchers, have reclaimed many flesh eaters to the pure hindu vegetarian diet and have taught them to respect the feelings even of the lower creation an object lesson of spritual life which India has still to preach and to teach most of the civilized nations of the world.

Your strong protest against the misrepresentations by the American missionaries of the Indian life and morals, your valuable advice, for the introduction of the American system of practical education in Indian schools, your genuine desire to see our Indian students in England paying particular attention to English Arts and manufacteres with the object of improving and promoting Indian Industries, your contributions to the Indian press for drawing the attention of our educated youths to commercial fields that are open for them in Enland and America, these are some of the meltifarious subjects that have held us in unspeakable wonder,

and speak volumes for your sound Judgment and comprehensive abilities.

This large and influential gathering rejoices to see that you are the first Hindu among the whole Hindu community of India, to take your wife to America and to give practical illustration of the life of an Indian Hindu woman to our sisters of the Western Hemispere A short stay of nearly two years of your son Master Mohan in America, and his training in an American educational institution, give us every hope that he will be a second Gandhi after you to pickup, with the greatest zeal and interest, the work which you have commenced so successfully of implanting "India in America."

In conclusion, we wish you a hearty *bon Voyage* to England and America and a happy return to our dear country after fulfilling your noble mission of preaching Oriental Philosophy.

On behalf of the Friends and admirers assembled in a public meeting held at Novelty Theatre.

Bombay, President,

Dated 23rd Sept, 1889. M. G. RANADE.

मि० वीरचन्द राघव जी गांधी
बी० ए०, एम० आर० ए० एस०

प्रिय बंधु,

जग प्रसिद्ध आर्य भूमि के लोगों के प्रति दयालु और विनयवान अमेरिकन लोगों के हृदयों में भ्रातृभाव का जन्म दे कर आपने अपनी जाति भाइयोंही की नहीं बल्कि सारे भारतवर्ष की जो अमूल्य सेवा की है उसके आभार मानने के लिए तथा प्रेम दर्शाने के लिये हम सब यहां पर एकत्रित हुये हैं।

चिकागो की धर्म परिषद् में जैन प्रतिनिधि की भांतिही नहीं, परन्तु भारतीय अध्यात्म विद्या के पक्के पोषक की भांति आपने कार्य किया, हमें यह कहते हुये संतोष तथा अभिमान होता है। हिन्दू धर्म की रीति रिवाजों के अनुसार समुद्र यात्रा का निषेध है। उसपर भी कठिनाइयोंकी परवा न करके आपने अमेरिका की यात्रा की। वहां जाकर अमेरिका के भिन्न २ भागों में प्रवास किया और अमेरिकन लोगों को आर्य धर्म तथा तत्वज्ञान के बहुमूल्य उपदेशों का बोध कराया। अमेरिकन लोगों ने आपके मत का अनुमोदन किया यह जानकर हम बड़े आनन्दित हैं। अमेरिकन लोगों का हिंदू धर्म तथा तत्व ज्ञान के प्रति जिज्ञासा उत्पन्न करने में आपने अच्छी सफलता प्राप्त की है॥

इसके पश्चात् भारतवर्ष की स्त्रियों की अज्ञानावस्था की ओर अमेरिकन बहनों का ध्यान आकर्षित किया और भारतीय स्त्रियों की विद्या वृद्धि के लिये आपने अमेरिकन स्त्रियों की एक मंडली स्थापित की। उस मंडली की ओर से तीन भारतीय विदुषियों को वहां रहने और शिक्षा लाभ करने के लिये आमंत्रण मिला। तीन साल तक उस मंडल के व्यय सेही वे विदुषियें वहां रहीं और शिक्षा प्राप्त की। उस दयालु आमंत्रण के लिये भारतीय स्त्रियें अमेरिकन बहनों का बड़ा आभार मानती हैं, यह आप उन्हें सूचित करदें।

आप के काम यहांही समाप्त नहीं होते। इसके पश्चात् जब भारत में दुष्काल पड़ा तब आप ने इस ओर भी अमेरिकन लोगों का ध्यान आकर्षित किया और अन्न का एक स्टीमर भिजवाया। आप की यह सेवायें और यह देश प्रेम प्रशंसनीय

है। इसी कारण, प्यारे बंधु, हमारे हृदयों में आपके प्रति मान और आभार ने स्थायी स्थान प्राप्त कर लिया है।

मांसाहारियों को आपने वनस्पति भोजन के लाभ बता कर हिन्दुभोजन की ओर प्रवृति की, उसके लिये भी हम आप का आभार मानते हैं। साथही बड़ी उत्तमता से आपने "अहिंसा परमोधर्मः" के महान तत्व का प्रचार किया। भारत की रीति और नीति के विषय में अमेरिकन मिसिनरियों द्वारा फैलाई हुई घृणित किम्बदन्तियों का आपने खंडन किया, भारत में अमेरिका की शिक्षा पद्धति की योजना का यत्न किया, इंगलेंड को पढ़ने जाने वाले हिन्दुभ्राताओं को आपने सिखाया कि वे अपने देश में अंगरेजी आविष्कारों का हुनरोंका प्रचार कर के भारतीय उद्योग धंधों की उन्नति करनें का यत्न करें, पत्रों में आपने लेखों द्वारा आन्दोलन करके हमारे युवाओं और विद्वानों का ध्यान इंगलेंड और अमेरिका के उद्योग धंधे सीख कर और इस देश में प्रचार करने के लिये उनका ध्यान आकर्षित किया। इस प्रकार भारत को जो बहुमूल्य सेवा आपने की है, उसके लिये हम अपने शुद्ध अन्तःकरण से आभार मानते हैं

यह एकत्रित समूह इस बात को सोच कर बड़ा आनन्दित होता है कि आपही भारतीय हिन्दु समाज के प्रथम हिन्दू हैं जिसने अपनी स्त्रीसहित यात्रा की और पश्चिमीय संसार को भारतीय हिन्दु स्त्री के जीवन का उदाहरण बताया आप के पुत्र मास्टर मोहन जो दो वर्ष अमेरिका ठहरे और वहां के विद्यालय में शिक्षा पाई, हमें आशा दिलाते हैं कि आपके पश्चात दूसरे गांधी चुनने का वे अवसर देंगे। आपके शुभ कार्य बड़ी

खुशी तथा सफलता से पूर्ण होंगे क्योंकि आप हिन्दु धर्म के कुशल प्रतिनिधि हैं।

अन्त में हम चाहते हैं कि आप की यात्रा सफल हो और और आप के कार्यों में विजयहो। अमेरिका में आर्य धर्म का पुष्ट वृक्ष बोकर आनंद सहित भारत को वापिस लौटो।

भवदीय मित्र और कार्यों के अनुमोदकः—

बम्बई	सभापति
ता० २३ सितम्बर१८८६	महादेव गोविन्द रानाडे।

इसके पश्चात् सभापति आनरेबल मिस्टर रानाडे ने खड़े होकर कहना प्रारम्भ किया। उनके खड़े होने पर सभा में तालियां बजीं। आपने कहा कि मिस्टर गांधी ने हिन्दुस्तानकी सेवा अमेरिका में की है, उसके लिये वे धन्यवाद के पात्र हैं। अपने हिन्दूधर्म को इंगलैंड और अमेरिका में फैलाने के लिये मि० गांधी एक आदर्श (Model) हैं मि० गांधी ने जो परिश्रम किया है उसका फल वे अथवा हमको प्राप्त नहीं होगा। इस परिश्रम के उत्तम फल का लाभ हिन्दू धर्मको प्रसार होने पर आगे की संतान उठायेगी। मि० गांधी जैसे उत्साही युवा गृहस्थ जैन जाति में हैं इससे जैन जाति का गौरव और भी बढ़ गया है। मि० गांधी की और उनके अनुकरण करनेवाले दूसरे गृहस्थों की मैं विजय कामना करता हूं। उन्हों ने हमारे लिये जो परिश्रम किया है उसके लिये मैं उनका उपकार मानता हूं॥

नं० ३

स्वामी विवेकानन्द और वीरचन्दकी तुलना

महात्मा विवेकानन्द आर्य तत्व ज्ञान की वेदान्त फिलास्फी समझाने के लिये चिकागो की धर्म परिषद् में गये वे ४० वर्ष की अवस्था मेंही सन १९०२ में मृत्यु को प्राप्त हुये उस समय अमेरिका के प्रसिद्ध पत्र "बैनर आफ लाइट" ने तुलना करते हुये लिखा था।

जैन तत्व ज्ञानी वीरचन्द की लेखन शक्ति एवम् वक्तृत्व शक्ति में जो विचारों की नूतनता थी वह विवेकानन्द में न थी

स्वामी विवेकानन्द मांसाहारी थे पर वीरचन्द धार्मिक जैन की भांति जीवन व्यतीत करनेवाले निर्दोष वनस्पत्याहारीथे

भारत के दोनो उत्तम रत्नों के लिये नीचे लिखी बातें कही जासकती हैं।

(१) विविध धर्मों की चरचा करने के लिये सन १८९३ में भरने वाली चिकागो की धर्म परिषद् में गये और प्रशंसा प्राप्त की।

(२) दोनों लोक प्रिय व्याख्यान कार थे। अमेरिका के श्रोताओं की ओर से उनके सम्बन्ध में स्तुति वचन सुनाई पड़ते हैं।

(३) जिन लोगों ने इनके भाषणों को सुना उन उन ने उनके सिद्धांतों को प्रीति पूर्वक स्वीकार किया और जिन्होंने उनके सिद्धांतों का यथार्थ निर्णय करने के लिये विचार किया उनके मन के ऊपर इनके विचारों की छाप अद्यापि पर्यन्तरहीहै

(४) दोनों ने थोड़ी उम्र पाई विवेकानन्द ४० वर्ष की आयु में और वीरचन्द ३७ वर्ष की आयु में स्वर्गस्थ हुये।

यदि अधिक समय तक जीते रहते तो हमारा भविष्य कुछ और सुधर जाता ॥

(५) दोनों ने पवित्र भारत भूमि मेंही आकर प्राण त्याग किये। विवेका नन्द ने सन् १६०२ में वेलूर मठमें और वीर चन्द ने सन् १६०१ में बम्बई में।

(६) स्वामी विवेकानन्द के प्रबल विचारों के लिये उनके शिष्य मंडल (अभेदानन्द आदि) ने राम कृष्ण सोसाइटी आदि अनेक संस्थायें स्थापित कीं। परन्तु शोक कि वीरचन्द के प्रबल विचारों के असर से कोई जैन संस्था स्थापित न रहसकी, यह बात नहीं है बल्कि वीरचन्द के स्मरणार्थ कोई संस्था स्थापित करने का प्रयत्नही नहीं किया गया ॥

श्रीमद्वीरचन्द प्रत्येक सज्जन के हृदय में अभीतक स्थित हैं उनका शरीर नष्ट होगया परन्तु वे नष्ट नहीं हुये हैं। उनका यश रूपी शरीर अमृत और अमर है। अंग्रेजी कहावत है To live in hearts we leave behind, is not death)अर्थात हृदय में रहना मृत्यु नहीं है। तीर्थादि कार्यों में विजय प्राप्त करने में, जैन धर्म के प्रसार करने में, जड़वादियों के हृदयों पर जैन संस्कारों की छाप डालने में श्रीवीरचन्द ने अपने मन वचन और शरीर से जो आत्म त्याग किया है, उसके लिये सारा जैन समाज उनका ऋणी है। इस ऋण से स्वर्गस्थ होने के हित के लिये नहीं बल्कि अपनी कृतज्ञता प्रदर्शित करने के लिये भी जैन समाज ने अपना कर्तव्य किस प्रकार पूरा किया। इसका विचार आतेही समाज की स्थिति और उसके अधः पतन का दृश्य नाचने लगता है।

We shall do so much in the years to come.
But what have we done today ?
We shall give our gold in a princely sum.
But what did we give today ?
We shall life the heart and dry the tear.
We shall plant a hope in the place of fear.
We shall speak with the words of love and cheer.
But what have we done today?

Nixon water man.

विशेष क्या लिखें । अपनाही अवगुण विशेष क्या प्रकाशित करें। श्रीमद्वीरचन्द्र के जीवन और कार्यों के बोध का स्मरण हमारी कृति में रहे यही बस है। अंग्रेजी कविने कहा है

Think truly and thy thoughts shall the world's famine feed;

Speak truly and each word of thine shall be a fruitful seed;

Live truly and thy life shall be.
A great and noble creed·

Bonar.

सद्विचार करो, वे संसार के विचारों के दुष्कालों को पूर पाडेंगे; सत्य वचन बोलो, जिससे तुम्हारे प्रत्येक शब्द रूपी बीज से कल्पद्रुम प्राप्त होंगे, शुद्ध जीवन व्यतीत करो तब तुम्हारा जीवन महान् उच्च धर्म संस्था बनेगी। जिसका अनुसरण अनेक मनुष्य करेंगे ।

नियमावली

श्री आत्मानन्द जैन ट्रैक्ट सोसायटी अम्बाला शहर

१—इस का मेम्बर हरएक होसकता है।

२—इसका चन्दा कम से कम १) वार्षिक है। अधिक देने का हरएक को अधिकार है। जो महाशय एक साथ ५०) रु० इस ट्रैक्टसोसायटी को देंगे वह इस के लाइफ मेम्बर समझे जावेंगे। उनसे वार्षिक चन्दा कुछनहीं लिया जावेगा

३—इस सोसायटी का वर्ष १ जनवरी से प्रारंभ होता है। जो महाशय मेंबर होंगे वे चाहे किसी महीने में मेंबर हों किन्तु चन्दा उनसे ता० १ जनवरी से ३१ दिसम्बर तक का लिया जावेगा।

४—जो महाशय अपने खर्च से कोई ट्रैक्ट इस सोसायटी द्वारा प्रकाशित कराकर बिना मूल्य वितीर्ण करना चाहें, उनका नाम ट्रैक्ट पर छपवाया जायगा।

५—जो ट्रैक्ट यह सोसायटी छपवाया करेगी वे हरएक मेम्बर के पास बिना मूल्य भेजे जाया करेंगे॥

निवेदकः—

सेक्रेटरी

श्री वीतरागाय नमः

जीवनचरित्

श्रीमान् 'दानवीर' सेठ हुक्मचन्द्रजी, इन्दौर।

प्रिय पाठकवृन्द! आपको विदित ही है कि श्रीशत्रुंजयजी (पालीताणा) सिद्धक्षेत्रपर होनेवाले श्रीमती बम्बई दिगम्बर जैन प्रान्तिक-सभाके तेरहवें वार्षिक अधिवेशनके सभापति इन्दौरनिवासी श्रीमान् दानवीर सेठ हुक्मचन्द्रजी नियत किये गये हैं। आपके नामसे हमारा समाज भली भांति परिचित है, तथापि आपका संक्षिप्त जीवनचरित्र हम प्रगट करते हैं। आशा है कि पाठकवर्ग इससे उचित लाभ उठावेंगे। इसीके साथ श्रीमान्का रंगीन चित्र भी है, आशा है कि उसे प्राप्त कर पाठक प्रसन्न होंगे।

वंश स्थिति। श्रीमान्के पितामहका नाम मालवा प्रान्तमें सेठ माणिकचन्दजी मंगनीरामजीके नामसे बहुत प्रसिद्ध है। सेठ मगनीरामजी के ५ पुत्र हुए थे, जिनमेंसे दो अकालमें ही मृत्यु प्राप्त हो गये। शेष तीन सेठ सरूपचंदजी, सेठ ओंकारजी और सेठ तिलोकचंदजी थे। इन तीनों भाइयोंने अफीमके व्यापारमें लाखों रुपया कमाकर धार्मिक कार्योंमें खर्च किया और अपने व्यापारमें अच्छी वृद्धि की। हमारे चरित्रनायक सेठ हुक्मचंन्दजी सबसे बड़े भाई सेठ सरूपचंदजीके सुपुत्र हैं। सेठ ओंकारजीके सुपुत्र सेठ कस्तूरचन्दजी और सेठ तिलोकचन्दजीके सेठ कल्याणमलजी हैं। ये तीनों भाई उत्तम स्थितिके धारक हैं और अपना अलग अलग कारबार अति उत्तम रीतिसे कर रहे हैं।

जन्म। हमारे चरित्रनायक सेठ हुकमचन्द्रजीका जन्म विक्रम सम्बत् १९३१ के आषाढ़ सुदी १ को इन्दौर शहरमें हुआ था।

विद्यालाभ।

श्रीमान्‌ने ७ वर्षकी अवस्थासे ही विद्यालाभ आरंभ करके सिर्फ ३-४ वर्षमें व्यापार योग्य हिन्दी भाषाका ज्ञान प्राप्त कर लिया तथा कुछ थोड़ासा अंग्रेजीका अभ्यास कर अपना चित्त व्यापारमें लगाया। आपकी बुद्धि ऐसी तीक्ष्ण थी कि १२ वर्षकी अवस्थामें ही आपने व्यापारमें अच्छी योग्यता प्राप्त कर ली।

व्यापार लाभ।

श्रीमान्‌ने १५ वर्षकी अवस्थासे ही व्यापार सम्बन्धी सम्पूर्ण कारोबार अपने हाथमें ले लिया। आपकी कोठियें सेठ सरूपचन्द्रजी हुकमचन्द्रजीके नामसे हैं। प्रसिद्ध कोठी बम्बई, उज्जैन, मन्दसौर और मुख्यतः इन्दौर शहर तथा [illegible]र छावनीमें हैं। इनमें खासकर अफ़ीम, साहूकारी लेनदेन, रुई, गल्ला वगैरहका व्यापार होता है। आपके व्यापारके सम्बन्धमें मालवेमें कहावत प्रसिद्ध है कि "लाख रुपयोंका नफा नुकशान तो सिरहाने रहता है।" यों तो कई बार आपने लाखों रुपया कमाया, परन्तु सन् १९०८ में, जिस समय गवर्नमेन्टने चीनके साथ अफीमका कन्ट्राक्ट किया और ड्यूटीकी हुंडीका हुक्म दिया था, उस वक्त श्रीमान्‌ने गवर्नमेन्टके भरोसेपर ड्यूटीका २० लाख रुपया एक मुश्त सरकारको दे दिया, जिसका यह फल हुआ कि उसके कारण श्रीमान्‌को बहुतसा मुनाफा हुआ। इस समय आप करोड़पति गिने जाते हैं। मालवा प्रान्तमें आपकी बराबरीका सम्भवतः ही कोई हो। एंग्लो-इण्डियनका मुखपत्र 'टाइम्स ऑफ इण्डिया' (Times of India) ने अपनी ता० १३ अप्रेल सन १९१० वाली संख्यामें श्रीमान्‌को Merchant Prince of Malwa 'मालवामें व्यापारियोंके राजा' करके लिखा था। इस प्रकार हमारे चरितनायकने व्यापारमें अपनी खूब ही श्रीवृद्धि की है।

धार्मिक रुचि।

श्रीमान्‌की बाल्यावस्थासे ही जैनधर्ममें सच्ची और विशेष रुचि है। आप हमेशासे धर्मात्माओंकी संगति तथा शास्त्रस्वाध्याय बराबर करते रहते हैं। आपके शास्त्र बांचनेकी शैली-पद्धति इतनी अच्छी है कि जब आप शास्त्र बांचते हैं तब सैंकड़ों नरनारी सभामें उपस्थित हो एकाग्रचित्तसे श्रवण करते हैं। नित्यनियम, पूजन आदि भी आप बराबर करते हैं। इतना बड़ा व्यापार करते हुए भी आप अपना नित्यनियम कभी नहीं छोड़ते। सबसे विशेष गुण आपमें यह है कि बाल्यावस्थासे ही आप परस्त्रीके

त्यागी हैं। दश वर्षसे आप धर्मात्मा मास्टर दर्यावसिंहजी सोंधयाके साथ शास्त्रस्वाध्याय करते हैं। ज्ञानाभ्याससे आपकी धर्मरुचि दिन २ वृद्धिरूप और दृढ़ होती जाती है। धर्ममें इस प्रकारकी दृढ़ अभिरुचिके कारण ही सम्वत् १९६२ में आप मालवा प्रान्तिक सभाके स्थाई सभापति नियत किये गये, जो अब तक हैं। इस मालवाप्रान्तिक सभाका कार्य मुख्यतासे आप ही की सहायतापर अब तक चलता आया है।

सं० १९६७ में आप भारतवर्षीय दिगम्बर जैन महासभाके श्रीसम्मेद शिखरजीवाले वार्षिक अधिवेशनके सभापति नियत हुए थे। सिवाय इस अधिवेशनके अभीतक महासभाका अन्य कोई अधिवेशन इतनी सफलतापूर्वक नहीं हुआ। कुछ काल तक श्रीमान् महासभाके ी भी रहे।

श्रीमानको क्रमशः तीन विवाह करना पड़े। आपकी वर्तमान सहधर्मिणी श्रीमती कंचनबाई लघुवयस्क होने पर

विवाह और संतति।

भी विद्या और धर्मसे अच्छा अनुराग रखती हैं। श्रीमतीजी स्वयं शिक्षा प्राप्त करनेमें विशेष प्रवृत्त हैं। स्त्रीशिक्षाकी ओर भी आपका अच्छा ध्यान है। परोपकार करना आप अपना मुख्य कर्तव्य समझती हैं। आपकी विद्याभिरुचि और परोपकार वृत्तिका एक प्रगट दृष्टांत यह है कि जिस समय सभामें हमारे चरित्रनायक श्रीमान् सेठ हुकमचन्दजीने श्रीऋषभब्रह्मचर्याश्रमको रु० ५१००) देना जाहिर किया, उसी वक्त श्रीमतीजीने अपने चिरंजीवके द्वारा कहला भेजा कि रुपया ५१००) मेरी तरफसे भी दिये जावें। इस प्रकार उस वक्त रु० १०,२००) ब्रह्मचर्याश्रमको दिये गये थे।

वर्तमानमें श्रीमानके १ दत्तक पुत्र हीरालाल नामके १४ वर्षके, २ पुत्री और १ लघु पुत्र हैं। सबसे बड़ी पुत्रीका पाणिग्रहण झालरापाटन शहरके मुखिया सेठ विनोदीरामजी बालचन्दजीके सुपुत्र सेठ लालचंदजीसे हुआ है। दूसरी पुत्री चिरञ्जीवी रतनबाई भी अच्छी पढ़ी लिखी हैं।

हमारे चरित्रनायक जिस प्रकार सफलताके साथ धनोपार्जन करना जानते हैं उसी प्रकार आपने उसका सदुपयोग

परोपकार बुद्धि और दान।

करना भी मुख्य कर्तव्य समझ रक्खा है, जिसका प्रमाण पाठकोंको निम्न प्रकाशित दानकी सूचीसे तथा अन्य कार्योंसे मिलेगा।

सम्वत्.	कार्य.	दान कीहुई रकम.
१९५३	कछाल्या ग्राममें जैन भाइयोंकी स्थिति मंदिर बनवानेकी नहीं होनेसे वहां मंदिर बनवा कर उत्सव करवाया।...	५,०००)
१९५७	इन्दौरके बड़े जैन मन्दिरपर तीनों भाइयोंने १८०००) लगाकर कलश चढ़ाये और कलश प्रतिष्ठा करवाई जिसमें आपने दिये	६,०००)
१९५७	छावनीके जैन मंदिरका जीर्णोद्धार कराया और कलश चढ़ाये।	४,०००)
१९५९	इन्दौर स्टेशनके पास एक पक्का जैन मन्दिर, २ कुए, ५० छोटे कमरे, ५ बड़े कमरे, १ बंगला संयुक्त नशियां बनवाई, जिसमें विना किसी किस्मके भाड़े आदिका चार्ज लिये जैन अजैन उच्च हिन्दूको ठहरानेका प्रबन्ध है। उसके बनाने और प्रतिष्ठा करानेमें खर्च.	२,००,०००)
१९५३-६०	इन्दौरमें एक औषधालय स्थापित किया, जिसमें अनेक रोगियोंको लाभ पहुंचा।	१०,०००)
१९६०	इन्दौरमें प्लेगके समय गरीब लोगोंके रहनेके लिये झोंपड़े Huts बनानेमें मदद दी।	१,०००)
१९६२	तीनों भाइयोंने एक जैन सहायक भोजनशाला खोली, जिसमें असमर्थ जैनियों व विधवाओंको भोजन, रेल खर्च सहायता दी जाती है, जिसमें आपका खर्च हुआ	३,०००)
१९६२	इन्दौर नशियाँजीमें हुकमचन्द दि० जैन बोर्डिंग खोला, जिसके खर्चके लिये रु० ३२०००)का सूद १२८) माहवार देते हैं। (इसके लिये नशियाँजीके १२ कमरे २४ विद्यार्थियोंके रहने योग्य रिजर्व कर दिये गये हैं। इस बोर्डिंगमें संस्कृतके ऊंचे दर्जेकी एक पाठशाला है, जो अंग्रेजी बी. ए. तकके विद्यार्थी रहते हैं और मिशन कॉलेज	

तथा रेजीडेन्सी हाईस्कूलमें पढ़ते हैं और जिनको एक घंटा धर्मशिक्षण दिया जाता है। छात्रोंको ७) से १०) तक स्कालर्शिप दी जाती है) ... ३२,०००)

१९६५ नशियाँजीके मंदिर तथा धर्मशालाका माहवारी खर्च चलानेके लिये स्थाई फंडमें दिये ... २५,०००)

१९६६ इन्दौरमें तुकोजीराव हास्पिटलमें महाजन लोग जो बाहरसे आते थे उनको ठहरनेकी बहुत तकलीफ होती थी, इसलिये महाजन वार्डके कमरे बनवाये, जिसमें तीनों भाइयोंके रु० २१,०००) लगे, इसमें श्रीमानके लगे ... ... ७,०००)

१९६६ लेडी मिन्टो हॉस्पिटलमें दिये ... ... १,०००)

१९६७ भारतवर्षीय दिग० जैन महासभाके प्रबन्धखातेमें श्रीसम्मेदशिखरजीवाले अधिवेशनपर दिये १०,०००)

१९६७ श्राविकाश्रम, बम्बईके चिरस्थाई फंडमें ... १,०००)

१९६७ श्रीस्याद्वाद महाविद्यालय, काशीके चिरस्थाई फंडमें १,०००)

१९६७ श्रीसम्मेदशिखरजी पर्वतरक्षा फंडके लिये आप खुर्जा, फीरोजाबाद, शिखरजी और दिल्ली गये तथा प्रेरणा करके बहुतसा चंदा जमा कराया तथा इन्दौरसे २१०००) भेजे, जिसमें आपने दिये ३,०००)

१९६८ इन्दौर नरेश तुकोजीराव बहादुरके कारोनेशन समय विद्याखातेमें दिये ... ... ५,०००)
और धर्मशाला सुधारणार्थ ... ... १६,०००)

१९६९ श्रीमन् तुकोजीराव महाराज बहादुरके हाथसे कोई पब्लिक फायदेकी संस्था खोलनेके लिये दिये २०,०००)

१९७० मालवा प्रान्तिकसभामें द्रव्याभावके कारण उसके टूट जानेका मौका आया उस समय आपने उसके उपदेशकभंडारमें दिये ... ... २,५००)

" मालवा प्रान्तिकसभाके प्रबन्धखातेमें काम चलानेके लिये दिये ... ... १,१००)

१९७०	बम्बईमें एक विशाल मंदिरकी आवश्यकता समझ आपने चंदा जमा करनेमें पूर्ण परिश्रम किया और स्वयं दिये	१०,०००)
,,	श्रीऋषभ ब्रह्मचर्याश्रमके डेप्युटेशनको आपने उज्जैनसे बुलाकर बड़े परिश्रमसे १६,५००) का चंदा करादिया, जिसमें आपने दिये	१०,२००)
,,	इन्दौर शहरमें तीनों भाई मिलकर एक मंदिर बनवा रहे हैं, उसमें डेढ़ लाख लगाया जावेगा, जिसमें आपका लगेगा	५०,०००)
१९७०	स्टेशनके पास जो धर्मशाला है उसको पक्की बनानेका काम शुरू किया गया है। उसके एस्टीमेटके अनुसार १६०००) तो महाराजा साहबके कोरोनेशन समयके लगेंगे। शेष आप और लगावेंगे	२५,०००
,,	चालू खातेमें दिगम्बर जैन महाविद्यालय, मथुराके	२,५००
,,	हाल ही पौष सुदी १५ को मालवा प्रान्तिक सभाके जलसेमें श्रीमान्‌ने बहुत उद्योग करके श्री बावनगजाजीकी ८९ फुट ऊंची प्रतिबिम्बके जीर्णोद्धारार्थ दश हजार रुपयका चंदा कराया, जिसमें स्वयं दिये	२,१००
	कुल जोड़ ...	४,७२,४००)

इसके सिवाय जैन शिक्षाप्रचारक समिति जयपुर, अनाथालय दिल्ली, जैनसिद्धान्त पाठशाला मोरेना आदि कई उपयोगी संस्थाओंमें आपने बहुतसी छोटी २ रकमें दी हैं। ऊपर सिर्फ एक मुश्त एक हजार या उससे ऊपर वाली रकमें ही प्रकाशित की गई हैं, कम वाली नहीं। अब तक हमारे चरित्रनायक करीब पांच लाखसे ऊपर धर्मकार्योंमें खर्च कर चुके हैं।

श्रीमान्‌ने निम्नलिखित सम्वतोंमें तीर्थक्षेत्रोंकी संघसहित वंदना की और बहुतसा द्रव्य लगाया।

१. श्रीसम्मेदशिखरजी सिद्धक्षेत्रकी यात्रा की—सं० १९४७ में अपने पिताके साथ गये, १९५७, १९६४ और १९६६ में।

२. श्रीगिरनारजी सिद्धक्षेत्रकी यात्रा की—सं० १९५८ और सं० १९६८ में।

३. श्रीजैनबद्री मूड़बद्रीकी यात्रा की—सं० १९६३ में १०० आदमियोंके संघसहित।

पांच वर्षसे आपके यहां मकान, मंदिर, धर्मशाला आदिका कुछ न कुछ काम चलता ही रहता है। ऐसा कोई दिन न होता होगा कि जिस दिन आपके यहां १०० गरीब आदमी मजदूर न लगे हों।

श्रीमान्का स्वभाव बहुत ही सौम्य और मिलनसार है। गरीबसे गरीब आदमी भी आपसे बेरोकटोक मिल सकता है।

स्वभाव

आपके दान धर्मकी बाहुल्यतासे प्रसन्न होकर श्रीमती भारतवर्षीय दिगम्बर जैन महासभाने इसी साल आपको 'दानवीर' की पदवीसे सुशोभितकर सम्मानित किया है।

सम्मान

आशा है कि पाठक श्रीमान्का दृष्टांत ले न्यायनीतिसे धनोपार्जन कर उसे यथोचित दानमें खर्च करते रहेंगे। ऐसे सुयोग्य सभापतिको प्राप्त करना बम्बई दिगम्बर जैन प्रान्तिकसभाके लिये बड़े सौभाग्यकी बात है। हमें पूर्ण आशा है कि श्रीमान्के सभापतित्वमें सभाके सम्पूर्ण कार्य सानन्दपूर्ण होंगे और सभाकी मनोकामना सफल होगी।

शुभम्. शुभम्. शुभम्.

॥ श्रीहरिः ॐ ॥

बालविवाह कुठार।

खेतड़ीराज्यान्तर्गत जसरापुरनिवासी
ब्राह्मणकुलसंभूत-

पं० कालूरामत्रिवेदीद्वारारचित

और

श्रीयुत परोपकारी बाबू जगन्नाथजी
झुंझुनीवाले द्वारा-

सेठ खेमराज श्रीकृष्णदासके

बम्बई

खेतवाडी ७ वीं गली खम्बाटा लैन,

"श्रीवेङ्कटेश्वर" स्टीम्-मुद्रणयन्त्रालयमें
मुद्रितकराकर प्रकाशित।

१९७०, सन् १९१३ ई०

प्रथमवार १००० प्रति.

सूचना

सम्पूर्ण देशोद्धारक दलोंको तथा देशहितैषियोंको मालूम हो कि यह पुस्तक कोई स्वार्थ साधनके लिये नहीं लिखी गई है। यह इसलिये लिखी गई है कि इससे बालविवाहादि कुरीतियोंका निवारण हो। अस्तु। पढनेवालोंसे प्रथम हाथ जोडकर यह निवेदन है कि इस पुस्तकको वृथा कागजात काला ही न समुझ बैठें। इसकी छाँण बीण करें। और बार बार पढें। इसमें गद्य पद्य कविता है सो कविजनोंके मोदकी बढानेवाली होगी। इति शम्।

विनीतः—

ग्रन्थकर्ता—

का. श. त्रि.

भूमिका ।

प्रिय पाठकवृन्द !

उस सर्वशक्तिसम्पन्न ज्योतिःस्वरूप जगदाधार जगदीश्वरको कोटिशः धन्यवाद है कि जिसकी असीम दयासे मैंने प्रथम इस विषयकी एक छोटीसी पुस्तक "बालविवाहखंडन" लिख कर पाठकोंकी सेवामें भेट की थी ।

उसको सज्जन पाठकोंने अपना कर मेरे उत्साहको द्विगुणित करदिया इस-लिये अब पुनः "बालविवाहकुठार" श्रुति स्मृति इतिहासादिके प्रमाणोंसे अलंकृत कर पाठकोंकी सेवामें सादर भेंट करताहूं । आशाहै इसको पढकर बालविवाह-रूपी समाजका सत्यानाश करनेवाली कुप्रथाको रोकेंगे तो मैं अपने परिश्रमको सफल समझूंगा ।

इस बालविवाहसे जो २ हानियां हो रही है यह बात सब जानते हुए भी इसका प्रचार बन्द नहीं करते ।

इसका कारण यह जान पडताहै कि मुसल्मानोंके राजत्व कालसे यह कुप्रथा चली थी अब पुरानी लकीरके फकीर होनेके कारण हमारे स्वदेशवासी भाई इस प्रथाको बन्द नहीं करते परन्तु हमारे भारतीय भाइयोंको जरा सोच कर देखना चाहिये कि बालविवाह होनेसे, बाल्यावस्थामें जो कच्चे वीर्य्यसे सन्तान उत्पन्न होती है वह निर्बल एवं रोगयुक्त होती है । और विधवाओंकी संख्या बढना तथा भ्रूणहत्या होना, पतिस्त्रीमें मेल न रहना, और व्यभिचारादि दोष आज कल जो देखनेमें आते है वह सब इसीका फल है ।

जबतक जोडीदार पतिसे कन्याका विवाह न किया जावेगा तबतक यह कुकर्म दूर नहीं हो सकते है । इसी प्रथाको समाज तथा देशसे दूर हटानेके लिये मैंने यह "बालविवाहकुठार" नामक पुस्तक लिखी है ।

इससे लाभ उठाना पाठकोंके सहारे है, और इस विषयमें जो २ दलीलें हो रही है उन सबकी तथा बालविवाहका झूंठा पक्ष करनेवाले महाशयोंकी निर्मूल शंकाओंका इसमें मुँह तोड उत्तर देदिया गया है आशा है कि बालविवाहरूपी इसी अन्धपरम्पराको त्याग अपनी सन्तानोंको अकाल मृत्युसे बचा दीर्घजीवी बनावेंगे. और इसका समाचार औरोंको भी सुनावेंगे। इस विषयमें और भी पुस्तके लिखी गईं तथा लिखी जा रही है। पाठक पढकर इसका निवारण करेंगे तथा निवारण करना चाहेंगे उनके लिखने पर हम प्रशंसापत्र देंगे। और जो देशके प्रधान नेताओंको भी यह पुस्तक पहुचावेंगे वे देशके हितेच्छु समझे जावेंगे। और इस पुस्तकको हम श्रीमान् वैश्यकुल दिवाकर सकल गुण भाण्डागार परमोदार सत्यव्रतधारी श्रीकलिकाता संनिकट रानीगंज निवासी श्रीयुक्त-जगन्नाथजी झुंझनोंवालेको पूर्ण प्रतापी जानकर करकमलोंमें भेट करतेहै।

और श्रीदीनदयाल परमेश्वरसे प्रार्थना करता हूँ कि, ऐसे परोपकारी महापुरुषोंको चिरजीवी रक्खे।

और संप्रति महोपदेशक पं० नेकीरामकी सम्मति भी मैंने एकपुस्तकमें पढीहै और हर्षका विषय यह है कि आज कल सामयिक पत्रोंमें तथा समाचार पत्रोंमें भी इसी विषयके लेख अधिक रहते है। इति शम्।

आपका—

कालूराम त्रिवेदी.

॥ श्रीः ॥

अथ बालविवाहकुठारप्रारम्भः ।

मंगलाचरण ।

हे जगकर्ता सुखद प्रभो, दुर्गुण हरो हमार ।
यद्वद्वं कल्याण कर, प्राप्त होंय फल चार ॥

दोहा पचीसी ।

बालब्याह से होतहैं, महा महा उत्पात ।
महामारी दारिद्रता, घेर रहे दिनरात ॥ १ ॥
बालविवाह के दुःखसे, करत कोटि उत्पात ।
धर्म कर्म सत्य भाषना, भारत से हैं जात ॥ २ ॥
गर्भनाश जाते हुए, बिधवा अरु व्यभिचार ।
कालूराम भाषहिं यहै, वनिता कष्ट विचार ॥ ३ ॥
समय २ पै होत है, इच्छित सब को भोग ।
था प्राकृतिक जो नियम, तोड़ चले बहु लोग ॥ ४ ॥
बालव्याह ही ने किये, बल अरु आयु विहीन ।
कालुराम द्विज कहतहै, महा दुखी इन कीन ॥ ५ ॥
बालव्याहको नाशनों, दुखनाशन को मूल ।
वेदवाणि "कालू" कहै, शास्त्र मनू अनुकूल ॥ ६ ॥

बच्चेपनके ब्याह से, अब तो आवो बाद ।
ब्रह्मचर्य्य सत्यधर्मकी, चली जात मरजाद ॥ ७ ॥
बच्चों की शादी करें, नई निकाली रीत ।
मंत्र विवाहका है सही, लावो उनसे प्रीत ॥ ८ ॥
छत्तीस वार कन्या होवे, ऋतुधरम ते शुद्ध ।
रतियोग ताको कहे, वेद मनू अरु बुद्ध ॥ ९ ॥
लग्नोप तृतीय दिवस, करनो पतिसंयोग ।
वयोहीन वर का करे, नूतन वधु से भोग ॥ १० ॥
रजउपरान्त कन्या कही, रति के समझो योग ।
यदि जो ऋतुवति ना हुये, महा दोष है भोग ॥ ११ ॥
एक प्रथा सब से बुरी, बालव्याह के माय ॥
वयोहीन रति ना करे, पितु मातु नरकमें जाय ॥ १२ ॥
याही ने इस देश का, कीन्हा सत्यानाश ॥
गर्भ मांय व्याहन लगे, उन्नति की कहं आश ॥ १३ ॥
पति विहीन अबला कहे, सुन जननी मम बात ॥
मेरे को भी क्यों नहीं, भरता घर पहुंचात ॥ १४ ॥
माता उत्तर देत है, सुता सुनो मम बात ।
तेरे भरता है नहीं, कहां पठाऊं तात ॥ १५ ॥
सात वर्ष की थी जबै, शीघ्र कियो पतिदान ।
धर्म शास्त्र में है लिखी, होवे पुण्य महान् ॥ १६ ॥
कन्या दान लेके चले, घर अपने वह बाल ।
मास दोय बीते नहीं, खागयो काल अकाल ॥ १७ ॥

विधवा तू तब से हुई, पति मरनेके बाद।
तेरे लिये कछु है नहीं, रोको काम जल्लाद ॥ १८ ॥
रोके से जब ना रुके, वदन मदन की पीर।
सुता समरि तू ईश को, धारिहो मन में धीर ॥ १९ ॥
गर्भ कभी भी ना रहे, औषधि से दें डार।
मात भऊ बेटी श्वशुर, करैं खूब व्यभिचार ॥ २० ॥
ऐसे ही इस जगत में, होती रहैं अनेक।
कछू दोष यामें नहीं, समझो सौकी एक ॥ २१ ॥
सुनु उपदेश माता तनो, पुत्री लीनी जान।
इस जीवन में सुख नहीं, सुनले अम्बा जान ॥ २२ ॥
यह क्या धर्म तू कहत है, यह नहिं धर्म्म कहात।
जीने से मरना भला, अनहोनी न सुहात ॥ २३ ॥
जब तक ऋतुवति ना हुवे, करो व्याह मत कोय।
शास्त्रकार सब कहत हैं, किये पाप सिर होय ॥२४॥
और एक है भ्रातृगण, विवाह बाद का कर्म।
भोग करे निश्चय समझ, वर कन्या के धर्म ॥ २५ ॥
व्याह बाद होवे सही, कर्म चतुर्थी नाम।
देखो व्याह की पद्धती, भोग करे वर वाम ॥ २६ ॥
पातिव्रत सत्य धर्म का, करिहो सुजन प्रचार।
कालू राम द्विज कहत है, धारि ध्यान ॐ कार ॥२७॥
नाना भांति कुरीतियां, आकर घुसीं अपार।
शूरवीर साहस गुनी, देवो शोध निकार ॥ २८ ॥

प्रथम कुरीती व्याह में, सुनो ध्यान धर नेक ।
वृथा खर्च कर लावते, रंडी आदि अनेक ॥ २९ ॥
जो रंडिहिं धन देत हैं, सो सेवत यम धाम ।
"कालू"राम होगा भला, होवे यह इन्तजाम ॥ ३० ॥
तीन देव पति भोगते, ऋतुदर्शन तक जान ।
मनुष्य योग पुनि होतहै, वेदमन्त्र परमान ॥ ३१ ॥ ❋
ऋतुदर्शन तक देवता, रखते अपना योग ।
तत्पश्चात् कन्या कही, मनुष्य योग सम्भोग ॥ ३२ ॥
निज भाषा सीखे नहीं, नाहिं है कछु उत्साह ।
कालूराम कहना वही, डूबे महा अथाह ॥ ३३ ॥

चौबोला ।

बाल विवाह राक्षस का, करो देश निकार ।
गर्भ पात विधवा बढ़े, ऐसो हृदय विचार ॥
ऐसो हृदय विचार [illegible] कुरीति [illegible] तोड़ी ।

❋ अब देखिये नीचे लिखे मन्त्रः—

सोम प्रथमो विविदे गन्धर्वो विविद उत्तरः ।
तृतीयो अग्निष्टे पतिस्तुरीयस्ते मनुष्यजः ॥

[illegible] । यह मन्त्र विवाह में [illegible] दोनों [illegible] मन्त्र [illegible] । वर—हे सुभगे ! [illegible] सोम [illegible] तेरा पति हुआ फिर गन्धर्व, फिर अग्नि तेरा पति हुआ [illegible] । [illegible] सोम ने गन्धर्व को दी, गन्धर्व ने अग्नि को दी [illegible] अग्नि मुझे देता है । इत्यादि मन्त्रोंसे स्पष्ट सिद्ध है कि [illegible]

विना मेल के ब्याहे बच्चे, मिली न उनकी जोड़ी ॥
ब्रह्मचर्य्य की थी जो कोठी ताकी पालकी फोड़ी ।
था विद्याबल तोय रूपमें, निकल गये वर जोड़ी ॥
फिर भी समझो भाई । वहीं पहुंचोगे जाई ॥
फिरी थी कभी दुहाई । "कालूराम"
कथ कहैं, वाम लडकों पै छूरि चलाई ॥

दोहा ।

बगरो बाल विवाह वन, सर्व जाल को जाल ।
फँडफँडात यामें फिरे, दम्पति धर्म मराल ॥

चौबोला ।

दम्पति धर्म मराल चाल चल हाथ हलाहल घोलो ।
धर्म्मशास्त्र के वचन तोडकर झूठ सरासर तोलो ॥
समझ नहीं लडकी लडके को ब्याह नहीं, यह खेलो ।
खोटी रीति सीखे तुम भाई ले थैली वर मेलो ॥

दौड ।

यह क्या रीति सुहाई है । बुद्धि पाताल पठाई है ॥
विद्याकी करी विदाई । कालुराम कथ कहै ग्राम जसरा
पुर रहना भाई ॥

कवित्त ।

वेद संहिता पुराण मानव धर्म्म शास्त्र आदि ।
श्रुति और सूत्रों के कलङ्क लगायो है ॥
ब्राह्मण इतिहास ग्रन्थ अङ्ग उपाङ्गन को ।

भूलि के प्रमाद वश मनमें बौरायो है ॥
रीति और नीति सब तोड़ के सनातन कोजी ।
फैशन विदेशी पे अधिक लुभायो है ॥
कहै द्विज कालुराम बाल विवाह रोको यार ।
भारत उन्नति को निकट दिन आयो है ॥

सवैया ।

नीति नई निकली जग में, जड बाल विवाह रचावतु है । मूर्ख भुलाय लुभाय टका, ब्रह्मचर्य्य की रीति मिटावतु है ॥ होगा भला न कभी उनका, निज उन्नति देश नसावतु है । रूप घटा उलटी सिगरी, दुनिया उलटी भइ जावतु है ॥

भजन ।

दोहा—भारत में जब से चली, रीति बाल विवाह ।
बल विद्या बुद्धि घटी, हो गया देश तबाह ॥

टेक—मित्रो तुम इसको टारियो है बाल विवाह दुःख दाई । आठ वर्ष में विवाह कराया, विधवा कर घर में बिठलाया (हरे) फिर करमों को दोष-बताया, मन में जरा विचारियो क्यों करी अधर्म कमाई, बालवि० ॥ १ ॥

जिस दिन युवा अवस्था आवे, विना पति के रहा न जावे । आखिर को निज धर्म्म गवांवे, इसकी ओर निहारियो ॥ यह कैसी इज्जत पाई—है बालविवाह० ॥ २ ॥

जब मर जाय पुरुष की नारी, दूजे विवाहकी हो तय्यारी, विधवा रोवे दीन विचारी, उनके सङ्कट हरियो । क्यों बने हो तुम अन्याई–है बाल विवा० ॥३॥

अब तो बाल विवाह टालो, उलटी समझपर मिट्टी डालो । वेद मनो की आज्ञा पालो, विधवा भार उतारियो । हो ब्रह्मचर्य्य का सहाई–है बालवि० ॥ ४ ॥

जबसे बाल विवाह हुआ जारी, बल विद्या बुद्धि गई सारी । ब्रह्मचर्य्यकी रीति बिगारी, उसे सम्हारियो। कहे वासुदेव समुझाई–है बालविवाह० ॥ ५ ॥

भजन नं. २

इस बचपनकी शादी ने, बल विद्या खो दई सारी । जब बच्चा पैदा होजाई, खुशी मनावैं लोग लुगाई । खान पान नहिं सीखाभाई, करें व्याह की तैय्यारी ॥१॥

धातु पुष्ट होन नहिं पाता, बचपनमें शादी कर लेते । ऐसे मात पिता हैं जेते, दुश्मन हैं बडे भारी ॥ बलविद्या० ॥ २ ॥

बल से हीन बच्चे होते हैं, जो वीरज कच्चा खोते हैं। निश्चय वंशमें दुःख बोते हैं, करें असल में ख्वारी ॥ बल० ॥ ३ ॥

वेद मनु को तुम पढ़ देखो, ब्रह्मचर्य्य को है वहां लेखो । नये शास्त्र से कर लो जोखो, आंख खुले जब थारी ॥ बल० ॥ ४ ॥

जब परिपक्क धातु को जानो, शादीके लायक पहिचानो। गङ्गा सहाय कह सत्य जानो, हारेंगे मूढ अनारी ॥ बल० ॥ ६ ॥

हमारे देश में जब से इस बाल व्याह की कुप्रथा चली है तब से हम देश वासी बल एवं तेजोहीन हो गये हैं। जो ब्रह्मचर्य्य हमारे मनुष्यत्व की प्रधान जड़ है उसके नियम को तोड़ कर आज कल लोग बाल्यावस्था में ही लड़के लड़कियों का विवाह कर देते हैं। जिससे उनकी सन्तान को अपनी जीवनयात्रा सुखपूर्वक व्यतीत करने में बड़ी कठिनता का सामना करना पड़ता है। क्योंकि बच्चा जन्मसे ही दांतोंसे रोटी नहीं–खाता–इसी विषय को लेकर ऋग्वेद मं० १७. अनुकरण ७, सूक्त ८९, मन्त्र ४० जिसको मैं इस पुस्तक में पूर्व्व ही लिख चुका हूं और यहां पर उसका भाषार्थ वर्णन करता हूं "सोम, गन्धर्व और अग्नि तीन देव पति कन्या को पहले भोगते हैं तत्पश्चात् मनुष्य के योग होती है"। इसकी सविस्तर व्याख्या गोभिल आचार्य्यके पुत्रने गृह्यसंग्रह नामक ग्रन्थ में की है। और संवर्त आदि० व्यञ्जनैस्तु समुत्पन्नैः सोमो भुञ्जीत कन्यकाम् । पयोधरैस्तु गन्धर्वो रजसाग्निः प्रकीर्तितः ॥१॥ रोमकाले तु सम्प्राप्ते सोमो भुङ्क्तेथ कन्यकाम् । रजो दृष्ट्वा तु गन्धर्वः कुचौ दृष्ट्वा तु पावकः ॥ २ ॥

संवर्तस्मृतिः । और यम स्मृति, अत्रिस्मृति इसमें समस्त एकमत हैं ।

अर्थ-(व्यञ्जन) चिह्न उत्पन्न होने तक कन्या को चन्द्र भोगता है और स्तन होने पर गन्धर्व और रज होने पर अग्नि भोगता है । बस यही देवताओंके भोगनेका समय है ।

इससे यह सिद्ध होगया कि मनुष्य पति अग्नि के पश्चात् अधिकारी होता है तब रजस्वला होने के बाद ही कन्या का विवाह करना युक्ति संगत है क्योंकि विवाह के मन्त्रोंमें यह लिखा है कि अग्नि के पश्चात् मनुष्य कन्या का पति होता है । हमारे धर्म शास्त्रों में जो लग्न के पश्चात् चतुर्थी कर्म करना लिखा है आज कल जिसका असल क्या नकल का नाम तक भी लोग नहीं जानते, उससे भी स्पष्ट ही विदित होता है कि कन्याका विवाह रजस्वला होने के बाद ही करना उचित है क्योंकि चतुर्थी कर्म (सम्भोग) रजस्वला होने पर ही हो सकता है अब पाठक स्वयं ही सोच सकते हैं कि जो लोग रजस्वला होने के पहले विवाह करने की बात कहते हैं उनकी साफ मूर्खता नहीं है तो और क्या है ? अच्छा । खैर ।

और प्रमाण लीजिये ।

हमारे देशमें जो किंवदन्ती तिरिया तेरह मर्द

अठारह की प्रचलित है वह भी हमारे धर्म शास्त्रों के अनुकूल ही है क्योंकि तेरह वर्ष की कन्या रजस्वला बखूबी होसकती है।

भारतवर्ष के सुप्रसिद्ध धुरन्धर विद्वान् सनातन धर्म के स्तम्भ स्वरूप वेदवेत्ता पं० भीमसेन जी शास्त्री कीभी विवाह विषयमें यही सम्मति है कि लडके की अठारह तथा लडकी की बारह वर्ष से पूर्व शादी नहीं करनी चाहिये। सो ठीक ही है क्योंकि आज कल प्रायः लड़की बारह वर्ष तक रजस्वला हो जाती हैं।

अधिक न लिखकर इतना ही निवेदन है कि इस विषय में यदि किसीको कुछ शंका हो तो हमसे पूछे हमारे देश के प्रधान नेताओं को इधर शीघ्र ध्यान देने की ईश्वर सुमति दे जिसमें देश वासी बल एवं तेजयुक्त होवें ॥ इति ॥

ओम् शान्तिः ! शान्तिः ! ! शान्तिः ! ! !

ध्यान रहे कि उपर लिखीहुई राय इस वर्तमान काल में उत्तमोत्तम समझना। क्योंकि समय २ पर धर्म की व्यवस्था पलटा करती है। जैसे क्रमशः कामा-सक्ति बढती जाती है तैसे विवाह की अवस्था ने भी पलटा खाया है भूतकाल में १६—२५ तो नेष्ट काल

नियुक्त था । पुरुष ४४ और कन्या २२ वर्ष तक अविवाहित रहते थे इसीसे मनुजीने कन्याके विवाह काल १६ वर्ष कमसे कम लिखे, परन्तु हमारे महर्षिगण बड़े समदर्शी थे उन्होंने कन्याके ऋतु दर्शन होनेपर विवाह करें ठीकही लिखा कि भविष्यत्में–१०–९–वर्ष में ऋतुदर्श होगा तो उस समय विवाहकर देना धर्म है। आज काल अर्वाचीन और संप्रति आचार्योंकी १२ वर्षहीमें विवाह करदेने की राय है । सो अच्छा ही है ।

अभ्यर्थना–बाल्यावस्था में विवाह करने से जो हानियां उठानी पड़ती हैं उनका दिग्दर्शन मात्र मैंने पहले लिख दिया है । अब कईएक ऐसी युक्तियां लिखी जाती हैं कि कन्या तथा पुरुष का विवाह छोटी अवस्था में कदापि युक्तियुक्त और शोभनीय नहीं हो सकता । विवाह के चौथे दिन चतुर्थी कर्म का होना सर्व शाखायें मानती हैं । सारे गृह्य सूत्रों में यह बात पाई जाती है कि विवाह के चौथी रात में वरवधू एकान्त में जाकर सम्भोग करें । खेद है ! इन अनपढ–मिथ्याभिमानी स्वार्थियों ने आठ वर्ष के भीतर ही विवाह करना माना और अन्य मूर्खोंको मनाया ।

विचार करने का स्थल है कि सात आठ वर्ष का वरवधू कैसा सम्भोग करसकते हैं । यह चतुर्थी कर्मसे

सिद्ध हो चुका है कि वर वधू सम्भोग के योग्य हो जावें तबही विवाह करना चाहिये । अब सुनियेः—"पुत्रप्रयोजना दाराः" "रतिपुत्रफला नारी" इत्यादि वाक्यों से भी वही प्रयोजन सिद्ध होता है कि जब पुत्र और रति करने के योग्य स्त्री पुरुष हो जावें तब विवाह होना चाहिये क्या आठ वर्ष के लड़के को पुत्र उत्पन्न करने की लालसा किंवा शक्ति होसकती है कदापि नहीं ।

देखियेः—वैवाहिक मंत्रों में "आर्य्यमणं देवं" इत्यादि मंत्रों द्वारा कन्या स्वयं प्रार्थना किया करती है कि, हे अर्यमन् (सूर्य) देव ! मेरा अपने पति से वियोग मत करना। बाप रे बाप ! चार वर्ष की लड़की विचारी क्या पति को जान सकती है और क्या रति को ! ! इस बाल्य विवाह के बदौलत (दाम्पत्य प्रेम तो जला बला) स्त्रियां अपने पतियों से असन्तुष्ट होकर परपुरुष गमन करती हैं और असंख्य स्त्रियां (जिनके पति छोटे होते हैं) उन्हें छोड़ कर अन्यत्र चली जाती हैं । छोटी उम्रवाली लड़कियां न ससुराल में रहना जानती हैं न उनका पति से प्रेम हो सकता है फिर क्यों व्यर्थ उक्त वेद के मन्त्रों को कलङ्कित कर कर भारत का नाश कर रहे हो ।

धर्म शास्त्रों में ८ प्रकार के विवाह लिखे हैं ऐसे ही १२ प्रकार के पुत्र लिखे हैं इन में से एक पुत्र की

संज्ञा कानीन रक्खी है हमारे अनपढ भाई कहते हैं सदा से छोटी अवस्था का विवाह चला आता है तो यह कानीन पुत्र किसके होताहै । क्या १,२, वर्ष की लड़की के सन्तान होना भी सनातन की रिवाज है। ऐसी बहुत युक्तियां हैं बड़ी बड़ी धर्म सभाओं में आन्दोलन भया हुआ है देशके प्रधान नेताओं द्वारा यह कुरीति उठ सकती है। दफे ३४ एक्ट नं० ९ के अनुसार यह कार्य क्या दण्डनीय नहीं है ? प्रियवरो ! इस काम से हिन्दू समाज को बड़ा कलङ्क लगाहुआ है आप लोगों की विदेशी हँसी उड़ाते हैं इसे शीघ्र हटाने का प्रयत्न हो जाना चाहिये ताकि स्त्री शिक्षा का आरम्भ हो ॥

॥ ॐ शान्तिः ! शान्तिः ! ! शान्तिः ! ! !

बाल्य विवाहके पक्षपाती "शीघ्रबोध अथवा नष्ट बोध" नामक ग्रन्थ का "माता चैव पिता चैव ज्येष्ठ-भ्राता तथैव च । त्रयस्ते नरकं यान्ति दृष्ट्वा कन्यां रज-स्वलाम् ॥" यह प्रमाण देते हैं कि माता पिता ज्येष्ठ भ्राता तीनों रजस्वला कन्या को देखें तो नरकमें जावें । परन्तु यह प्रमाण कोई प्रामाणिक ग्रन्थों का नहीं है । हमारे माननीय ग्रंथ वेद मनु आदि हैं उनमें बाल्या-वस्थामें विवाह करनेका कोई प्रमाण नहीं मिलता ।

मनु में तो लिखा है "त्रीणि वर्षाण्युदीक्षेत कुमार्य्यृतु-मती सती" मनुजी लिखते हैं कि विवाह काल आजाने-पर भी कुमारी तीन वर्ष तक अपने पिताका आसरा देखती हुई उपरांत आप अपना विवाह कर लेवे ।

विवाह काल ऋतु दर्शनसे होता है तिसपर भी तीन वर्षोंका परवाह न करके ऋतु दर्शनसे चौथे वर्ष विवाह करना कहा है । देखो म० सं० अ० ९. स० ९.

अब पाठक देखिये ऋतुदर्शन से नरक जाना तथा ऋतुदर्शन से पाप लगना कहां रहा ॥ पीछा विवाह करना ऋतुदर्शन के पीछेही होनेकी तथा करनेकी आज्ञा है । यह तो वही हुआ कि 'घड़ थी लुटिया होगी भेर ।'

अस्तु पुनः मनुजीने लिख दिया है कि चाहे ऋतु-मती होती हुई कन्या जन्मभर अविवाहित रहे परन्तु गुणहीन मूर्ख को कन्या न विवाहे ।

अब देखना चाहिये बाबा काशीनाथके अनुयायि-योंका मुँह मर्दन करनेके लिये मनुजी पहलेही से लिख-गये । 'काममामरणात्तिष्ठेद्गृहे कन्यर्तुमत्यपि' अध्याय ९-श्लोक ९१-१.

अब आगे हम जो युक्तियें लिखते हैं जिसका उत्तर बालविवाहके प्रचारक सौ जन्ममें भी नहीं दे सकते ह ।

प्रथम तो यह ही विचारणीय बात है कि प्रकृतिसे भी साबित होता है कि विवाह युवावस्था का ही करना श्रेष्ठ है। और कन्या के रज उत्पन्न होना तथा कुचादिका उभड आना ये ही युवावस्थाके चिह्न हैं। और दूसरे वेद मनु प्रतिपादित कर रहे हैं। सो हम ऊपर लिखही आये हैं।

तीसरे जो महाशय चतुर्थी करना (वर वधूका एकान्तवास) और तीन देवों के पति होने से पहले पहले मनुष्य पति—होना मानेगा, उसने आपही ऋतुदर्शन के पश्चात् विवाह करना वा होना मान लिया।

क्योंकि कुमारी ऋतुदर्शन होने तक देवताओंके भोग में रहती है। और चौथे कन्या का विवाह करना धर्म है। बालाका नहीं। कन्या नाम चरितार्थ जबही होवेगा जब ऋतुमती होने लग जाय। नीचे कन्या—वास्तव में किस समय कहा है सो लिखा जाता है। पाठक ध्यानसे पढेंगे।

लीजिये व्याकरण के अनुसार कनी दीप्तौ धातु से यक् प्रत्यय लगाने से "कन्या" शब्द निष्पन्न होता है, भला अब विचारना चाहिये क्या—६—७—वर्ष की लड़कीमें दीप्ति आसकती है? दीप्ति उसी १२ वर्ष की उम्र किम्वा यों कहना चाहिये कि कुचोत्पत्ति का होना और ऋतु प्रगट होने पर ही दीप्ति आसक्ती है।

यथा–प्रमाण "यथा यथास्याः कुचयोः समुन्नतिः" उक्तव्याकरणानुसार कान्ति शोभावाली ही का नाम कन्या है।

और महाभारत में लिखा है कि "ऋतुस्नाता तु या शुद्धा सा कन्या त्वभिधीयते" ऋतुमती होती हुई विवाहसे पहले २ कन्या है–और अनग्निका कन्या ही का विवाह करना कहाहै। अनग्निका के विषयमें प्रमाण यथाः–" ऋतुमतीं त्वनग्निकां प्रयच्छेत्त्वनग्निकाम्" ॥ जब तक कन्या रजोवती नहीं होती उसे अनग्निका–अर्थात् नंगी (बिना कपडोंवाली) कहते हैं। और ऋतुमती होने पर वह अनग्निका (नहीं नंगी) कपड़ोंवाली कहाती है। और हमारे देशकी अनपढी स्त्रियां भी कहा करती हैं (कि जब–कन्या रजोवती होने लगे तब) अब कन्या लडकी–कपड़ों होने लगगई।सो अब इसका विवाह करने का समय प्राप्त हुआ।

और भी लिखा है अनग्निका के विषय में।

"त्रिंशद्वर्षः षोडशवर्षां भार्यां विवहेत् नग्निकाम् ॥" तीस वर्ष का पुरुष १६ वर्ष की स्त्री के साथ विवाह करे। यहां "नग्निका षोडशवर्षां" नग्निका से अभिप्राय १६ वर्ष की कन्यासे है।

लोगों के विचारों में परिवर्तन आने पर शब्द के अर्थ भी बदल गये, और माता पिताओं को बाधित

किया कि बाल्यावस्था में ही अपने पुत्र वा पुत्रियों को विवाह दें। और न विवाह करने पर परलोक के अनेक भय दिखलाये। और नग्निका, वृषली, रजस्वला, कन्या आदि शब्दों को खराब अर्थ करके बिगाड़ा। और नारदादिस्मृति में लिखा है–

ऋतुस्नाता तु या कन्या सम्प्रदाने वधूर्भवेत् । सांगुष्ठ-ग्रहणे भार्या पत्नी चातुर्थकर्मणि ॥ १ ॥ और सुमंगलीरियं वधूरिमासमेत पश्यत, सूत्रकार । सप्तपदी तथा चतुर्थीकर्म के पश्चात् सूत्र ग्रन्थों में–"व्रतस्था" कहाहै। "व्रतस्था" चतुर्थी कर्म संभोग का नाम है किसी सूत्र ग्रन्थों में कन्या पुरुषके विवाह का नियम वर्षों पर यद्यपि नहीं लिखा, परंतु ऊपर कहे हुए "व्रतस्था" चतुर्थी कर्मका करना बडे जोर शोर से लिखाहै।

बस इसी पर समझा गया संभोगयोग्य वर वधू का विवाह करें, स्वयं सिद्धहै।

वा यों कहिये बिना रजोवती हुए, कन्या संभोग के तथा विवाह करनेके योग्य कभी नहीं हो सकती अस्तु।

यो तों जन्मसे सप्तपदी (विवाह) सही होने तक कन्या कही जाती है। पर ऊपरके प्रमाणानुसार रजोत्पन्न होने से कन्या और "ओं गृभ्णामि ते सौभगत्वाय हस्तं मया पत्या जर०" इत्यादि मन्त्रों बाद

भार्या कही जाती है और कन्या दान के पश्चात् वधू कहा है। और चतुर्थी कर्म होजाने पर पत्नी कहा है। युवावस्था के विवाह करने के प्रमाणों की कमी नहीं है।

कमी केवल शास्त्रानुसार चलने वालों ही की है। उचित हमको यह ही है कि शास्त्रानुसार चलें परंतपः, यह परम तप है।

इसीसे हमारा भला होगा पशु पक्षी भी आप देखरहे हैं अपने स्वाभाविक नियम से कभी नहीं चूकतेहैं। और आज कल लोग प्रायः अंग्रेजोंका अनुकरण कर रहे हैं। सो देखो अंग्रेज भी विवाह युवावस्था ही में करते हैं। और अब हम बालविवाह बंद करने की सहज (सीधी) युक्ती लिखते हैं ब्राह्मणस० संपादक इटावा के लिखते हैं। उन्ही की संमति हम ऊपर भी लिख आये हैं। और हम उनकी राय सर्वोपरि समझते हैं।

आप लिखते हैं कि समस्त हिन्दू नेताओं को चाहिये छोटे २ लडके लड़कियों की शादी न होने देनी चाहिये। और जो छोटी उमर में (विना विवाहकाल) के बच्चों का विवाह करते हैं उनके लिये जातीयसभा-ओंने बडे २ समारोहसे काम करना चाहिये और कडे नियम बनाने चाहिये बालविवाह के रोकनेके प्रबल उपाय सिद्ध किये जांय।

इसके विरुद्ध चलने वाले पर जातीय तथा धर्म दंड होय।

अथवा अनेक देश हितैषी मिलके बृटिश सरकार से निवेदन करें कि बा० वि० करने वाले पर कोई राज दंड नियत किया जाय।

और कन्या–१२ वर्ष से छोटी (कम) कभी न विवाही जाय और १८ वर्ष से कम छोटा पुरुष न हो अधिक जहां तक हो सकता हो।

और जो लडका ऊपर के नियमानुकूल विवाह करे उसे उपाधि द्वारा उत्साहित किये जायँ कि जिससे औरोंका भी मन बढे अस्तु।

अब यहां पर पहले विवाह का परिचय देदेताहूं। विवाह एक बडे भारी गृह्य सूत्रोक्त कर्म (संस्कार) है। विदित हो कि उपसर्ग पूर्वक "वह प्रापणे" धातु से विवाह शब्द सिद्ध होता है यह व्याह कर लीजिये खास करके एक एक के हाथ बिक जाते हैं। और विवाह होने पर गृहस्थाश्रममें प्रवेश करना पड़ता है।

और "समञ्जन्तु विश्वेदेवा" आदि मंत्रों द्वारा कन्या वर दोनों को प्रतिज्ञा (शरत) करनी पड़ती है कि हम दोनों जबतक जीते रहेंगे तबतक एक एकके अनुकूल दोनों जलों की नियेर मिलेरहैंगे और गृहस्थाश्रमका

पालन करेंगे धर्मपूर्वक सो कहां ? अब आप समझ गये होंगे कि विवाह कितनी बड़ी जिम्मेवारी का काम है। इसी लिये मनुजीने लिखा है यथाः–

"योऽधार्यो दुर्बलेन्द्रियैः" दुर्बल इंद्रियोंवाले को गृहस्थधारण विवाह न करना सिद्ध भया ।

हम ऊपर लिख आये हैं मनु महाराजजी के वचन उसीके अनुसार पूर्ण बल और विद्या ग्रहण करके अथवा प्राप्त करके शारीरिक बल इत्यादि प्राप्त करके गृहस्थधारण विवाह करना चाहिये ।

अहा ! हा ! ! क्या ही सुन्दर हमको हमारे पूर्वजों का उपदेश मिलता है जिसको विदेशी गण ग्रहण करके आज सारा सामर्थ्य रखते हैं शिव ! शिव ! ! हम भारतवासी उन उपदेशों का पालन नहीं करें सो बड़ी शरम की बात है अवश्य करना चाहिये ।

यदि हम मनुष्यत्वका अहंकार रखते हैं या इस "धर्म्म, अर्थ, काम, मोक्ष" चारों पदार्थों के देने वाली दुनियांमें अथवा (संसारमें) सुख भोगनेका अधिकार रखते हैं तो अवश्य ही ब्रह्मचर्य्यका पालन करना होगा । अस्तु ब्रह्मचर्य्य ही जीवन मूल है । ब्रह्मचर्य का पालन करियेगा । ब्रह्मचर्य्य ही से सम्पूर्ण सुख मिलेगा ।

सारांश।

१२ वर्ष की लड़की विवाहकालने प्राप्त हुई विवाह करने योग्य है और लड़का "कन्याया द्विगुणो वरः" वर १८ वर्ष का होना चाहिये। और पढे लिखे लड़के को पढ़ी लिखी लड़की विवाही जाय।

और वाग्दान (सगाई) टीका चढ़ाना तथा द्विरा-गमन (मुकलावा) गवना करना, भी विवाहके साथ ही किया जाय।

और व्याहमें रण्डी, आतसबाजी, फुलवाड़ी आदि कुरीति न की जांय।

और कन्या विक्री न करना तथा ४०वर्षसे अधिक वय उमर के न विवाह किये जांय।

और जन्मपत्री मिलाकर विवाह न किये जायँ। जन्मपत्री जगे कन्या, वरका रूप सम्पन्न, गुण संपन्न तथा वय संपन्न देख कर विवाह किये जायँ। पूरी सावधानीसे।

॥ एक और बात ॥

स सन्धार्यः प्रयत्नेन स्वर्गमक्षयमिच्छता। सुखं चेहेच्छता नित्यं योऽधर्मो दुर्बलेन्द्रियैः॥ मनुः॥

१६ संस्कारोंमें से विवाह एक बहुत बडा भारी १३ वां संस्कार है। सो विवाह आज कल लड़कोंके खेल समझ लेना बडी भूल है।

विवाह करना वा होना १ खेलही न है। इस पर भाई संतानका समग्र भावी सुख रहना है। यदि हिन्दुओंके शास्त्रपर श्रद्धा है। या पूर्वजोंका रक्त आपके नसोंमें बहता है तो अवश्यही ब्रह्मचर्य्य बूटी अपने बच्चोंको पिलावें।

वचन संग्रह।

और भी शास्त्रोंमें बाल विवाह का निषेधार्थ

ऊनषोडशवर्षाय मप्रं ततः पं विंशतिम्। यद्याधत्ते पुमान् गर्भं गर्भस्थः स विनश्यति ॥ १ ॥
जातो वा न चिरं जीवेज्जीवेद्वा दुर्बलेंद्रियः। तस्मादत्यन्तबालायां गर्भाधानं न कारयेत ॥२॥ सुश्रुत।

इन श्लोकोंका आशय यह है कि १६-२५-वर्षायु से कम स्त्री पुरुषोंको गर्भाधान न करना चाहिये। और रति भी न करना चाहिये। इससे यह सिद्ध हुआ कि बालविवाह नहीं करना चाहिये इसीसे यह श्लोक भी बालविवाह निषेधार्थ समझा जाता है।

और आजकल, प्रायः देखनेमें आता है कि राजपूताना (शेखावाटी मारवाड) प्रान्तमें मारवाडी भाइ "अष्टवर्षा भवेद् गौरी" इस बाबा वाक्यानुसार छोटी अवस्थाहीमें कन्या पुरुष का विवाह कर देते हैं- और द्विरागमन (मुकलावा) करनेमें पांच तथा सात वर्षकी देरी करते हैं।

इतनी देरी पर मुकलावा होने से समय समय बहुत सी हानियें उठानी पड़ती हैं सो बुद्धिमान सज्जनोंको चाहिये कि आज काल कन्या का विवाह १२ वर्ष के ऊपर में ही करके एक वर्षके भीतर द्विरागमन करके अपनी ससुराल भेजदें।

इसीसे भविष्यत् में बहुत लाभ होगा। और अपनी सन्तान बलिष्ठ बनेंगी।

अब किस्सा लिखा जाता है—उपरोक्त राजपूताना इलाके के किसी ग्राम में एक दीन ब्राह्मण रहता था और उसके ७—सातवर्ष की एक अबोध कन्या बालिका थी—उसके समीप एक वैश्य धनी रहता था—वैश्य की स्त्री ने ब्राह्मण की स्त्री से कहा यदि तुम कन्या का विवाह करना चाहो तो मैं अपने द्रव्य से करदूंगी—इतना सुनते ही उस ब्राह्मणीने ब्याह करने को स्वीकार कर लिया।

और क्या था शीघ्रही शुभ लग्न दिखा कर एक ब्राह्मणके लडकेसे ब्याह करही दिया।

ब्याहके कुछ दिनके अनन्तर माता (विस्फोटक, सीतला) रोग में आकर वो लडका बिचारा काल का ग्रास हुवा, उस ब्राह्मण की ससुराल में भी ये समाचार फैला!

अस्तु.

उस कन्या के माता पिता बहुत दुःखित हुए । और अनेकानेक प्रकार विलाप करने लगे, उसका रोदन सुन कर वह—बालिकाने अपनी तोतली बोली में " माता से कह पूछा—अम्मा ! आज इतना क्यों रोती हो जी "

माता ने उत्तर में कहा बेटी जिस वरके साथ तेरा विवाह किया था—वह आज इस मृत्यु लोकमेंनहीं है ।

उस अबोध बालिका नें कहा—तब क्या हुआ वे नहीं हैं तो मैं तो हूँ न ! ! यह कह अपने खेल कूद में धुन लाई—

अब पाठक आप स्वयं इस बात को विचारें कि जिस व्याह संस्कार को अबोध बालक न जानें । वह क्या व्याह कहा जा सकता है सिवाय गुड्डा गुड्डियों के व्याह के और आप कौनसी उपमा देंगे ।

इस व्याह में पूर्वोक्त बालिका के वैधव्य जनित पातक का भार उसी वैश्य स्त्री को प्राप्त होगा या कन्या के माता पिता को इसका विचार आपके ही ऊपर निर्भर है ।

साधारण गृहस्थियोंके यहां आज पर्य्यंत यह प्रथा चली आरही है कि हमरीकी स्त्रियां कन्या के व्याह में यह गीत (मंगल) गाती हैं ।

गीत—बबाजी से कहूं बिनती—

"देश दीज्यो परदेश दीज्यो परंतु हमारी जोड़ी को बर हेरज्यो"।

पाठक! इस बात को ध्यान में लाइये—क्या—८—९—७—६—वर्ष की लड़की ऐसी प्रार्थना कर सकती है? यह सब परम्परा से बोध युक्त कन्या ही की प्रार्थना है। इससे सिद्ध है कि जब कन्या १२—वर्ष की होने पर व्याह होता था, ये सब प्रमाण युवावस्था ही के विवाह होना प्रतिपादित कर रहे हैं।

और भी देखिये कि, प्रायः अनेक रोगोंने भारत वर्ष मेंही अपना अड्डा जमा लिया है।

इसका कारण यह बालविवाह ही है। क्योंकि हम ऊपर कह आये हैं वही ब्रह्मचर्य्याभाव से ही नाना भांति के रोगों ने देशको घेर लिया है। और हमेशा के लिये डाक्टर—वैद्य—हकीम आदि का मुँह ताकना पड़ता है। और बहुधा आपने देखा होगा कि प्रायः युवतियों को भूतनी आदि बाधा होती है। यह भूतनी भी अनमेल विवाहही है—क्यों कि युवावस्था में अनमेल पति होने से ही उपरोक्त प्रमाद होताहै।

इस बालविवाह का मूल कारण वाग्दान सगाई ही प्रतीत होती है।

इससे व्याहसे पहले—२—४ वर्ष सगाई करना भी अनुचित सिद्ध हुआ ।

देखिये जरा ऋग्वेदादि पर दृष्टि डालियेगा तो आप स्वतः मानेंगे कि, बा० वि० अनुचित है

"युवा सुवासाः परिवीत आगात् स उ श्रेयान् भवति जायमानः । ऋ० मं० ३ सू० ५ मंत्र ४

अर्थ—जो आदमी युवावस्था तक विद्याध्ययन कर विवाह करताहै वह विद्वानों में पूजित होताहै ।

पुनः "—पूर्वीरहं शरदः शश्व मार" अर्थ—तरुण पुत्रको तरुण पुत्री के साथ विवाह करने से अच्छी बलिष्ठ सन्तान पैदा होतीहै और दम्पति पूर्ण आयुको प्राप्त होते हैं अत एव विवाह तो युवावस्थाही में करना लिखा है ।

और यजुर्वेद के पन्द्रवें अध्याय मं० त्रिपनवेंमें भी यह ही लिखा है कि कुमार कुमारी पूर्ण वय प्राप्त करके विवाह करें ।

और अथर्व वेदके चौदहवें कांडमें विवाह विषय पूरा पूरा वर्णन किया है । पाठक ! जो ऊपर लिखे हुये प्रमाण या देश को अच्छा माने मनायेगा उसे १ बाजपेय यज्ञ करने का फल प्राप्त होगा ।

और इस किताब में तथा इसमें लिखे प्रमाणसे प्रतिकूल चलेंगे वे महाशय अपने बाल बच्चों ही के

नहीं वे देश भरके दुश्मन-(शत्रु) समझे जावेंगे और संप्रति होनेवाली हत्याओं का भार उन्हीं के शिर मढा जायगा !!!

पाठक वर्गों! अब मैं आपकी सेवा में भारतीय ४४ विदुषियों के नाम लिखकर यह निर्णय (फैसला) आपही के ऊपर छोडता हूं कि प्राचीन काल में युवावस्था ही में लडके लडकियोंके विवाह होते थे।

बाल्यावस्था में नहीं। और वर्तमान काल में अच्छे२ डाक्टरों का कथन है कि बा० वि० भारत में अधिक होने लगे तब से ही स्त्रियों के प्रदर आदि बीमारी उत्पन्न हुई हैं।

वीर विदुषी स्त्रियों के नाम-

विश्ववारा, ऐन्द्रमातृगण, वाक, अपाला, लोपामुद्रा, अदिति, यमी, शाश्वती, उर्वशी, घोषा, सूर्य्या, मैत्रेयी, गार्गी, देवहूती, मदालसा, आत्रेयी, भारती, लीलावती, खना, मीराबाई-कर्मवती, लक्ष्मीदेवी, प्रवीणा, मधुरवाणी, मोहनांगिनी, मल्ली, गुलबदनबेगम, राममल्ली, इन्द्रमुखी, माधुरी, गोपी, रसमयी, माधवी, आनन्दमयी, गंगामणी, प्रियंवदा, कुन्ती, सीता, तथा प्रातःस्मरणीय महाराणी पद्मिनी, द्रौपदी, राजराज्येश्वरी महाराणी विक्टोरिया, इत्यादि कैसी २ वीर बलिष्ठ होगई हैं। इनमें प्रायः बहुत सी वैदिक समय

की हैं। जिन्होंने विवाह के पूर्व ब्रह्मचर्य व्रत धारण कर विद्याध्ययन किया और उत्तम बलिष्ठ संतानों को उत्पन्न किया ।

जिनकी संतति आज दिन भी अपने गोत्र को साभिमान उच्चारण कर कर जिह्वा को पवित्र करती हैं–

यह उनहीं ऋषिपत्नियोंके पतिव्रत का फलहै–कि आजतक हम "अमुकगोत्रोत्पन्नोहं" इस वाक्य को श्रवण करते हैं ।

पर उनके चरित्र पर कुछ भी ध्यान न देकर गुड्डा गुड्डियों के से व्याह कर इसी क्षणिक सांसारिक सुखोंमें फँसे जाते हैं ॥

राजपूताना में आज दिन तक आयु का एक अंश कुमारी पनही में बिताना होता है । सो नई रीति न है। आगे भी भारत में यह रीति थी कि कुमारी गृहकार्य में दक्षा पूर्ण चतुर युवती विदुषी होकर विवाह करती थीं।

देखिये महाभारत में लिखा है कि जब कुंती राजा पाण्डुसे व्याही गई उस समय कुंती अनेक बार ऋतुमती हो चुकी थी ।

क्योंकि कुंतीके रूपसंपन्न की श्लाघा की गई है । और उठे कुचोंवाली और १६ वर्ष की कही गई है । देखो, आदि–प० अ० १२

और देखनाः–

श्रीमद्भागवतके दशम स्कंध में भी जगज्जननी रुक्मिणी के विवाह–का वर्णन है वहां भी रुक्मिणी श्यामा १६ वर्ष की, उठी कुचोंवाली कही है। इससे स्पष्ट है:–

आगे अनेक बार ऋतुधर्म होने पर ही व्याहते थे !

पाठक सोचें क्या रुक्मिणी कुंती के पितादि, नरक में गये होंगे। (जो कि ऋतुमती युवती कुमारियोंको व्याहा) नहीं ! नहीं ! ! !

वे धर्मशास्त्रानुकूल ही चलते थे। ऋतुमती दीप्ति-वाली ही का व्याह विहित है।

अत एव ! "शीघ्रबोधनष्टबोध"ही की लिखी बात साफ साफ मिथ्या झूंठी है।

अब रहा रजस्वला ने देखें पाप—लगे।

सो रजस्वला यह ईश्वरीय नियम है युवावस्थाका आरंभ है और देवताओं का पतित्व अधिकार पूरा करके मनुष्य योग्य विवाह काल है ! !

इसमें विचारे माता पिताका क्या दोष (गुनाह) है कि नरक जायँ–? ! ! !

असलमें बात यह है कि ये चिह्न 'यानी' पुरुषों के मूंछ दाडी का उत्पन्न होना–और स्त्रियों के स्तन, तथा रजोत्पन्न होना ही युवावस्था में प्रवेश करना द्योतक

करता है। और हम ऊपर लिख भी आये, परंतु पुनः लिखते हैं। " रतिपुत्रफला नारी " रति करना वा-पुत्रोत्पन्न करना ही व्याह करने से प्रयोजन है न कि विधवा कर बिठाना और विवाहमें कहा जाताहै, उन शरत के मंत्रों से भी वही प्रयोजन सिद्ध है। यथा-"दशास्यां पुत्रानाधेहि" भावार्थः-हे देव (त्वम्) तुम (इमाम्) इस विवाहित बहूको (सुपुत्राम्) अच्छे पुत्रोंवाली (कृणु) करो।

इससे सिद्ध है कि बिना रजोवती कन्या न रति के योग्य होती और न पुत्र करनेके।

इन सब प्रमाणों से जाना गया कि कन्या बिना रज के व्याह योग्य नहीं होती।

अब यह ध्यान रहे कि गत जनसंख्या रिपोर्ट को पढकर सुशिक्षित सभ्य समाज मद्राज बम्बई द्रावडी प्रभृति देश वासी जनोंने बा॰ वि॰ रोक देनेकी दृढ प्रतिज्ञा करली है कि-१८-२० से कम लडका और १२-१३ से कम लडकी न व्याहेंगे।

जनसंख्या रिपोर्ट में पढा यह था किः-

भारतीय महिला--९४१२६४२ लडकियां १६ वर्ष से कम उम्र ही में विवाहित हुई।

और उनमें से ३०२४२९ लडकियां ऐसी हैं जो ६ वर्ष की उम्र पहिले भार्या बन चुकी हैं।

और १७७०० बिधवा हैं। १६५९ पतियों को छोड अन्यतर चली गईं।

यह क्या ? यह बालविवाह ही की बदौलत है।

और जो बडी उमरके व्याह करते हैं उनको देखिये चीन, जापान, यूरोपादि देशों की आज क्या उन्नति हो रही है।

वे लोग प्रकृत्यनुसार चलते हैं और २०।२२वर्ष के अनन्तर व्याह करते हैं।

वे झूँठा भय नरक जाने आदिसे नहीं डरते हैं। यह विश्वास वे नहीं रखते कि, पण्डोंके कहे ही मोक्ष हो !! अन्यथा नहीं ? सर्वान्तर्यामी ईश्वर इन विश्वासों से छुडावे और यह कृपा करे भारत के नेताओं की बुद्धि में भी यह कथन जचें

और जो जो बा. वि. दिक अनिष्टकारिणी प्रथा हैं सो भारतवर्ष से दूर चलीजायँ और विद्या का सूर्य्य चमकने लगे।

तथा हम भारतीय संतान झूंठे विचारों को छोड के ईश्वर को स्मरण करें ! ! इति शम्।

अब कुछ थोडीसी कविता और लिख कर इस लेखको समाप्त करता हूं। आगे कुछ घट बढ़ करने को होगा तो फिर करा जायगा।

"कन्या पुकार"

टेकः--कन्या कररही हाहाकार ! गहरी द्रव्य कमानेवाले !
क्यों तुम पाप बढावनहार, आखिर ना है इसमें सार,
मरती पृथवी इसके भार, ऐसा पाप कमानेवाले ॥
॥ कन्या कर० ॥ १ ॥

कहाते मात पिता अरु भाई, जिनको शर्म जरा नहिं आई । बन सबके सभी कसाई, जीवित मांस बेचनेवाले ॥ क० ॥ २ ॥

लंगड़ा लूला अतिबेहाल, बुढे बालक का नहीं ख्याल, होना चाहिये मालामाल, कन्या कंठ कटानेवाले ॥३॥

ब्राह्मण अरु यह नाई, इनने तो करी सगाई, जिन्हें दया रती नहिं आई, मुफ्तमें माल उड़ानेवाले ॥ ४ ॥

कन्या जब विधवा होजाय, उठती मन में कैसी हाय, हिये में लगती मोटी लाय, हाथसे आग जलानेवाले५॥

कन्या किससे करे पुकार, लगी गहरी कलेजे धार, इससे बेहतर गेरो मार, लोभी वृथा रूलानेवाले६॥

टिकता पैसा है नहीं पास, करलो झूठा मन विश्वास । आखिर होय नरकका बास, सत्यानाश करानेवाले ॥ ७ ॥

होगा इसका अवश्य विचार, सुनलो ईश्वरके दरबार । वह तो करते न्याय विचार, झूठी कलप उठानेवाले ॥ ८ ॥

करते कन्याकी दलाली, यह कैसी रीति निकाली वह खोटी किस्मत वाली, व्यभिचार चलानेवाले ॥ कन्याकर रही हा० ॥ ९ ॥

" रसिक" यही करे अभिलाष, जिसकी तुम्हरे ऊपर आस। झूठा क्यों करते मन विश्वास, मोटा नाम धरानेवाले ॥१०॥ कन्या क० हा० गहरे द्रव्य कमानेवाले ॥

दोहा ।

बालविवाह का न हुवे, जबतक यहां निवार ॥
करो हजारों यत्न पै, हरगिज हो न सु पार ॥ १ ॥
बालविवाह का ना हो, जब तक से निवारण ॥ बल विद्या अरु बुधि सबें, न आवत यह कारण ॥ २ ॥

श्लोक–इदं पुस्तकं पठित्वा तु वाजपेयफलं लभेत् ॥
ते नराः स्वर्गगा नित्यं कामसिद्धिफलप्रदाः ॥ १ ॥
द्विवारं तु पठेन्नित्यं मनसा ध्यायते नरः ॥
शुद्धचित्तः प्रसन्नात्मा सर्वपापैर्विमुच्यते ॥ २ ॥

दोहा–आयु बढे सुख सम्पदा, सोभा अति अति कांति ॥
वेद ज्ञान कालू कहैं, ओ३म् शान्ति शान्ति ॥ १ ॥

इति बालविवाह कुठार समाप्त ।

॥ नोट ॥

लीजिये ! किधर हैं देशप्रेमी महाशय !!!
बिलम्ब न कीजिये ! शीघ्र लीजिये !!

श्रीकुरीति निवारण पुस्तक प्रकाशक फंडकी उत्तमोत्तम पुस्तकें "बालविवाह [illegible]न" छपके तैयार है । इसकी समालोचना अनेकानेक पत्रोंने की है तिस पर भी भारतवर्ष India के प्रसिद्ध पत्रों के शिरताज पत्र मासिक "सरस्वती" पत्र इन्डियन प्रेस प्रयाग से प्रकाशित होनेवालीने बडी ही योग्यतासे की है सो पाठक देखने ही से जानेंगे । अपने मुखसे मियां हू क्या बनें, देखो सरस्वती, अंक डिसंबर-सं. १९१२ का तब आप खुदही कहेंगे ।

मिलनेका पताः-

सेठ-मुरलीधर पौद्दारकी दूकान मु. पो.
सासाराम (आरा)

मँगाके पढें और अपने मित्रों को भी पढावें ।

वन्दे जिनवरम् ।

हिन्दू कोड और जैनधर्म.

(डॉ. एच. एस. गोड एम. ए; डी. सी. एल;
एलएल. डी. एम एल. ए.
के जैनधर्म संबंधी विचारों की समीक्षा)

लेखक व प्रकाशक

श्रीवर्द्धमान ज्ञान प्रचारिणि समिति
इन्दौर.

ट्रेक्ट नं २

प्रथमा वृत्ति
१०००

मूल्य दो आने.

वीर सं. २४४७
भाद्रपद शु. २

Lakshmi-Vilas steam Press, Indore.

भूमिका.

इस ट्रैक्ट के पढने से मुझे इसलिये बहुत आनन्द हुआ कि लेखक महाशय ने अति परिश्रम कर साधारण जनता को जैन धर्म के विषय में वास्तविक ज्ञान कराने का प्रयास किया है. मै बहुत ही आश्चर्य्य करता हूं कि अभी भी ऐसे लोग पाये जाते हैं जो ज्ञानी मान्य होकर के भी एकदेशी विचार मन में रखते हैं । मनुष्य की बुद्धि परिमित है इस कारण भ्रम के चक्कर में पडके वह सत्य बातों की पहचान रख नहीं सक्ता है । अन्य विषयों में निपुण होने के कारण ऐतिहासिक विषयों मे अजान रहता है । यही कारण है कि बारबार भूल हो जाती है । अनुसंधान और अन्वेषण की बाल्य अवस्था के कारण कितने ही पण्डित भ्रम में पडते थे और जैन धर्म के विषय में बहुत सी बातें अन्ट की सन्ट लगाते थे पर अब सब प्रकार से ज्ञानज्योति की किरण ऐतिहासिक विषयों पर डाली जाती है और प्रामाणिक बातें प्रगट होती जाती हैं इस लिये ज्ञानियों का भ्रम में पडना असह्य है और क्षमायोग्य नही है । पुरातत्व के द्वारा अब जो सामग्री हमें मिलती हैं उसके विपरीत कहनेसे केवल अपनी मूढता प्रगट करना है. सत्य की कसौटी में बिना परीक्षा किये किसी बात को कहना, स्वभाव की चंचलता प्रकाश करना है इस कारण गुणी मानी जनों को चाहिये कि अपने वचनो को पहिले न्याय और सत्यता से परख लेवे तब साधारण जनता के हित और ज्ञान के लिये प्रकाश करें. यदि परख नही है तो मौन रहना ही ज्ञानी का कर्तव्य है ।

इस ट्रेक्ट में जैनधर्म की प्राचीनता पर संक्षेप से उत्तम प्रकाश डाला गया है और हम आशा रखते हैं कि इस के पढ़ने से भ्रान्ति से पतितजन अपने वचनों की फिर से परीक्षा करेंगे और सत्य के अनुयायि हो उन का परिवर्तन करेंगे ऐसा करना ज्ञानी के सतचरित्र का लक्षण है। ज्ञानी अपने भ्रम को मानने में लज्जित नहीं होता है। ज्ञानवान का यह गौरव है कि वह ज्ञान के मार्ग में भूल की बातों को लेकर गांवड़े की ढिठाई के सहित आगे नहीं बढ़ता है परन्तु जो भूल चूक हो भी जावे तो उनको त्याग करता जाता है और ज्ञान की श्रेष्ठता को प्राप्त करता है।

इसके उपरान्त यह भी विदित होना चाहिये कि ऊंचे पद धारण करनेवालों की जवाबदेही अधिक है। क्योंकि जो वचन उनके मुखसे निकलता है सो साधारण जनता के लिये मानो वेदवाक्य है, इस कारण ऊंचे पदके ज्ञानी सज्जनों को चाहिये कि अपनी बातों को सहसा न प्रगट करें परन्तु अधिक विचार और सावधानता से जन समाज पर प्रगट करें। जैनधर्म्म के विषय में पहिले पाश्चात्य के कई एक पंडितों ने भूल की थी पर उस समय ऐतिहासिक आविष्कार इतना न था जैसा अब है, इस कारण उनका दोष क्षमा योग्य है जहां जान बूझके भूल होती है तहां उसका क्या प्रतिकार है। कदाचित हो सक्ता है कि बिना जाने सुने कह दिया तो भी उचित नहीं है और ऐसी दशा में दोष मान लेना उदार मनका चिह्न है.

वेदकाल में जब पशुओं का संहार होता था और बलिदानके समय में रक्त का श्रोत नदी प्रवाह के समान बहता था तो कितने

सज्जन थे जो इस निरर्थक रक्तपात के विद्रोही हुए। अहिंसा परमो धर्म्मः की प्राचीनता वेद काल की प्राचीनता से कुछ न्यून नहीं है। Abbe Dubois आबे डूबाय इत्यादि विचारशील लेखकोंने समर्थन किया है कि जैनधर्म्मके सम्बन्धमें तो अब कुछ संदेह ही नहीं रहा। आधुनिक इतिहास और धर्म्म तत्व लेखक अब ऐसी भूल नहीं करते हैं कि जैनधर्म्म बौधधर्म्म की शाखा है। इस कारण उन सज्जनों से जो अब तक जैन धर्म्म को बौद्ध धर्म्म की शाखा मानते है विनती है कि अपनी बात फेर लेवें और सत्य को प्रगट करें।

पाठकों से भी प्रार्थना है कि वे इस छोटी सी पुस्तक को पढ़कर उस की बातों को ध्यान में रख औरों को भी शिक्षा देवेंताकि उन का भी ज्ञान जैनमत के सम्बन्ध में सही और शुद्ध होवे॥

I. W. Johary M. A. B. D.

Professor

Indore Christian College.

Indore C. I.

श्री वर्द्धमानायनमः

प्रकाशक का वक्तव्य.

श्रीवर्द्धमान् ज्ञान प्रचारिणि समिति की ओर से मैं आज अत्यंत प्रसन्नता पूर्वक "हिन्दू कोड और जैन धर्म" नामक ट्रेक्ट सुहृदय पाठकों की सेवामें समर्पित करता हूं। इस ट्रेक्ट का विषय एवम् लिखने का हेतु पाठकों को इस के नाम से ही समझ में आजावेगा तथा विशेष के लिये इस की भूमिका पर्य्याप्त होगी.

इस पुस्तक की रचनामें हमें श्रीयुत् जोहरीलालजी मित्तल एम. ए., एल एल. बी. से अत्यधिक सहायता मिली है। आप समिति को हरसमय उचित परामर्श एवम् भरसक सहायता प्रदान कर समिति के सभासदों का उत्साह बढाते रहते हैं. अतएव हम आपको कोटिशः धन्यवाद देते हैं। इस पुस्तक के लिखनेमें हमें इतिहास संबंधी बहुत कुछ मदद वयोवृद्ध श्रीयुत प्रो. जोहरी (कृश्चियन कॉलेज इन्दौर) से मिली है आपने जैन धर्म संबंधी बहुतसी प्राचीन खोज की है. अतएव हम तथा जैन समाज आपके आभारी हैं। श्रीयुत बाबू सूरजमलजी तथा कुछ ट्रेक्टों व मासिक पत्रों से भी हमें सहायता लेना पडी है अतएव हम बाबू साहेब तथा उन ट्रेक्टों व मासिक पत्रों के लेखक व संपादक महाशयों कोभी धन्यवाद देते हैं.

समिति का यह ट्रेक्ट नं. २ है या यों कहना चाहिये कि इस मानी का तो यह पहला ही प्रयास है। हमारी हार्दिक इच्छा है कि हम समय २ पर किसी उपयोगी विषय पर ट्रेक्ट छपवाकर सर्व साधारण को लाभ पहुंचावें। हम समझते हैं कि जैन समाज व पाठक इस की उपयोगिता पर ध्यान दे, हमारा उत्साह बढावेंगे ताकि यह समिति समय २ पर आपकी सेवामें उपस्थित हुआ करे.

हमें आशा है कि इस ट्रेक्ट के पढनेसे अजैन विद्वानोंका जैन धर्म की प्राचीनता व सिद्धांत संबंधी भ्रम दूर होजावेगा.

चूंकि श्रीदिगंबर जैन महासभाने जैन कानून (Jain Law) बनानें की आवश्यकता स्वीकार की है और हम भी जैन लॉ की आवश्यकता पर अधिक जोर देना आवश्यक समझते हैं, एतदर्थ यदि हमें समाज ने यथोचित सहायता दी तो हम आशा करते हैं कि हम जैन विद्वानों (श्रीयुत जुगमंदरलालजी जैनी एम. ए., बार एट लॉ, आदि) की सहायता से शीघ्र ही जैन कानून संग्रह कर समाजकी सेवामें उपस्थित कर सकेंगे। शेषशुभ.

मिति भाद्रपद शुक्ला २
वी. नि. स. २४४७
इन्दौर.

विनीत
सभापति.
श्रीवर्द्धमान ज्ञान प्रचारिणि समिति,
इन्दौर.

ॐ

डॉक्टर गौडके जैनधर्म पर आक्षेप

जैन धर्म के सम्बन्ध में अनेक किम् वदन्तियां अजैन विद्वानों में प्रचलित हैं यह बात विचारशील जैन विद्वानों से छिपी नहीं है, हालही में डॉ. एच. एम. गौड़, जैसे कानून जानने वाले विद्वान् ने भी अपने " हिंदू कोड " में जैनधर्म के सम्बन्ध में कुछ ऐसीही बातें लिखी हैं. जिनसे यह साबित होताहै कि पढे लिखे मनुष्य भी अज्ञानतावश कितनी भूल करसक्ते हैं. " हिन्दू कोड के "पेरेग्राफ नं. २९६, २९७, ३३१ मे डॉक्टर साहबने जैनधर्म के सम्बन्ध में जो विचार प्रगट किये हैं वे संक्षेप में इस प्रकार हैं:-

"जैनी हिंदुओं की शाखा है जो अभीतक हिन्दू हैं और जिनको हिन्दू कानून लागू होता है. वर्तमान में जैनी लोग वैश्य जाति की एक शाखा के नामसे जाने जाते हैं जिस के भेद ये हैं:—

अग्रवाल, महेश्वरी और जैनी पहिले दो कट्टर हिन्दू हैं और तीसरे (जैनी) हिन्दू धर्म से गिरे हुये हैं................ जैनी हिन्दुओं से केवल सिद्धान्त में ही नहीं किन्तु व्यवहारमें भी भिन्न हैं वे मृतकको गाडकर कोई अन्तिम संस्कार नहीं करते ....जैनधर्म बौद्धधर्म का बच्चा है, जैनधर्म वास्तवमें बौद्धधर्म और हिन्दूधर्म दोनों के मिले हुये सिद्धान्तों से बनाहै, जैन धर्म ने अपने सिद्धान्त और धार्मिक रीतियां बुद्धधर्म से नकल की है

इत्यादि, इसी के सम्बन्ध में डॉक्टर गौड ने और भी ऐसी युक्तियां दी हैं 'जो अक्षर बहुत और अर्थ थोडा,' इस कहावत को चरितार्थ करती हैं उपर्युक्त पेरेग्राफ में लेखक ने शब्दाडम्बर की ओर इतना ध्यान दिया है कि उनका तर्क और उनके शब्दों का गूढार्थ सहसा साधारण मनुष्यों की समझमें आना कठिन है।

यों तो डॉक्टर साहब के आक्षेपों को हम कोई महत्व नहीं देते क्योंकि केवल भारतीय विद्वान् ही नहीं वरन योरोपियन विद्वानोंने भी जैनधर्म की प्राचीनता औरजैनसिद्धान्तकी श्रेष्ठता स्वीकार की है परन्तु भविष्य में विचारशील और विद्वान् लेखक फिर कभी जैनधर्म के सम्बन्ध में अपनी कलम उठाने के समय भ्रम में न पडें, इस हेतु से हम संक्षिप्त में डॉक्टर गौड के आक्षेपों का उत्तर देना आवश्यक और समयोपयोगी समझते हैं।

जैनधर्म, हिन्दूधर्म और बौद्धधर्म का परस्पर सम्बन्ध।

सबसे पहिले हम जैनधर्म की स्थितिपर विचार करेंगे। जैन शास्त्र के अनुसार तो जैनधर्म अनादि माना गया है परन्तु तोभी यह आवश्यक प्रतीत होता है कि जैनधर्म की प्राचीनता पर केवल जैनागम प्रमाण ही न मानकर आजकल जिसे ऐतिहासिक दृष्टि कहते हैं उससे बिचार किया जाय। यहतो निर्विवाद सिद्ध है कि प्रत्येक जाति और प्रत्येक देश के इतिहासकी एक सीमा होती है जिससे आगे इतिहासकार अपना मसाला केवल हस्तलिखित पुस्तकों से ही नहीं पा सक्ता, किन्तु प्राचीन हिंदू-शिला-लेख आदि व कभी २ पीढियों से चली आई हुई दन्तकथाओं पर भी उसे विश्वास करना पडता है. भारतवर्ष का प्राचीन इतिहास

जाननेके लिये संस्कृत, वैदिक, प्राकृत आदि भाषाओं मे हमको बडी सहायता मिलती है। जिन्होंने भारतवर्ष का इतिहास पढा है वे जानते हैं कि भाषा और इतिहास दोनों ही दृष्टिसे वेद अत्यंत प्राचीन और महत्वशाली समझे गये हैं सच तो यह है कि इतिहास की दृष्टि से भारत की प्राचीन स्थिति बतलाने के लिये वेदोंसे प्राचीन कोई सामग्री नहीं है. इतिहास में वैदिक साहित्य आजसे लगभग ३१०० वर्ष का प्राचीन माना जाता है वेदों में सबसे पहिले ऋग्वेद लिखागया जिसमें लगभग १००० मंत्र हैं भारतीय इतिहास लेखकों की दृष्टिसे ऋग्वेद कमसे कम ईसाके १०००वर्ष पहिले बनाया गया होगा इसमें तो कोई सन्देह ही नहीं.

ऋग्वेद में एक स्थानपर ऐसा मंत्र है:-

अर्हन् बिभर्षि सायकानि धन्वार्हन्निष्कं यजतं विश्वरूपम् ।
अर्हन्निदम् दयसे विश्वमभ्वं भुवं नवा ओजियो रुद्रत्वदस्ति ॥

(अ २ अ ७ वर्ग १७)

ॐ त्रैलोक्य प्रतिष्ठितान् चतुर्विंशति तीर्थंकरान् ।
ऋषभाद्या वर्धमानान्तान् सिद्धान् शरणं प्रपद्ये ॥

ऋग्वेद अष्टक २ अध्याय ६ वर्ग १६

भावार्थ:-ऋषभादि चौवीस तीर्थंकरों की, जिनकी प्रतिष्ठा तीनों लोकमें है. मै शरण लेता हूं ।

यजुर्वेद मे भी अ. ९ म. २५ में लिखा है:-

वाजस्यनुप्रस्व आव भूपे माच विश्व भुवनानि सर्वतः ।
सनेमिराजा परियाति विद्वान् प्रजां पुष्टिवर्धयमानो "अस्मैस्वाहः"

इसमें नेमिनाथ स्वामी (जैनियोंके २२ वें तीर्थंकर) को आहुति दी है ।

और भी यजुर्वेदमें लिखा है

। ॐ नमो अर्हतो ऋषभो ॐ ऋषभ पवित्र पुरुहूत मध्वर यज्ञपु नग्नं परमं माहसंस्तु वरं शत्रुं जयंत पशुरिंद्रमाहुतिरिति स्वाहः

इस से सिद्ध होता है कि ऋग्वेद. यजुर्वेदके समय बल्कि उनसे भी पहिले जैन धर्म का अस्तित्वथा (यही बात हिन्दूधर्म के अन्य सर्वोत्तम ग्रंथकारों ने भी स्वीकार की है)

योग वशिष्ट रामायण वैराग्य प्रकरण अ. १५ श्लोक ८ में श्रीरामचन्द्रजी कहते है ।

॥ नाहं रामो न मे वाञ्छा भावेषुच न मे मनः
शान्तिमास्थातुमिच्छामि स्वात्मन्येव जिनो यथा ।

अर्थातः— रामचन्द्रजी जिन समान होनेकी इच्छा करते है दक्षिणामूर्ति सहस्त्रनाममें कहा है ।

शिवोवाच·
जैनमार्गरतो जैनो जितक्रोधो जितामयः
मनुस्मृति में कहागया है । .
" कुलादि बीज सर्वेषां प्रथमो विमल वाहनः "
चक्षुष्मान् यशस्वी वाभिचन्द्रोऽथ प्रसेनजित् ॥ १
मरुदेवीच नाभिश्च भरते कुल सत्तमाः ।
अष्टमो मरुदेव्यांतु नाभेर्जात उरुक्रमः ॥ २ ॥
दर्शयन् वर्त्म वीराणां सुरासुर नमस्कृतः
नीतित्रितयकर्तायो युगा दौ प्रथमो जिनाः ॥ ३ ॥
भागवतके पंचम स्कंधमें ऋषभावतार का वर्णन है ।

महाभारतके शांति पर्वमें लिखा है ।:—

" ऋषभादिनाम् महायोगि नामाचार
दृष्टाम अर्हतादयो मोहिता "

इन सब बातोंसे सिद्ध होता है कि जैन धर्मके संस्थापक प्रथम तीर्थंकर ऋषभनाथही थे, न कि महावीर । यह बात हिंदू धर्म के प्राचीन ग्रंथकारोंने एक मतसे स्वीकार की है। महाभारतका काल इतिहासकी दृष्टिसे आजसे ३००० वर्ष पूर्व माना गया है, अब यह तो निर्विवाद सिद्ध होता है कि जैनधर्म हिंदूशास्त्र-कारोंकी दृष्टिसे ही कम से कम३००० वर्षका प्राचीन तो है ही।

प्रसिद्ध विद्वान लोकमान्य बालगंगाधर तिलकने सन् १९१० में ३० नवम्बर को श्वेतांबर कानफ्रेन्समें व्याख्यान देते हुए तथा १३ दिसम्बर १९१० के केसरी के लेखमें भी यह बिचार प्रगट किये हैं कि " वैदिक धर्म को भी 'अहिंसा परमो धर्मः' आदि सिद्धान्तोंके लिये जैनधर्मका ऋणी मानना चाहिये............... प्राचीन धर्मों में जैनधर्म वास्तव में बहुत ही पुराना धर्म है "। विद्वान् प्रोफेसर मेक्समूलर का मत है कि " विशेषतः प्राचीन भारतमें किसी धर्मांतरसे कुछ ग्रहण करके एक नूतन धर्म प्रचार करने की प्रथाही नहीं थी, जैनधर्म हिन्दूधर्मसे सर्वथा स्वतंत्र है उसकी शाखा या रुपान्तर नहीं "

डॉक्टर फ्हररने मथुरा के शिलालेखोंसे जो खोजकी उससे पता लगता है कि पूर्व काल में जैनी ऋषभदेव की मूर्तियां बनातेथे (देखो एपीग्रेफीका इंडिका व्हाल्यूम १—२ पृष्ट ३८९ व्हा २ पृष्ट २०६ —२०७) महावीर—स्वामीका मोक्ष काल ईसवी सन् से ५२६ वर्ष पहिले और पार्श्वनाथ का ७७६ वर्ष पहिले निश्चित है यदि ये जैन धर्म के प्रथम प्रचारक होते तो

उपर्युक्त शिलालेख में ऋषभदेव की मूर्तियाँ बनानेका जिक्र नहीं आता क्योंकि यह शिलालेख २,००० वर्ष पूर्व कनिष्क हुवष्क, आदि राजाओंके राजत्वकाल में खोदेगये हैं।

जैनियोंके २२ वें तीर्थंकर नेमिनाथ ऐतिहासिक पुरुष माने गये हैं। भगवद्गीताके परिशिष्ट में श्रीयुत बरवे स्वीकार करते हैं कि श्रीनेमिनाथ श्रीकृष्ण के भाई (Cousin) थे। जब कि जैनियों के २२ वें तीर्थंकर श्रीकृष्ण के समकालीन थे तो शेष २१ तीर्थंकर श्रीकृष्ण से कितने वर्ष पहिले होने चाहिये यह पाठक स्वयं अनुमान करसक्ते हैं.

इस विषयमें समय २ पर दिगम्बर जैन, जैनहितैषी आदि पत्रोंमें तथा अनेक ट्रेक्टोंद्वारा अजैनोंके भ्रमको दूर करनेका प्रयत्न किया गया है। इसलिये हम पाठकोंका विशेष समय नष्ट करना नहीं चाहते।

यह तो हुई हिन्दू धर्म की दृष्टिसे जैन धर्म की प्राचीनता:—

अब जैनधर्म और बौद्धधर्म के समय की तुलना कीजाय तो पाठकों को विदित होगा कि जैनधर्म बौद्धधर्म, का बचा है यह कहना बिलकुल असत्य है। यह तो सभी मानते हैं कि गौतमबुद्ध और महावीर समकालीन थे इतिहासकार यह भी मानते हैं कि महावीर का मोक्ष गौतम–बुद्ध के पहिले हुवा। गौतम बुद्ध ईस्वी सन् के ४८२ वर्ष पहिले स्वर्ग को प्राप्त हुये ऐसा कई शिला- लेखों के आधारपर इंपीरियल गेजीटीयर ऑफ इंडिया व्हाल्यूम२ में पृष्ट ५४ पर लिखा है कोई २ इतिहासकार तो यह भी मानते हैं कि गौतम–बुद्ध को महावीर स्वामीसे ही ज्ञान प्राप्त हुवा था. जो कुछ भी हो यह तो निर्विवाद स्वीकार

ही है कि गौतम बुद्धने महावीर स्वामीके बाद शरीर त्याग किया। यह भी निर्विवाद सिद्ध ही है कि बौद्ध धर्मके संस्थापक गौतम-बुद्ध के समय से पहिले जैनियों के २३ (तेईस) तीर्थंकर और हो चुके थे तब यह कैसे सम्भव है कि जैनधर्म बौद्धधर्म से निकला हो.

मि. विन्सेन्ट. ए. स्मिथ भारतके प्राचीन इतिहास में जैन धर्म के सम्बन्ध में बहुत सी महत्वकी बातें लिखते हैं। उनके मतानुसार महावीर तथा गौतम–बुद्ध दोनों बिंबसार और अजात-शत्रु के समकालीन रहे हैं महावीर के नवें पट्ट--अधिकारी स्थूल-भद्र जो नवें नन्दके मंत्रीथे महावीर निर्वाणसं. के २१५ या २१९ वर्ष पीछे मरे थे। और इसी वर्ष नंद को चन्द्रगुप्त ने मारा था।

चन्द्रगुप्त मौर्य, जैन था १२ वर्ष के दुष्काल में अंतिम-श्रुतकेवली भद्रबाहु के साथ मैसूरके अन्तर्गत श्रवणबेलगोलमें मुनी के तौर पर रहे थे और अन्त में वहीं पर उन्होंने प्राण त्याग किये। इस बातके लिये भी ऐतिहासिक तथा पौराणिक प्रमाण हैं।

राइस साहबका मत है की ईस्वी सन् से प्रथम १००० वर्षों में मैसूर में जैन मत का जोर रहा और वह वहां का मुख्य धर्म रहा है. यह भी माना गया है कि जैनी उत्तर से दक्षिण में गये और उन्होंने बौद्ध प्रचारकों के पहुंचने से ५० वर्ष पहिले महावीरके मतको फैलाया. कहते हैं कि अशोक के पोते संप्रति को सुहस्ति ने जैन बनाया था। रमराजतरंगिनीमें अशोक के जैनी होने का जिक्र है। राजा खार जैनी थे जिनका पता हाथी गुफा के शिलालेख से लगता है तथा शिलालेखों मे ईस्वी सन् २ शताब्दी पूर्व जैन मंदिरों के होनेका भी पता लगता है।

प्रसिद्ध विद्वान प्रोफेसर जेकोबी ' सेक्रेडबुक्स ऑफदी ईस्ट' की व्हाल्यूम २२. ४५ की भूमिका में लिखते हैं कि यदि जैन-धर्म और बुद्धधर्म में से किसी एकने दूसरे धर्म की नकल की थी, तोवह नकल करने वाला कमसे कम जैनधर्म तो नहीं था। डॉक्टर जेकोबीने अनुसन्धान करके बौद्धधर्म की अपेक्षा जैनधर्म की प्राचीनता सिद्ध की है जिसका संक्षिप्त विवरण 'आउटलाइन्स् ऑफ जैनी-झम' के इन्ट्रोडक्सन् के पृष्ठ ३०-३२ पर लिखा गया है।

मि. वासुदेव गोविंद आपटे B. A. अपने व्याख्यान में जो कर्नाटक प्रेससे मुद्रित हुवा है कहते है कि महावीर जैन धर्म के संस्थापक नहीं थे। वे तो २४ तीर्थंकरों में से एक प्रचारक थे।

स्वत: अशोक मूलमें जैनधर्मी होकर पश्चात् बौद्धधर्मी हुवा ऐसा मि. टामस के मत का उल्लेख उस व्याख्यान में किया गया है. " बौद्धधर्म शून्य वादी हैं तो जैन स्यादवादी है, बौद्ध नग्नताका निषेध करते हैं और दिगम्बर जैन नग्नताको अन्त: शुद्धता की साक्षी समझते हैं " हमारे हाथ से जीव हिंसा न होने पावे इसके लिये जैनी जितने डरते हैं उतने बौद्ध नहीं डरते, बौद्ध धर्मी देशमें मांसाहार अधिकता के साथ जारी है। बौद्ध आत्माको नित्य नहीं मानते जैन मानते हैं, कर्मबन्ध से मुक्त होकर जिस अवस्था में आत्मा अक्षय सुख को प्राप्त करता है उस अवस्था को जैनी निर्वाण मानते हैं बौद्ध शास्त्रानुसार निर्वाण आत्माकी शून्यता का नाम है इत्यादि बातों से मि. आपटेने स्थिर किया है कि जैनधर्म बौद्धधर्म से प्राचीन है। इस विषय में हम जैन ग्रन्थों

का आधार बताकर पाठकों का समय लेना नहीं चाहते. डॉ. सतीशचन्द्र ने स्याद्वाद महाविद्यालय काशीके महोत्सव पर भाषण देते हुये कहा था कि " बौद्धों के त्रिपाटिक जैसे धर्म ग्रन्थों में जैन धर्म के सिद्धान्तोंका उल्लेख मिलता है। और जैनियोंके धर्म ग्रन्थो में बौद्धोंके सिद्धान्तों का विवेचन (गुण दोष विचार) पाया जाता है "

(Mr. T. W. Rhys Davids) मि. टी. डबल्यू राइस डेवीड साहबने (इंसाइ-क्लोपीडिया ब्रिटेनिका व्हा. २९) नामकी पुस्तक में लिखा है " यह बात अब निश्चय है कि जैन-मत बौद्ध-मत से निःसन्देह बहुत पुराना है और बुद्ध के समका-लीन महावीर द्वारा पुनः संजीवन हुवा है, और यह बात भी भले प्रकार निश्चय है कि जैनमतके मन्तव्य बहुत ही जरूरी और बौद्धमत के मन्तव्यों से बिल्कुल विरुद्ध हैं ये दोनों मत न केवल प्रथम ही से स्वाधीन हैं बल्कि एक दूसरे से बिल्कुल निराले है।

(Dr A. Guernot of Paris) पेरिस के डॉ. ए. गिरनाट अपने पत्र ता. ३-१२-१९११ में लिखते हैं कि " मनुष्यों की तरक्की के लिये जैन धर्म का चरित्र बहुत लाभकारी है यह धर्म बहुत ही असली, स्वतन्त्र, सादा, बहुत मूल्यवान् तथा ब्राह्मण मतसे भिन्न है। और बौद्ध धर्म के समान नास्तिक नहीं है। (Jainism is a very original independent and systematical doctrine. It is more simple, more rich and varied than Brahmanical system and not negative like Budhism.)

जर्मनी के डा. जान हर्टल ता. १७-६-१९०८ के पत्र में लिखते है कि मैं अपने देसवासियों को दिखाऊंगा की कैसे उत्तम नियम और विचार जैनधर्म और जैनाचार्यों में है, जिनका साहित्य बौद्धों से बहुत बढकर है और ज्यों २ मैं जैनधर्म और उसके साहित्य को समझता हूं त्यों २ मैं उन्हें अधिक पसन्द करता हूं। ("What noble Principles and lofty thoughts are in Jain Religion and in Jain writers. Jain literature is by far superior to that of the Buddhists and the more I become acquainted with Jain religion and Jain literature the more I love them.")

हम समझते है कि इस विषयमें अधिक विवेचन अनावश्यक है, विचारशील पाठक उपर्युक्त आधारों से स्वयं परिणाम पर पहुंच सकेंगे कि डॉक्टर गौडका लिखना कितना मिथ्या और भ्रान्त है.

आत्मा के विकास तथा अहिंसाके सिद्धांत में तो जैनधर्म अद्वितीय है. यहबात कई अजैन विद्वानों ने मुक्त कंठ से स्वीकार की है. जैनियों का विश्वास है कि आत्मा का विकास यहां तक होताहै कि वह कर्म बंधनोंसे मुक्त होकर स्वयं परमात्म-पद को प्राप्त करलेता है. जैन सिद्धान्तानुसार सृष्टी अनादि है और ईश्वर का सृष्टी बनाने में कोई भाग नहीं है। "प्रमत्त योगात् प्राण व्यपरोपणं हिंसा" इस सूक्ष्म दृष्टी से अहिंसा तत्व का प्रतिपादन करनेवाले तथा 'अहिंसा परमो धर्मः' का मनन करने वाले यदि कोई हैं तो जैनी ही हैं जैनधर्म से यज्ञार्थ पशु हिंसा मदिरा-पान आदि विषयोंमें वैदिक धर्म ने बहुत कुछ सीखा है यह अजैन विद्वान (लोकमान्य तिलक आदि) स्वीकार करचुके हैं।

असली की अपेक्षा नकल किसीन-किसी अंशमें कमही रहती है. यदि जैनधर्म, हिंदूधर्म और बौद्धधर्म के सिद्धांतों की नकल करने वाला होता तो उसके सिद्धांत कभी अजैन विद्वानों को मुग्ध करने वाले अद्वितीय और मनन अथवा पालन करने योग्य न होते।

यहांतक तो हमने डॉक्टर गौडके उन आक्षेपोंपर विचार किया है जो पहिले भी कई बार अजैन विद्वानों तथा लेखकोंनें भ्रम वश होकर प्रकाशित किये थे. चूंकि भूल या गलती बार २ दोहराई जानेपर भी भूलही रहती है इसलिये हमने इस दुहराई हुई भूलको सुधारनेका प्रयत्न किया है। अब हम डॉक्टर गौड के ऐसे वाक्यों पर विवेचन करेंगे जिनका शब्दार्थ तथा भावार्थ कमसेकम साधारण बुद्धिके लोगोंपर भी डॉक्टर साहब की पंडिताई का सिक्का जमाने में असफल हुये हैं। आप लिखते हैं ' जैन जाति वैश्य जाति की एक मशहूर शाखा है ' आप इस जाति को अग्रवाल, महेश्वरी और जैनियोंमें विभाजित करते है और लिखते हैं कि पहिली दो अर्थात अग्रवाल. महेश्वरी कट्टर हिंदू है तथा तीसरी अर्थात् जैनी (Hindoo heretics) है "

डॉक्टर साहब के मतानुसार अग्रवाल, महेश्वरी और जैन ये वैश्य जाति की शाखाएँ हैं। यदि डॉक्टर साहबका यह मत है तो हम उन्हें बतलाना चाहते हैं कि वैश्य जाति की शाखाएँ केवल अग्रवाल, महेश्वरी, और जैनी ही नहीं हैं बल्कि अग्रवाल महेश्वरी के अतिरिक्त खंडेलवाल, ओसवाल, पोरवाल, लमेचू, आदि अनेक शाखाएँ हैं। ' जैनी ' यह कोई वैश्यजाति की शाखा विशेष का नाम नहीहै। अग्रवाल, खंडेलवाल आदि जो वैश्यजातियां जैनधर्म का मनन करती हैं व्यवहार में उन्हीं को

जैन जाति कहते हैं। डॉक्टर साहब को मालूम होनाचाहिये कि धर्म, जाति की शाखा नहीं होसक्ता। जैनधर्म के पालनेवाले ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य आदि सभी जैनधर्मी हैं परंतु सभी वैश्यजाति में गर्भित नहीं हो सक्ते। वैश्य यह जाति या वर्ण विशेष का नाम है और "जैन" यह धर्म विशेषका नाम है। जैन ब्राह्मण, जैन क्षत्रिय, जैन वैश्य, अभी भी दक्षिणमें मौजूद हैं।

सच तो यह है कि जैनधर्म वास्तव में प्रथम क्षत्रियों ने अंगीकार किया था। जैनियों के अंतिम तीर्थंकर भगवान महावीर विदेहान्तरगत कुन्दग्राम के क्षत्रिय थे यह बात प्रायः सभी इतिहास लेखक स्वीकार करते हैं कि जैनियों के बाईसवें तीर्थंकर नेमिनाथ श्रीकृष्ण के भाई थे, यह ऊपर दिखायाही गया है। श्रीकृष्ण क्षत्रिय थे, यह बात किसीसे भी छिपी नहीं है. इसी प्रकार जैनियों के इतर तीर्थंकर भी क्षत्रिय कुल दीपक थे. यह श्रीयुत वस्वेने उनकी भवद्गीताके परिशिष्ट में स्वीकार किया है। इससे यह बात सिद्ध होती है कि जैनधर्मपर क्षत्रियों का विशेष अधिकार रहा है और आज भी जैनी क्षत्रिय मौजूद हैं ऐसी हालत में 'जैनी वैश्य जाति की शाखा है' यह युक्ति कितनी निर्मूल और हास्यास्पद है इसका पाठक स्वयं विचार करें।

सचतो यह है कि हिन्दू कोड के लेखक ने इस विषयपर विचार ही नहीं किया. इसी विचार हीनता का यह परिणाम है कि डाक्टर साहब ने लिखमारा कि जैनियोंमें मुर्दे गाडे जाते हैं.

जैनी हिन्दू हेरेटिक्स (Hindoo heretics) है या नहीं यह बात भी विचार करने योग्य है.

'हेरेसी शब्दके उपयोगमे डॉक्टर साहब का यह मत होना चाहिये कि जैनियोंने अपने स्वाभाविक धर्म (अर्थात हिन्दूधर्म) को छोडकर

उसके विरुद्ध सिद्धांतों को स्वीकार किया है परन्तु इन्हीं शब्दों के कुछ ऊपर डाक्टरसाहब लिखते हैं कि जैनी अभीतक हिन्दू हैं. और उनको हिन्दू धर्मशास्त्र (Law) लागू होताहै. हम नहीं समझते कि "Who still remain Hindoos" और हिन्दू हेरेटिक्स (Hindoo heretics) इन दोनों वाक्यों में लेखक सादृश्य समझते हैं अथवा विभिन्नता ! पेरेग्राफ २०,७ वें में डॉक्टर साहब लिखते हैं "कि जैनी हिन्दुओं से केवल सिद्धांत में ही नहीं वरन व्यवहार में भी भिन्न हैं". यदि डॉक्टर साहबके सिवाय और लेखक ऐसी परस्पर विरोधकारी बातें लिखता तो पाठक यह कह देते कि लेखक तर्क और कानून की पाबंदी से शून्य है किंतु हिन्दू कोडके लेखक के नामके आगे जो अनेक उपाधियां लगी हैं उन्हें देखकर हम ऐसा कहने का साहस नहीं करसक्ते, हमारे विचारमें कदाचित लेखकने विषयकी गंभीरता पर और अपनी उक्तियों के भावार्थ पर उतना ध्यान नहीं दिया जितना कि एक सुयोग्य लेखक को किसी भी विषयपर कलम उठाने के पहिले देना चाहिये.

हम लेखक पर कोई दोषारोपण करने की अवश्यकता नहीं समझते । किस किस पर दोषारोपण किया जाय क्योंकि जैनी लोग शताब्दियोंमें ऐसे आक्रमण सहन करते आये हैं.

जैनधर्मपर डॉक्टर साहब का यह हमला पहिला नहीं है इतिहास बतलाता है कि सातवीं शताब्दि में दक्षिण भारत में जैनधर्म पर आक्रमण हुए और जैनियों का घात किया गया. इसवी सन् ११७४–७६ में गुजरात के अयजदेव नामक शैव राजानें जैनों का बडी निर्दयता से वध करवाया और उनके गुरु को मरवाया.

८००० हजार जैनों को जिन्होंने शैव होने में इन्कार किया, शूलीपर चढवाकर मरवा डाला. पल्लव राजा महेंद्र वरमन नें जोआरंभ में जैन था शैव होकर अरकाट में एक बडे भारी जैन मठ को बर्बाद कर, उसकी जगह शैव मंदिर बनवा दिया इत्यादि ऐतिहासिक घटनाओं को दृष्टि में रखते हुए यह कहना पडता है कि जैन धर्म पर निर्मूल दोपारोपण करनेवाले लेखकों का आक्रमण पूर्वकाल के आक्रमण की अपेक्षा बहुतही सौम्य तथा साधारण है.

पर दुःख यह है कि यह सौम्य आक्रमण इस विद्या बुद्धि प्रधान समय में उन लोगों के द्वारा होता है जो कहते है कि हमें सब धर्म एक समान आदरणीय प्रतीत होते है ।

कोई सज्जन तो जैन धर्म पर नास्तिक होनेका दोपारोपण करतेह इसके उत्तर में हम उनका ध्यान केवल श्रीयुत आपटे के व्याख्यान की ओर ही आकर्षित करना उपयुक्त समझते हैं. पाणिनि ऋषीके इस सूत्र के अनुसार कि············"पर लोको ऽस्तीति मतिर्यस्यास्तीति आस्तिकः परलोको नास्तीति मतिर्यस्या स्तीतिनास्तिकः"

जैनी परलोकका अस्तित्व मानने वालेहं; तथा स्वर्ग, नर्क; व मृत्यु इन तीनों को ही मानते हैं अतएव जैनी नास्तिक नही हैं.

'ईश्वर सृष्टि का कर्ता, शास्ता और संहार कर्ता न होकर अत्यंत पूर्णावस्था को प्राप्त हुवा आत्मा ही है केवल इसी सिद्धांत से यदि जैनियों पर नास्तिकता का आरोप लगाया जाता है तो हम पाठकों का ध्यान भगवद्गीता के पंचम अध्याय के निम्न लिखित १४-१५ श्लोकों की ओर आकर्पित करते है ।

न कर्तृत्वं न कर्माणि लोकस्य सृजति प्रभुः ।
न कर्मफल संयोगम् स्वभावस्तु प्रवर्तते ॥ १४ ॥
नादत्ते कस्यचित्पापं न चैव सुकृतं विभुः ।
अज्ञानेनावृतं ज्ञानं तेन मुह्यन्ति जंतवः ॥ १५ ॥

उपर्युक्त कथन के अनुसार श्रीकृष्ण पर भी नास्तिकता का दोषारोपण करना पड़ेगा. इस विषयमें हम पाठकों का ध्यान "Jainism not Atheism" by H. Warran. व आत्मानंद जैन सोसायटी का ट्रेक्ट नं. ३ — जैनमत नास्तिक मत नहीं है की ओर आकर्षित करते हैं.

" जैनियों में मुर्दे को गाड़कर कोई अंतिम संस्कार नहीं करते " डाक्टर साहब की यह उक्ति उनकी विद्वत्ता और अनुभव का पूर्ण परिचय देती है हम समझते हैं कि इस उक्ति को खंडन करने के लिये हमें पाठकों का समय लेने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि प्रत्येक ग्राम के निवासी, जहां जैनी रहते हैं, यह जानते होंगे कि जैन मृतक का दाह-संस्कार करते हैं.

डॉ. गोड़के, गाड़ने शब्द का प्रयोग तो केवल हास्यास्पद ही नहीं वरन् लज्जास्पद भी है. " प्रत्यक्षं किम्प्रमाणम् " की उक्ति के अनुसार हम डाक्टर साहब से अनुरोध करते हैं कि वे किसी जैन शव के साथ स्मशान में जाकर अपनी आंखों से अपने कथन की निर्मूलता देखलें. जैनी मात्र के लिये ऐसे वाक्य लिखना उतना ही सत्य है जितना यह कहना कि ' ब्राह्मणों में अथवा क्षत्रियों में मुर्दे गाड़े जाते हैं '

अंतिम संस्कारों के विषयमें हम जैनियों के ' क्रियाकोष ' नामक ग्रन्थमें निम्नलिखित व्यवस्था पाठकों के सामने रखते हैं.

क्रियाकोष.

जन्म मरण क्रिया पेज नं. ९५-९६

थानें जैन धर्म प्रतिपाल, जे शुभ क्रिया अछूटी चाल,
तिनहिं भूल मत करियो कोय, जो आगम दृढ हिरदे होय ॥६५॥
पूरी आयु करि जब जिय मरें, ता पीछें जैनी इम करें ।
घडी दोयमें भूमि मशान, ले पहुंचे परिजन सब जान ॥ ६९ ॥
पीछे तास कलेवर मांहि, त्रस अनेक उपजे शक नाहिं ।
मही जीव विन लखि जिह थान, सूको प्रासुक ईंधन आन ॥७०॥
दग्ध करहिं आवें निज गेह, उष्णोदक स्नान कराहिं ।
वासर तीन वीत हैं जंब, कछु इक शोक मिटन को तंब ॥ ७१ ॥
स्नान करवि आवें निज गेह, दर्शन करिनिज घर पहुंचेह ।
निज कुल के मानुष जे थाय, ताकेघर तें असन लहाय ॥ ७२ ॥
दिन द्वादश वीते हैं जंब, जिन मंदिर इम करि हैं तंब,
अष्ट द्रव्यतें पूज रचाय, गान नृत्य वाजित्र बजाय ॥ ७३ ॥
शक्ति जोग उपकर्ण कराय, चंदोवादिक तासु चढाय ।
करवि महोच्छव इह विधि सार, पात्र दान दे हर्ष अपार ॥ ७४ ॥
परिजन पुरजन न्योति जिमाय, यथा शक्ति इम शोक मिटाय ।
अरु परिजन सूतक की बात, सूतक विधिमें कही विख्यात ॥७५॥
ता अनुसार करें भविजीव, हीन क्रिया को तजो सदीव ।
इह विधि जैनी क्रिया कराय, अवर कुक्रिया सवहि तजाय ॥७६॥

अब प्रश्न केवल यह है कि ' क्या जैनी हिन्दू हैं और हिन्दू कानून के पाबंद हैं?' ऊपर जो विवेचन किया गया है उससे पाठकों को बोध होगा कि जैन धर्म स्वतंत्र और प्राचीन धर्म है। हिन्दू धर्म, जिसे सनातन धर्म भी कहते हैं उससे जैन धर्म का कोई विशेष संबन्ध नहीं है. यदि हिन्दू शब्द का अर्थ हिन्दू धर्म

अथवा वैदिक धर्म के मानने वाले हैं तो जैनी हिन्दू नहीं हैं, यदि, हिन्दू शब्द से प्रयोजन आर्यों अथवा अहिंसक धर्मावलंबी भारत वासियों से है तो जैनी अवश्य हिन्दू हैं अर्थात जैनी हिन्दू हैं यह बात एक प्रकार से सत्य और एक प्रकार से असत्य है. सत्यता, असत्यता हिन्दू शब्द के अर्थ पर ही निर्भर है.

कानून का अवलंबन विशेष कर धर्म व जातीय रीति रिवाजों पर होता है जबकि जैनधर्म और जैन जाति की रीति रिवाजें स्वयं डाक्टर साहब के मतानुसार हिन्दू धर्म और हिन्दू रीति रिवाजों से भिन्न हैं तो जैन कानून और हिन्दू कानून स्वभावता ही अलग २ होने चाहिये। जैनियों में कानून के चार मुख्य ग्रन्थ हैं भद्रबाहूसंहिता, अरहन्नीति, वर्द्धमानूनीति और इन्द्र-नंदीजिनसंहिता।

हम यह कहे बिना नहीं रह सक्ते कि इस विषय में अधिक दोष जैनियों का ही है, क्योंकि इन्होंने इस ओर जैसा चाहिये वैसा ध्यान नहीं दिया है।

डॉ. टामस ने जे एच नेलसन्स " साइन्टिफिक स्टडी ऑफ हिन्दू लॉ." नामक ग्रन्थ में लिखा है कि यह कहना काफी होगा कि जब कभी जैन धर्म का इतिहास बनकर तय्यार होगा तो हिन्दू कानून के विद्यार्थी के लिये उसकी रचना बडे महत्व की होगी क्योंकि वह निःशंसय यह सिद्ध कर देगा कि जैनी हिन्दू नहीं हैं और वे कायदे से हिन्दू (संस्कृत) कानून के पाबंद नहीं ठहराये जा, सक्ते हम समझते हैं कि इन प्रमाणों से डॉ. साहब यह बात अच्छी तरह समझ जावेंगे कि उनका लिखना भ्रमपूर्ण है. और उससे एक महत्वशाली समाज के साथ अन्याय होता है. तथा जिस न्याय के लिये, इतना प्रयत्न कर रहे हैं उसी न्याय

के नाम पर वे अपने ग्रन्थ मे से सब वाक्य जो जैन धर्म के लिये अनादर और अन्याय कर रहे हैं, शीघ्र निकाल देंगे. हम यह मानते हैं कि डॉ. साहब ने जो कुछ लिखा होगा वह किसी द्वेष भावसे नहीं लिखा होगा, किन्तु पाश्चात्य और पौर्वात्य विद्वानों के भ्रमसे कुछ दिनों पहिले जैन धर्म के सम्बन्धमें जो अज्ञानता पूर्ण साहित्य प्रकाशित हुआ है उसी का वह फल होगा और डॉ. साहब ने अपनी युवावस्था में पढे हुए उस साहित्य के आधारपर ही अपने ग्रथ में कलम चलाई होगी. परन्तु करीब २५ वर्षों में अब इतना अधिक साहित्य इस सम्बन्ध में प्रकाशित हो चुका है कि उससे साफ २ यह सिद्ध होता कि:—

१ जैन धर्म किसी भी धर्म की शाखा न होकर स्वतंत्र और प्राचीन है.

२ बौद्ध धर्म जैनधर्म से पीछे निकला है.

३ जैनधर्म नास्तिक नहीं है.

४ जैमधर्म की रीति रिवाज स्वतंत्र. पवित्र और आर्यधर्मों के अनुसार ही है.

५ उसके अनुयायी किसी अन्य धर्म के कानून के पाबन्ध नहीं हो सक्ते.

आशा है कि डॉ. साहब भी हमारे लेखपर ध्यान देकर अपनी भूल सुधार लेने की कृपा करेंगे.

यदि इस सम्बन्धमें डॉ. साहब को और कुछ प्रमाणादि जानने की आवश्यकता हो तो इस पुस्तिका की लेखक तथा प्रकाशक. समिति सहर्ष उनकी शंकाओंका समाधान करनेको सर्वथा प्रस्तुत है ।

सार्वजनिक-हित

पहिला भाग

लेखक—

श्री मुनिमाणिक

प्रसिद्धकर्त्ता

जैनमित्र-मंडल सभा—मांडल

द्रव्यसहायक

सेठ केसरीचंद दीपचंद

नया बाज़ार अजमेरवाले

पं० अनन्तराम शर्मा के प्रबन्ध से
सेठ रामगोपाल पं० अनन्तराम के सद्धर्मप्रचारक प्रेस
देहली में मुद्रित।

प्रथमावृत्ति ५०० प्रति | वीर संवत् २४४१ सन् १९१५ | कीमत =) प्रति

प्रस्तावना ।

जैनी लोगों का क्या मन्तव्य है वो जैन और अन्य बंन्धु जानकर आत्महितैषी हो कर इस लोक में सुख मिलावें और परलोक में सुख पावे इसलिए सार्वजनिक हित लिखा है जो ग्रन्थ कितनेक भाग में छपेगा। हमारे सब भाई इस ग्रन्थ को अच्छी तरह से पढ़ कर उसका लाभ उठावें।

चारों भाग छपने की तैयारी पर है कीमत =) प्रत्येक भाग की है।

समाधि--शतक संस्कृत श्लोक हिंदी भाषान्तर के साथ छपता है कीमत ≡) है।

आदिनाथचरित्र, पांडवचरित्र छपने का है कीमत १०० पृष्ठ के ॥) आठ आना रहेगी। पुट्ठे पर लिखे पते से मिल सकेगी।

लिखनेवाले की माफिक छपानेवाले भी परमार्थ के लिये ही कार्य करते हैं। इसलिये प्रत्येक विद्याप्रेमी भाइयों को उसमें द्रव्य सहाय करनी चाहिए।

मुनिमाणिक

जैन-धर्म ।

प्रश्न—जैन धर्म किस को कहना ?

उत्तर—सब जीवों का भला करना, दया रखनी, क्षमा रखनी, शान्ति धारण करनी, पीड़ा देने वाले पर क्रोध नहीं करना, हितशिक्षा श्रवण करनी, कटु वचन न बोलना, मन निर्मल रखना, कुसंगति न करना, मा बाप बड़े भाई राजा अमलदार गुरु महाराजों की आज्ञा माननी, अपने दूषणों को दूर करना, अज्ञानता से प्रमाद से विस्मृति से जो भूल होवे दूसरे को हानि होजावे तो एकान्त में बैठ कर उसका पश्चात्ताप करना, और फिर भूल न होवे ऐसा दृढ़ निश्चय करना, किसी धर्म वाले की निन्दा न करना, नीच जाति का भी तिरस्कार न करना, अहङ्कार को हटाना, अनाथ अपंग रोगी पीड़ित दुःखित मनुष्य पशु पक्षी जन्तु को सताना नहीं, सहायता देकर बचाना, अपने जीव को कष्ट पड़े तो सहन करना किंतु दूसरे को पीड़ने का विचार भी न करना, अनीति अधर्म से धन न लेना, पराई वस्तु बिना पूछे लेना नहीं, बल जबरी से कोई भी चीज़ न लेना, लुटेरे बदमाशों दुराचारियों का सहवास न करना, वक़्त व्यर्थ न गंवाना, जूआ न खेलना, पानी में रात दिन न खेलना, भांग, गांजा, चुरट, हुक्का, बीड़ी, मदिरा, (दारू) अफीम वग़ैरह नशा की वस्तु की टेव न रखना, तास, सोगटे (चौपड़) बाज़ों में वक़्त न गंवाना, कपट न करना, विश्वासघात न करना, किसी की गुप्त बातको प्रकट

न करना, अन्धे लंगड़े काने को कटुवचन न कह कर दुःख न देना, ऐसे जो उत्तम काम हैं उनके करने में तत्पर होना और जिसमें दूसरे को दुःख होवे निन्दा होवे राज्य दण्ड होवे दुराचार बढ़ आवे आपस में क्लेश होवे धर्म की हानि होवे पाप की वृद्धि होवे वैसा भी अनर्थ अकार्य अनाचार छोड़ना चाहिये।

प्र०—ऐसा उपदेश आप कहां से करते हो, क्या आप सर्वज्ञ हो ?

उ०—मैंने जो शास्त्र जैनमत के पढ़े हैं और सद्गुरु महाराज की सेवा की है, परमात्मा का ध्यान किया है उन कारणों से और मेरे हृदय में से अज्ञानरूपी अन्धकार दूर होने से सम्यग्ज्ञान कुछ प्रकाश होने से मेरे ये वचन निकलते हैं अनुभव में भी उसका अच्छा फल मेरे को मिल रहा है। जो लोग जैन नहीं हैं उनमें से भी भीतर से ऊपर छिपे हुए गुणों को पसन्द करते हैं और दुर्गुणों को छोड़ने को चाहते हैं। जिससे मैं अल्पज्ञ होने पर भी मैंने यह ग्रंथ लिखने की चेष्टा की है जो महाशय उसको अच्छा माने सो ग्रहण करे और उसमें अनुचित देखे वह छोड़ देवे तो और भी अच्छा है क्योंकि सज्जन और हंस समान हैं—

सज्जन सद्गुण धारकर, दुर्गुण करत है दूर।
हंस क्षीर का पानकर, पानी राखत दूर॥

गृह्णाति सुज्ञः सुगुणान् स्वचित्ते, विमुच्य बुद्ध्या कटुदुर्गुणान् यत्।
यथेव हंसश्च जलं विमुच्य यः क्षीरपानं विमलं विधत्ते॥

प्र०—आपका सद्बोधदाता कौन है और उसका चरित्र और उपदेश क्या है ?

उ०—मेरे सद्बोधदाता इस दुनियां के उत्तम पुरुष हैं और उन्होंका चरित्र और उपदेश जगत् में हितोपदेश रूप होने से सर्वव्यापी हो रहा है, जहां २ आप सद्गुण परोपकार सज्जनता निस्पृहता क्षांति शांति जिस में देखें वे उत्तम गुणधारक मेरे गुरु हैं सद्बोधदाता हैं और जिसके लेख में वा उपदेश में हितोपदेश दीखे वे लेख सभी मेरे शास्त्र हैं।

प्र०—हितोपदेश दुराचारियों को भी फाइदा पहुंचा सक्ता है या नहीं ?

उ०—पहुंचा सक्ता है किन्तु समय ज्यादा चाहिये, जैसे शरीर में रोग बहुत फैल रहा होवे तो उत्तम वैद्य भी धीमे २ दूर करता है किन्तु रोगी को धीरज धारण करना चाहिये, जो रोग असाध्य कहने में आते हैं वे भी दैविक औषधों से दूर होजाते हैं ऐसी ही रीति से ऐसे पापी दुराचारी अधर्मी अकृत्य करने वाले को भी आशा (यक़ीन) होजाने से सद्गुरु के वचन और उनकी शास्त्र हितकारी होते हैं और उनको पवित्र बनाकर सन्मार्गमें लाकर पूज्य पदवी तक पहुँचा सक्ते हैं।

प्र०—आस्था श्रद्धा यक़ीन विश्वास सब मज़हब वाले पुकारते हैं किन्तु सबके वचन में भिन्नता होने से आस्था

कहां रक्खे, और ऐसी आशा रखने से एक बाड़े में पशु की तरह बन्धन में आजाते हैं और धर्म के नाम पर परस्पर झगड़ा करते हैं, युद्ध करते हैं, गालियाँ देते हैं, निन्दा के पुस्तक छपाते हैं और अनेक झूठ कपट वग़ैरह पाप करते हैं जिससे हमारे जैसे सामान्य बुद्धि वालों को कहीं भी श्रद्धा नहीं होती।

उ०—आपका कहना ठीक है। मेरे को भी अनुभव हुआ है। इस दुनियां में ऐसे अनर्थ करने वाले अज्ञानता से किं वा दुर्बुद्धि से किं वा स्वार्थभ्रष्टता से ऐसे बाड़े बांधकर विचारे भोले लोगों को फँसाते हैं, उनकी संपत्ति छीन लेते हैं, परस्पर झगड़ा कराते हैं, आप डूबते हैं औरों को डुबाते हैं जिससे श्रद्धा नहीं होती तो भी एक सुगम मार्ग है कि जहां दूसरे की निन्दा न होवे, परमार्थ का पोषण होवें, सद्वर्त्तन की रीति होवे वहां परीक्षा कर सहवास कर अपनी श्रद्धा रखने में कोई नुक़सान नहीं है।

प्र०—परीक्षा ज्ञान विना नहीं हो सकती तो पहिले ज्ञान पढ़ना चाहिये तो ज्ञान कैसे पढ़ना और क्या ज्ञान पढ़ना?

उ०—अपने मा बाप किं वा परमार्थी पुरुष वा राजा ने जो पाठशाला बनाई है वहाँ लिखना पढ़ना गणित भूगोल इतिहास, ज्योतिष (खगोल) पढ़ना और बारह वर्ष से लेकर २० वर्ष की उम्र तक सृष्टि का अनुभव करना गुरु नाम धारक महात्माओं से परिचय में आकर अपनी

निर्मल बुद्धि से उन सब बातों का निर्णय कर पीछे श्रद्धा करना चाहिये ।

प्र०—आपकी उम्र कितने बरस की है और आपने क्या अनुभव प्राप्त किया है ? ।

उ०—मेरी उम्र इस समय ५२ बरस की है और मैंने हिंद में बम्बई से लेकर कलकत्ता आगरा देहली तक ब-म्बई से सूरत, सूरत से नासिक तक १२ बरस साधुपने में रहकर यह अनुभव मिलाया है और ३० बरस की उम्र तक मारवाड़ गुजरात दक्षिण बराड़ में फिर कर अनुभव किया है जिससे अनेक धर्म वालों से उनके गुरुओं से बात चीत का मौक़ा मिला है और सहवास होजाने से मेरा निश्चय हुआ है कि दुनियां में जिसके हृदय के चक्षु खुल गये हैं और रात दिन ज्ञान ध्यान में जिस की आत्मशक्ति फैल रही है उन सभी सज्जनों का एकही मन्तव्य है कि जीवों की रक्षा करना हितकारक मित और सत्य वचन बोलना चोरी त्यागना ब्रह्मचर्य की प्रधानता रखनी परिग्रह की मूर्छा छोड़कर परमार्थ करना स्त्री पुरुषों को परस्पर परि-चय कम रखना ज्ञान को प्रधान स्थान देना नीच जाति का अपमान न करना दुर्बल को भी न सताना ।

प्र०—फिर वे लोग जाहिर में सब धर्म वाले एक क्यों नहीं होजाते और दुनियां में धर्म नाम से जो नाश होता है वह क्यों दूर नहीं करते ?

उ०—इस समय अपने पुण्योदयसे नामदार न्यायी पवित्र अंग्रेज़ सरकार का राज्य हुआ है और जगह जगह पाठ-

शाला खुल रही हैं और छापाखाने में हर एक धर्म की पुस्तकें छपी हुई मिलती हैं उस दिन से लोग परस्पर के उत्तम अभिप्रायों को देख कर परस्पर सहवासकर शान्तिगुण धारक हुए हैं और ऐक्यता करने को चाहते हैं तो भी विद्वान् से कुपढ़ ज्यादा होने से और कुपढ़ों से भिन्न हो जाने से वे लोगों का विशेष अहित होने का संभव होने से जाहिर में ऐक्यता का वचन विद्वान् नहीं बोलते किंवा अपना साफ़ साफ़ मत नहीं देते तो भी मेरे अनुभव से मेरे को मालूम होता है कि भविष्य में मतान्तर के झगड़े कम होते जावेंगे और ज्यूं ज्यूं विद्या बढ़ेगी त्यूं त्यूं शान्ति ज्यादह फैलेगी और जाहिर में भी स्पष्ट वचनें में ऐक्यता की बात कहेंगे यहां पर भी मुमुक्षुओं को धीरज रखना चाहिये ।

प्र०—मुमुक्षु शब्द का अर्थ आप खुले शब्दों में बतावें ।

उ०—जिसको आत्मज्ञान है वह पुरुष मुमुक्षु कहा जाता है और आत्मज्ञान होने से अपनी इंद्रियों को अपने वश रखता है और इंद्रियों के वश होने से स्वपर का कल्याण कर सकता है उत्तम गुणों को धारण कर सकता है क्रोध उससे दूर भागता है अहंकार विमुख होता है कपट नज़-दीक में नहीं आता लोभ दूर ही रहता है तृष्णा समीप नहीं आती वह पुरुष इस जगत् में पूज्य होता है और संपूर्ण आत्मज्ञान प्रकट हो जाने पर जीवन्मुक्त सर्वज्ञ केवली कहलाता है उसका वचन सर्वमान्य होता है नि-रीह (निःस्पृह) होने से दुनियाँ के लोग उस के चरण में

शीस झुकाते हैं लोग रात दिन उस की उपासना करते हैं उस के नाम का जाप करते हैं वह पुरुष जगदीश कहलाता है उस के नाम से उपद्रव नाश होते हैं उस के वचन श्रवण करने से संसार में जो आधि व्याधि उपाधि पीड़ा देती है सो सब दूर हो जाती हैं उस की माता रत्नकुक्षी रत्नप्रसु रत्नगर्भा कहलाती है उस को लोग अपना बान्धव, मित्र, त्राता, धाता पालक कहते हैं उस को उत्तम उपमायें दीजाती हैं जैसे कि हे जगत् में चिन्तामणि रत्न समान! हे जगत् में कल्पवृक्ष तुल्य! हे जगत् में काम कुम्भ समान! हे जगत् में कामधेनुसमान ! हे जगत् में देववैद्य तुल्य! ऐसी जगत् में उपद्रव हरने वाली सुख देने वाली जो वस्तु है वह सभी वस्तुओं की उपमायें उस महापुरुष को देते हैं और वही साकार ईश्वर है उसी की मूर्त्ति बनाते हैं और पूजते हैं ध्यान करते हैं राजा महाराजा देव देवेन्द्र उसकी पूजा करते हैं जैन लोग उसी को अर्हन् जिन वीतराग कहते हैं। उस को कोई शङ्कर कोई महादेव कोई विष्णु कोई ब्रह्मा कोई खुदा कोई परमेश्वर कहते हैं और वह पुरुष जन्म मरणादि से रहित हो जाने से निराकार भी हो जाता है।

प्र०—मुमुक्षु नहीं होने से क्या नुक़सान है?

उ०—जो आदमी बुद्धिमान् है उसको मालूम होता है कि मैं शरीरमें क़ैद में पड़ा हूं बन्धन तोड़ना मेरा फरज है बन्धन में पड़ने में अनेक रोग पीड़ते हैं रोग में प्रवेश होने से सुख भी सुखाभास याने परिणाममें दुःखरूप ही हो जाता है नये नये शरीर बदलते समय माता के गर्भ में अनेक

कष्ट सहन करने पड़ते हैं और एक पेटके पराधीन हो जाने से अनीति से धन मिलाना पड़ता है विश्वासघात करना पड़ता है इस लिये मुमुक्षु होना अच्छा है जिस से सब अनर्थ मिट जावें।

प्र०—सुख और सुखाभास का भेद क्या है ?

उ०—जो सुख निश्चल है स्थायी है निरन्तर है अव्याबाध है निर्भय है वह सुख है और अल्प कालका, पीड़ा से मिश्र, भय से भरा सुख है सो सुखाभास है।

प्र०—दृष्टान्त देकर वह आप समझाइये।

उ०—जो निराकार अवस्था में सुख है वह सुख है और साकार अवस्थामें जो सुख है वह सुखाभास है इस लिये मुक्ति सुख है सो सुखकी गिनती में है और साँसारिक सुख सुखाभास की गिनती में है इस लिये आत्महितचिन्तक मुक्ति सुख को चाहते हैं और मुमुक्षु बनते हैं और आत्मज्ञान से विमुख बाल, मन्द बुद्धि वाले मुक्तिसुख से अज्ञान होने से साँसारिक सुख को चाहते हैं।

प्र०—सांसारिक सुख प्रत्यक्ष देखने में आते हैं आप उस को सुखाभास कैसे कहते हैं ?।

उ०—वह उस सुख को भोगने वाले स्वयं अनुभव करके कहते हैं कि वह सुखाभास हैं मधुर गायन श्रवण करने से वो पुरुष फंस जाता है अच्छा रूप देख कर अपनी पूर्वावस्था भूल जाता है अच्छी सुगंधि सूंघने में अनेक कष्ट सहन करने

पड़ते हैं जीभ के स्वाद से अनेक रोग उत्पन्न होते हैं स्त्री के कोमल स्पर्श से मुग्ध हो कर दुराचारिणी वेश्या के प्रेमी होते हैं इस लिये सांसारिक सुख अनर्थ के मूल दूसरे को पीड़ा करने वाले और अस्थिर अल्प काल के हैं और निरंतर भय देने वाले हैं। कहा है कि—

भार्या रूपवती शत्रुर्माता च व्यभिचारिणी।
ऋणकर्त्ता पिता शत्रुर्बान्धवः कलह प्रियः॥

प्र०—सांसारिक प्रत्यक्ष सुख को छोड़ कर परोक्ष मुक्ति सुख को बुद्धिमान् कैसे ग्रहण करेगा? और आपके कहने पर भी श्रद्धा कैसे होवेगी?

उ०—आप सांसारिक सुख को नहीं छोड़ोगे तो मृत्यु आपको बल जबरी से छुड़ावेगा, बुढ़ापा व्याप्त होने पर आप खुद छोड़ देंगे, रोगों से पीड़ित होने पर आपको गाना नाटक रमणी (औरत) छाड़ी बागीचे खाना पीना सोना बैठना उठना फिरना अच्छा नहीं लगेगा, आपके मित्र भी शत्रु होवेंगे, आप का बेटा पैसे के लिये जान लेने को तय्यार होगा। जो आप मेरे किंवा कोई मुमुक्षु का कहना मानोगे तो यहां पर भी निर्भय हो जाओगे नहीं तो दुराचार में फंस कर आप की अक्ल पर हंसने वाले एक युवक की तरह दुःख पाओगे।

प्र०—उस युवक ने कैसे दुःख पाया?

उ०—एक पैसे वाले श्रीमान् गृहस्थ ने मरने के समय अपने युवक बेटे को बुला कर कहा—"बेटा! यदि जो तू मेरे

को सच्चा पिता माने तो कभी भी पर औरत का मुंह न देखना" बेटा बोला—"क्या होगा"? बापने कहा—"मेरी पूंजी बरबाद हो जावेगी, घर में सुख नहीं दीखेगा और रोगों से सड़ सड़ कर मरेगा" ; इतना कहने से लड़का हंसने लगा कि मैं क्या कम अक्ल हूं कि बाप मेरे को समझाता है। तो भी बापने कहा-"बेटा! मेरा कहना ज़रूर याद रखना"। बाप मर गया, बेटा गाड़ी घोड़े में फिरने लगा और सेठ साहब की गिनती में आ गया। एक दिन किसी विदेश गये हुए पुरुष की औरत गोख में खड़ी थी उसे देख कर सेठ का बेटा मोहित हो कर खड़ा हो गया। औरत ने चिट्ठी डाल सूचना दी कि रात के नव बजे पर यहां इकले चुप चुप चले आओ। बिचारा वह जवान अपनी बुद्धि को दूर कर उसकी खूबसूरती से अन्धा हो कर रात को वहां कपड़ा गहना पहन कर आया। घरमें घुसा, वह औरत प्रसन्न हुई। बातें करने में घंटे चले गए। रात्रि को मध्य रात होने पर उसका पति परदेश से एकदम आकर घर में दाखिल हुआ। देखते ही क्रोधित हो कर अपने घरमें से छुरा ले कर उस युवा को जान से मार डाला। औरत की नाक काटी और अपनी जान ले कर जैसा आया था वैसा ही चला गया। औरत पश्चात्ताप करके अपघात करके वहां ही मर गई। आप भी ख्याल रखो संसार का सुख कैसा अच्छा लगता है।

प्र०—वह मूर्ख था कि पर औरत में प्रीति करने को गया। अपनी औरत खूबसूरत होने से सब सुख मिल सकता है।

सबी में सन्तोष रखकर गृहस्थ होवे तो क्या दुःख है क्योंकि जो आदमी अपनी औरत में संतोष रखता है वह भी ब्रह्मचारी की गिनती में सुनते हैं और यहां पर भी उस को सुख मिलेगा।

उ०—आपका कहना बहुत अच्छा है। आप ऐसी सद्-बुद्धि धारण करके जो स्वदारसंतोषी हो जाओगे तो जरूर सुख प्राप्त करोगे और ब्रह्मचारी की गिनती में आओगे। आपकी आबरू, घर की दौलत, शरीरकी शक्ति और मगज की तीक्ष्णता ज़रूर बढ़ाओगे तो भी आपको एक बात का ख्याल रखना कि घर की औरत से मोहित हो कर अपना धार्मिक नैत्यिक व्यवहार नहीं भूलजाना।

प्र०—धार्मिक नैत्यिक व्यवहार कैसे भूल जाते हैं?

उ०—औरत में मुग्ध होने वाले पुरुष परमेश्वर को भूल जाते हैं, परमार्थ को दूर करते हैं, अत्याचार को स्वीकार करते हैं और जिसका आप पालक है उसको भी भूल जाता है जिस से वह पुरुष अपने आधार पर रहे हुए बालक किंवा प्रजा किंवा माता पिता चाकर बन्धु सबों का नाश कर डालता है और आप भी बुरे हालसे मरता है।

प्र०—दृष्टान्त दे कर आप समझाइये।

उ०— आपको मालूम होगा कि पहिले हिंद में हिंदुओं का राज्य था दिल्ली ही राजधानी थी, पृथ्वीराज चहुआन राज्य करता था जिसने सात वक्त बादशाह को हराकर यशोवाद का डंका दुनिया में बजाया था। उस

पृथ्वीराज ने अपनी खूबसूरत पटरानी में मोहित होकर इतना अनर्थ कर डाला कि आप बुरे हाल से अंधा हो कर ग़ज़नी में विदेश में मरा और अपनी प्रजा को बुरे हाल से मरवाया और हिन्दु राज्य और धर्मका नाश करडाला। सज्जनोंको एकही दृष्टान्त बहुत है। और विशेष देखना हो तो प्रेक्षक होकर जगत् में घूमो तो जगह जगह देखोगे तो कोई युवक औरत के वश होकर अपने माता पिता को कटु वचन कह कर घर में से निकाल देता है, अपने भाइयों को भर्तृहरि की तरह निर्दोष को भी दोषित कह कह कर शिक्षा देता है, कोई तो पूर्व की स्त्री के बच्चों को सताता है। ऐसे अनर्थ औरत मुग्ध लोकों से होता है। पवित्र दिनों में परमार्थ करना, परमेश्वर की भक्ति करना और उत्तम उत्तम ग्रन्थ पढ़ना वे सब औरत मुग्ध लोकों से नहीं होते। पशुओं में अमुक समय संग होता है किंतु बुद्धि से विमुख हो कर कितनेक युवक अपने वीर्य की क़ीमत भूल कर रात दिन अपनी स्त्री का सहवास रख कर अपने भविष्य सुख का नाश करते हैं। रोगों की वृद्धि और कम ताकत हो जाती है। पूर्ण आयु होने से पहले ही अपना सत्व नाश कर बूढ़े जैसी कम ताकत मिला कर थोड़े काल में मृत्यु के वश होते हैं। यह सब बातें अपनी औरत के संग करने वालों को भी दुःख देने वाली होती हैं इस लिये स्त्री भी भय से भरा हुआ सुख देने वाली है। आप ख्याल करके सांसारिक सुख को चाहें।

प्र०—आप साधु हो गये हैं इस लिये आप सब को साधु बनाना चाहते हैं।

उ०—बन्धुओ ! साधु होना दुर्लभ है। साधुता का अंश भी मिल जावे तो मैं शीघ्र मुक्ति में चला जाऊं। धन्य है सच्ची साधुता को धारण करने वाले खंधक मुनि जैसे महात्माओं को कि जिसने प्राणान्त कष्ट आने पर भी क्रोध को धारण न किया उनके चरणों की रजःस्पर्श करने से भी मेरा कल्याण हो जावे।

प्र०—खंधक मुनि का दृष्टान्त सुनाइये जिससे हमारा काम हृदय और जन्म पवित्र हो और सच्ची साधुता आवे।

उ०—एक राज पुत्र सद्बोध पाकर दीक्षा लेकर आत्म-ध्यान करते हुए एक शहर में आ गये। अङ्ग पर जीर्ण वस्त्र थे और तपश्चर्या करने से लोहू मांस सूख गया था सिर्फ हड्डी चमड़ी अङ्ग पर रही थी तो भी मुखमुद्रा बड़ी प्रसन्न थी। राजा की रानी महल की बारी में से देख कर मुनिराज की प्रशंसा करने लगी कि धन्य है कि ऐसे महात्माओं को जो तपश्चर्या करके अपने पूर्वपापों का नाश कर देते हैं और किसी को पीड़ा नहीं देते हैं। फटे जीर्ण मलिन वस्त्र पर जिस को दुःख नहीं होता इत्यादि गुणों से रंजित हो कर रानी कुछ प्रसन्न मुख वाली हुई। हर्ष के उद्गार निकालने लगे और रोम राजी उस की विकस्वर हो गई। राजा थोड़ी देर में आया, रानी ने उसका ख्याल भी नहीं किया जिस से राजा क्रुद्ध हो कर तपास करने लगा कि रानी बेमर्याद कैसे हो गई। तपास करने से मालूम हुआ कि एक कोई साधु थोड़ी देर पहिले यहां से गया जिस को देख कर रानी बेमर्याद हुई है। राजा ने

शीघ्र सिपाहियों को भेज कर अनर्थ के करने वाले साधु की चमड़ी उतारने का हुक्म दिया। राजा का हुक्म होते ही सिपाहियों ने साधु जंगल में खड़ा रख कर कहा 'हे साधु! अपने इष्ट देव को स्मरण कर हमारे राजासाहिब से हुक्म हुआ कि तेरी चमड़ी उतार लेनी, साधुने कहा 'बहुत अच्छा उतार लो मेरे इष्टदेव का स्मरण पहिले ही मेरे को हो गया है किन्तु आप सभाल रखें कि मेरी चमड़ी कोमल नहीं है आप के हाथ को आप की छुरी न लग जावे, ऐसा कह कर मुनिराज ने आत्मतत्त्व में ध्यान लगाकर शरीर की ममता छोड़ दी। जैसे पुराने कपड़े को उतारने पर बुद्धिमान् पुरुष को आंख में आंसू नहीं आते इसी तरह से मुनिराज ने आत्मा से भिन्न शरीर को पुराने कपड़े की समान मान कर उतारने दिया। न सिपाही पर क्रोध किया न राजा पर क्रोध किया, न मन में भी दुःख माना--आत्मस्वरूप का चिन्तन कर पूर्व कर्म को भोग कर कैवल्य ज्ञान पाकर मुक्ति को गये। जन्म रोग बुढ़ापा की उपाधि से मुक्त हो कर मुक्ति का अनुपम अचल निरुपद्रव सुख को भोगने लगे।

प्रश्न—ऐसी स्थिरता आज के समय में होती है कि नहीं?

उत्तर—धर्मकार्य में शरीर से निर्मोही होकर ऐसा कष्ट सहन करना और क्रोधित नहीं होना आज के समय में होना दुर्लभ है जिससे केवल ज्ञान और मुक्ति दोनों इस समय नहीं मिलती न ऐसे दृढ़गुणधारक तपस्वी मुनिराज देखने में आते हैं।

प्रश्न—पूर्व में थे उस को कैसे संभावना ।

उत्तर—युद्ध में जो वीरपुरुष राज्य के लिये किंवा देश के हितार्थे जो आत्मसमर्पण करते हैं और युवा स्त्री बालक पुत्र किंवा करोड़ों रुपये की मूर्छा उतार देते हैं जैसे आज युद्ध में वीरपुरुष रणक्षेत्र में वीरता धारण करते हैं वैसे ही पूर्व में तपस्वी वीरपुरुष आत्मसमर्पण करते थे किन्तु युद्ध में वीरता धारण करनी सुलभ है और तपश्चर्या में शत्रु पर भी क्रोध न कर समताभाव धारण करना बहुत दुर्लभ है इसलिये हजारों सुभटों को जीतने वाला वीरपुरुष को जितनी शाबाशी है उससे करोड़ों गुनी शाबाशी एक क्रोध को जीतने वाले वीरपुरुष की है ।

प्रश्न—क्रोध जीतने से क्या मुक्ति शीघ्र हो जाती है ?

उत्तर—क्रोध से भी अधिक शत्रु मान है जो क्रोध नहीं करने वालों को भी सद्गुण नहीं लेने देता क्योंकि जब मान छोड़ेगा तब वही नमस्कार करेगा और नमस्कार करने से विद्या प्राप्त होगी विद्या से आत्मज्ञान और चारित्र मिलेगा-और चारित्र से कैवल्य ज्ञान प्राप्त करते हैं पीछे मुक्ति होती है ।

प्रश्न—चारित्र किस को कहते हैं ?

उत्तर—आत्मा का स्वरूप समझ कर बाह्य इंद्रियों के विषयों की रमणीयता का राग छोड़ कर अप्रियता का द्वेष छोड़ कर समता धारण करना उसको चारित्र कहना । उस के दो भेद हैं व्यवहारचरित्र और निश्चयचरित्र ।

प्रश्न—व्यवहारचरित्र किस को कहते हैं ?

उत्तर—ज्ञान प्राप्त करने के लिये गुरु के पास रहना सेवा करना और इंद्रियों के विषयरस छोड़ने का दृढ़ अभ्यास करना दिन पर दिन त्याग दशा में वृद्धि करना २२ परिषहको सहन करना वो व्यवहारचरित्र कहलाता है ।

प्रश्न—२२ परिषह का स्वरूप बताना चाहिये ।

उत्तर—(१) क्षुधा (२) तृषा (३) ठंड (४) ताप (५) डाँस मच्छर का उपद्रव (६) वस्त्र की जीर्णता (७) प्रतिकूल वस्तु का दुःख सहना (८) स्त्री संग त्याग (९) पैदल विहार (१०) अयोग्य मकान (११) अयोग्य शय्या (१२) योग्य वस्तु न मिलना (१४) रोग (१५) काँटेवाले घास का स्पर्श । (१५) शरीर पर मैल का उपद्रव (१६) सत्कार में अहंकार न लाना (१७) आक्रोश (१८) वध (१९) याचना (२०) विशेष विद्या से नम्रता रखनी (२१) अज्ञानता में अदीनता (२२) धर्म में दृढ़ श्रद्धा रखनी ।

प्रश्न—निश्चयचारित्र क्या है ?

उत्तर— आत्मा में दृढ़ भाव रख कर आत्मा को ही अपना हित करने वाला जानकर आत्मा से अतिरिक्त पदार्थों पर राग द्वेष हटाना सो निश्चयचारित्र है और निश्चयचारित्र पाकर जीव शीघ्र कैवल्य ज्ञान पाता है इस लिये निश्चयचारित्र मुख्य है ।

प्रश्न—व्यवहारचारित्र आप गौण क्यों बताते हो और आपने कौनसा चारित्र धारण किया है ?

उत्तर—व्यवहारचारित्र गौण बताने का सबब है कि उस में जगह जगह अपना मंतव्य सिद्ध करके बुद्धिनिधान साधु भी परस्पर क्लेश बढ़ाने का प्रयत्न कर रहे हैं जैन मंतव्य का स्याद्वाद रहस्य न समझ कर गच्छों का झगड़ा खड़ा करना, परस्पर कटुवचन कहना, आत्महित के ग्रंथ बनाना पढ़ना छोड़कर जिससे परस्पर विरोध होवे वीतराग के निर्दोष धर्म में दूषण स्थापन करावे अपनी अज्ञानता से सिद्धान्त के गूढ़ रहस्य को न समझ कर कुयुक्ति से परस्पर खंडन मंडन करे और जैनधर्म की हेलना करावे ऐसे कार्य व्यवहारचारित्र से बनते देख कर उस को गौण बताया है और व्यवहारचारित्र निश्चयचारित्र का सहायक है। जो व्यवहारचारित्र से निश्चयचारित्र न पावे तो उस का व्यवहारचारित्र सिर्फ उस को बोझा रूप ही है जैसे चंदन को उठाने वाला गधा चंदन को शीतलता का भागी नहीं होता इसी तरह से साधु व्यवहारचारित्र धारण करके भी आत्महित नहीं कर सकता वो सिर्फ लोगों में ही साधु कहाता है। आत्मज्ञान बिना किंवा आत्मतत्त्व में लीन नहीं होवे वहां तक उसको यहां पर शान्ति प्राप्त नहीं होती तो परलोक में सद्गति कैसे मिलेगी? इसलिये व्यवहारचारित्र गौण है और निश्चय चारित्र प्रधान है—मैंने बाहर से व्यवहारचारित्र धारण किया है और आत्मा में आभ्यंतर दृष्टि से निश्चयचारित्र धारण किया है।

प्रश्न—एक समय एक पुरुष को दो चारित्र कैसे हो सकते हैं?

उत्तर—समय शब्द के दो अर्थ होते हैं--जो सूक्ष्म समय जैन लोगों ने माना है वो समय का ज्ञान केवल ज्ञानी ही जानते हैं और मैं केवल ज्ञानी नहीं हूं इस लिये मैं वो समय का बयान नहीं कर सकता और लौकिक वर्तमानकाल का मेरे को ज्ञान है जिससे मैं कह सकता हूं कि एक समय में मेरे को दो चारित्र हो सकते हैं।

प्रश्न—दृष्टान्त देकर समझाइए।

उत्तर—जैसे एक क्लार्क (मुनीम) अपने सेठ की तरफ़ से व्यवहार करता है और सेठ के लिये रात दिन प्रयास कर रहा है और सेठ के नफ़ा नुक़सान से अपना हर्ष शोक दिखाता है जिससे सेठ प्रसन्न होकर उसको इनाम भी देते हैं और क्लार्क की इज़्ज़त भी बढ़ती है जो अच्छी तरह से सेठ उसकी ख़बर रखे तो दोनों को फ़ायदा पहुंच सकता है नहीं तो दोनों का अहित है इस तरह वीतराग प्रभु ने मन्द बुद्धि वाले भव्यात्माओं के हितार्थ यह व्यवहारचारित्र बताया है जिससे सद्गुरु के आश्रय पर मन्द बुद्धि वाले भी आत्महित कर सकें और सद्गुरु और सुशिष्य को परस्पर फ़ायदा हो सके और वे दोनों आराधक होकर मुक्ति मिला सकें और जब योग्य ज्ञान संप्राप्त होजावे तब सद्गुरु सुशिष्य को समझाते भी हैं—हे महानुभाव ! देख व्यवहारचारित्र से भी अधिक सुखदाई निश्चयचारित्र है वो भूल मत जाना एकान्त में बैठ कर उसको स्मरण कर । जिस समय तू सर्वथा निर्मोही हो जावेगा उस समय केवल ज्ञान पावेगा और मुक्ति प्राप्त

करेगा जैसें वीर प्रभु ने गौतम गोत्र के इन्द्रभूति गणधर को बताया था।

प्रश्न—इन्द्रभूति महाराज का अधिकार क्या है?

उत्तर—जिस समय महावीर प्रभु को कैवल्य ज्ञान हुआ उस समय इन्द्रभूति आदि ११ वैदिक ब्राह्मण चौदह विद्या के पारगामी यज्ञ कर रहे थे देवों ने समवसरण (सभामण्डप) बनाया हज़ारों मनुष्य महावीर प्रभु की वाणी सुन कर प्रसन्न होते चले आते थे वह देख कर इन्द्रभूति जो सब से बड़े थे वो आश्चर्य देखने को आये वहां केवल ज्ञान से इन्द्रभूति जी के अभिप्राय को जान कर उन के मन में जो जीव का संशय था वो वेदपदों का सम्यगर्थ समझाया था जिससे वे प्रथम शिष्य हुए। अनुक्रम से ग्यारहों ब्राह्मणों ने आकर प्रश्नोत्तर करके शिष्यपद प्राप्त किया। उनके साथ ४४०० ब्राह्मणों ने भी दीक्षा ली किन्तु सब से गुरुभक्ति में दृढ़राग गौतम इन्द्रभूति जी को था हर वक्त महावीर महावीर पुकारते थे और एक समय में भी नहीं भूलते थे। गुरु श्री महावीर प्रभु ने एक समय कहा कि हे सुशिष्य! केवल ज्ञान की इच्छा हो तो निश्चयचारित्र की एकान्त में भावना कर। सुशिष्य ने कहा कि आप मेरे साक्षात् केवल ज्ञानी गुरु बैठे हो मेरे को क्या ज़रूरत है मैं तो आप की सेवा में ही आनन्द करूंगा ऐसी गुरु पर दृढ़ भक्ति से इन्द्रभूति जी को अनेक लब्धियें चमत्कारी विद्यायें प्राप्त हो गईं और जो शिष्य इन्द्रभूति जी के चरणका शरण लेता था वह भी केवल ज्ञान को प्राप्त करता

था किंतु दृढ़ भक्ति का प्रशस्त राग इन्द्रभूति जी का दूर न होने से कैवल्य ज्ञान महावीर प्रभुके अन्त समय तक भी उन इन्द्रभूति जी को न हुआ। दिवाली के दिन जब महावीर प्रभु का निर्वाण (मोक्षगमन) हुआ उस समय देवशर्मा ब्राह्मण को प्रतिबोध करने को इन्द्रभूति जी गये थे वो आये और पहले तो सद्गुरु के वियोग का विलाप किया और थोड़ी देर पीछे आत्मज्ञान प्रकट होने से आत्मसत्ता में दृढ़ भावना कर शुद्ध चिदानन्दस्वरूप का ध्यान करने से केवल ज्ञान प्राप्त किया। आज भी जैन लोग भगवान् महावीर प्रभु का निर्वाण महोत्सव का तप जप महिमा करते हैं और एकम के रोज गौतम इन्द्रभूति का रास पढ़ते हैं जिस में गौतम स्वामी का चारित्र मालूम होता है।

अंगूठे अमृत बसे, लब्धि तणो भंडार।
ते गुरु गौतम समरिये, मनवांछितफल दातार ॥

प्रश्न--आप के जैसे और भी साधु साध्वी विद्यमान हैं?

उ०--मैं केवलज्ञानी नहीं हूं मैं दूसरे के अन्दर की बात कैसे कह सकता हूं और ऊपर से मेरे जैसे वेषधारक बहुत मिलेंगे जिसे गुजरात मारवाड़ दक्षिण में संवेगी साधु बोलते हैं और कछेक भिन्नता वाले अपने को साधु मार्गी कहते हैं और कितनेक अपनेको जति नामसे कहते हैं यह सब श्वेताम्बर सम्प्रदाय के हैं और दिगम्बर सम्प्रदाय में भट्टारक क्षुल्लक ब्रह्मचारी एलक नाम से प्रसिद्ध हैं।

प्रश्न—उन लोगों के वेष में ही भेद है कि मन्तव्य में भी भेद है ?

उत्तर—मन्तव्य में भेद होजाने से ही वेषभिन्नता हुई है।

प्रश्न—क्या भेद है जो मेरे को योग्य समझो तो संक्षिप्त से बताइये।

उत्तर—वास्तविक रीति से आभ्यन्तर दृष्टि से मैं मेरी बुद्धि के अनुसार देखता हूं तो मेरे को भेद नहीं दीखता क्योंकि रागद्वेष को हटा कर पांच इन्द्रियों के और मन के विषय को रोक कर क्रोध मान माया लोभ को जीत कर पञ्च महाव्रत पाल कर मुक्ति में जाना और पूर्व में बताये हुए अर्हन् जिन तीर्थङ्कर की शरण लेना, उन का जाप करना, ध्यान करना, स्तुति करना, पूजन करना सब को मंजूर है और इस रीति से चलने वाले आत्मध्यान में रक्त होकर कर्मबंधन तोड़ने को समर्थ भी हो सकेंगे। जितनी त्याग दशा, जितना निर्मोहीपना, जितनी आत्मा की निर्मल भावना उतना ही मुक्ति का परम श्रेय कारण है और राग द्वेष बढ़ाने वाली जितनी क्रिया किंवा उपदेश किंवा ध्यान है सो संसारवृद्धि का कारण है।

प्रश्न—आपके वचनों से वे सब एक हैं तो भिन्नता कैसे रह सकती है ?

उत्तर—बाड़े के बन्धन में पड़े हैं, योग्य ज्ञान की प्राप्ति नहीं हुई, संसार की मान दशा छूटी नहीं और राग द्वेष के वश में पड़े हैं इस लिये एक नहीं हो सकता।

प्रश्न—आपको कैसे मालूम हुआ ?

उत्तर—मैंने उनके परस्पर के छपे हुए ग्रन्थ देखे और बात चीत से जानता हूं। आप की इच्छा हो तो अनुचित शब्दों से भरे हुए ग्रन्थ देखलें जिससे स्वयं जान लेंगे। बेचारे भोले श्रावकों का पैसा धर्मकार्य में नहीं लगाने देते किन्तु तत्वज्ञान से विमुख, परमार्थ से रहित, और कुयुक्ति से भरे हुए ग्रन्थ बना कर परस्पर झगड़ा फैलाते हैं। कोरट में जाते हैं, कपटतन्त्र से अपनी जीत बताते हैं, दूसरे पर अयुक्त कलंक डालते हैं, असत्य आक्षेप करते हैं, अर्थ का अनर्थ करते हैं, द्रव्य क्षेत्र काल भाव के अनुसार वर्तन नहीं करते। ये सब देख कर मेरे को मालूम हुआ है और उन के [illegible] में मैंने भी अपना थोड़ा सा अमूल्य समय [illegible] है और अब मैंने वे सब जैननामधारक महात्माओं से मध्यस्थ भाव धारण कर मित्रता रक्खी है और समय मिलने पर ऐक्यता करने का मार्ग लिया है।

प्रश्न—आपको सम्भव है कि वे सभी [illegible] होयेंगे ?

उत्तर—उम्मेद है कि जो ज्ञानप्रकाश जिस के हृदय में होगा भवभ्रमणता के भय से डरेगा, आत्महित में रक्त होगा, अन्दर का कुछ प्रेम चरित्र पर होगा, स्याद्वाद रहस्य समझा होगा तो वह पुरुष ज़रूर समभावी होकर ऐक्यता रखेगा किंवा निन्दा की पुस्तक पढ़ने लिखने से दूर रहेगा, राग द्वेष मानदशा से रहित होकर आत्मध्यान में लीन होकर बाह्य (व्यवहार) में गौणता

रखकर निश्चयचारित्र में प्रधानता रखकर मुक्ति का अनुयायी होगा। सब जीव के भाव एक साथ[सदृश] नहीं हो सकता भिन्न से कोई मिलेगा कोई भिन्न भी रहेगा तो भी आगको लकड़ी नहीं मिलने से जैसे बुझ जाती है ऐसे उत्तम श्रावक और उत्तम साधु झगड़े में सहायता नहीं देवेंगे तो झगड़े में रक्त पुरुष भी शान्त हो कर आत्मसाधन करेंगे और कोई भी नहीं करेगा तो मेरे को कुछ नुकसान नहीं है मेरी करनी मेरे साथ है। करनी पार उतरनी।

प्रश्न—साधुमार्ग में परिषह सहना बहुत कठिन है, क्या गृहस्थ धर्म से मुक्ति नहीं हो सकती?

अगर साधु धर्म में परिषह है तो भी गृहस्थ के दुःखों से बहुत कम है; क्योंकि युद्ध मे प्राणान्त कष्ट सहन करना पड़ता है और द्रव्य संग्रह से रात दिन चोरकी भीति रहती है, खून होते हैं, पड़ोसी ईर्ष्या करते हैं, राजा अमलदार पीड़ा देते हैं और घर के बेटे भी मारने को तैयार होजाते हैं। जहां तक प्रबल पुण्य है वहाँ तक पैसा औरत बेटे नौकर चाकर बाड़ी बगीचे सत्ता अधिकार मान और पूज्य पदवी है। जहां पुण्य कम हुआ कि सब लीला दूर हो जाती है। रावणका राज्य, कौरवों की रिद्धि, हिन्दुओं की राज्य सत्ता, बादशाहों की हाकमी, आप इतिहास से देख लेवें कि संसार में गृहस्थवास में कितना सुख दुःख है और साधुपने की शान्ति कैसी सुख देने वाली है जिस से गृहस्थों की मुक्ति होनी असम्भव तो नहीं किन्तु दुर्लभ तो जरूर है।

प्रश्न—तब भगवान् ने गृहस्थ धर्म का स्वरूप क्यों बताया ?

उत्तर—जो साधुधर्म पालने को असमर्थ हैं गुरु महाराज उनको योग्य नहीं समझते। पूर्वभव का भोगावली कर्म है वह बिना भोगे नहीं छूट सकता। वृद्ध माता पिता पत्नी पुत्र देना राज्य नौकरी और: अनेक कारणों से जो साधु धर्म नहीं ले सकते उन के लिये गृहस्थधर्म भगवान् ने बताया जो पालन करना आवश्यक है।

प्रश्न—गृहस्थ धर्म का संक्षिप्त स्वरूप समझाइये।

उत्तर—गृहस्थ धर्म में जीवदया हृदयमें रखकर निरपराधी जीवोंको बिना कारण दुर्बुद्धिसे हलते चलते (त्रास) जीवों को मारे नहीं, संताप नहीं दे और बिना निरन्तर उपयोग में आने वाले पृथ्वी, पानी, अग्नि, वायु, वन, वनस्पति स्थावर जीवों को बिना कारण हिंसा न करे और बिना कारण विशेष उपयोग में न लेवे और दूसरे का अहित करने वाला असत्य वचन न बोले, राजदण्ड की चोरी न करे, अपनी स्त्री में सन्तोष रखे, वस्तुसंग्रह का परिमाण करे, दिशाओं का व्यापार के लिये परिमाण करे, खाने पीने की वस्तु के व्यापार का परिमाण करे, अनर्थ दण्ड छोड़ देवे, दो घड़ी तक शान्त वृत्ति रख कर समताभाव से सामायिक करे, एकाद दिन रात एक जगह बैठ धर्म ध्यान करे, पर्वदिनों में साधुवृत्ति स्वीकार करे, साधुओं को भोजन देकर भोजन करे, अपना पैसा धर्म कार्य में लगाये, शरीर से गुरुओं का विनय कर वीतराग देव का पूजन स्मरण ध्यान करे।

प्रश्न—मूर्त्तिपूजन करना कहां तक ठीक है?

उत्तर—राग द्वेष की भीति दूर करने को मूर्त्तिपूजा ठीक है और मूर्त्तिपूजा से जो राग द्वेष बढ़े तो मूर्त्तिपूजा निरर्थक है इसलिए मूर्त्तिपूजन करने वालों को हर समय क्षमा गुण प्रधान रखना चाहिये। तीर्थ क्षेत्रों में, मन्दिरों में सांसारिक राग द्वेष दूर करके आना चाहिये। स्त्रीसंग छोड़ना चाहिये, अन्दर के क्लेश मिटाना चाहिये, सब जीवों पर मित्रदृष्टि से देखना चाहिये और मन्दिर में जाकर वीत-राग के साथ तल्लीन मन रखकर स्वयं वीतराग होने की भावना रखनी चाहिये तो वह मूर्त्तिपूजन नहीं है किन्तु परमात्मा वीतराग तीर्थङ्कर का पूजन है जो मुक्तिसुख का मुख्य कारण है।

प्रश्न तीर्थस्थलों में झगड़े होते हैं, लाखों रुपये का नाश होता है, कोरट में कितने बरसों तक टंटे चलते हैं, मारा मारी भी होती है, श्रावक लोक मन्दिर का पैसा बरबाद करते हैं, कोई स्वयं भी खाजाते हैं तो मूर्त्ति-पूजन क्या फ़ायदा कर सकता है और मुसलमानों को द्वेष होता है, हिन्दुओं में परस्पर भी झगड़े होते हैं वो क्या शान्तिदायी आप मानते हैं? मेरे को तो समाजी साधु-मार्गी मुसलमान जो मूर्त्ति नहीं मानते और सनातनी संवेगी मानते हैं सो दोनों बराबर दीखते हैं।

उत्तर—आप को बराबर दीखते हैं तो आप चाहें सो कहें या करें मेरा कुछ नुक़सान नहीं किन्तु मेरे अभिप्राय से तो आपको ज्ञात हो जायगा कि मूर्त्तिपूजा अपने को

शान्ति देनेवाली और दूसरे को भी शान्ति वाली होवे तो मूर्त्तिपूजा ठीक है। तीर्थस्थल में झगड़े का कारण है वह धर्म राग नहीं है किन्तु स्वार्थ भ्रष्टों का प्रपञ्च जाल है उनके फांसे में भोले जीव फँसकर झगड़ा करते हैं। आत्मार्थी जीव टंटे से हज़ार कोस भागते हैं और गाली देने वाले पर भी क्षमा गुण रखते हैं उन की पूजा सफल है। आप भी तीर्थक्षेत्र किंवा मन्दिर में जाकर शान्ति से वीतराग दशा का ख्याल रख कर शान्ति मिलावें। मूर्त्ति की आपको ज़रूरत न दीखे तो पहाड़ों के वा जंगल के एकाद गुप्त भाग मे ध्यान करें तो भी हरकत नहीं है। चक्षु स्थिर करने के लिये दृश्य पदार्थ मूर्त्ति है बिना मूर्त्ति आर्यसमाजी नहीं है, साधुमार्गी नहीं हैं, मुसल्मान भी नहीं है। फोटो चित्र अक्षर निशानों ये सब मूर्त्तिपूजा के सम्बन्धी हैं। बाल जीवों को मूर्त्ति का ध्यान साकार अवस्था मे ठीक है। स्कूल में चित्र फोटो पुतले (खिलौने) उसी के लिये रखे हैं। आप कभी झगड़े करने वाले, कोर्ट में जाने वाले, पैसे खाने वाले मूर्त्तिपूजक देखें तो उनकी अवस्था समझ कर करुणा बुद्धि से देखें और योग्य देखें तो उपदेश भी देवें कि हे भव्यात्मन्! क्यों अपना अमूल्य जन्म बरबाद करता है फिर मनुष्य जन्म कब मिलेगा, कब सद्गुरु की संगति मिलेगी। घर छोड़ के तीर्थ में आये बोझे से बचने के लिये मन्दिर का शरण लिया फिर क्यों आत्महित का चिन्तवन नहीं करता। हृदय में सच्चा जैन धर्म हो, मुक्ति की अभिलाषा हो तो राग द्वेष दो चोरों को दूर कर इन्द्रियों को क़ब्ज़े में लेकर पूजन ध्यान श्रवण गुण गान कर आत्मा निर्मल कर पापों का पश्चात्ताप कर

प्रश्न—आप उन के लिये क्या सुगम मार्ग बताते हो?

उत्तर—ज्ञान वृद्धि होनी चाहिये, जहां मंदिर हो जहाँ तीर्थक्षेत्र हो वहां पाठशाला होनी चाहिये, जिसने का बंदोबस्त होना चाहिये, पुस्तकसंग्रह होना चाहिये, विद्वानों का सन्मान करना चाहिये, जैन किंवा जैनेतर को जैनतत्त्वज्ञान सिखाना चाहिये जो ज्ञानवृद्धि होगी तो आपस के टंटे मिटेंगे।

प्रश्न—ज्ञानी हो कर लड़ने को तैयार होवे तो क्या कहना?

उत्तर— ज्ञानी दो प्रकार के हैं— एक विद्या का बोझा उठाने वाला जो झगड़े में राजी होता है और दूसरे को सताने में संतोष मानता है, अपने को बड़ा बहादुर मान कर दूसरे की हेलना करता है और जो सच्चे ज्ञानी हैं वो तो अपने को कोई गाली भी देता है, तो भी अत्यन्त शान्ति रख कर उस की उपेक्षा करते हैं. ज्ञानी का भूषण क्षमा है और क्षमा सब सुखों का कारण है इस लिये झगड़े करने वाले ज्ञानी से आप दूर रहें वो शांतिप्रिय ज्ञानी का समागम करें।

प्रश्न— जैनियों की संख्या बहुत कम क्यों है?

उत्तर—जैनियों की संख्या बहुत कम नहीं है किन्तु सब से ज्यादा है। आप एक भी जहां अच्छा गुण देखें वहाँ जैनी का अंश जान लेना क्योंकि जैन धर्म की चार भावना वोही बात सूचन करती हैं, देखिये—

प्रमोद, मैत्री, करुणा, माध्यस्थ नाम से चार भावना हैं। गुणी पुरुषों का अल्प गुण भी पहाड़ के समान कर उस का बारंबार अनुमोदन करनी और उन की प्रशंसा कर मन को पवित्र करना। जहाँ आप समानभाव देखें वहाँ पर भी जैनधर्म का [illegible] करना क्योंकि मैत्रीभावना में सब जीवों को समान भाव देकर सब का रक्षण करना वीतराग देव ने फरमाया है और जहां दया की प्रधानता देखें वहां भी जैनधर्म स्मरण में लाना क्योंकि दुःखी जीवों पर तन मन धन दे कर करुणा करने का बताया है और अधर्मी अनाचारी हृदय के [illegible] दुर्गुण से जलने वाले एकान्त अनुचित कार्य में ऐसी पुरुषों पर उपकार नहीं बनने से उस के ऊपर भी द्वेष भाव न लाकर उपेक्षा कर राग द्वेष छोड़ कर उदासीन होना सो माध्यस्थ भावना जैनियों की मानी हुई है। आप अन्तरङ्ग दृष्टि से देखोगे तो करोड़ों सच्चे जैनी भी जगत् में सर्वत्र देखोगे।

प्रश्न – जैनधर्म में सम्यक्त्व किस को कहते हैं?

उत्तर—आत्मा में दृढ़ श्रद्धा होनी और शरीरादि को भिन्न मानना सो निश्चय सम्यक्त्व है और सद्बोध देने वाले जीवन्मुक्त केवली प्रभु को देव और निःस्पृह हो कर परमार्थ वृत्ति से जगत् के जीवों को ब्रह्मचारी हो कर सन्मार्ग में लावे उन्हें गुरु मान कर उन की सेवा करे और राग दशा छोड़ने का प्रयत्न को धर्म माने सो व्यवहार सम्यक्त्व कहते हैं।

प्रश्न—जैनों में परमेष्ठि मन्त्र क्या है?

उत्तर—दूषणों से मुक्त सद्गुण के भंडार देवों सेन-रेन्द्रों में पूजित देवाधिदेव को साकार शरीरधारी अवस्था में अरिहंता कहते हैं और मागधी भाषा में "नमो-अरिहन्ताणं" प्रथम मंत्र है और वो परमात्मा मुक्त होने पर निराकार होने से "नमोसिद्धाणं" पद से पूजित है ये दोनों नाम देववाची हैं- जो जैनों का इष्टदेव है और मोह दशा छोड़नेवाला निःस्पृही साधु को साधु, विद्या पूर्ण पढ़ने से उपाध्याय, सब शास्त्रों का ज्ञानी होने पर आचार्य्य कहते हैं "नमोआयरियाणं नमोउवज्झायाणं सव्व साहूणं" नाम से प्रसिद्ध है वे तीन गुरु नाम से प्रसिद्ध हैं।

प्रश्न—वह कौनसी भाषा का मंत्र है और उस का फल क्या है?

उत्तर—पहिले हिन्द में मागधी भाषा चलती थी सो प्राकृत भाषा कहलाती थी संस्कृत से मिलती है वो भाषा में परमेष्ठिमन्त्र और जैनों के सूत्र रचे हुए हैं कि मन्दबुद्धि वाले भी अच्छी तरह से पढ़ें उस का फल निचले श्लोक से जान लेना—

एसो पंच नमुक्कारो सव्व पाव प्पणासणो।
मंगलाणं च सव्वेसिं पढमं हवइ मंगलं॥
एष पञ्च नमस्कारः सर्वपापप्रणाशनः।
मङ्गलानाञ्च सर्वेषां प्रथमं भवति मङ्गलम्॥

अर्थ—अरिहंत सिद्ध आचार्य्य उपाध्याय और सब साधुओं को नमस्कार करने से सब पापों का नाश हो जाता है- सब मंगल कारणों में पहिला मंगल यह है।

प्रश्न—जैनी लोग संध्या करते हैं या नहीं ?

उत्तर—करते हैं, किन्तु उस का परमार्थ और नाम न्यारे हैं ।

प्रातःकाल में और सायंकाल को एकान्त में बैठ कर स्थिरचित्त से अपने कृत्यों को स्मरण में लाकर किसी जीव को दुःख दिया होवे, कटु वचन कहा होवे, अपमान तिरस्कार किया होवे, दुर्ध्यान किया होवे और निन्दित कार्य प्रमाद से हो गया होवे ये सब याद करके आत्मा मे पश्चात्ताप करना चाहिये, गुरु के पास दण्ड लेना चाहिये फिर पाप न करने का दृढ निश्चय प्रतिज्ञा करनी चाहिये इस कार्य्य को आवश्यक क्रिया किंवा प्रतिक्रमण भी कहते हैं आवश्यक क्रिया में छः विभाग हैं-"सामायिक चौवीसथ्य [चितुर्वंशतिस्तव] वंदनक प्रतिक्रमण कायोत्सर्ग प्रत्याख्यान । "

प्रश्न—गृहस्थों का नित्य नियम भी आप मानते हैं या नहीं ?

उत्तर—जैनी लोग सब मानते हैं, क्योंकि गृहस्थों को श्राद्ध श्रावक श्रमणोपासक कहते हैं उन्हों के लिये श्राद्ध दिनकृत्य श्राद्धविधि श्रावकप्रज्ञप्ति वगैरह अनेक ग्रन्थ मैंने देखे हैं पढ़े हैं उन में आप की इच्छानुसार ज्ञान मिला सकते हैं ।

प्रश्न—पाप क्यों होते हैं, उन को रोकने का क्या उपाय है ?

उत्तर—पूर्वकर्मानुसार बुद्धि में मलीनता आती है और पाप हो जाते हैं। जैनी लोग उस को घाती कर्म बोलते हैं। मोह उन में मुख्य है अन्य लोग उस मोह को सैतान कहते हैं। यह मोह जीतने से पाप सब दूर होते हैं। पूर्व के भी नाश होते हैं नये नहीं होते हैं उस का उपाय सम्यक् रीति से ज्ञान पढ़ना चाहिये आत्मा बलवान करने से मन भी स्थिर होता है मन स्थिर होने से वचन विचार पूर्वक निकलता है और काया भी कब्ज़े में आती है।

प्रश्न—मन स्थिर करने का सर्वोत्तम ग्रन्थ कौन है?

उत्तर—ग्रन्थ मात्र मन स्थिर करने वाला है तो भी शांतरस से भरा हुआ ग्रन्थ अधिक सुखदायी है। समाधिशतक ग्रन्थ बहुत अच्छा है भगवद् गीता भी ठीक है वेदान्त उसी से भरा है जैनियों के आध्यात्मिक ग्रन्थ उस विषय से भरे हुए हैं। [समाधिशतक ग्रन्थ हिंदी छपने को गया है]

प्रश्न—वेदान्त क्या वस्तु है?

उत्तर—परमात्मा के शुद्ध निर्मल स्वरूप में अद्वितीय भाव धारण करना, शरीर इंद्रियों पुत्री पुत्रादि राज्य संपत्ति सबको माया प्रपंच असत्य मानना, कष्ट सहन करना, कायाको स्थिर करना उस तत्वको वेदांत कहते हैं।

प्रश्न—जीवतत्व क्या सूचन करता है?

उत्तर—जो बाह्यपदार्थ अनुभव में आते हैं सो क्षीण होकर नष्ट हो जाते हैं इस लिये उन सबों का मोह नहीं

करना, परमार्थ जो उससे होवे सो लेलेना, समुद्र में भरती होने से किनारे पर पानी आता है और फिर वो वापिस चला जाता है इस तरह से इस दुनियां में जो मोह करा-ने वाली वस्तु है सो भी नाशवंत है आयेगी और चली जावेगी आप उस का सदुपयोग करो यह बौध तत्व का सारांश है।

प्रश्न—जैनदृष्टि से बौध और वेदांत में क्या भेद है?

उत्तर-कुछ भेद नहीं, समझ भेद है। उदार दृष्टि से देखें तो जैन भी यही कहते हैं कि शरीरादि नाशवंत है और आत्मा अचल है तो नाशवंत चीज़ का मोह छोड़ अचल आत्मा में दृढ भावना रक्खो।

प्रश्न—स्याद्वाद नाम किस का है?

उत्तर—पदार्थ को अनित्य मानने वाला क्षणिक बौध मत है और पदार्थ को नित्य मानने वाला वेदांत मत है। परस्पर युक्ति से सिद्ध भी करते हैं और अपने को सत्य-वादी बताते हैं जैनी लोग वस्तु के पर्याय को अनित्य कहते हैं और वस्तु के द्रव्य को नित्य कहते हैं सो उभय ग्राहक स्याद्वाद है।

प्रश्न—द्रव्य पर्याय का दृष्टान्त देकर नित्य अनित्य समझाइए।

उत्तर-आत्मा (जीव) द्रव्य है और शरीर पर्याय है। शरीर की अनित्यता बौध बता कर रागद्वेष छुड़ाते हैं और वेदान्ती आत्मा की नित्यता सिद्ध कर आत्मभावना

दृढ कराते हैं ये दोनों साथ मिलाने से द्रव्यपर्याय होता है आत्मा द्रव्य है शरीर पर्याय है। आत्मा बदलता नहीं नये नये शरीर बदलते हैं जो बदले वो पर्याय है और मूल वस्तु कायम रहे वह द्रव्य है।

प्रश्न–पर्याय अनन्त होते हैं। द्रव्य कितने हैं?

उत्तर–द्रव्य जाति की अपेक्षा से सिर्फ दो हैं। जीव और अजीव- जीव अपने शरीर में व्याप्त है, अनुभव से मालूम होता है। अजीव शरीर उससे मिला हुआ है। जहां मिला हुआ है वहां सुख दुःख का ज्ञान भी होता है और जहां आत्मा व्याप्त नहीं है ऐसे बाल नाखून में प्रत्यक्ष अनुभव होता है काटने से दुःख भी नहीं होता जो ज्ञान होता है सो जीव का लक्षण है और जो ज्ञान नहीं होता वो अजीव का लक्षण है।

प्रश्न जीव अमर है किंवा मरता है? और अमर है तो जीवहिंसा का निषेध क्यों कराते हो?

उत्तर–जीव अमर है उसने जो सम्पत्ति प्राप्त की है सो छीन लेने से उस को दुःख होता है वो दुःख का नाम हिंसा है और जीव के साथ सम्बन्ध रखने से जीवहिंसा कहते हैं। किसी की सम्पत्ति छीन लेने का अधिकार किसी को नहीं है। आप देखोगे तो मालूम होगा कि सब जीव भय से कांपते हैं, बचाने वाला देखकर धीरज लाते हैं और अभयदान मिलने पर सन्तुष्ट होते हैं—आप ज्ञानचक्षु से देखें।

प्रश्न—जीव की सम्पत्ति क्या है और कैसे मिलती है?

उत्तर—जीव की सम्पत्ति प्राण है पांच इन्द्रियें तीन बल श्वासोश्वास और आयु मनुष्य पशु पक्षी जलचर देव नारकी को दश प्राण हैं। बिना गर्भ होने वाले मेंढक वगैरह को मन बल न होने से नव, मच्छर वगैरह के कान न होने से आठ और कीड़ों के चक्षु न होने से सात, कृमि वगैरह के नाक न होने से छै और वनस्पति वगैरह को जीभ और वचनबल मुख बिना न होने से चार प्राण हैं। प्राण ज्यादा और उत्तम मिलना सो पुण्य प्रकृति है और अशुभ प्राण मिलना पाप प्रकृति है। आत्मा के साथ दूध पानी की तरह एक हो जाने से आत्मा को साक्षात् अनुभव होता है। अनुकूल पदार्थ मिलना वह भी पुण्य है और प्रतिकूल पदार्थ मिलना वह पाप का फल है। जीव जैसा कृत्य करता है वैसा फल भोगता है। जो मिरच खाता है उसका मुँह जलता है, जो गाली देता है वह तमाचा (थप्पर) खाता है, जो खून करता है वह फांसी जाता है। जो कृत्य करते हैं वो ही भविष्य में भोगते हैं। एक वक्त दुख देने से सौ वक्त भोगना पड़ता है। कर्म जीव ने किया और जीव ही भोगेगा, मा बाप भाई मित्र औरत कोई भाग नहीं ले सकते इसलिये उत्तम पुरुष को चाहिये कि किसी के लिये भी दूसरे जीवों को दुःख न देवे, किसी की सम्पत्ति छीन न लेवे दूसरे को शान्ति देवे, अपने आत्मा को दमन करे।

प्रश्न—जीव तो सर्वत्र है तो जीवरक्षा कैसे होगी और विना क्रिया संसार व्यवहार कैसे चलेगा ?

उत्तर—साधु और गृहस्थधर्म यथायोग्य स्वीकार करने से जीवरक्षा होवेगी। साधु कोई भी जीव की हिंसा नहीं करते प्रयोजन भी नहीं है। गृहस्थों को प्रयोजन से हिंसा होगी अप्रयोजन से मिटेगी और साधु को भी ध्यान अवस्था में क्रिया की भी जरूरत नहीं और यतना से प्रवर्त्तन करने से क्रिया में भी जीवरक्षा होगी।

प्रश्न यतना किसको कहते हैं?

उत्तर समिति गुप्ति का पालन करना, देखके पांव धरना, दौड़ना नहीं, विचार पूर्वक बोलना, देखके प्रकाश में दिन में खाना, अपने कपड़े चीजें देख के रखना, शरीर का मल मूत्र निर्जीव स्थान पर रखना-ये पांच समिति कहते हैं और मन वचन काया को स्थिर करना ये तीन गुप्ति हैं।

प्रश्न—लेश्या किसको कहते हैं

उत्तर—लेश्या के अनेक भेद हैं? यहांपर बाल बुद्धि वाले के लिए छै भेद समझाते हैं-कृष्ण नील कापोत तेजु पद्म शुक्ल। दूसरे का सर्वथा नाश करना वो कृष्ण, कुछ बचाना नील उससे अधिक अधिक बचाना वो अनुक्रम से उत्तम लेश्या है और बिलकुल नुकसान किये बिना अपना कार्य साधन करलेना वो अन्तिम सर्वोत्तम शुक्ल लेश्या है। जैसे की छै लड़के जांबु (जामन) खाने के लिये एक वृक्ष समीप गये एक बोला मूल में से पेड़ उखेड़ दो अपनी कार्यसिद्धि होजावे। दूसरे ने कहा मूल रहने दो धड़ काटो। तीसरे ने कहा शाखा काटलो। चौथे ने कहा तुम तोड़ दो।

पांचवें ने कहा जामु ही तोड़ लो। छटे ने कहा पेड़ पर चढ़ने की क्या ज़रूरत है जमीन पर जो गिरे हुवे हैं वे ही ले लो। इस दृष्टांत से अध्यात्माओं को ज्ञानी भगवान् समझाते हैं कि इस दुनियां में सब जीव छे प्रकार की लेश्या धारण कर अपनी कार्यसिद्धि करते हैं जो उत्तम हैं वे तो दूसरे को हानि करते नहीं और मध्यम हैं वे दूसरे की हानि कम करके अपनी स्वार्थसिद्धि करते हैं। अधम अपनी स्वार्थसिद्धि में दूसरे का सब नाश करदेते हैं। इस लिये आप जो कल्याण चाहो तो अपनी सिद्धि के लिये दूसरे की हानि नहीं करनी।

प्रश्न—शीघ्र तरने का क्या उपाय है?

उत्तर—परमार्थवृत्ति में निरन्तर चित्त रखना वीतराग प्रभु ने भी योही कहा है जो संसारसमुद्र से तरने को चाहते हैं उनको चाहिये कि तन मन धन सम्पत्ति जो मिले वो शीघ्र परमार्थ में लगा देना जो प्रमाद किंवा विलम्ब हो जावेगा-तो फिर सम्पत्ति चली जावेगी-कहा है कि

अनित्यानि शरीराणि विभवो नैव शाश्वतः।
नित्यं संनिहितो मृत्युस्तस्माज्जागृत जागृत ॥

विद्युत् अंधेरी रात में मेघ में क्षणमात्र प्रकाश कर लोप हो जाती है, बादल अनेक प्रकार के रंग बताकर शीघ्र बिखर जाते हैं, फूल एक दिन शोभा सुगन्धि देकर सड़ जाते हैं, वृक्षों के पात एक बरस में सूख कर गिर जाते हैं। इस तरह से इस दुनियां में किसी की सम्पत्ति एक

क्षण में, किसी को एक दिन में, किसी को वरस में, किसी को थोड़े वरस में नाश होतो है किंवा अन्त में आप खुद छोड़कर अपने कृत्यों का फल भोगने को आप चला जाता है।

प्रश्न—धन संपत्ति कौन परमार्थ कार्य में अधिक फल-दायी है ?

उत्तर जैसा समय—इस समय विद्यादान की खास जरूरत है विद्या पढ़ने से धर्म-स्वरूप जान सकता है, विद्या पढ़ने से द्रव्य उपार्जन कर सका है, विद्या पढ़ने से परमार्थ भी कर सकता है, विद्या पढ़ने से सद्‌सत् का विवेक भी जान सक्ता है, मा बाप गुरु राजा की पुत्र प्रजा पति अपना यथायोग्य वर्तन कर सक्ता है, राजा महाराजा उसकी बहुत मानता करता है, देव उसके आधीन होते हैं। भर्तृ-हरिनीतिशतक में भी कहा है—

विद्या नाम नरस्य रूपमधिकं प्रच्छन्नगुप्तं धनं,
विद्या भोगकरी यशःसुखकरी विद्या गुरूणां गुरुः।
विद्या बन्धुजनो विदेशगमने विद्या परं दैवतं,
विद्या राजसु पूजिता नहि धनं विद्याविहीनः पशुः॥१॥
विद्वत्वं च नृपत्वं च नैव तुल्यं कदाचन।
स्वदेशे पूज्यते राजा विद्वान् सर्वत्र पूज्यते॥ २॥

प्रश्नोत्तरी में भी लिखा है कि:—

ज्ञातुम् शक्यं च किमस्ति सर्वै-
र्योषिन्मनो यच्चरितं तदीयम्।
का दुस्त्यजा सर्वजनैर्दुराशा,
विद्याविहीनः पशुरस्ति को वा॥

जैन में भी कहा है कि—पढमं नाणं तओ दया ।

ज्ञान बिना पशु सारिखा, जाणो इणे संसार ।
ज्ञान आराधन थी लहे, शिवपद सुख श्रीकार ॥

ज्ञानं च वित्तं जगति प्रधानं विना च तेनैव सुखं किमस्ति ।
अन्धस्य दुःखं जनता प्रवेत्ति मूर्खस्य दुःखस्य कथा‌ऽप्यकथ्या ॥
माता च शत्रुर्यदि पाठितो न बालः स्वकीयो बहुलाडनेन ।
वंध्यापि शस्या च विषस्य दात्री मूर्खस्य माता ननु दर्शनीया ॥
भ्राता च तातः स ददाति विद्यां आलस्य यस्माद् भवति प्रपूज्यः ।
जनस्य शोभा न च भूषणानि सत्या च भूषा विनयश्च विद्या ॥

प्रश्न–जैन लोग में दान कौनसा उत्तम कहा है ?

उत्तर–जिस समय जिसकी जरूरत–वीतराग प्रभु ने कहा है कि द्रव्य क्षेत्र काल भाव के ज्ञाता गीतार्थ मुनिराज उपदेश के अधिकारी हैं गीतार्थ न मिले तो अगीतार्थ साधु एक जगह बैठकर धर्म ध्यान करे। गीतार्थ मिलने पर उनकी आज्ञा से विहार करे जिससे मालूम होता है कि ज्ञानी गुरु महाराज समय देखकर धनाढ्य को उपदेश करते हैं आज के समय में ज्ञान की अधिक जरूरत होने से आत्माराम जी जो विजयानन्द सूरि नाम से प्रसिद्ध हो गये हैं उन्हों ने अच्छे ग्रन्थ बनाकर विद्या पढ़ने का उपदेश दिया है जगह जगह प्रसिद्ध पाठशालायें खुल रही हैं जिस का नाम विलायत अमेरिका तक मशहूर है ।

प्रश्न—आप के दीक्षा गुरु ने भी विद्या के लिये कुछ किया है ?

उत्तर-उन की तो रात दिन यही अभिलाषा है कि विद्या का सर्वत्र प्रचार होवे। पन्यास हर्ष मुनिजी जिनका नाम है मुम्बई में जैन सेंट्रल लाइब्रेरी और संस्कृत पाठ-शाला लालबाग पिंजरापोल में चल रही है और मोहन-लाल जी जो उन के गुरु हैं उन के नामके साथ यह लाइ-ब्रेरी पाठशाला अलङ्कृत है जहां रोज ५० बांचने वाले आते हैं २५ विद्यार्थी भी अभ्यास कर रहे हैं।

प्रश्न—मोहनलाल जी जो उन के गुरु थे उनका कैसा अभिप्राय था ?

उत्तर—वे भी बड़े विद्याप्रेमी थे मुम्बई में जो पन्ना-लाल जैनहाईस्कूल चल रही है गोकल भाई मूलचंद जैन बोर्डिंग है वे उन का ही उपदेश था जैन श्वे० कॉनफर-न्स में शोभा थी और लाखों रुपये का दान हुआ था वह उन की ही कृपादृष्टि थी। उन की शान्त मुद्रा जिसने देखी है किंवा हजारों तस्वीरें (फोटो) दुनिया भर में फैल रही हैं वह महात्मा का अभिप्राय एक ही था कि सब जगत् में ज्ञान का प्रकाश होजावे। अमदावाद् राधनपुर पालीताना वगैरः में पाठशाला लाइब्रेरियां जो चलती हैं वह उनका ही उपदेश है।

प्रश्न—आपने कोई ग्रन्थ भी लिखे हैं।

उत्तर—जैन साधु हमेशा बाल जीवों के लिये ग्रन्थ लि-खते रहते हैं आप पहिले गुरु महाराज की सेवा करें शास्त्र पढ़े समय देखे और अपनी शक्ति के अनुसार ग्रंथ

लिखे पूर्वाचार्यों के उत्तम काव्य ग्रन्थ रासा देखकर मेरे को भी लिखने की इच्छा हुई और लिखे जो पुण्यवान् पुरुषों ने छपाकर प्रसिद्ध किये हैं अप्रसिद्ध लिखे हुए भी हैं माडल जैनमित्र मण्डल सभा ने छपाये हैं वह ग्रन्थ मिल सके हैं। सती शीलवती, धम्मिल चरित्र, माणिकमाला चंपक श्रेष्ठि चरित्र, चरित्रमाला १ भाग वगैरः है और सुविद्या नन्द की प्रथम जिंदगी जैनतत्वप्रकाश भोमीयो गुजराती में लिखे हुए हिंदीसमाधिशतक पर विवरण जैन साहित्य की उत्तमता फार्बस सभा के लिये दो निबन्ध गुजराती में लिखकर भेजे हैं। संस्कृत में विजयानन्द द्वात्रिंशिका लब्धिविजय जी महाराज की सहायता से और मोहनमहर्षिगुणमाला, सप्त विंशतिका अष्टकं बनाई है संशोधक लब्धिविजय जी हैं जो दोनों छप गई है देहली में सुधर्मज्ञानभंडार आत्मानन्द लाइब्रेरी छोटा दरीबा में मिल सक्ती है।

प्रश्न—लब्धिविजय श्री मुनिराज का क्या अभिप्राय है ?

उत्तर—विद्या को सर्वत्र बढ़ाना खुद वे भी विद्या पढ़ने पढाने में बड़े उत्सुक हैं मैंने भी उनके पास से स्याद्वाद रत्नाकर से रत्नावतारिका टीका पढ़ी है और मूर्तिमण्डन दयानन्दकुतर्क तिमिरतरणि देहली व्याख्यान वगैरह ग्रन्थ बनाये हैं जाहिर व्याख्यान भी देते हैं।

प्रश्न—जैनों को क्या जरूरत है वह आप जैनपत्रों में कभी लिखते हैं ?

उत्तर—बन्धुओ ! मेरा तन मन धन और जो कुछ स्वत्व है सो मैंने प्राणीमात्र के हित के लिये अर्पण किया। जैन, जैनविजय कच्छकेसरी जैनशुभेच्छक जैनशासन जैनएडवोकेट आनन्द् आत्मानन्द् वगैरह में भी सरल भाषा में लिखा है और जहां समय और स्थान की योग्यता मिलती है वहाँ जाहिर व्याख्यान भी देता हूं विद्या पढ़ाना परमार्थ व्रत धारण करना ऐक्यता करना परमेश्वर माता पिता गुरु राजा अमलदारों का शासन मानना सत्य अभिप्राय निडरपने से बताना इत्यादि मेरे प्रधान विषय हैं।

प्रश्न—विद्या पढ़नी कौन अच्छी है ?

उत्तर—रसायन [सायन्स] पदार्थ विज्ञान सब से प्रधान विद्या है।

प्रश्न–सायन्स विद्या पढ़ कर लड़ाइयों में जो नाश होता है उससे आप क्या धारते हैं ?

उत्तर–सायन्स विद्या दूसरे का अनहित करने को नहीं कहती है दुर्बुद्धि अहंकार क्रोध ये पाप कराते हैं। आप ऐसे दुर्गुणों से दूर होकर सायन्स विद्या से प्राणी मात्र को अनुपम सुख भी दे सकते हैं। धन जीवित बुद्धि शक्ति जैसे मार्ग में ले जाओ वैसा परिणाम में काम आती है चाहे परमार्थ करो चाहे अनर्थ करो किन्तु इतना तो ज़रूर है कि दुष्टों का सामना हो तो विद्वान् अपनी विद्या से हजारों की रक्षा करता है। हिन्द की निर्धनता अविद्या से बढ़ी हुई है और जो सर्वत्र अपमान होता है वह भी अविद्या से।

प्रश्न-शरीर कैसे नीरोग रह सकता है ?

उत्तर—ब्रह्मचर्य की प्रधानता रखने से मिताहार से रात्रिभोजन त्यागने से मांस मदिरा भांग वगैरह नशा की चीज त्यागने से तीर्थगमन बड़े लोगों का विनय करने से मध्यम निद्रा से शांतरस के ग्रन्थ पढ़ने से परमार्थ वृत्ति में भावना रखने से।

प्रश्न—शृङ्गाररस कवियों ने प्रधान क्यों माना है ?

उत्तर—मुमुक्षु कवि शृङ्गारस प्रधान नहीं बताते वैराग्यरस प्रधान बताते हैं। आप शृङ्गार शतक वैराग्यशतक दोनों भर्तृहरि कृत पढ़ें और देखलेवें कि आनन्द किस में आता ,, और आनन्दाभास किस में आता है।

प्रश्न—आप की आज्ञानुसार पढ़ेंगे तो भी आप समझाइये कि आनन्दाभास और आनन्द किसे कहते हैं ?

उत्तर—स्थायी आनन्द को आनन्द और कृत्रिम आनन्द को आनन्दाभास कहते हैं। आत्मरमणता से जो आनन्द होता है और विषयों की तृष्णा नष्ट होजाती है शत्रु मित्र पर समान दृष्टि हो जाती है चन्दन की शीतलता और सर्प के डङ्क पर मध्यस्थभाव होजाता है आत्मा से अतिरिक्त शरीर पुत्र पत्नी पैसा घर बाड़ी बगीचे महल सब से जिस का भाव उठ गया है ऐसे अध्यात्मज्ञानिओं का आनन्द है सो आनन्द है और खाने पीने में गान तान में नाटक चेटक में उत्सव तमाशों में जो आनन्द होता है सो कृत्रिम और अल्पकाल का आनन्दाभास है।

प्रश्न–विषयानन्दी लोग विषयास्वाद को आनन्द कैसे कहते हैं ?

उत्तर—जो कटु औषधों का स्वाद लेते हैं उन को अच्छी तरह मालूम है कि बुख़ार आने में अजीर्ण में कुपथ्य से जो जीभ का स्वाद किया था वो कैसा दुःखदायी हुआ है इसी प्रकार से पांच इन्द्रियों के स्वाद लेनेवाले अल्पकाल सुख आनन्द लेकर जिन्दगी तक दुख पाते हैं। एक इन्द्रिय के वश होकर मृग भ्रमर पतंग मत्स्य हाथी प्राण गमाते हैं तो पांच इंद्रियों को छुटी रख कर जो स्वाद भोगे वे कहां से सुख पावेंगे अलबत्ता आपातरम्यता तो ज़रूर देखेंगे।

प्रश्न— आपातरम्यता किस को कहते हैं ?

उत्तर– पानी में परपोटे होते हैं दूध में फेन होता है बीलोरी कांच में हीरा का देखाव होता है उष्ण रेती में पानी का देखाव होता है वेश्या में प्रेम का देखाव होता है खल पुरुष के जीभ में अमृत होता है ये सब देखने मात्र इन्द्रजाल के सदृश फांसे में फंसाता है ।

प्रश्न—इन्द्रजाल किसे कहते हैं ?

उत्तर–सुनने में आता है कि पूर्व में ऐसी विद्या वाले थे कि वे लोग समुद्र का देखाव ज़मीन पर बताते थे और पानी से ज़मीन बनाते थे आग से शहर जलने का देखाव दिखाते थे महल वाड़ी ,औरत पुरुष बच्चों का रुपये का ढेर बताते थे और थोड़ी देर में वे सब लोप हो

जाता था । आज भी खेल करने वाले जादूगर आम का पेड़ बनाकर आम भी छोटे छोटे लगाते हैं रुपये भी बना कर छोटे बच्चे के हाथ में देते हैं किन्तु वे सब झूठा है जो सच्चे रुपये बच्चों को देवे तो फिर वे बिचारे खेल देखने वालों के पास भीख का पैसा क्यों मांगते इसलिये वह सब इंद्रजाल है। देखने में आनंद देवे पीछे कुछ नहीं । भले आदमियों को उस में फंसना नहीं चाहिये कीमियागर में फसने वाले भोले लोगों की तरह घर की पूंजी नहीं गमाना चाहिये ।

प्रश्न—कीमियागर कौन है, भोले लोग क्यों फंस जाते हैं ?

उत्तर—निरुद्यमी मुफ्त का माल खाने को चाहते हैं उन को लोभ में फंसाने वाले धोले दिन के लुटेरे कीमियागर होते हैं वे लोग अनेक प्रकार के वेष बनाते हैं। शहर किंवा गांव के एकान्त भाग में जहां देवल किंवा मठ होवे वहां थोड़े पैसे अपने ख़र्च कर लोगों को खुश करते हैं। गांजा पीते हैं दूसरों को पिलाते हैं लड्डू भी खिलाते हैं ध्यान भी करते हैं एकाद चेला भी रखते हैं भोले लोगों के आगे चेलाजी बड़ी २ बातें बना कर कहते हैं कोई घर का पैसे वाला जो आजावे तो बाबा जी बातें मीठी मीठी सुनाते हैं जहाँ विश्वास पड़ा कि एकाद चलम में से गिन्नी निकाल कर पैसे वाले की मार्फत ग़रीबों को दान में दिलाते हैं अब दुनियां दीवानी होकर शीश झुकाती है बाबा जी बोलने का भी बंद करते हैं.और

निःस्पृहता बता कर गाँव मात्र के लोगों को राज़ी करते हैं एकाद् समय चेला सब के सामने गुरुजी की कोमियां की भी तारीफ़ करते हैं भोले लोग बड़ी खुशी से सुनते हैं तो भी लोग अधिक उपासना करते हैं। ऐकांत में प्रार्थना भी करते हैं पक्षी के लिये जाल बिछाने की समान बाबाजी जाल बिछाकर हज़ार के लाख बनाने की तजवीज में रुपये लेकर रातों रात रास्ते पड़ते हैं। शास्त्रों में वनस्पति पारस पत्थर रस कुपी की बातें सुन कर लोग ठगते हैं किन्तु अकलमन्द आदमी ऐसी बातों में फसते नहीं हैं।

प्रश्न—शास्त्र में लिखी बात सत्य है वा झूठ है?

उत्तर—शास्त्र पर विश्वास रखना चाहिये और अकल का भी उपयोग करना चाहिये छोटे बच्चे को ठगने को जैसे लड्डू की लालच देकर बदमाश लोग गहेना निकाल लेते हैं ऐसे ही गुरु भी लालच में डाल कर भोले लोगों को फंसाते हैं इसलिये हर जगह पर विचार पूर्वक विश्वास लाना चाहिये शास्त्र भी परीक्षा से सच्चे झूठे मालूम होंगे।

प्रश्न—संसार भ्रमण कैसे मिटे?

उत्तर— जिस का आश्रय लेकर बैठे उस की शक्ति तपासनी चाहिये पैसे पर प्रेम होता है और अनर्थ कराता है अनाचार में तत्पर बनाता है वह पैसा मरने वाले के साथ जाता नहीं सुख से रोटी खाने देता नहीं

निद्रा में भी चोरों का भय होता है ऐसे पैसे का मोह छोड़ कर जो पैसे से परमार्थ कर लेवे तो निःस्पृहता आजाती है और पैसे से प्रेमी बने हुए पुत्र पत्नी मित्र कुटुम्ब का भी मोहनष्ट होता है इस लिये भवभ्रमण किंवा संसारस्त्रवण मिटाने को पैसे का मोह अवश्य छोड़ना चाहिये ।

। का पता—

आत्मलब्धि पब्लिक-जैन-लाइब्रेरी मेरठ.
तहसील के निकट ॥

देहली छोटा दरीबा आत्मानन्द जैन लाइब्रेरी
आत्मानन्द पुस्तक प्रचारक मण्डल नौघरा,
देहली
और रोशन मुहल्ला, आगरा ॥

जीरा (पंजाब) नत्थूराम जैनी ॥

सरस्वती लाइब्रेरी हापुड़ ॥

जैन मित्र मंडल सभा मांडल जि० अहमदाबाद
यहां ग्रन्थकर्त्ता के दूसरे ग्रन्थ भी मिल-
सक्ते हैं ॥

भीमसिंह माणिक मुम्बई पोस्ट नं० ३
जैन बुकसेलर ॥

मांडल स्नेही मित्रमण्डल जि० अहमदाबाद

विधवा-विवाह चर्चा

अर्थात्

ब्रह्मचर्याणुव्रत, अहिंसा, कर्मसिद्धांत

इत्यादिकांच्यायोगें विधवाविवाहाचें

सशास्त्र मण्डन.

लेखक व प्रकाशक,

सी. जे. हाडोळे.

एस्. पी. रणदिवे.

मुद्रक,

दा. रा. माड्याळकर

सच्चिदानंद प्रेस, सोलापूर.

आवृत्ति पहिली. प्रती १०००

सन १९२७, वीरसंवत् २४५३

किंमत ६ आणे.

विधवा-विवाह चर्चा

(मोहोळची हकीकत)

ज्यांचें नांव आज बरेंच दिवस श्रावकांच्या कर्णपथावर आदळत होतें असे शांतिसागर महाराज एकदां सोलापूर येथें आले; व त्यांचें सर्वांना दर्शन झालें. शांतिसागर महाराजांच्या विपरीत व प्राचीन-आगमाविरुद्ध मतांविषयीं आम्हीं बऱ्याच मोठमोठ्या लोकांकडून ऐकिलें होतें म्हणून सोलापुरीं आल्यानंतर कांहीं प्रश्नांचा निकाल लागल्यास लावून घ्यावा व खरोखरींच त्यांचीं मतें- प्रगमनशील आहेत कीं समाज-विध्वंसक आहेत, लोकसंग्रहकारी आहेत कीं लोकांना आपल्या धर्मापासून विन्मुख करून टाकणारीं आहेत. याचा छडा लावावा असा विचार होता. परंतु सोलापुरी महाराजांच्या अंधभक्तांची प्रभावळी इतकी मोठी झाली व त्यांनीं त्यांच्या भोंवतीं एवढा प्रचंड तट उभारला कीं जणूं काय शांतिसागर ही व्यक्ति म्हणजे त्यांची खासगी इस्टेटच आहे! असली परिस्थिति उत्पन्न झाल्यामुळें साधारण गरीब लोकांना कांहीं शंका विचारणें म्हणजे त्यानें आपण होवून आपल्या अंगावर द्वेष ओढून घेणें व कांहीं लोकांच्या क्रोधास बळी पडणें होय. यांत बिलकूल शंका नाहीं !

वरील कारणास्तव आमची मनीषा सोलापुरीं साध्य झाली नाहीं व त्यामुळें आमच्या मनास सारखी तळमळ लागून राहिली. परंतु दैवयोगच चांगला म्हणून ही इच्छा सफल होण्याचा एक सुप्रसंग आम्हांस लाभला. शांतिसागर महाराजांनीं सोलापूरचा मुक्काम सोडला व ते मोहोळगांवीं गेले तेथील आमचे उत्साही मित्र श्री० अनंतराज सुमतिनाथ गुमते यांनीं मुद्दाम आम्हांस- विधवाविवाहाच्या बाबतींत शंका विचारून समाधान करून घेणें असल्यास ही संधि गमावूं नका असें लिहिलें व ते लिहूनच आले

नाहीं तर स्वतः बोलावण . आले म्हणून आम्हीं मोहोळ मुक्कामीं ता. ७।१।२७ रोजीं गेलों.

त्या दिवशींच संध्याकाळीं सुमोरें ९ वाजतां श्री० पायसागर (ऐनापुर) यांचें धर्मोपदेश या सदराखालीं पांच अणुव्रतें या विषयावरील प्रवचन झाल्यानंतर श्री० अनंतराज यांनी शांतिसागर महाराज यांना कांहीं शंका विचारावयाच्या आहेत तरी त्या आतां विचारण्यास महाराजांची परवानगी आहे काय ? असें विचारलें. त्यानंतर सर्व संघानें आपसांत विचार करून उद्ईक सकाळीं ८ ते १० या दरम्यान शंका विचाराव्यांत असें कळविलें; नंतर आम्हीं सर्व जण आपापल्या स्थानीं गेलों.

[७] यदि संपादकजीका अर्थ ठीक नहीं है, और इसका अर्थ वही है जो जैनजनता समझती है, तब संम्पादकजीने जो ऐसा असंगत अर्थ है उनको भलेप्रकार समझाना चाहिये जिसमें जिस हेतुको ध्यानमें रखकर उन्होंने ऐसा अर्थ किया है वह हेतु उनके मनसे निकल जावे. क्योंकि यदि वह हेतु ठीक नहीं है तो उसका प्रचार उनके द्वारा दि० जैनसमाजमें होगा; क्योंकि वे शास्त्रीयपरिषद्के मंत्री हैं।

आशा है दि० जैनविद्वान् आलस्य छोडकर इस श्लोककी तरफ ध्यान देवेंगे और इसका अर्थ व्याकरण और जैनसिद्धांत दोनोंसे अविरोधरूप सिद्ध करके हमारेऐसे अल्पज्ञोंकी शंकाओंका समाधान करेंगे। जो विद्वान इसका अर्थ व भाव लिख भेजेंगे उनको हम उचित समझकर **जैनमित्र**में प्रकाशित कर देंगे।

इसही विषयपर पौष सुदी ७ वीरसंवत २४४८ के जैनमित्रमें श्रीमान् पं० बनवारीलालजीका एक लेख प्रगट हुवा है वह इसप्रकार है—

शासनदेव-पूजा अर्थ नहीं निकलता ।

(लेखक पं० बनवारीलालजी, खेकडा-मेरठ)

कृत्याऽकृत्रिमचारुचैत्यनिलयान् नित्यं त्रिलोकीं गतान् ।
वंदे भावनव्यंतरान् द्युतिवरान् कल्पामरान् सर्वगान् ॥
सद्गन्धाक्षतपुष्पदामचरुकैर्दीपैश्चधूपैः फलै ।
र्नीराद्यैश्च यजे प्रणम्य शिरसा दुष्कर्मणां शांतये ॥

अन्वयः — अहं कृत्याकृत्रिमचारुचैत्यनिलयान नित्यं वंदे च पुनः नीराद्यैः अष्टद्रव्यैः यजे । नीराद्यष्टद्रव्यसमूहैरधैश्च यजे । किं कृत्वा शिरसा प्रणम्य । कस्मै प्रयोजनाय दुष्कर्मणाम शांतये कथम् भूतान् तान् भावनव्यंतरान् द्युतिवरान् कल्पामरान् सर्वगान् इति । अथ व्याख्यार्थः ॥

वर्तमानसमय श्रीजिनमंदिरोंमें यह आम्नाय है कि - प्रथम नित्य नियमकी सर्व पूजन करनेके पश्चात उक्त श्लोक और ॐ ह्रीं कृत्याकृत्रिम चैत्यालय संबंधि जिनबिंबेभ्योऽर्घं निर्वपामीति स्वाहा इति । यह मंत्र उच्चारण करके अर्घ उत्तारन करते हैं. और कहीं २ ॐ ह्रीं कृत्याकृत्रिम चैत्यालयेभ्यो अर्घं निर्वपामीति स्वाहा. इतनाही पढकर अर्घ चढा देते हैं; और नित्य नियमकी पूजाओंकी पुस्तकोंमेंभी यह ही क्रम लिखा है । तातें वर्तमान आम्नाय अनुकूल यह निश्चय हुवा कि उक्त श्लोकसे प्रधान करके तो चैत्यालयोंका पूजन है । और गौण करके चैत्यालयसंबंधी जिनबिम्बोंका पूजन होता है । तथा चोक्तं प्राधान्यम् शब्देन विवक्षितत्वाच्छब्दाधिनम् ॥ शब्देनानुपातस्यार्थतो गम्यमानस्याऽप्राधान्यामिति किन्तु अर्हतादि देवोंका पूजन विधान इस श्लोकसे नहीं होता है क्यों कि प्रथम देवगुरु शास्त्रादि नित्य नियमकी पूजन करके अर्घ चढावे हैं। और शांतिपाठ विसर्जन आदि पढकर समाप्त कर देते हैं. इस आम्नाय

अनुकुलही उक्त श्लोकका अर्थ निश्चय होता है सो लिखिये हैं। मैं जो पूजक हूं सो कराये हुवे या स्वतः सिद्ध अतिमनोहर चैत्यालयोंकी नित्यं कहिये निरंतर वंदना करता हूं। और जलादि अष्टद्रव्योंसे तथा जलादि अष्टद्रव्योंको मिलाकर अर्घसे पुजन करता हूं; क्या करके? शीस नवाय प्रणाम करके. किस प्रयोजनके अर्थ? पाप कर्मोंकी शांतिके अर्थ–जिनचैत्यालयोंकी मैं वंदना करता हूं। सो ये कहां २ हैं? सो सामान्य अपेक्षा तीन लोकमें हैं। त्रिलोकीं गतान् यह विशेषण सामान्यसे चैत्यालयोंका अधिकरण निरूपण करता है। अधिकरण दो प्रकार होता है सामान्य और विशेष्य। सो सामान्य अधिकरण चैत्यालयोंका तीन लोक है। और विशेष्य अधिकरण अधोलोकमें भवनवासी, व्यंतर देवोंके आवास है। ऊर्ध्वलोकमें कल्पवासी देवोंके आवास हैं। मध्यलोकमें ज्योतिषीदेवोंके विमान हैं. सो भावनव्यंतरान् द्युतिवरान् कल्पामरान् इन तीनों विशेषणोंसे अधो मध्य ऊर्ध्वलोकमें क्रमसे अकृत्रिमचैत्यालयोंके विशेष्य अधिकरण कथन किये हैं। यद्यपि भावन, व्यन्तर, द्युतिवर, कल्पामर नामसंज्ञक शब्दोंका अविधाशक्ति करके देवपर्याय विशेष्य वाच्य अर्थ होता है। किंतु जो यहांपर वाच्य अर्थ किया जाय तो उक्त श्लोकमें च शब्द और अपिशब्द चाहिये। जब ऐसा अर्थ हो मैं चैत्यालयोंकी वंदना करता हूं च पुनः भावनादि देवोंकीभी वंदना करता हूं क्योंकि विना च शब्द और अपि शब्दके एक क्रियापदके साथ दो कर्मवाची पदोंका संबंध नहीं हो सक्ता। और यह अर्थ प्रकरण विरुद्ध भी है। क्योंकि यहां प्रकरण अधिकरणका है जब कि त्रिलोकींगतान् इस विशेषण करके सामान्यअधिकरण कथन किया है; तो तीन लोकके विषय कहां २ यह अवश्य बतलाना चाहिये; क्योंकि विशेष्यके विना सामान्य खरविषाणवत् है. उक्तं च– निर्वेश्यं हि सामान्यं भवेत् खरविषाणवत् और बिना विशेष्य अधिकरण निरूपणके कविका ज्ञान और वाक्यभी प्रमाणभूत नहीं होसक्ता. क्योंकि केवल सामान्याधिकरण विषयक वक्ताका

ज्ञान प्रमाण नहीं; तब वाक्यभी प्रमाण नहीं होसक्ता।

इस कारण उक्त कहा हुवा श्लोकभी अप्रमाण ठहरेगा. तातै सामान्य विशेषात्मक पदार्थको विषय करनेवाले ज्ञानकोही प्रमाण माना गया है। इसी हेतुसे सामान्य विशेष आत्मक पदार्थही प्रमाणका विषय कथन किया है। तथा चोक्तं- सामान्य विशेषात्मा तदर्थो विषयेति। और बिना विशेषाधिकरण निरूपणके एकाधिकरण होनेसे सर्व कृत्रिम चैत्यालयोंका भेदभी नहीं प्रतीत होगा। चैत्यनिलयान् इस पदमें बहुवचनभी नहीं बनेगा। किंतु चैत्यनिलयं ऐसा प्रयोग करनेसे छंद बिगड जायगा. और जो किसी अन्य अपेक्षासे चैत्यालयोंका भेद सिद्ध करोगे तो तीन जुदे २ चैत्यालयोंका भिन्न २ अधिकरण अवश्य बतलाना पडेगा, तातै भावनव्यंतरान इत्यादि विशेषण निश्चयसे चैत्यालयोंके विशेषाधिकरण निरूपणमें तत्पर हैं. और भावनादिदेवोंको दुष्कर्मोंकी शांति करनेके अर्थ जैनसिद्धान्तोमें अष्ट द्रव्योंसे पूजन करनेका कहीं विधानभी नहीं किया है. चाहे सम्यग्दृष्टि हों या मिथ्यादृष्टि. और जो कुयुक्तियोंसे सर्व देवोंको सम्यग्दृष्टि सिद्ध किये जांय तो अभव्य जीवभी सम्यग्दृष्टि हो जांयगे. क्योंकि अभव्योंकी गति नौ ग्रैवेयकपर्यंत सिद्धांतोंमें कथन करी है. तो अभव्यभी मोक्षके पात्र होनेसे अभव्यपदार्थका ही लोप होगा। सर्व संसारीजीव भव्य पदके ही वाच्य ठहरेंगे। अव्रती सम्यग्दृष्टियोंकीभी अष्टद्रव्योंसे पुजा करनी कहीं नहीं लिखी है. तातै अभिधा शक्ति करके भावनादि शब्दोंका देव अर्थ करनेमे तात्पर्यकी सिद्धी नहीं होसक्ती। यहां कविका तात्पर्य विशेषाधिकरण निरूपण करनेका है; और देव चैत्यालयोंका अधिकरण नहीं होसक्ते। तातै तात्पर्यकी अनुपपत्ति होनेतै लक्षणशक्ति करकै लक्ष्य अर्थका ग्रहण है। शब्दोंमें अर्थके बोध करनेकी शक्ति तीन प्रकार है। **अभिधा, लक्षणा, व्यंजना** सो अभिधाशक्ति करके वाच्य अर्थका बोध होता है. और लक्षणाशक्ति करके लक्ष्य अर्थका बोध होता है. और व्यंजनाशक्ति करके व्यंग्य अर्थका

बोध होता है। तातै शब्दके अर्थभी तीन प्रकार हैं. वाच्य, लक्ष्य, व्यंग्य तथा चौक्तं श्लोक "वाच्यार्थोऽभिधया बोध्यो लक्षणया मतः लक्ष्यो। व्यंग्यो व्यंजनयाताः स्युस्तिस्रः शब्दस्य शक्तयः" इति जिस प्रकरणमें जो नयसे अर्थसे तात्पर्य सिद्ध हो वहां वह अर्थ ग्रहण करना चाहिये। सो लक्षणा भी तीन प्रकार हैं। **जहत, अजहत, जहताजहत** सो यहां जहत लक्षणा ग्रहण करनी तिसकर देव भावन आदि शब्दोंका जो वाच्य अर्थ जो देवपर्याय विशेष्य है तिसका त्यागकर और स्वाश्रय संबंध कर भावनादि शब्दोंके जो लक्ष्य अर्थ देवोंके आवास सो ग्रहण करने और त्रिलोकींगतान् इस विशेषणसे गतार्थ लेकर ऐसा प्रयोग करना भावन व्यंतरावासगतान् अर्थात् तीन लोकके मध्य अधोलोकमें भावनव्यंतर देवोंके आवासोंमें जो मुझे आगमप्रमाण करके अकृत्रिम चैत्यालय प्राप्त हैं तिनको मैं वंदना, पूजन करू हूं। क्योंकि सिद्धान्तोंमें अधोलोकमें देवोंके आवासोंमें ही अकृत्रिम चैत्यालय विधान किये हैं तातैं ही भवनवासी और व्यंतर दो जातिके देवोंका समुच्चयरूप भावनव्यंतरान् यह एक भिन्न विशेषण कथन किया है. और मध्य लोकवर्ती अकृत्रिम चैत्यालयोंका विशेष्याधार जनानेके अर्थ द्युतिवरान् यह द्वितीय विशेषण कथन किया तिसकाभी जहतलक्षणा करके आवास या विमान लक्ष्य अर्थ पूर्ववत जानना. इसी प्रकार ऊर्ध्वलोकमें कल्पामरान् इस तृतीय विशेषणकाभी अर्थ समझना. और यहां कविका लक्षक पद भावनादिकों करके लक्ष्य अर्थ आवासविमानादिकोंको कथन करते करते भावनादि शब्दोंकी व्यंजनाशक्तिसे चैत्यालयोंका महत्व दिखलानेका है। अर्थात् भावनादि चतुर्णिकायके देव भी चैत्यालयोंकी पूजन करते हैं। सो चतुर्णिकायके देवों करके चैत्यालयोंका वंदना पूजन व्यंग्य अर्थ भावनादि शब्दोंकी व्यंजनाशक्तिसे ज्ञात होता है। इत्यलम्।

और सर्वगान् यह विशेषण जो है सो शेष चैत्यालयोंका आधार निरूपण करता है। सर्वेषु गम्यंते प्राप्यंते इति गाः। तान् सर्वगान्

अर्थात् मध्यलोकमें ज्योतिषी देवोंके विमानोंको त्यागकर शेष सर्व स्थानोंका वाचक सर्व शब्द है। सो मनुष्योंके कराये कृत्रिम चैत्यालय मनुष्योंके ग्रह ग्राम नगर बन उपवन पर्वतादिकोंमें और अकृत्रिम सुमेरु आदि पर्वतोंमें नंदीश्वरादि द्वीपोंमें जो विद्यमान चैत्यालय हैं, सर्वको मैं वंदना वा पूजन करूं हूं। तथा चोक्तं—श्रीमन्मेरौ कुलाद्रौ रजतगिरिवरे शाल्मलौ जंबुवृक्षे। वक्षारे चैत्यवृक्षे रतिकररुचके कुण्डले मानुषांके। इष्वाकारेऽजनाद्रौ दधिमुखशिखरे व्यंतरे स्वर्गलोके। ज्योतिर्लोकेऽभिवंदे भवनमहितले यानि चैत्यालयानि॥ अर्थ— मेरु, कुलाचल, रुपाचलवक्षार, रतिकररुचक, कुण्डल, मानुषोत्तर, इष्वाकार, अंजन, दधिमुख, इत्यादिक पर्वतोंमें और शाल्मली जम्बूचैत्य आदिक वृक्षोंमें और व्यंतर, स्वर्ग, ज्योतिष्क, भवन आदिके लोकमें जिनमंदिर हैं, उनको मैं वंदना करूं हूं।

नोट —सम्पादक जैनसिद्धांत इस लेखपर विचार करके आशा है कि अपने पहले अर्थपर स्वयं निषेध प्रगटकर देंगे. जिससे जैन-जनता भ्रमसे निवृत्त हो।

श्रीमान् पं० बनारसीदासजीका इस विषयपर एक लेख फाल्गुन वदी ५ वीरसं० २४४८ के जैनमित्रमें प्रकाशित हुवा है वह इस मुजब है—

शासनदेव-चर्चापर विचार।

(लेखक-पं० बनारसीदास, सहारनपूर जैनसिद्धान्त अंक १२)

अनादि सिद्ध श्री सर्वज्ञ प्रणीत श्री जैनागममें वीतराग विज्ञानताको ही मोक्षके प्रति असाधारण कारण माना है. तथा पुर्णतया अथवा एक देश वीतराग विज्ञानताके आधार स्वरूप श्री पंचपरमेष्ठी भगवानकी पुजा सेवा उपासना भक्ति आदि परिणामको ही व्यवहार दृष्टिसे वीतराग विज्ञानताकी प्रापिका हेतु कथन किया है। यही कारण है कि-

हितेच्छु पुरुष अव्रत सम्यग्दृष्टी अवस्थामें भी संसारिक रागीद्वेषी देवों-की सेवा पुजा भय स्नेह किसी प्रकारकी वांछा आदिके वश हो कदापि नहीं करते, सेवा पुजा तो दूरही रही मनमें भी उस पदको उपादेय नहीं समझते. परन्तु खेद है कि- विद्वद्वर इसही श्री जिनागमसे सरागी देवोंकी पुजा अर्पणको गृहस्थोंके लिये मुख्य धर्म सिद्ध करना चाहते हैं! इसका अनुभव पाठक महाशयोंको जैनसिद्धान्त अंक १२ के शासन-देव चर्चा शीर्षक लेखको पढनेसे पूर्णतया होगया होगा। इसमें लेखक महाशयने कतिपय श्रीआदिपुराणजीके मंत्रोंद्वारा इन्द्रको अर्घ अर्पण करना ही श्री १००८ श्री भगवानकी पूजन होना सिद्ध करना चाहते हैं परंतु यह केवल धर्म विरुद्ध क्रियाके प्रचारका आग्रह मात्र है। कुछ युक्ति अथवा आगमसे संगत नहीं है जैसे इन्द्र शब्दका अर्थ है। देवोंका ईश्वररूप लिया है और उससे श्रीसिद्धार्चन माना है यह बिल-कुल असत्य है क्योंकि श्रीजिनसेनस्वामी जैसे विद्वमान आचार्य ऐसी आज्ञा कदापि प्रदान नहीं कर सके कि - इन्द्रको आहुती दी जाय और श्रीसिद्ध भगवानकी पूजन हो जाय। यह कथन तो ऐसा है। कि- ब्राह्म-णोंको जिमाना और पितेश्वरोंको तृप्त होना !

कृपया किंचित विचारशक्तिको काममें लाइये जिससे यथार्थ अर्थका अनुभय हो, हजारबार सिर पटकनेसे अर्थके अनर्थका अनुभव न होगा।

शब्द अनेकार्थ होते हैं और उनका अर्थ प्रकरणानुसार किया जाता है। यह नियम नहीं है कि- शब्द केवल रूढी मात्र अर्थकोही प्रकट करे. प्रकरण पाकर यौगिक अर्थकोभी प्रगट किया करता है जैसे मंडप यह शब्द रूढितः किसी स्थान विशेषका वाचक होनेपरभी पुरु-षका विशेषण होनेपर ' मंडंपिबतीति' इस निरुक्तिके द्वारा मांड पीने वाला इस अर्थको प्रकाशित करता है. उस ही प्रकार इन्द्र यह शब्द रूढसे देव राजरूप अर्थका सूचक होनेपरभी इन मंत्रोंसे श्रीमान्

सिद्ध महाराजका पूजन करो इस विशेष वचनसे इंदतीति इन्द्रः इस यौगिक अर्थको रखता है अर्थात् परम ऐश्वर्यरूप अवस्थाकी प्राप्तिवान् जो श्रीसिद्ध महाराज उनकाही विशेषण होता है. यह अर्थ इन्द्र शब्दका श्रीपूज्यपाद स्वामीने इन्द्रिय शब्दकी निरुक्तिमें किया है और इन्द्र शब्दसे आत्मा अथवा नामकर्म यह अर्थ लिया है। यदि सर्वत्र इन्द्र शब्दको रूढिही मानकर देवराजरूप ही अर्थ लेंगे तो उपर्युक्त आगमसे बाधा आयेगी।

आगाडी चलकर आप लिखते हैं कि– गृहस्थकी इतनीही मजाल है कि– परमात्म दशाके साध्य साधकोंको तथा भक्तोंको होसके उतना वही इकट्टा करले. सो महाशयजी इन्द्रसे असंख्यात गुणी निर्जराका धारक पंचम गुणस्थानी ग्रहस्थको क्या परमात्म दशा यह साध्य साधक नहीं अथवा युक्त नहीं? जिसमें इन्द्रकी पूजामें मन लगावें या भावें?

इससे आगाडी लिखते हैं कि– अकृत्रिम चैत्यालयोंके अर्थमें जो भावनव्यन्तरकल्पामरद्युतिवर शब्द हैं वे देवविशेषके वाचक हैं; क्योंकि इनके उत्तर– कोई **ताद्धित प्रत्यय** नहीं है. सो यहभी नितान्त अनाभिज्ञता है, क्योंकि– यहां तद्धित प्रत्ययका लुक् होगया है; जिसका सूत्र पाणीनीय व्याकरणमें यह है– " **तद्राजस्य बहुषु तेनेवा स्त्रियां** ". अतः इन देवों संबन्धी श्रीजिनमंदिरोंके वाचक उपर्युक्त शब्द हैं। यदि ऐसा नहीं मानोंगे तो भावनव्यन्तरद्युतिवरकल्पामर देवोंका ग्रहण करेंगे और इनका वन्दे क्रियामें अन्वय अवश्य करेंगे कारण कि नियम है– " सहनियोग प्रविष्टानां सहवा प्रवृत्तिः सहवा निवृत्तिश्च " अर्थात् जो जिनका सहयोग होता है उनकी साथ ही प्रवृत्ति होती है साथही निवृत्ति; अतः जिस प्रकार अकृत्रिम श्रीचैत्यालयोंका वन्दे क्रियामें अन्वय होकर श्री अकृत्रिम चैत्यालयोंका वंदना नमस्कार करता हूं यह अर्थ होता है; उसी प्रकार भावनव्यन्तरद्युतिवरकल्पामरोंको वंदना नमस्कार करता हूं यह अर्थ होगा. और इसका खंडन लेखक महाशयने स्वतः किया है जैसे–

आर्ष ग्रंथोंमें नमस्कारके प्रकरणमें देव शास्त्र गुरुके सिवाय सबका निषेध किया है इत्यादि ।

इस लिये भावनव्यन्तरद्युतिवरकल्पामर शब्दोंका अर्थ देव करनेमें स्ववचन विरोध आवेंगे ।

इत्यादि कथनमें सिद्ध है कि–श्री जिनशासनके देव जो सर्वज्ञ वीतराग ही हो सक्ते हैं. अन्य इन्द्रादि रागी द्वेषी देवोंकी सेवाको संसारका कारण मिथ्यात्व कहा है ।

जो महाशय रागी द्वेषी देवोंकी पुजाको पुष्ट करते हैं वे निःसंदेह पापसे नहीं डरते; पर श्रीविद्वज्जन बोधकजीके कर्ता आत्म हितेच्छु थे. उन्हें पापसे डर था इस कारण उन्होंने आगमसे विरुद्ध आपके समान अर्थ नहीं किया इसमें उनका पक्षपात कहना नितांत अपनी सज्जनता प्रगट करना है । उन्होंने जो भी उपकार किया उसकी प्रशंसा लेखमें नहीं आसक्ती । हम सबको उनका अनुकरण कर यथावत अर्थसे सर्व साधारणको सुचित करें और अपना तथा अन्यका उपकार करें ।

विज्ञेषु किमाधिक्येन शुभं ।

श्रीमान् पं० पन्नालाल गोधाजी उदासीनश्रावक हमारे पास भेजे हुये अपने–" जैनसिद्धान्तके लेखोंपर विचार " इस शीर्षकके लेखमें इस विषयपर अपना अभिप्राय इस मुजब देते हैं–

तथा जो तीन लोककी जिनचैत्यालयोंके अर्घमें केवल जिन भगवानकोही वंदना और पूजन कहा है. परंतु आप उस्का अर्थ करने लगे कि–चारों निकायके देवोंकोभी अर्घ्यादि प्रदान करना बताया है. सो एभी आपकी चतुराई ठीक नहीं है! जबकी आप चारों देवोंको अर्घ प्रदान करना सिद्ध करते हैं; तो वहां "वंदे" शब्द भी हैं.तो क्या व्यंतरादिकोंको वंदना भी करना होगा ? जो कहो कि नहीं, तो फिर

दो बातमें एक मानो; एक नहीं मानो. अर्थात् अर्घ चढाया मानो और वंदना करना नहीं मानो सो कैसें बने ? और जो कहो कि वंदना करे. तो फिर आप इसका पुजनसे जादा महत्व बताते है. और कह चुके हैं कि-शासनदेवोंकी पूजन तो करना किंतु नमस्कार नहीं करना. सो ये वाक्य आपके स्ववचन बाधित होते हैं,

अथवा इस 'वंदे' शब्दका अर्थ आप चतुराईसे दूसरा अर्थ बना-ओगे.सो कदाचित् नहीं बनेगा क्योंकि जब अकृत्रिम बिंबोंके अर्थ वंदे शब्द है; वह सिवाय नमस्कारके दूसरा अर्थ हो नहीं सकता. सो यो ही शब्द आपकेही मतसे शासनदेवोंके अर्थ कैसे होसकता है ? इस वास्ते उक्त श्लोकसे व्यंतरादि ४ प्रकारके देवोंके स्थानमें चैत्यालय है. उन्हींको नमस्कार और अर्घ प्रदान है; व्यंतरादि देवोंको कदापि नहीं. आपका अर्थ पक्षसे है सो ठकि नहीं.

श्रीमान् पं० आप्पाशास्त्रीजी उद्गांवकरको पं० वंशीधरजीका- " वंदेभावनव्यंतरान्द्युतिवरान् " इस बाबद जो मत है उसपर अ-पना आभिप्राय भेजनेकी कृपा करें इस आशयकी मैंने विनति करीथी उसका उत्तर उन्होंने इस प्रकार दिया है कि-

" उद्गांव—आश्विन वद्य २।१८४४, ता. ७।१०।२२

श्री० रा. रा. शंकर पंढरीनाथ रणदिवे मु० सोलापूर यांस, आपण पत्र पाठविलें तें पोहोंचलें; सर्व मजकूर समजला. त्यावर माझा अभिप्राय-(वन्दे भावनव्यंतरेत्याद्युपरि—अभिप्राय लेखक.)

" आप्पाशास्त्री उद्गांवग्रामनिवासी ।

" वन्दे भावनव्यंतरान् द्युतिवरान् कल्पामरान् सर्वगान् "

अस्यवाक्यस्यार्थः पं० न्या० श्री० वंशीधरशास्त्रिणा- "चतुर्णि-कायदेवान् वन्दे " इति कृतस्तर्हि किं भवदभिप्रायः ? इति लिखित्वा

श्री० रणदिवे शंकरेणैका पत्रिका मन्निकटे प्रेषिता। ततो मदभिप्रायो यथामति संक्षेपाल्लिख्यते तथाहि—

उपरि लिखितं वाक्यमशुद्धं प्रायः। अतएव—"चतुर्णिकायदेवान् वंदे" इत्यर्थो भवति, तस्मात्—

"वन्दे भावनव्यंतरद्युतिवरान् कल्पामरान् सर्वगान्।" इति प्रशस्तं मे भाति। अस्यस्पष्टीकरणं— "भावनव्यंतरद्युतिवरान्" इत्येक पदं च "काल्पामरान्" इत्येकपदं। अस्यार्थः— भवनव्यंतरद्युति-वराणामिमे भावनव्यंतरद्युतिवरास्तान्। "तस्येदामित्यण्" भवन व्यंतरद्युतिवर संबंधिन इत्यर्थः। अपिच। कल्पामराणामिमे कल्पामरा स्तान्। अत्रापि—"तस्येदमित्यण्" कल्पामरसंबंधिनः सर्वगान्—सर्वज्ञ बिंबान् वंदेऽभिवादये। ये गत्यर्थकास्तेज्ञानार्थका इति वचनात्—सर्वे-गच्छंतिजानंतीति सर्वगास्तानित्यर्थः। तत्संबंधिन इति कुत्र वर्तते? इति चेत् पश्यत—चैत्यभक्तौ ताडपत्रक पुस्तके ११९ पृष्ठे।

भवनविमानज्योतिर्व्यंतरनरलोकविश्व चैत्यानि।
त्रिजगदाभिवंदितानां त्रेधा वंदे जिनेंद्राणाम्॥ ९॥

टीका—भवनेत्यादि। भवनानिच विमानानिच ज्योतिषश्च व्यं-तराश्च ज्योतिर्व्यंतरनरास्तेषां। लोकानि वासस्थानानि। भवनविमाना-निच ज्योतिर्व्यंतरलोकाश्चतेषां। विश्वचैत्यानि सर्वप्रतिमाः। केषां जिनें-द्राणां। कथं भूतानां? त्रिजगदाभिवंदितानां—त्रिलोकाभिस्तुतानां। त्रेधा—मनोवाक्कायैः वंदे। इति टीकाकारः प्रभाचंद्रभट्टारकः। इत्युक्त्वात्—"भवनव्यंतरद्युतिवरसंबंधिनो जिनाबिंबान् वंदे। इत्यर्थो भवतीति मद भिप्रायो ज्ञातव्यः।"

युष्मत्प्रेमाभिलाषी,
आप्पाशास्त्री उदगांवकर.

भावार्थः—तत्रस्थचैत्यालयोंमें होनेवाले जिनबिंबोंको मैं नमस्कार करता हूं, ऐसा इस–"वंदे भावन" वाक्यका अर्थ होता है; और इसमें **तद्धित प्रत्यय**भी हो सक्ता है. ऐसा मेरा अभिप्राय है यह ज्ञात होवें.

श्री. पं. अजितकुमार शास्त्रीजीका भी इस विषयपर एक लेख मगसिर वदी २ वीर सं० २४४८ के जैनमित्रमें प्रगट हुवा था वह यह है—

एक निर्णय विषय।

चैत्यालयोंके साथ चतुर्निकाय देवाराधन।

जैनमित्र अंक ४५ ता० ६ अक्टूम्बर २१ में जो सम्पादकने विद्वानोंसे समाधान पूछा है इसके विषयमें हमें यहां और विषयोंमें न जाकर केवल अकृत्रिम चैत्यालय पूजाके प्रथम श्लोकका अर्थ विचारना है। इस श्लोकका अर्थ पं० वंशीधरजी शास्त्री सोलापूरने जो किया है वही है? या उससे भिन्न है?।

यह तो सर्व साधारणकी धारणा है, या होगी अथवा होनी चाहिये कि–अकृत्रिम चैत्यालय पूजामें अकृत्रिम चैत्यालयोंके जिनबिम्बोंका ही पूजन है। अति घनिष्ठता तथा समीपताके कारण कृत्रिम चैत्यालयोंको भी ले लिया हे। क्योंकि इस शब्दका उद्दिष्ट अर्थ यही है। इसके सिवाय इस पूजनका आहुतीमंत्र भी अपने शब्दोंसे केवल चैत्यालयोंको ही प्रकट करता है। इन मंत्रोंमें न तो कोई श्लेष ही है, न कोई विवादस्थल ही है और न इन मंत्रोंमें ऐसा होता ही है। अतः यह मंत्र ॐ ह्रीं कृत्रिमाकृत्रिमचैत्यालयस्थजिनबिंबेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति) स्पष्ट बतलाता है कि–हमारा पूजन कृत्रिम, अकृत्रिम चैत्यालयोंका है; न कि चारनिकायके देवोंका है। क्योकि यह सभीको ज्ञात है तथा वास्तवमें है ही। कि–प्रत्येक पुजाके द्रव्य चढाते

समस्त सूत्रमें जो कुछ कहा जाता है शुद्ध संक्षिप्त रूपसे वही इन मंत्रोंमें भी प्रकट किया जाता है ।

यदि ' कृत्याकृत्रिमचारुचैत्यनिलयान् नित्यं त्रिलोकीं गतान् । वंदे भावनव्यंतरान् द्युतिवरान् कल्पामरान् सर्वगान्, सद्गंधाक्षतपुष्पदामचरुकैर्दीपैश्च धूपैःफलै, नीराद्यैश्च यजे प्रणम्य शिरसा दुष्कर्मणां शांतये॥ इस श्लोकमें चारों प्रकारके देवोंका नाम लिया होता तो उस मंत्रमें भी उनका नाम अवश्य होता । किंतु उसमें किसी भी देवका नाम नहीं है ।

इसके सिवाय ऐसा अर्थ करनेसे प्रकरण असंगत बैठता है । क्योंकि चैत्यालयोंकी पूजाके साथ चतुर्निकाय देवोंका क्या सम्बन्ध ? कृत्याकृत्रिमचारुचैत्यनिलयान् नित्यं त्रिलोकीं गतान्, इस चरणमें तो चैत्यालयोंको नमस्कार हो, तथा ' वंदे भावनव्यंतरान् द्युतिवरान् कल्पामरान् सर्वगान् ' इस दूसरे चरणमें स्वर्गवासी देवोंको नमस्कार हो, यह कौनसी समानता ? तथा कौनसा प्रकरण ? । बादरायण संबंध ही इस अर्थको बता सक्ता है ! कर्मोंके क्षयार्थ चैत्यालयस्थ जिनबिंब तो हो सक्ते हैं; किंतु चतुर्थ गुणस्थनवर्ती देव जो – राग, द्वेषसे लिप्त हैं जिनका ध्यान भोगोपभोगोंकी ओर चित्तको खींचता है, किस प्रकार कर्मोंको क्षय करनेमें सहकारी हो सक्ते हैं? परिणामोंकी विशुद्धतामें तो इनसे अधिक तिर्यंच भी होते हैं । मनुष्योंमें तो फिर क्या कहना ? श्रावक, मुनि, अनेक ऋद्धियोंके धारक ऋषि, श्रतकेवली आदि चरमोन्नतिके पानेवाले विद्यमान हैं; उनका नाम क्यों न लिया ? उनके प्रभावके कर्मक्षपणमें अधिक सहायता मिलती । इस लिये सिद्ध होता है कि–देव बाह्य उपसर्गादिके निवारक तो हो सक्ते हैं; किंतु कर्मोंके क्षय करनेमें कारण नहीं हो सक्ते हैं ।

श्लोकका अर्थ कैसा किया जाय ? इस शंकाके निवारणके लिये प्रथम तो ' अण् ' प्रत्ययको स्वार्थमें नकरके ' तस्येदम् ' (सम्बन्ध)

अर्थमें करना चाहिये। वैसा करनेसे अभीष्ट संगत अर्थ निकाल सक्ता है। इस लिये इस धारणाको तो छोड ही देना चाहिये कि– यह प्रत्यय यहां स्वार्थमें किया है। क्योंकि ऐसा करनेसे एक तो अर्थका अनर्थ हो जायगा दूसरे अर्थ भी असंगत रहेगा। श्लेष शब्दोंमें भी प्रकाणानुसार अर्थ करना पडता है। भोजन करते समय यदि 'सैंन्धवमानय' कोई कहे तो उसको नमक ही मिलना चाहिये. क्योंकि– शाक, दाल, आदिमें नमककी आवश्यकता हो सक्ती है; उसमें घोडेकी आवश्यकता नहीं है। इसी प्रकार यदि चलते समय 'सैंधवमानय' कहा जाय तो उसको घोडा मिलना चाहिये. क्योंकि– वहां वैसा ही प्रकरण है। उस जगह नमक देना मूर्खता समझी जायगी। इस लिये श्लोकका अर्थ पूर्वापरसे संबद्ध बैठालना चाहिये; और प्रयत्न भी तदनुकूल ही करना चाहिये। अन्यथा नहीं।

यदि तब भी अर्थ ठीक न निकले तो निश्चय कर देना चाहिये कि श्लोक अशुद्ध है। इसमें पाठान्तर हो गया है। यह दूसरी बात है कि– किसी विद्वाननें पूर्ण प्रयत्न तथा ध्यान इस ओर नहीं किया है। यदि ऐसा होता तो मालूम हो जाता कि–श्लोक अशुद्ध है।

और हर्षका विषय तो यह होता कि– विद्वानोंकी यह धारणा सच निकलती। हमको जैनसिद्धांतभवन आराकी एक पूजन पुस्तकको देखनेसे ज्ञात हुआ है कि– श्लोक अशुद्ध छपा गया है। इसमें पाठान्तर हो गया है जिसकी वजहसे इतना टकराना पडता है।

यहांपर किसीकी यह कुतर्क तो चल नहीं सक्ती है कि– पुस्तकमें किसी आधुनिक विद्वानने सुधार कर दिया होगा; क्योंकि वह प्रति प्राचीन है अर्वाचीन नहीं है। और फिर ऐसी शंका यहां क्यों होय? इस शंकाके लिये तो हमारी छपी हुई पुस्तकका पाठ तयार है। वहां अर्थ संबद्ध बैठे उस स्थानपर पाठांतर होनेका क्या भ्रम? अस्तु।

'यह श्लोक इस प्रतिमें इस प्रकार है—

कृत्याकृत्रिमचारुचैत्यनिलयान् नित्यं त्रिलोकीं गतान्। वंदे भावनव्यन्तरद्युतिवरस्वर्गामरावासगान् ।

सद्गन्धाक्षतपुष्पदामचरुकैः सद्दीपधूपैः फलै । द्रंव्यै र्नीरमुखैर्यजामि सततं दुष्कर्मणां शांतये ॥

इसका भावार्थ यह है– "मैं पापकर्मोंको शान्त करनेके लिये त्रिलोकवर्ती कृत्रिम तथा अकृत्रिम चैत्यालयोंको तथा भवनवासी, व्यंतर, ज्योतिषी और कल्पवासी देवोंके विमान या भवनवर्ती चैत्यालयोंको सर्वदा बंदना करता हूं। और शुद्ध जल प्रमुख [जलादि] चंदन, अक्षत, पुष्प, नैवेद्य, दीप, धूप, फल इन द्रव्योंके द्वारा नमस्कार करता हूं।

इस श्लोकका यही अर्थ होता है. अन्य असंगत कोई भी अर्थ नहीं निकलता है ।

इसमें यह शंका भी नहीं उठानी चाहिये कि– "जब त्रिलोकवर्ती सभी चैत्यालयोंका नाम ले लिया फिर देवोंके विमानवर्ती चैत्यालयोंका क्यों नाम लिया? क्योंकि - ये चैत्यालय भी तो उसीमें शामिल हैं" क्योंकि–बिशेषता दिखानेके लिये शब्दोंका प्रयोग इस प्रकार प्रायः हुआ है। जैसे–वर्द्धमान तीर्थंकरके उत्पन्न होते ही त्रिलोकवर्ती समस्त जीवोंको स्वभावसे ही सुख–शांति मिली तथा नारकी जीवोंके लिये भी कुछ क्षण तक शांति मिली। इत्यादि दृष्टान्तोंसे यह शंका सर्वथा उड जाती है. क्योंकि– सामान्य रूपमें अंतर्भाव होनेपर भी विशेषता दिखाने लिये मुख्य शब्दोंका प्रयोग ऐसा करना ही पडता है। इसी प्रकार तीन लोकके कृत्रिम अकृत्रिम चैत्यालयोंका ग्रहण होने पर भी देवोंके विमानस्थ अकृत्रिम चैत्यालयोंका नाम लिया। यहांपर विशेषता एक तो अकृत्रिमताकी वजहसे है तथा अकृत्रिम चैत्यालयोंमें भी देवोंके विमानवर्ती चैत्यालय होनेसे भी विशेषता है। इस लिये

सामान्यतासे उनका नाम आजानेपर भी फिर उनको ग्रहण किया। अतएव उपर्युक्त शंका यहां स्थान नहीं पाती है।

इसके अतिरिक्त संस्कृत नंदीश्वरद्वीपकी पूजामें अकृत्रिम चैत्यालयोंका नाम तो लिया है किंतु उन देवोंका नाम नहीं लिया है। यदि श्लोकमें अकृत्रिम चैत्यालयोंके साथ चारनिकायके देवोंको भी कुछ नमस्कार होता तो यहांपर भी कुछ न कुछ अवश्य होना चाहिये था। वहां स्पष्ट लिखा हुआ है– "**श्रीचंदनाद्याक्षततोयपूतं विकाशिपुष्पांजलिना सुभक्त्या। सद्भावनावासजिनालयस्थान् जिनेन्द्रबिंबान् प्रयजे मनोज्ञान्।** (भवनवासी देवोंके भवनवर्ती चैत्यालयोंके जिनबिंबोंका अष्टद्रव्यसे पूजन करता हूं) श्री चंदनाद्या० **सद्व्यन्तराणां निलयेषु संस्थान् जिनेन्द्र०** [व्यंतरदेवोंके गृहवर्ती चैत्यालयों जिनप्रतिमाओंका जलादिक द्रव्यसे पूजन करता हूं। श्रीचंदनाद्या० **चंद्रार्कताराग्रहऋक्षज्योतिष्काणां यजे वै, जिनबिंबवर्यान्,** [चंद्र, सूर्य, तारे, ग्रह, नक्षत्र इन पांच प्रकारके ज्योतिषी देवोंके विमानस्थ जिन प्रतिमाओंका अष्ट द्रव्यसे पूजन करता हूं)। **कल्पेषु कल्पातिगकेषु चैव देवालयस्थान् जिनदेवबिम्बान्। सन्नीर गंध्यक्षतमुख्यद्रव्यैर्यजे मनोवाकायतनुभिर्मनोज्ञान्।** (कल्पवासी तथा कल्पातीत स्वर्गवासी देवोंके विमानवर्ती जिनप्रतिमाओंका मनवचन कायसे अष्ट द्रव्य द्वारा पूजन करता हूं।) इन श्लोकोंसे स्पष्टतया मालूम होता है कि– चैत्यालय पूजामें देवोंके विमानस्थ चैत्यालयोंकी ही पूजा है। उन देवोंकी नहीं है। इस प्रकार पुष्ट प्रमाणोंसे अच्छी तरह सिद्ध होता है कि– उस श्लोकमें देवोंके विमानस्थ चैत्यालयोंका ही पूजन है अन्य नहीं अपनी पुस्तकके अशुद्ध पाठको हटाकर शुद्ध पाठ सर्व भाईयोंको करलेना चाहिये जो हमने लिख दिया है।

यदि इससे भी जबरदस्त कोई प्राचीनप्रतिका प्रमाण चार प्रकारके देवोंकी पूजनको सिद्ध करनेवाला हो; या अन्य ही कोई अनिवार्य

दशा होय तो पंडितजी महोदय सुचित करें ताकि निर्णय ठीक निर्णीत हो जाय। निवेदक—

अजितकुमार शास्त्री, कलकत्ता.

नोट– इस लेखमें जो पं० बंशीधरजीके अर्थका खंडन किया गया है उसपर अन्य विद्वान् भी ध्यान देकर अपनी सम्मति प्रगट करें।

———

पं० अजितकुमार शास्त्रीजीने अपने इस लेखके बारेमें पौष सुदी ५ वीर नि० २४४८ के खं० जैनहितेच्छुमें विरोध किया है कि– " वह लेख यद्यपि मैंने लिखकर भेजाथा किंतु लेख काटछांट करके छपा है। अर्थात् लेखका कुछ भाग प्रकाशित नहीं किया है. " इत्यादि.

और फिर आषाढ वदी ५ वीर नि० २४४८ के खं० जैनहितेच्छुमें प्रसिद्ध किया है कि– " इसके लिये हमको केवल इतना कहना है कि– आधुनिक पूजनपुस्तकोंमें जो कृत्याकृत्रिमादि श्लोक है उसका अर्थ वही है कि– पं० वंशीधरजीने किया था. यह यदि आप न जान सकें तो किसी संस्कृतज्ञ अजैन विद्वानको ही दिखा लीजिये. "

इससे यह सिद्ध होता है कि– जैनमित्रके संपादकजीने इनके लेखमें जो कुछ काटछांट की होगी सो यह ही ठहरेगी; जिससे कि– और कुछ दूसरी की हुई काटछांट पं० अजितकुमार शास्त्रीने अभीतक भी किसी पत्रमें प्रसिद्ध की नहीं.

अब इसपर हमारे शास्त्रीजीसे हमारा इतनाही कहना है कि–

" वंदे भावनव्यंतरान् द्युतिवरान् कल्पामरान् सर्वगान् " इस चरणके बारेमें पं० ब्रह्म. शीतलप्रसादजी, पं० बनवारीलालजी और पं.

बनारसीदासजी आदि संस्कृतज्ञ जैनविद्वानोंने जो कहा है उसको तो आप मानते नहीं तो फिर अजैन विद्वानोंने कहाहुवा आपको कैसे श्रद्धेय होगा ? हां यदी उनका कहना आपके प्रतिकूल न हो तब न ? और कदाचित अनुकूल न हो तो उनका कहना आप मान्य करेंगे क्या? नहीं. या ऊपर कहे हुवे ये जैनविद्वान क्या संस्कृतज्ञ नहीं हैं? तो फिर इससे ऐसा सिद्ध होता है कि–जिसका कहना अपने अनुकूल हो वह आप श्रद्धेय मानोगे: चाहे वह विद्वान जैन हो या अजैन ! अस्तु फिर इस विषयमें और एक जैनविद्वानका मत देताहूं; लेकिन वह मानना या न मानना आपके मर्जी ऊपर है. मैने इसबारेमें पं० न्यायाचार्य माणिकचंद्रजीको पुछाथा; उनोंने अपने चैत्र सुदी ५ सं. १९७९ के पत्रमें लिखा है कि–" कृत्याकृत्रिम " श्लोकका अर्थ– तत्रस्थचैत्यालय है. पूर्वापर संदर्भ और मत्वर्थीय अच् प्रत्यय करनेसे तथा विरुद्ध सामानाधिकरण्य दोष न होजाय अतः चैत्यालय अर्थही उपयुक्त है। "गंगायां-घोषः" का अर्थ लक्षणावृत्तीसे गंगातीरही किया जाता है। "दुष्कर्मणां शान्तये " के समाभिव्याहारसे नवदेवताही लिये जा सक्ते हैं। सामानाधिकरण्यन्यायसे मत्वर्थीय प्रत्यय होता है। " भावनव्यंतरान् " का अर्थ–भावनस्थ व्यंतरस्थ हो जाता है।

भवदीय,

माणिकचंद मोरेना (ग्वालियर)

अकृत्रिमचैत्यालयोंकी वंदनाके बारेमें जो– " वंदे भावनव्यंतरान् द्युतिवरान् कल्पामरान् सर्वगान् ॥ " ऐसा कहा है उसका अर्थ मेरठके पं० बनवारीलालजी और सहारनपुरके पं० बनारसीदासजी और मोरेनाके पं० न्यायाचार्य माणिकचंद्रजी व जैनधर्मभूषण ब्रह्मचारी शीतलप्रसादजी और भी इंदोरके श्री. उदासीन श्रावक पं० पन्नालाल गोधाजी और शासनदेवता भक्त पं० आप्पाशास्त्री उदगांव

तिवासी भी ऐसा कहते हैं कि- भवनवासी, व्यंतरवासी, ज्योतिष-वासी और कल्पवासी देवोंके विमानोंमें जे अकृत्रिम चैत्यालयें हैं उनको मै वंदना करता हूं. परंतु पं० बनसीधरजी अपने जुलाई १९२१ के जैनसिद्धांत पृ० ४१ में लिखते हैं कि- ऐसा होता नहीं, भवनवासी, व्यंतरवासी, ज्योतिषवासी और कल्पवासी देवताओंकोही वंदना करनी चाहिये.

उभयपक्षकारोंने अपने पक्षके समर्थनार्थ व्याकरण न्याय दिखाये हैं पंडितलोग उनका विचार करेंगेही. लेकिन साधारण बुद्धीमान इतना कहसकेंगे कि- इस वंदनामें अकृत्रिम चैत्यालयोंकी वंदना यदि नहीं है फक्त चतुर्णिकाय देवोंकी ही वंदना है; तो फिर उन चतुर्णिकाय देवोंमेंसे ज्योतिषवासीदेव हररोज अपने दृग्गोचर होते हैं. सूर्य दिन-भर दीखताहै और रात्रीमें चंद्र, मंगल, बुध, शनि, शुक्र दीखते हैं. तो उनकोभी वंदना करनी चाहिये और अर्घ्य देना चाहिये; जैसे अन्य-मति ब्राह्मणलोग सूर्यको नमस्कार करके अर्घ्य देते हैं; वैसेही पंडि-तजीने करना चाहिये. लेकिन् पंडितजी वैसे करते हुये देखनेमें आते नहीं !

ऐसे कोईभी जैन सूर्यको वंदना करता नहीं, कदाचित् कोई सूर्यको वंदना करने लगा, या अर्घ्य देने लगा तो उसको मिथ्या दृष्टि कहते हैं. और शास्त्रभी ऐसाही कहता है, तो फिर हमारे पंडितजी सूर्यकी प्रत्यक्ष वंदना कैसी करेंगे ?

यदि सूर्यचंद्रके विमानोंको कदाचित् वंदना किई तो भी वह करनेवाला ऐसी सबब कहेंगा कि-मैने सूर्यको वंदना किई नहीं; किंतु फक्त सूर्यके विमानमेंके अकृत्रिम सैत्यालयको किई है. लेकिन् हमारे पंडितजीका कहना वैसा नहीं है. वे कहते हैं कि- अकृत्रिम चैत्याल-योंकी वंदना तो अलग है, लेकिन अब मै सूर्यचंद्रादिकोंको वंदना करता हूं।

सूर्यके विमानमेंके अकृत्रिमचैत्यालयकी आनंद राजा हररोज पूजा करताथा; उसको देखकर औरप्रजाजन भी सूर्यकी पूजा करने लगे ऐसी कथा पार्श्वनाथपुराणमें है. उस विषयमें श्रीसकलकीर्ति आचार्यने लिखा है.—

तद्विलोक्य जनाः सर्वे तत्प्रामाण्यात्स्वयं च तत् ॥
स्तोतुमारेभिरे भक्त्या पुण्याय रविमंडलं ॥ ८० ॥
अहो लोकाः प्रवर्तंते नृपाचारेण भूतले ॥
सद्विचारं न जानंति कार्याकार्य-शुभाशुभं ॥ ८१ ॥
तदा प्रभृति लोकेऽस्मिन् बभूवार्कोपसेवनं ॥
मिथ्याकरं च मूढानां विवेकविकलात्मनां ॥ ८२ ॥

अर्थः —राजाका वह पूजन देखकर प्रजाजनभी राजाका अनुकरण करनेके हेतुसे सूर्यमंडलकी भक्तिपूर्वक स्तुति करने लगे. देखो,—राजाके देखादेखीसे पृथ्वीपर लोकप्रवृत्ति चलती है. विचार करते नहीं, शुभाशुभ कार्यको जानते नहीं. तबसे इस दुनयामें सूर्यकी पूजा करनेकी प्रथा शुरू हुई ! मूर्ख और विवेकहीन लोकोंने यह मिथ्याप्रवृत्ति चलाई है.

यहांपर श्रीसकलकीर्ति आचार्य तो सूर्यके पूजन- वंदनाको मिथ्याप्रवृत्ति बताते हैं; और पंडित वनसीधरजी सूर्यचंद्रादिक चातुर्णिकाय देवोंकी बंदना करना और अष्टद्रव्योंसें पूजा करना धर्म बताते हैं. इससे रागीद्वेषियोंका पूजन आराधन बढाने तरफ उनका अभिप्राय प्रगट दीखता है. उस अभिप्रायसेही उनको महापुराणमेंसे ' इंद्राय स्वाहा ' इसका अर्थभी वीतराग इंद्रको छोडकर सरागी इंद्रको आहुति देने तरफ झुक गया है.

इस प्रकार इस " कृत्याकृत्रिम० " श्लोकमेंसे जो- " वन्दे-भावन० " इस चरणसे पं. न्या. वंशीधरजी- चतुर्णिकाय देवताओंको

अर्घ देना व नमस्कार करनाभी [इनके ' अर्घादि ' इस शब्दमें जो ' आदि ' है इससे स्पष्ट है] लिखते हैं; और संबंधी कोई चीज (ताल्लुक) ऐसा अर्थ यहां निकलता नहीं. व इससे यह भी सिद्ध करना चाहते हैं कि– चारनिकायके देवोंका आव्हान–पूजन जिनपूजनके साथ किया जाता है; ऐसे कहते हैं;

इसपर पांच छे विद्वोंका विरुद्ध मत भी हमने यहां प्रसिद्ध किया है. सो विद्वज्जनको हमारी यह नम्र प्रार्थना है कि– ये हमारे शास्त्रीय परिषद्के मंत्री पं. न्या. वंशीधरजीकी यह आगम प्रमाणता " युक्तिशास्त्राविरोधिवाक् " इस न्यायसे प्रमाण है या अप्रमाण ? इसका खुलासा करनेकी आवश्य कृपा करें.

सोलापूर,
ता. ९।१।२१

आपका विनीत.
शंकर पंढरीनाथ रणदिवे.

भूल संशोधनः — इस लेखमेंसे पत्र १४, लाइन् ५ में जो– ' कल्पामरान् ' ऐसा लिखगया है उस जगह— ' काल्पामरान् ' ऐसा बाचना.

आगम-प्रमाणता संबंधमें शास्त्रार्थ.

वेश्यासेवनकरनेवाला ब्रह्मचर्याणुव्रती होसक्ता है क्या?

यशस्तिलकचंपू (उत्तर खण्ड) काव्यमेंसे सप्तम आश्वासमें श्री० सोमदेव पंडितने उपासकाध्ययन प्रकरणमें जो गृहस्थके ब्रह्मचर्याणुव्रतका कथन किया है उसमेंका प्रथम श्लोक यह है-

वधू-वित्तस्त्रियौ मुक्त्वा सर्वत्रान्यत्र तज्जने ॥
माता स्वसा तनूजेति मतिर्ब्रह्म गृहाश्रमे ॥१॥

अर्थात्:—अपनी स्त्री और वित्तस्त्री माने वेश्या या रखेलीको छोडकर शेष समस्त स्त्रियोंमें माता, बहिन और पुत्रीके समान बुद्धि रखना गृहस्थाश्रममें ब्रह्मचर्य माना जाताहै।

इस श्लोकमें पं० सोमदेवने जो ब्रह्मचर्याणुतके बाबद कहा है कि-अपने स्वस्त्रीसमान ही वेश्या वा रखेलीकोभी सेवनकरें व शेष परस्त्रियोंका त्याग करना चाहिये; माने ब्रह्मचर्याणुव्रती यदि रंडी रखलें अथवा वेश्या सेवन करें तो भी उसका वह ब्रह्मचर्याणुव्रत नष्ट नहीं होता.

ऐसे ही पं० आशाधरजीने भी अपने सागारधर्मामृत अध्याय चौथेमें ब्रह्मचर्याणुव्रतके अतिचार कथनमें- वेश्या वा रखेलीस्त्रीका सेवनही क्या लेकिन इससे भी कुछ अधिक बढकर व्यभिचारपोषक प्रसंग लिखा है; सो इस मुजब है- " **अन्ये त्वपरिगृहीतकुलांगनाम-प्यन्यदारवर्जिनोऽतिचारमाहुः।** " माने परस्त्रीत्यागी गृहस्थने अपरिगृहीत कुलांगना स्त्रीका सेवन करना यहां अतिचार है ऐसा कहा है.

ग्रंथकर्ताने अपने टीकामेंसे- " **अपरिगृहीता स्वैरिणी, प्रोषित भर्तृकाकुलांगना वा अनाथा।** " इस वाक्यमें प्रोषितभर्तृकाकुलांगना माने जिसका पति परदेशमें परागंधा होगया हो ऐसी कुलांगना;

और अनाथा शब्दसे जो विधवा कुलांगना स्त्रीका ग्रहण होगा. इनै दोनों प्रकारके कुलांगनाको अपरिगृहीत सदरेमें शामिल किया है. सो इनके सेवन करनेसे भी ब्रह्माणुव्रती गृहस्थका वह व्रत नष्ट न होकर अतिचार मात्र लगता है ऐसा कहा है.

और पं. वंशीधरजी अपने दिसेंबर १९२१ के जैनसिद्धान्तमेंसे पत्र ४६ में कहते हैं कि– " वेश्यागामीका वह व्रत अतीचार सहित है और परस्त्रीगामीका वह कर्म अव्रतरूप है. " इस प्रकार आप कहचुके हैं; तो फिर आपके अभिप्रायसे भी यहां इस व्रतका नष्ट होना ठहरता है; कारण वेश्या और कुलांगना इनमें तफावत आपको मान्य है.

इसपर आप कहेंगे कि– यह किसी दूसरे ग्रंथकारका कहना है आशाधरजीका नहीं. इसपर हमारा कहना है कि– यह किसीका मत पं० आशाधरजीने विधेय मानकरही अपने स्वोपज्ञ टीकामें उद्धृत क्यों किया ? वास्तवमें इसका निषेध करना योग्य था सो किया नहीं! व ऐसे कथन करनेवालेका नाम भी नहीं दर्शाया !

देखिये ब्रह्मचर्याणुव्रती इत्वरिका तो क्या लेकिन कुलांगनाभी सेवन करें तो उसका वह व्रत नष्ट होता नहीं. यह बडी आश्चर्यकी बात है कि– ऐसे ऐसे कथनकोभी व्यभिचारपोषक न समझकर हमारा कुछ पण्डितगण इसही कथनको बडे बडे ग्रंथका सहारा लेकर पुष्टी करने लग रहे हैं ! इसपर विद्वानलोक आवश्य ध्यान देवें.

इन दोनों ग्रंथकारका [पं० आशाधर और सोमदेव] कहना दूसरे कोईभी श्रावकाचार कथनकरनेवाले आचार्य– श्री० कुंदकुंदाचार्य, उमास्वामी, पूज्यपाद, अकलंक, समंतभद्र, विद्यानंदि, जिनसेन, पद्मनंदि, अमितगति, स्वामिकार्तिकेय, श्रुतसागर, शुभचंद्र, अमृतचंद्र, चामुण्डराय आदि आचार्योंके अभिप्रायसे बिलकुल विरूद्ध है. इसवास्तेही मैंने एक लेखमें जाहीर किया था कि– श्री० सोमदेवसूरीका यशस्तिलकचंपू उत्तरखंड, और पं० आशाधरकृत सागारधर्मामृत ये दो पुस्तकें शिथि-

लाचार-व्यभिचारपोषक होनेसे इस कथनका असर विद्यार्थियोंके कोमल अंतःकरणपर न होवें; इसलिये इन ग्रंथोंको अपने पाठशाला-के पठनक्रमसे हटा देवें ऐसा लिखाथा.

इसपर पं० न्यायतीर्थ बंशीधरजी अपने दिसेंबर १९२१ के 'जैनसिद्धान्त' मासिक पत्रमें (पत्र नं. ४६ में) विरोध करके कहते हैं कि-

" श्री० सोमदेवसूरीने अपने यशस्तिलकचंपू काव्यमें प्रसंग-वशात् गृहस्थके ब्रह्मचर्याणुव्रतका स्वरूप बताया है; उस जगह ऐसा लिखा है कि- वेश्या तथा अपनी स्त्रीके सिवा अन्य किसीभी स्त्रीको माता, बहिन या पुत्रीके समान माने." ऐसा लिखकर फिर आगे चलकर कहते हैं कि-

" इत्वरिकागमनको सोमदेवने तथा आशाधरने उसीप्रकार व्रत-का दोष बताया है जिस प्रकार कि- श्रीतत्वार्थसूत्रकर्ता बताते हैं "

और जून १९२१ के जैनसिद्धान्तमेंसे " शासनभेद और आगमकी प्रमाणता " इस शीर्षकके अपने लेखमेंभी इसही विषयपर पहले ऐसे लिखकर चुके हैं कि-" सोमदेवका भावार्थ यह है कि- परस्त्री व वेश्या ऐसे दो व्यसनोंमेंसे परस्त्री अधिक पापका कारण है. इसलिये जो दोनों नहीं छोडसकता उसेभी परस्त्रीतो छोडनीही चाहिये।

सोमदेवनेही नहीं बल्कि इनके अद्वय समंतभद्रनेभी जो कहा है वह देखें तो समझ आजाय. उन्होंने-परस्त्रीत्याग व स्वदारसंतोष दोनों ही अणुव्रतके भेद बताये हैं. "

इसही प्रकार पं० लालारामजीने अपने वीरसं. २४४१ के सार्थ सागारधर्मामृत पूर्वभाग पत्र २८७ में और पं० कल्लप्पा भरमप्पा निट-वेनेभी दिसेंबर १९२१ व एप्रिल १९२२ अंक ९ वर्ष ३२ के 'जैन-बोधक' नामक शोलापुरके मासिकपत्रमें अपना अभिप्राय प्रगट किया है.

इसतरह इन यशस्तिलक और सागारधर्मामृतमें लिखा हुवा इस ब्रह्मचर्याणुव्रतमें जो शिथिलताप्रेरक माने व्यभिचारपोषक कथन है; उसका संबंध कोईभी प्रकारसे जो बने वैसा श्रीमत् उमास्वामि,

स्वामिसमंतभद्र, स्वामिपूज्यपाद आदि आचार्योंके ग्रंथोंको जुडा देनेका प्रयत्न हमारे इन पण्डितोंने किया है, जिससे कि–बडे बडे ग्रंथोंसे इस कथनकी पुष्टी ठरहानेसे उसका समर्थन करना ठीक होजाय !

लेकिन् ऐसा बादरायण संबंध जुडाना कैसा निराधार ठहरता है यह हमने मंगाये हुये विद्वानोंके अभिप्रायोंमें स्पष्ट सिद्ध होता है. वे अभिप्राय हमारे प्रश्नपत्रिकासह हम यहां प्रकाशित करते हैं—

प्रश्नपत्रिका.

श्रीमान मान्यवर महाशय पं॰ + + + जयजिनेंद्र.

निचे लिखी शंकाका समाधान करनेकी कृपा करें.

न तु परदारान गच्छति न परान् गमयति च पापभीतेर्यत ॥
सा परदारनिवृत्तिः स्वदारसन्तोषनामापि ॥

यह श्रीसमंतभद्राचार्यके रत्नकरण्ड उपासकाध्ययनका ब्रह्मचर्याणुव्रतका श्लोक है. इस श्लोकसे वेश्यासेवन करनेवालाभी ब्रह्मचर्याणुव्रती होता है; ऐसा अर्थ निकलता है क्या ?

इसमें– " **सा परदारनिवृत्तिः स्वदारसंतोषनामापि ॥** " ऐसे दो पद पडे हैं. लेकिन '**नामापि**' इस शब्दमे एकही अभिप्रायके दो नाम हैं ऐसी मेरी समजमें आता है यदि दो नाम देनेसे दो भेद होते हैं ऐसा कहेंगे तो परिग्रह प्रमाणव्रतमें इसी मुजब दो नाम दिये हैं– " **परिमितपरिग्रहस्यादिच्छापरिमाणनामापि ॥** " इसके भी दो भेद करने पडेंगे. और अतिचार भी एकेकके पांच पांच अलग देने पडेंगे सो दिये नहीं है.

टीकाकार प्रभाचन्द्रजीने भी दो भेद कहे नहीं है. सो आपका अभिप्राय जाननेकी अभिलाषा है.

सोलापूर, ता. ११।१२।२१.

भवदीय,
शंकर पंढरीनाथ रणदिवे.

विद्वानोंके अभिप्राय.

श्रीमान् मान्यवर महाशय पं० पन्नालालजी गोधा अपने पत्रमें लिखते हैं—

श्रीयुत मान्यवर पं० शंकर पंढरीनाथ रणदिवे सोलापुर धर्म-स्नेह उभयत्रशम.

आपका पत्र ११।१२।२१ का लिखा इंदोर होकर आज यहां मिला. उत्तर नीचेसे ज्ञात हो—

आपने श्रीरत्नकरण्ड श्रा० के ब्रह्मचर्याणुव्रतके श्लोकके अर्थमें पूछा कि— इससे वेश्यासेवन करनेवालाभी ब्रह्मचर्याणुव्रती होसकता है क्या? सो भाईसाहेब यह नवीन पण्डितोंकी कुविद्याकी खूबी है!

जबकी पाक्षिकश्रावककोही सात व्यसनोंमें वेश्यासेवन छुडाया है. और प्रथम प्रतिमामें वेश्या व्यसनके अतीचारोंमें **वेश्यासे संबंधतक** छुडा दिया है तब वेश्यासेवनवालेको अणुव्रती बताना अनर्थ है.

उस श्लोकका अर्थ स्पष्ट है कि— जो परस्त्रीप्रति नहीं गमन करता और दूसरोंकोभी गमन नहीं करावा; पापके भयसे वह परदारनिवृत्तिरूप स्वदारसंतोषनाम अणुव्रती है अथवा परदारनिवृत्तिव्रत है और इस व्रतका स्वदारसंतोष नामभी है. यहां जो '**अपि**' शब्द है उसका प्रायः (भी) ही अर्थ होता है; इससे उस एकही व्रतके दो नाम स्वामीने बताये हैं.

सं. १९७८ पौष वदी ७ मुकाम शेरगढ (कोटा)

———

श्रीमान् मान्यवर महाशय पं० तर्करत्न न्यायाचार्यका उत्तर—

मोरेना–गवालियर. ता. २३–१२–२१

श्रीयुक्त धर्मप्रेमी पं० रणदिवे शंकर पंढरीनाथजी योग्य सस्नेह जुहारु: आपका पत्र आया.

मेरी बुद्धीमें ऐसा आया है कि - वेश्यासेवन करनेवाला ब्रह्मचर्याणुव्रती नहीं होसक्ता है. । जो वेश्यासेवन सप्तव्यसनोंमें परिगृहीत है. और सप्तव्यसन अनन्तानुबंधीकषायके उदय होनेपर होते हैं । अत्यंत गृद्धि होनेपर वेश्यासेवन होता है । व्रतीके अनन्तानुबन्धीका उदय सर्वथा नहीं है । अतः वेश्यासेवन करनेवाला ब्रह्माणुव्रती होसक्ता है क्या ? । इस आपके प्रश्नका उत्तर है–" **नहीं** "

और न उक्त श्लोककाही वह अर्थ है. दोनों पदोंका अर्थ एकही है । यह केवल दीक्षितपात्रके अपेक्षासे है । परस्त्रीसेवन करता हुआ पुनः दीक्षित होय उसको परदारनिवृत्ति व्रती कहते हैं ।

कुलक्रमसे स्वदारसंतोष रक्खा हुआ पुनः प्रतिज्ञात होनेपर पुनः व्रतदीक्षा लेता है वही स्वदारसंतोषव्रती है ।

इसीतरह– परिमितपरिग्रह इच्छापरिमाणमेंभी । द्रव्य, भाव परिमितोंसे भेद है वैसे दोनों एकही है । न इनके भिन्न २ अतिचार देनेकी आवश्यकता है. ।

भवदीय,— माणिकचंद

श्री० मान्यवर प्यारेलाल श्रीलालजी अलीगढसे लिखते हैं–

" माननीय–सस्नेह जुहारु ।

वेश्यागामी–अणुव्रती नहीं हो सकता ।

परदारानिवृत्ति, स्वदारसंतोष -ये एकही है दो नहीं है ।

वेश्यागमनका अभाव–स्वदारसंतोष शब्दसे पुष्ट होता है । "

अलीगढ. ता. १२।१।२२ प्यारेलाल श्रीलाल.

श्री० मान्यवर महाशय पं० जयदेवजी कलकत्तासे लिखते हैं—

ता. २।२।२२ कलकत्ता.

श्रीमान् मान्यवर पं० शंकर पंढरीनाथ रणदिवे.

योग्य कलकत्तेसे जयदेवका सादर जुहारु बांचियोगाजी उभय-त्रशम् अपरंच पत्र आपका आया ऊत्तरमें निवेदन है कि— श्रीस्वामी समंतभद्राचार्यके— " न तु परदारान् " श्लोकसे वेश्यागामीको चतुर्था-णुव्रत होसक्ता है ऐसा सिद्ध नहीं होता.

प्रथम प्रतिमामें सप्तव्यसनमेंही वेश्याका त्याग होजाता है; फिर द्वितीय प्रतिमामें यह कैसे होसक्ता है? तथा श्रीसकलकीर्तिके प्रश्नोत्तर श्रावकाचारमें—" वेश्यादिपरनारीषु संगं कुर्वन्ति येऽधमाः ॥ मातंगा इव तेऽस्पर्शा भवन्ति भुवनत्रये॥ इत्यादि चतुर्थाणुव्रतका स्वरूप लिखा है.

सुभाषित रत्नसंदोहमेंभी—

" तां वेश्यां सेवमानस्य कथं चतुर्थमणुव्रतम् ? "

ऐसा पाठ है. इत्यादि शास्त्रोंसे यही सिद्ध होता है.

क्या दूसरी प्रतिमावालाश्रावक वेश्यासेवन करसक्ता है; ऐसा अभिप्राय दो व्रत माननेवालोंका है ?

भवदीय,— जयदेव जैन.

— —

श्री० मान्यवर महाशय पं० दरयावसिंह सोधियाजीने अपने ' श्रावक--धर्मसंग्रह ' पुस्तकके सफा १२७ में लिखा है कि—

" इस दोषसे बचनेके लिये अन्यस्त्री (वेश्या, दासी, परस्त्री, कुमारिकादि) सेवनका सर्वथा त्याग करना चाहिये, तभी परस्त्रीत्याग अथवा स्वस्त्रीसन्तोष व्रत पलसक्ता है ।

कोई कोई कुपण्डित कहते हैं कि—परस्त्रीका त्यागी वेश्यासेवन करे तो अतिचार दोष लगता है क्योंकि वेश्या परस्त्री नहीं है उसने किसीके साथ विवाह नहीं किया. सो ऐसा कहना महा अनर्थ एवं पापका कारण है । वेश्यासे बोलने, आने, जाने, देन—लैन रखनेसेंही

शीलव्रतमें अतीचार दोष लगता है, उसका सेवन-सप्तव्यसनका मूल, अनेक रोगों व आपदाओंका उत्पादक है।

वेश्याको " **नगरनारि** " कहा है। वह एकही परपुरुषकी स्त्री नहीं है किन्तु **नगर-परनगर** सभी स्थानोंके पुरुषोंके **पैसेकी स्त्री** है, इसी कारण वेश्यासेवन व्यसनको पहिले छोडनेका आचार्योंने उपदेश दिया है पीछे परस्त्रीत्यागका। अत एव जिसने वेश्या व्यसनका त्याग किया हो, वही परस्त्रीत्याग एवं स्वदारसंतोषव्रत धारण करनेका अधिकारी होसक्ता है, क्योंकि-लघुपापत्याग, महापापसेवन करना सर्वथा **क्रमविरुद्ध** और **अनुचित** है, पुनः ऐसी विधिको निरूपण करनाभी **महापाप** है. ॥ "

सोमदेवसूरीका वाक्य-' वधू-वित्तस्त्रियौमुक्त्वा०' माने ब्रह्मचर्याणुव्रतीभी रंडी रख सकता है ऐसा वाक्य और उसका समर्थन करनेवाला पं. आशाधरका वाक्य जिसका अर्थ पं. कल्लापाने न देनेका सबब अज्ञ लोक इसका विपरीत उपयोग करेंगे, इस भयसे नहीं दिया लिखा है. उसही हेतुके अनुसार मैंनेभी-ऐसे पुस्तक कोमल अंतःकरणके बालकोंके वाचनेमें आनेसे उनके विचार रंडीबाजी तरफ झुक जायंगे ऐसा लिखाथा. मेरा हेतु और पं० कल्लापाका हेतु एकही है. देखिये वे अपने पत्रमें इस मुजब कहते हैं कि—

मु० कुम्भोज.— " बाहुबलिडोंगर, का. व. १४, १८४३

आपली सर्व पत्रें बिनचूक नेमकीं पोहोंचलीं आहेत; आळसामुळें उत्तरें दिलीं नाहींत माफी असावी. शास्त्रार्थ विचारण्यांत आला; उत्तर देणें भाग पडलें.

सागारधर्मामृतातील अ० ४, श्लो. ५२, पृ. ३०६

" यस्तु " इत्यादि टीकेचें भाषांतर समग्र लिहिण्याचें मुद्दाम टाळलें होतें. कारण—अज्ञलोक विपरीत ग्रहण करितील.

श्री० उदासीन श्रावक पं. पन्नालालजी गोधा अपने ज्ये. कृ. ५ सं. १९७९ के हमारे पास भेजा हुवा शासनदेवतासंबंधके लेखमें इस बाबद लिखते हैं कि-

" तथा पं० वासुदेव नेमिनाथजी बारामतीवालेने पं० आशाधर-जी बाबत आपपर आक्षेप किया है. (जिस पं० आशाधरजीको शि-थिलाचार पोषक यह अवर्णवाद देकर उनका ग्रंथ-सागारधर्मामृत-पठनक्रमसे हटा देनेतक शंकरजी जैनसमाजको इतल्लाकर चुके हैं; अफ-सोस है-खं. जैन हि. वैशाख सुदी ५ वीर सं. ५ वीर सं. २४४८) उसका उत्तर इतनाही है कि-अन्यमति हिंदुमुसलमान जो यज्ञादि तथा मसजिद आदिमें जीवघात करके धर्म मानते हैं उन्हींके शास्त्र कुरानसे दिखायाजाय कि-हिंसा निषेध है तो क्या उनके शास्त्र जैनियोंको सर्व ही प्रमाण होसक्ता है ?

पं० आशाधरने-पाक्षिकको सप्तव्यसनमें वेश्या व परस्त्रीका त्याग कराया, और प्रथम प्रतिमामें सात व्यसनके अतिचारोंमें वेश्याका आवागमन भी छुडाया, और दूसरी प्रतिमामें वेश्यासेवनको अतीचारमें कहा, और वह अतीचार पहली प्रतिमा व पाक्षिकमें लगाना सिद्ध किया सो स्थापन और निषेध एकस्थान दोनों विरोधरूप हुये "

श्री. पं. महाशय बनारसीदासजी आषाढ वदी ६ वीरसं. २४४८ के जैनमित्रमेंसे अपने-" क्या रागी देवोंकी पूजाभी मोक्ष-मार्ग होसक्ती है ? " इस शीर्षकके लेखमें इस विषयपर उन्होंने जो अपना मत प्रगट किया है. वह इस मुजब —

" अपने लेखके पूर्वमें सेठीजी [रा. रावजी सखाराम दोशीनें मार्च १९२२ के जैनसिद्धांतमें इंद्रायस्वाहाका अर्थ नामकी एक पत्रिका प्रसिद्ध की है उसमें लिखते हैं] लिखते हैं कि—शंकरजीने श्री० सोमदेव और आशाधरजीको अब प्रमाण माना है और पहिले व्यभि-

चार पोषक है और अप्रमाण हैं ऐसा बताकर उनकी कृतिको परीक्षालयसे पृथक् करा चुके हैं। इसका उत्तर यह कि—किसीकी भी कृतिमें जो वचन आर्ष आगमके विरुद्ध होंगे वे तो अवश्यमेव विरुद्ध और अप्रमाण माने जायंगे; और जो अनुकूल होंगे वे प्रमाण माने जायंगे"

श्री. पं. महाशय बनवारीलालजीने भादों वदी २ वीरसं.२४४८ के जैनमित्रमें " शासनदेवताचर्चा " यह लेख प्रसिद्ध किया है उसमें इस विषयपर उन्होंने ऐसा लिखा है—

" स्ववचन बाधित होनेसे आगे पंडितजीने पं. वंशीधरजीने रा. रावजी सखाराम दोशीके ओटमें होकर जो— " इंद्रायस्वाहाका अर्थ " नामक पत्रिका जैनसिद्धांतमें प्रसिद्ध की है) रा० शंकरजीके श्रद्धानमें दोष व्यक्त करनेके लिये यह पङ्क्ति लिखी है— [श्रीसोमदेव सूरि और पं० आशाधरजी ये दोनों ग्रंथकार व्यभिचार कार्यके पोषक हैं इसालिये इनके ग्रंथ विद्यार्थियोंके पठनक्रममें न रखने चाहिये ऐसा एक वक्त लिखते हैं] रा० शंकरजीका किसी समयका यह लेख जो पंडितजीने याद करके लिखा है इसके लिखनेसे पंडितजीके अभिप्रायकी सिद्धि न होकर रा० शंकरजीके श्रद्धानकी प्रशंसा हुई. परीक्षा करके प्रमाण मानते हैं. क्योंकि—व्यभिचारपोषक ग्रन्थ कैसे ही विद्वानका क्यों न हो कोईभी जैनी प्रमाण नहीं मान सकता; और निश्चय है कि पंडितजीभी प्रमाण नहीं मानते होगें.

श्री० जैनधर्मभूषण ब्रह्मचारी शीतलप्रसादजी जैनमित्रके संपादक लिखते हैं कि—

" हमारा अभिप्राय यह है कि—एकही भावके ये दो नाम हैं। **वेश्यासेवी अणुव्रती नहीं होसक्ता** "

ता. ५।१२।२२ **शीतल.**

इत्वरिका-गमन.

पं० न्या० वंशीधरजी अपने दिसेंबर १९२१ के 'जैनसिद्धांत' पत्र ४६ में लिखते हैं कि- "इत्वरिका गमनको सोमदेवने तथा आशाधरने उसी प्रकार व्रतका दोष बताया है जिस प्रकार कि-श्रीतत्वार्थसूत्रकर्ता बताते हैं." और इनही पंडितजीने इसवी सन १९१९ में जो अमृतचंद्रसूरि विरचित 'तत्वार्थसार' सार्थ लिखा है उसमेंके ब्रह्मचर्याणुव्रतके वर्णन पत्र २४२ में लिखा है कि- "मूल ग्रंथमें जो 'गमन' शब्द है उसका अर्थ हमने संबंध रखना किया है। गमनका अर्थ कार्तिकेयानुप्रेक्षाकी टीकामें तथा श्रुतसागरीतत्वार्थटीकामें ऐसाही लिखा है परंतु पण्डित आशाधरके सागारधर्मामृतमें गमनका अर्थ संभोग करना लिखा है।" इस प्रकार पंडितजीने तीन वर्ष पहले लिखा है. इसमें यह प्रश्न खडा होता है कि- श्रुतसागर टीकाकारने श्रुतसागरीमें जो 'गमन' शब्दका अर्थ दिया है वह क्या तत्वार्थसूत्रकर्ता श्रीमदुमास्वामीके अभिप्रायानुसार नहीं है ? या तत्वार्थसूत्रकर्ताओनें 'इत्वरिका गमन' इसमेंसे गमन शब्दका अर्थ पं० आशाधरके माफक संभोग ऐसाही किया है यह किस आधारसे आप कहते हैं ?

गमन शब्दका अर्थ टीकाकार श्रुतसागर और शुभचंद्रने श्रुतसागरी तत्वार्थटीकामें और सटीक स्वामिकार्तिकेयानुप्रेक्षामें इस मुजब लिखा है— "**गमने इतिकोऽर्थः— जघनस्तनवदनादिनिरीक्षणं संभाषणं पाणिभ्रूचक्षुरंतादिसंज्ञाविधानमित्येवमादिकं निखिलं रागित्वेनदुश्चेष्टितं गमनमित्युच्यते।**"

भावार्थ— इत्वरिकागमन माने व्यभिचारिणी वेश्या आदि स्त्रियोंके साथ कामवासनेसे वार्तालाप करना, उनका अंग उपांग निरीक्षण करना व हस्त चक्षु स्वरूप आदिसे इषारा देना आदि रागभावसे

दुष्ट चेष्टा करना उसको गमन कहते हैं.

ऐसेही श्रीमन् अमितगतिआचार्यने आपके सुभाषितरत्नसंदोहमेंसे चतुर्थाणुव्रतके कथनमें वेश्यासेवनका निषेध किया है वह इस प्रकार–

वर्चःसदनवत्तस्या जल्पने जघने तथा ॥
निक्षपंति मलं निंद्यं निंद्नीया जनाः सदा ॥ ७८५ ॥
मद्यमांसादि सक्तस्य या विधाय विडंबनं ॥
नीचस्यापि मुखं न्यस्ते दीना द्रव्यस्य लोभतः ॥ ७८६॥
तां वेश्यां सेवमानस्य मन्मथाकुलचेतसः ॥
तन्मुखं चुंबतः पुंसः कथं तस्याप्यणुव्रतम् ॥ ७८७ ॥
ततोऽसौ पण्यरमणी चतुर्थव्रतपालिना ॥
यावज्जीवं परित्याज्या जातनिर्घृणमानसा ॥ ७८८ ॥

भावार्थ –जिस प्रकार शौचकूपमें सदा कोईभी मलक्षेपण करते हैं उसी प्रकार वेश्याके मुख व योनीमें नीच लोग अपनी लाला और वीर्यक्षेपण करते हैं. और जो मद्यमांसादि भक्षण करनेमें आसक्त होकर कपटसे केवल द्रव्यलोभार्थही नीच लोगोंको मुखचुंबन देकर दीनतासे याचना करनेवाली ऐसे वेश्याका जो कामी सेवन करता है व उसके अपवित्र मुखको चुंबता है. उस पुरुषका वह ब्रह्मचर्याणुव्रत काहेका ? अतः ब्रह्मचर्याणुव्रत पालनेवाले गृहस्थोंने उस वेश्याका त्याग करना ही योग्य है.

इस प्रकार अमितगति आचार्यकाभी अभिप्राय– ब्रह्माणुव्रती वेश्यासेवन करेतो उसका वह व्रत अव्रतरूप होगा. ऐसाही है.

इसही प्रकार शुभचंद्रकृत सटीक स्वामि कार्तिकेयानुप्रेक्षा ग्रंथमें ब्रह्मचर्याणुव्रत बाबत इस मुजब लिखा है–

" जो मण्णादि परमहिलं जणणी बहणी सुआई सारित्थं ॥
मणवयणे कायेणवि बंभवई सो हवे थूलो ॥ ३३८ ॥

टीका—स भव्यात्मा स्थूलब्रह्मव्रतीभवेत् स्थूलब्रह्मव्रती चतुर्थ-ब्रह्मचर्याणुव्रतधारी स्यात् स कः यः मणवयणे कायेणावि मनसाचित्तेन, वचनेन वचसा, कायेन शरीरेणापि 'अपिशब्दश्चकारार्थे'। अन्यां तां जानाति कीदृशां परमाहिलां परेषां स्त्रियं अन्येषां युवतिं, स्वकलत्रं विहाय अन्यां तां जानाति। कीदृशीं परमाहिलां जननी, भगिनी, सुतादि सदृशीं। जननी माता, भगिनी स्वसा, पुत्रीसुता। अपि शब्दात्— मातामही, पितामही, श्वश्रू इत्यादि सदृशा समाना मन्यते॥" इत्यादि.

भावार्थ- जो परस्त्रीको माता, बहन व पुत्री ऐसे मनवचन कायसे मानता है; वह स्थूलब्रह्मचर्याणुव्रतका धारी समझना यह गाथा का अर्थ हुवा.

अब टीकामें इस प्रकार है- "स्वकलत्रं विहाय अन्यां तां जानाति कीदृशीं-परमाहिलां जननी, भगिनी, सुता सदृशीं।" इस वाक्यमेंसे जो-"स्वकलत्रं विहाय" ऐसा लिखा है इससे स्पष्ट सिद्ध होता है कि- स्वस्त्रीविना बाकीके सब स्त्रियां माने वित्तस्त्रीहो वेश्याहो या कोईभीहो उसको वह ब्रह्माणुव्रती अपने माता, बहन समान मानेगा.

यहांभी टीकाकार शुभचंद्रजीने सोमदेवसूरीका- "वधूवित्त-स्त्रियौ मुक्त्वा" यह वचन नहीं स्वीकारा; यदि वह स्वीकारते तो इस टीकाकार अपने टीकामें- "स्वकलत्रवित्तस्त्रियौ विहाय" ऐसे लिख देते थे किंतु उन्होंने ऐसा लिखा नहीं. उन्होंने परकलत्र माने स्वकलत्र शिवाय इतर सभी स्त्रियां ऐसा अर्थ लिया है.-

और महापुराण पर्व ३९ श्लोक ३१ में भगवज्जिनसेनाचार्यने मुनीकी और गृहस्थकी कामशुद्धि इस मुजब कही है.

कामशुद्धिर्मता तेषां विकामा ये जितेंद्रियाः॥
संतुष्टाश्च स्वदारेषु शेषाः सर्वे विडम्बकाः॥ ३१॥

इसका अर्थ पं० लालारामजी इस प्रकार लिखते हैं- "जो

कामरहित जितेंद्रिय मुनि हैं उन्हींके कामशुद्धि समझनी चाहिये। अथवा जो गृहस्थ स्वदार संतोषी है उनकेभी कामशुद्धि मानी गई है; इनके सिवाय जो लोग हैं उन्हें अन्य लोगोंको फंसानेवाले समझना चाहिये."

इस श्लोकके उत्तरार्धमें आचार्योंने गृहस्थके ब्रह्मचर्याणुव्रतका जो लक्षण कहा है इससे स्पष्ट सिद्ध होता है कि— ब्रह्मचर्याणुव्रतके स्वदारसंतोष व परस्त्रीत्याग ऐसे दो भेद नहीं है एकही अर्थका दर्शक दूसरा नाम है. स्वस्त्रीसेही संतुष्ट रहनेवाला ब्रह्मचर्याणुव्रती है; बाकीके सब (सागारध. व यशस्ति. का कथन) जो– परिगृहीता अपरिगृहीता इत्वरिका सेवन करनेवाले या अपरिगृहीत प्रोषितभर्तृकाकुलांगना आदिका सेवन करकेभी वह व्रत नष्ट होता नहीं ऐसे माननेवालेको आचार्य– ' विडंबक ' माने फंसानेवाला, दांभिक, धूर्त ऐसा कहते हैं.

इस श्लोकमें आचार्यने–स्वदारसंतोषीके व्यतिरिक्त ब्रह्माणुव्रत धारनकरनेवालेको ' विडंबक ' ऐसा विशेषण दिया है. इसपर आवश्य ध्यान देना चाहिये.

इस प्रकार " वधू–वित्तस्त्रियौ मुक्त्वा " इस श्लोकमें सोमदेवनें– वेश्यासेवन करनेवाला ब्रह्माणुव्रती होसक्ता है. और आशाधरने अपने सागारधर्मामृतमें– वेश्यासेवन करनेवाला या अपरिगृहीता कुलांगना (प्रोषितभर्तृका कुलांगना; अनाथा– विधवा कुलांगना) सेवन करनेसे भी इस ब्रह्मचर्याणुव्रतीके उस व्रतको अतिचार लगताहै; ऐसा कहाहै. व इत्वरिकागमन इसमेंसे ' गमन ' शब्दका अर्थ जो 'संभोग' ऐसा किया है. इस प्रकार इन सब शिथिलाचारपोषक-व्यभिचारपोषक कथनका संबंध श्री० उमास्वामि, स्वामिसंमतभद्र, पूज्यपादस्वामि इनके वचनको जोड़ देनेका प्रयत्न पं० न्या० वंशीधरजी, पं० लालारामजी, पं० कल्लप्पा निटवे इन्होंने जो किया है उसपर दूसरे विद्वानोंके अभिप्राय मंगवाकर यहां प्रकाशित किये हैं.

सो इन श्री० वंशीधरादि पण्डितोंने जो आगम-प्रमाणता हमको बताई है वह प्रमाण है या अप्रमाण ? कृपाकरके विद्वज्जन खुलासा करें.

सोलापूर. ता. ११।१।२३ } आपका नम्र, शंकर पंढरीनाथ रणदिवे.

भूलसंशोधन-इसही लेखके पत्र २५ में जो संस्कृत श्लोकमें—" भुत्क्वा " ऐसा लिखा गया है उस जगह —" भुक्त्वा " ऐसा वाचना.

याद रखने योग्य श्लोक

वरोपलिप्सयाशावान् रागद्वेषमलीमसाः ॥
देवता यदुपासीत देवता-मूढमुच्यते ॥
भयाशास्नेहलोभाच्च कुदेवागमलिंगिनाम् ॥
प्रणामं विनयं चैव न कुर्युः शुद्धदृष्टयः ॥

श्रीसमंतभद्राचार्य.

श्रावकेणापि पितरौ गुरू राजाप्यसंयताः ॥
कुलिंगिनः कुदेवाश्च न वंद्याः सोऽपिसंयतैः ॥

टीकाः—कुलिंगिनः तापसादयः पार्श्वस्थादयश्च ।, कुदेवाः रुद्रादय शासनदेवतादयश्चः

अनगारधर्मामृत—आशाधरेण.

आपदाकुलितोऽपि दर्शनिकः तन्निवृत्यर्थं ।
शासनदेवतादीन् कदाचिदपि न भजते पाक्षिकस्तुभजत्यपि:

सागारधर्मामृत—आशाधर.

पंडितैर्भ्रष्टचारित्रैर्बठरैश्चतपोधनैः ॥
शासनं जिनचंद्रस्य निर्मलं मलिनीकृतं ॥

अनगारधर्मामृत.

देवार्चकश्च निर्माल्य—भोक्ता जीवविनाशकः ॥

+ × × ×

इत्यादि दुष्टसंसर्गं संत्यजेत् पंक्तिभोजनं ॥

सोमसेन—त्रिवर्णाचार.

निर्माल्यविषयक यादरखने योग्य श्लोक-

पुत्तकलत्तविहीणो दारिद्दो पंगुमूकबहिरंधो ॥
चाण्डालाइकुजादो पूजादाणाई दव्वहरो ॥ ३२ ॥
(श्रीकुंदकुंदाचार्यकृत-रयणसार)

“ देवतानिवेद्यानिवेद्यग्रहणम् ॥ ”
(श्रीअकलंकाचार्यकृत-राजवार्तिक)

प्रमादाद्देवतादत्तनैवेद्यग्रहणं तथा ॥
+ + + इत्येवमंतरायस्य भवन्त्यास्रवहेतवः ॥
(श्रीअमृतचंद्रसूरिकृत-तत्वार्थसार)

देवशास्त्रगुरूणां भो निर्माल्यं स्वीकरोति यः ॥
वंशच्छेदं परिप्राप्य स पश्चाद्दुर्गतिं व्रजेत् ॥ ६३ ॥
[श्रीसकलकीर्तिकृत-सुभाषितावलि]

इत्यादिवर्णनापेत नरकेऽर्चानिषेधकाः ॥
लभंते च महादुःखं पूजाद्रव्यापहारिणः ॥ ८२ ॥
निर्माल्यभक्षका ये च मानवा मदमोहिताः ॥
तेऽपि तत्र महादुःखभाजिनः स्युर्न संशयः ॥ ८३ ॥
(श्रीसकलभूषणकृत-उपदेशरत्नमाला)

देवार्चकश्च निर्माल्यभोक्ता जीवविनाशकः ॥
+ + + इत्यादि दुष्टसंसर्गं संत्यजेत्पंक्तिभोजने ॥
[पं० सोमसेनकृत-त्रिवर्णाचार]

परस्त्रीगमने नूनं देवद्रव्यस्यभक्षणे ॥
सप्तमं नरकं यान्ति प्राणिनो नाऽत्र संशयः ॥
[श्रीसोमकीर्तिसूरिकृत-प्रद्युम्नचरित्र]

जो णय भक्खेदि सयं तस्सण अण्णस्स जुज्जदे दादुं ॥
भुत्तस्स भोजितस्सहि णात्थि विसेसो सदोकोवि ॥ ७९ ॥
(स्वामिकार्तिकेयानुप्रेक्षा)

इंद्रायस्वाहाके अर्थपर विचार.

एप्रिल १९२२ के जैनबोधकमें 'इंद्रायस्वाहा का अर्थ' इस शीर्षक लेखमें श्रीयुत रावजी सखाराम दोशी लिखते हैं कि—" इंद्रायस्वाहा " इसका अर्थ क्या करेंगे ? ऐसा पूर्वपक्ष उठाकर रा. रा. शंकर पंढरीनाथ रणादिवेनें एक पत्रिका निकाली है " इत्यादि लिखाहै. सो पूर्वपक्ष मेरा है ऐसा जो श्री. रावजी सखारामनें और पं. वासुदेव शास्त्रीने भी (वैशाख शुद्ध ५ वीरसं. २४४८ खं. हितेच्छु में) लिखा है सो गलत है. मेरा लेख पं० बनसीधरजीके 'इंद्रायस्वाहाका अर्थ क्या करेंगे ?' इस पूर्वपक्षके लेखपर उत्तर है सो मेरा लेख पूर्वपक्ष नहीं होता उत्तरपक्ष होसकता है.

फिर नीचे लिखते हैं " रा. शंकरजी आगमप्रमाणता यह चीज क्या मानते हैं ? यह एक बखत प्रकाशित करेंगे तो ठीक होगा. " इसका उत्तर ऐसा है कि— आगमप्रमाणता जितनी आप मानते हैं उतनीहि मैं मानता हूं कोई ग्रंथके कोई वाक्य आप भी तो मानते नहीं हो. आदिपुराण का वाक्य 'विश्वेश्वरादयो' ऐसा कई हस्त लिखित ग्रंथोंमें मिला, पं. बनसीधरजीके श्रद्धेय आपाशास्त्रीनें भी दो वखत प्रसिद्ध कर दिया. तोभी उसको आप और पं. बनसीधरजी और पं. जिनदास मानते नहीं हैं. तथा अर्हंत भगवानका विसर्जन होना ही नहीं है, वह शासनदेवताओंका होता है ऐसे आप अपने जानेवारी १९२२ के जैनबोधकमें लिखते हैं. क्या यह आपका मत आगमप्रमाण है ? पं. कल्लापा निटवेने किया हुवा और पं. फत्तेलालजीने किया हुवा सुरेंद्र मंत्रोंका अर्थ आप मानते नहीं. शासनदेवताको बृहद्द्रव्यसंग्रह टीकाकार '**मिथ्यादेवता**' कहते हैं और पं. आशाधर '**कुदेव**' कहते हैं उसको आप मानते नहीं हैं. पं. तोडरमलजी और पं. सदासुखजी शासनदेवताको पूजनेमें मिथ्यात्व होता है ऐसा लिखते हैं उसको आप मानते

नहीं. सोमदेवसूरीका वाक्य ' वधूवित्तस्त्रियैमुक्त्वा० ' माने ब्रह्मचर्याणुव्रती भी रंडी रख सकता है ऐसा वाक्य और उसका समर्थन करनेवाला पं. आशाधरका वाक्य जिसका अर्थ पं. कल्लापाने न देनेका सबब अज्ञ लोक इसका विपरीत उपयोग करेंगे, इस भयसे नहीं दिया लिखा हैं. उसही हेतूके अनुसार मैने भी—ऐसे पुस्तक कोमल अंतःकरणके बालकोंके बाचनेमें आनेसे उनके विचार रंडीबाजी तरफ झुक जायंगे ऐसा लिखाथा. मेरा हेतू और पं० कल्लाप्पाका हेतू एकही है. देखिये वे अपने पत्रमें इस मुजब कहते हैं कि—

" बाहुबलिडोंगर, का. व. १४. १८४३
मु० कुम्भोज.

आपलीं सर्व पत्रें बिनचूक नेमकीं पोहोंचलीं आहेत आळसामुळें उत्तरें दिलीं नाहींत माफी असावी. शास्त्रार्थ विचारण्यांत आला: उत्तर देणें भाग पडलें.

सागारधर्मामृतांतील अ० ४. श्लो० ५२. पृ० ३०६ " यस्तु " इत्यादि टीकेचें भाषांतर समग्र लिहिण्याचें मुद्दाम टाळलें होतें. कारण— अज्ञलोक विपरीत ग्रहण करितील. "

आपने लिखा है कि.— " क्या आप पं. आशाधरजी और श्री. सोमदेवसूरिसे पं. कल्लाप्पा भरमाप्पा निटवे और पं. फत्तेलालजी और पं. पन्नालाल गोधाजी इनके किये हुये अर्थको ज्यादा प्रमाणता देते हो? इस प्रश्नका उत्तर पं० शंकरजीको देना चाहिये. " इत्यादि. ऐसा धमकीका हुकूम पं. बनसीधरजीके--हजारवार सिर पटकनेके आव्हानन माफिक ही मालुम होता है. परंतु विचार कीजिये सुरेंद्रमंत्रोंके अर्थ पं. आशाधरजीने और श्री. सोमदेवसूरीने फलाने दिये ऐसा मैने लिखा नहीं है और आपके लेखमें भी उनके दिये हुये अर्थ नहीं है. तो फिर उनके अर्थका और पं. कल्लाप्पा, पं. फत्तेलाल और पं. गोधाजीके अर्थो-

का मुकाबला उनसे कैसा होसकता है? सो आपका प्रश्नही उत्तर मांगने माफक नहीं है. जैसे—एक विद्यार्थीको किसीने प्रश्न किया कि एक रुपियेके पचीस आम मिलते हैं तो दस शेर जुवारीकी कीमत क्या? भाव तो बताते हैं आमका, और कीमत पूछते हैं जुवारीकी! वह विचारा क्या जवाब देगा? घबडा जायगा. उसी माफक यह आपका प्रश्न है. इसका उत्तर हो ही नहीं सकता.

अब आपका सात पत्रके लेखका सारांश यह है कि, सज्जाति, सद्गृहीत्व, पारिव्राज्य, सुरेंद्रता, साम्राज्य, परमार्हंत्य, परमनिर्वाण. ऐसे सात परमस्थानोंकी प्राप्ति होनेकेलिये उनको आहुति देना चाहिये, उनको पूजना चाहिये. यहांपर प्रश्न है कि,–इनकूं आहुति न दें न पूजें और फक्त अर्हंत और सिद्धकीहि पूजा करें तो ये सब परमस्थान प्राप्त होंगे या नहीं? इस प्रश्नका उत्तर अर्हंतकी पूजा करनेसे मिलते हैं ऐसा आपकेही लेखमें मिलता है. देखिये—

पत्र ३२३ में आपने लिखा है कि,– "यह सात तीनों लोकमें श्रेष्ठ स्थान माने जाते हैं. जीवोंको अर्हंत देवकी वाणीरूप अमृतके आस्वादन करनेसे अर्थात जिनवाणीका अभ्यास करनेसे प्राप्त होते हैं. यही सात कर्त्रन्वय क्रियायें हैं." इसमें जिनवाणीका अभ्यास करनेसे सब परमस्थान प्राप्त होते हैं ऐसा लिखा है. फिर पत्र ३२४ में आपने लिखा है कि,— "यह जो सात परमस्थान कहे गये हैं वे अर्हंतकी सेवा करनेवाले सम्यग्दृष्टिको प्राप्त होते हैं."

रत्नकरंडका श्लोक "देवेंद्रचक्रमहिमा०" का आपने दिया है सो भी इसी अर्थकी पुष्टि करता है. खुद आपने इस श्लोकका अभिप्राय दिया है सोही बताता है कि–"इस श्लोकपरसे जिनभक्ति करनेवालेको चार परमस्थान प्राप्त होते हैं ऐसा भी आशय निकलता है." सुरेंद्रकी भक्ति करनेसे सुरेंद्रका पद मिलता है ऐसा इस श्लोकका भाव नहीं वह बात आपके ही प्रमाणसे सिद्ध हो चुकी.

फिर पत्र ३२४ में आप लिखते हैं— " ये स्थान अर्हतकी सेवा करनेवाले सम्यग्दृष्टीकोंही मिलते हैं. " ऐसे तीन बखत आप कबूल करचुके हैं तो फिर बाकी क्या रहा ?

अब सुरेंद्रके पदकी प्राप्ति होनेके वास्ते सुरेंद्रको आहुति देनेकी जरूरत है या अर्हतके पूजासे सुरेंद्रपद मिलता है ? इस विषयमें पं० आशाधर लिखते हैं सो देखिये—

" यथाशक्ति यजेतार्हद्देवं नित्यमहादिभिः
संकल्पतोपि तं यष्टा भेकवत्स्वर्महीयते ॥ २४ ॥ "

सागा० अ० २

भावार्थः—यदि जिनपूजेका फक्त संकल्प करनेसेही स्वर्गके इंद्रका पद मंडूक तिर्यंचको प्राप्त हुवा तो फिर जो मनुष्य मन, वचन कायसे अर्हत भगवानकी पूजा करेगा तो उसको सुरेंद्रका पद मिलना क्या बडी बात है ? अर्थात सुरेंद्रका पद मिलानेको सुरेंद्रकी पूजा करनेकी जरूरत नहीं है. अर्हतके पूजनसे वह पद सहजही मिलता है. जैसे—मामलेदारका हुद्दा मिलानेकेवास्ते मामलेदारको अर्जी देनेसे वह हुद्दा नहीं मिलता है. उनसे श्रेष्ठ अधिकारी जो रेव्हिन्युकमिशनर हैं उनके तरफ अर्जी करनी पडती है, आप तो सुरेंद्रपद मिलनेको सुरेंद्रकी पूजा करो कहते हैं सो वर प्राप्तीकेलिये रागीद्वेषीकी उपासना करनेका ही उपदेश हुवा. तो फिर यह भी देवमूढता हुई.

शब्दोंके अर्थ दो दो चार चार होते रहते हैं जहां जो अर्थ इष्ट लगता है वहां वह अर्थ लिया जाता है. आपनेही " सत्यजाताय स्वाहा " और " अर्हज्जाताय स्वाहा " व " नेमिनाथाय स्वाहा " इत्यादि मंत्रोंके दो दो अर्थ दिये हैं. सो आशीर्वादमें—जो सुरेंद्रका अर्थ किया वही अर्थ आहुतीके बखत करनेकी जरूरत नहीं है अपनेको सुरेंद्रपदसे मतलब है. यदि सुरेंद्रपद वीतराग अर्हतकी पूजा करनेसे मिलता है तो फिर सरागी सुरेंद्रकी पूजा करके देवमूढताके दोषमें क्यौं फसना ?

सुरेंद्र शब्दका अर्थ स्वर्गमेंका इंद्र भी होता है और भगवान अरिहंत भी होता है. आशीर्वादके समय सुरेंद्रका अर्थ–स्वर्गस्थ इंद्र लेना और आहुतिके बखत भगवान अरिहंत लेना. सैंधवका अर्थ लोण भी होता है और घोडा भी होता है. भोजनके समय सैंधवका अर्थ लोण किया जाता है और सवारीके समय सैंधवका अर्थ घोडा किया जाता है.

' अज ' शब्दका अर्थ बकरा भी होता है और तीन बरसका पुराना धान ऐसा भी होता है अब वेदके मंत्रोंमें अजाहुति देनेको लिखा है. उसका अर्थ बकरा ऐसा वसुराजाने किया उस हिंसाके पापसे वह जमीनमें दट गया. वेदमतानुयायी लोक उस अज शब्दका अर्थ बकरा करके यज्ञमें पशुहत्या करते हैं. आर्यसमाजी लोक वेदको मानते है और उस मंत्रका अर्थ–यज्ञमें पशु होमना नहीं ऐसा करते हैं. ' अहिंसा परमोधर्मः ' यह श्रुतिवाक्य है. इस श्रुतिवाक्यका रक्षण अज शब्दका अर्थ तीन बरसका धान ऐसा करनेसेही होसकता है. बकरा अर्थ करनेसे अहिंसा धर्मका पालन होता नहीं. उस ही मुजब यदि अपन दिगंबर जैन हैं तो अपनेको तो वीतराग निर्ग्रंथकीहि उपासना करनी चाहिये. रागीद्वेषी अथवा सरागी ऐसे इंद्र, सुरेंद्र, अहमिंद्र, चक्रवर्ती इत्यादिकी उपासना वर्ज करनी चाहिये. और इस अभिप्रायको पकड करही मंत्रोंके अथवा शब्दोंके अर्थ करना चाहिये. यदि रागीद्वेषीको आहुति देनेका अथवा उपासना करनेका अर्थ करोगे तो देवमूढता बढ जायगी. यदि कहोगे कि, तीर्थंकरोंके पंचकल्याणिक समय शासनदेवताओंने जो सेवा बजाई है उसके बदलेमें उनको आहुति देनी चाहिये. तो इसका उत्तर यह है कि जिस बखत तीर्थंकरके कल्याणिक समय शासनदेवता प्रत्यक्ष आयेथे उस बखत उनको किसीने आहुति दिई नहीं. तीर्थंकरके पिताने दिई नहीं, माताने दिई नहीं, अयोध्या, बनारस, हस्तनापूर इत्यादि शहरमेंके कोई भी नगरवासीने दिई नहीं. तो फिर हम आहुति क्यौं दें ? हम उनका अनुकरण करैं या

उनके विरुद्ध चलें ? प्रतिष्ठापाठमें और पूजापाठमें जो आहुति देना अथवा पूजा करना लिखा है सो पाक्षिकके वास्ते है, दर्शनिकके वास्ते नहीं है. पाक्षिक श्रावक और दर्शनिक श्रावकमें बडा फेर है. और वह फेर शासनदेवताके पूजन बारेमें मुख्यतासे है ऐसा पं. आशाधरके " आपदाकुलितोऽपि दर्शनिकस्तन्निवृत्त्यर्थं शासनदेवतादीन कदाचिदपि न भजते । पाक्षिकस्तु भजत्यपीत्येवमर्थमेकग्रहणं । " इस वाक्यसे मालुम होता है. (सागा. अ. ३, श्लो. ७, सं. टीका.)

फिर भी विचार करनेकी बात हैं कि.—सुरेंद्रपद प्राप्त करलेनेके वास्ते आचार्योंने क्या क्या उपाय बताये हैं जिसके तरफ भी ध्यान देना चाहिये. सुरेंद्रपद प्राप्त होनेकेलिये देवायूके आस्रव संगृहीत करना चाहिये. श्रीमान उमास्वामीने देवायूके आस्रवोंके कारण " सरागसंयम संयमासंयमाकामनिर्जराबालतपांसि दैवस्य " यह सूत्र और "सम्यक्त्वंच" यह सूत्र ऐसे दो सूत्र बनाये हैं. इन सूत्रोंका विस्तारपूर्वक खुलासा श्री अमृतचंद्र आचार्यने श्री तत्वार्थसारमें दिया है सो इस मुजब है—

" अकामनिर्जरा बालतपो मंदकषायता ॥
सुधर्मश्रवणं दानं तथायतनसेवनं ॥ ४२ ॥
सरागसंयमश्चैव सम्यक्त्वं देशसंयमः ॥
इति देवायुषो ह्येते भवंत्यास्रवहेतवः ॥ ४३ ॥

अर्थः—अकामनिर्जरा, बालतप, मंदकषाय, सत्यार्थ धर्मश्रवण, दान, देव, गुरु, धर्मरूपी आयतनसेवन, सरागसंयम धारन करना, सम्यक्त्व धारन करना, देशसंयम पालन करना ये सब देवायूके आस्रवके कारण हैं.

इसमें सुरेंद्रपद मिलनेके वास्ते सुरेंद्रको आहुति देना अथवा उसकी पूजा करना ऐसा बताया नहीं है. किंतु अर्हत देव, निर्ग्रंथ गुरु और दयामयी धर्म ये जो धर्मके आयतन हैं उनकी सेवा करनेसे सुरेंद्रपद मिलता है ऐसा बताया है. तो फिर सुरेंद्रपद मिलानेको सुरेंद्रको आहुति देना और चक्रवर्तिका पद मिलानेको चक्रवर्तीकी खुषामत करना

व्यर्थ है. जैसे—मामलेदारका हुद्दा मामलेदारको अर्जी करनेसे नहीं मिलता. मामलेदारके श्रेष्ठ अधिकारी जो रेव्हिन्युकमिशनर है उनको अर्जी देनेसे, और अर्जदारकी लायकी उस जगेको होगी, तो मिलता है. आपतो सुरेंद्रपद मिलनेको—सुरेंद्रकी पूजा करो उसको आहुति द्यो ऐसा कहते हैं. सो वरप्राप्तीकेलिये रागीद्वेषीकी उपासना करनेकाही उपदेश हुवा. यह भी तो देवमूढताही हुई.

' अग्नींद्रायस्वाहा 'का अर्थ भी इस तरह होताहै-

पं० आशाधरने अपने जिनसहस्रनाममें—" अमलाभोऽप्युद्धरोऽग्निस्संयमश्च शिवस्तथा " श्लो० ८६ ॥ इस श्लोकार्धमें जिनभगवानको " अग्नि " ऐसा नाम दिया है तो फिर जिनेंद्रको " अग्नींद्र " यह नाम देनेसे कौनसी बाधा आयगी ? वैसेहि भगवानको आसन्नभव्य, निर्वाण पूजार्ह और सम्यग्दृष्टि ये विशेषण लगाये तो भी बिगडता नहीं. देखो आपके श्रद्धेय पं० आशाधरने अपने जिनसहस्रनाममें— " तीर्थकृत्तीर्थसृट् तीर्थकरस्तीर्थंकर सुदृक् " श्लो० ४७ ॥ ऐसा कहा है इसमें जो " सुदृक् " शब्द है वह सम्यग्दृष्टि वाचक है. इस शब्दकी निरुक्ति श्रुतसागरने— " शोभना दृक् क्षायिकं सम्यक्त्वं यस्य स सुदृक् " ऐसी किई है तो फिर—" अर्हनको रत्नत्रयपूर्ण कह सकेंगे न की केवल सम्यग्दृष्टि " यह आपका कहना किस प्रमाणसे सिद्ध होता है ? वैसेहि आसन्नभव्य और निर्वाणपूजार्ह ये दो विशेषण भी भगवानको अयोग्य कैसे ठहरेंगे ? इसपरसे यह मालुम होता है कि— पं० फत्तेलालजीने अपने विवाह पद्धतीमें " अग्नींद्रायस्वाहा " का अर्थ जो किया है वह योग्य है ऐसा विचार करनेसे ज्ञात होता है.

और आगे चलकर ' परमार्हताय स्वाहा ' इस बारेमें आपका यह कहना है कि—इसमें मूल शब्द अर्हन् है उसकी चतुर्थी अर्हते ऐसी होगी; यहां आर्हत शब्द है इसवास्ते इसका अर्थ अर्हतके तरफ नहीं लगेगा.

लेकिन इस शब्दके व्याकरण संबंधमें पं० न्यायाचार्य माणिकचंद्रजीको मैने पूछा था उनोंने अपने वैशाख वदी ११ सं. ७९ के पत्रमें– "अर्हतां समुदायः आर्हतम् तस्मै आर्हताय हो सक्ता है । अर्हतोंका समुदाय यह अर्थ होता है । " ऐसा कहा है. सो इससे ऐसा स्पष्ट ज्ञात होता है कि– " परमार्हताय स्वाहा " इसका अर्थ अर्हतके तरफ लगानेसे आपने अपने उस लेखमें कहे मुजब व्याकरण दृष्टीसे भी यहां कुछ दोष लगता नहीं यह सिद्ध होता है.

पं० आशाधरके अनगारधर्मामृत पृ० ५७६ में जो– " **कुदेवा** रुद्रादयः शासनदेवतादयश्च । " ऐसा कहा है इस बारेमें पं० वासुदेव नेमिनाथ बारामतिवाले खं. हितेच्छुमें (वै. सु. ५ वीर सं. २४४८) कहते हैं कि–" शासनदेवताको कुदेव कहनेका अर्थ वस्तुतः सिद्ध होता हो यह बात नहीं है । "

और इसही प्रकार श्री० रावजी सखारामजीने अपने जून १९२२ जैनबोधकके अग्रलेखमें अपना मत प्रगट किया है.

किंतु यहांके चतुरबाई श्राविकाविद्यालयमें जैनसमाजसेवक मंडलके मार्फत ता. २७ जून १९२० को शेठ हीराचंद नेमचंद और पं. वंशीधर उदयराज इनके जो प्रश्नोत्तर हुये वे प्रथमश्रावण वीर सं. २४४६ के जैनमित्रमें मैने प्रसिद्ध किये हैं उसमेंसे १८ वे प्रश्नोत्तर इस प्रकार है– " १८ प्रश्न–आशाधरके अनगारधर्मामृतमें शासनदेवताओंको कुदेव ऐसा कहा है । इससे बृहद्द्रव्यसंग्रहकी टीकासे उनको सम्यग्दर्शन नहीं होना चाहिये इस संबंधमें आपका कहना क्या है ? "

" १८ उत्तर– कुदेवताओंको सम्यग्दर्शन नहीं होता ऐसा अर्थ नहीं है । कुदेव माने वीतरागसे उलट ।

इसमें पं. वंशीधरजीने शासनदेवताको कुदेव कहना कबूल किया है. इस अनगारधर्मामृतके संपादक– न्यायतीर्थ पं. वंशीधरजी हैं और संशोधक– पं. मनोहरलालजी शास्त्री है ।

दुसरं—अनगारधर्मामृतमें इस बाबतके श्लोकमें **पितरौ, गुरू राजापि, कुलिंगिनः, कुदेवाः** ऐसे कहाहै और आशाधरने अपने स्वोपज्ञ टीकामें इन शब्दोंका खुलासा किया है सो इस प्रकार—"माताच पिताच **पितरौ** । गुरुश्च गुरुश्च **गुरू** । दीक्षागुरुः शिक्षागुरुः । **राजापि** किंपुनरमात्यादिरित्यपिशब्दार्थः । **कुलिंगिन** स्तापसादयः पार्श्वस्थादयश्च । **कुदेवा** रुद्रादयः शासनदेवतादयश्च ।"

यदि इसमें पं० वासुदेवशास्त्री शासनदेवताको कुदेव ऐसा न कहकर केवल रुद्रादिककोही कुदेव कहेंगे तो टीकाकारने जो इसकेही तापसादिके साथ पार्श्वस्थको (जैन भ्रष्ट साधुको) भी कुलिंगी कहाहै यहभी नहीं मानना पडेगा.

इससे स्पष्ट सिद्ध होताहै कि पं० वासुदेवजीका—शासनदेवताको कुदेव कहना वस्तुतः सिद्ध होता नहीं यह कहना फिजूल है.

जैनबोधकके जून १९२२ के अंकमें लिखाहै कि, पार्श्वस्थ सम्यग्दृष्टी होनेसे कुलिंगीके भेदमें नहीं आता; वैसेही शासनदेवता कुदेवके भेदमें नहीं आतेहैं सो अब पार्श्वस्थ कैसे होते है सो देखिए. भगवति आराधनामें और मूलाचार ग्रंथमें पार्श्वस्थका वर्णन दिया है. सो नीचे मुजब है—

केई गहिदा इंदिय चोरेहिं कसायसावदेहिं वा ।।
पंथं छंडिय णिज्जंति साधुसत्थस्स पासम्मि ।।१३।।

अर्थः—कितनेक मुनि इंद्रियरूप चोरनिकरि तथा कषाय रूप दुष्ट तिर्यंचनिकरि ग्रहण किये हुये रत्नत्रयरूप मोक्षमार्गकूं त्याग करिकै अर बाह्य भेषकरि साधुसारिखा रहे हैं—जगतके [illegible] दीखे है अर साधु नहीं भेष मात्र है. ताते इनकूं साधुसंघके पार्श्ववर्तीपणातें पार्श्वस्थ कहिये हैं ।। भगवती आराधना पत्र ३९७

अब मूलाचार सटीक—पृ० ४४९, अधिकार ७, गाथा ९६–९७

पासत्थोय कुसीलो संसत्तोसण्ण मिगचरित्तोय ।।
दंसणणाणचरित्ते अणिउत्ता मंद संवेगा ।।९६।।

टीकाः--" एते पंच पार्श्वस्था दर्शनज्ञानचारित्रेषु अनियुक्ताः "

दंसणणाण चरित्ते तवविणएणिच्चकाळ पासत्था ॥
एदेअवंदणिज्जा छिद्दप्पेही गुणधराण ॥९७॥

टीकाः-- " दर्शनज्ञानचारित्रतपोविनयेभ्यो नित्यकालं पार्श्वस्था दूरीभूताः "

इन गाथाका पं० मनोहरलालशास्त्री पाढम निवासीने हिंदी भाषामें अर्थ लिखाहै सो इस मुजब--

अर्थ--संयमीके निकट रहनेवाला, क्रोधादिसे मलीन, लोभसे राजादिकी सेवा करनेवाला, जिनवचनको नहीं जाननेवाला तप और श्रुतज्ञानसे रहित जिनसूत्रमें दोष देनेवाला ये पांच पार्श्वस्थ आदि साधु दर्शनज्ञानचारित्रमें युक्त नहीं हैं और धर्मादिमें हर्ष रहित हैं इसलिये वन्दने योग्य नहीं है। ५९३

अर्थ--दर्शन ज्ञान चारित्र तप विनयोंसे सदाकाल दूर रहनेवाले और गुणी संयमीयोंके सदा दोषोंके देखनेवाले पार्श्वस्थ आदि हैं इस लिये नमस्कार करने योग्य नहीं हैं ॥ ५९४ ॥

ऐसही भावप्राभृतमें भव्यसेन मुनीके कथनमें इनका भ्रष्टाचार देखकर एक क्षुल्लकने उनको उद्देशकर कहाहै कि--" ततस्तं मिथ्यादृष्टिं द्रव्यलिंगिनं ज्ञात्वा भव्यसेनस्याभव्यसेनोऽयमिति नामान्तरं चकार।"

इस वाक्यमें--द्रव्यलिंगीको मिथ्यादृष्टि कहाहै. द्रव्यलिंगी और कुलिंगी एकही अर्थके शब्द है. 'कुलिंगिनस्तापसादयः पार्श्वस्थादयश्च' ऐसा वाक्य अनगारधर्मामृतके टीकामें है. इसका अर्थ करनेमें जैनबोधकके संपादक जून १९२२ के अंकमें लिखते हैं कि कुलिंगी तापसादिक तो मिथ्यादृष्टि हैं और पार्श्वस्थादिक सम्यग्दृष्टि है. किंतु टीकाकारने ऐसा कुछ भेद लिखा नहीं है. पार्श्वस्थादिक सम्यग्दृष्टि होनेके लिये जैनबोधकमें प्रमाण कुछ दिया नहींहै. भगवतिआराधनामें और मूलाचारमें पार्श्वस्थकूं रत्नत्रय रहित माने दर्शनज्ञानचारित्ररहित

ऐसा बनाया है. तो फिर पार्श्वस्थकूं सम्यग्दृष्टि कैसा कहसकते हैं? यदि पार्श्वस्थ दर्शनज्ञानचारित्र रहित है ऐसा सिद्ध हुवा तो फिर उनको कुलिंगीहि कहना पडेगा. और यदि उनको कुलिंगीके भेदमें पं० आशाधरजीने लिया है तो फिर उसमेंसे उसकूं कैसा निकाल सकतेहैं? यदि कुलिंगीके दो भेद पं० आशाधरने करके उसमें एक तापसादि और दूसरा पार्श्वस्थादि बतादिया तो वैसाही कुदेवाः शब्दके दो भेद 'रुद्रादयः' और 'शासनदेवतादयः' ऐसे जो पं. आशाधरजीने किये हैं उसमेंभी कोई शंका रहती नहीं. जैनबोधकके संपादक शासनदेवतादयः इस शब्दकूं 'कुदेवाः' इस शब्दके भेदमेंसे निकालना चाहते हैं; और उसका सबब ऐसा बताते हैं कि पं० आशाधरको मूल श्लोकमें शासनदेवतादयः यह शब्द अलग देनेको जगा नहीं थी जिससे उनोने टीकामें दिया है. और यदि शासनदेवताकूं कुदेव कहना होता तो वे 'रुद्रशासनदेवतादयश्च' ऐसा शब्द एकही वखत आदि शब्द देकर कह देते थे.

यह संपादकका तर्क ऊपरका कुलिंगिनः शब्दके भेदमें पार्श्वस्थादयः यह अलग शब्द दिया है सो देखनेसे उड जाता है. उनको शासनदेवतादयः यह शब्द श्लोकमें डालनेकूं जगा नहीं थी यह कहना भी व्यर्थ है सबब कि श्लोक अनुष्टुपही डालना चाहिये ऐसा कुछ ग्रंथकारने गुन्हा लिया नहीं था. अनुष्टुपके जगे शिखरिणी, शार्दूलविक्रीडित, स्रग्धरा आदि अधिक अक्षरोंका श्लोक दे सकते थे. कदाचित अनुष्टुपही देनेकी इच्छा हो तोभी एक अधिक श्लोक अनुष्टुपका दे सकते थे. यदि श्लोकमें न देकर टीकामें ही देना उनको उचित लगा हो तोभी टीकामें पहलेही 'शासनदेवतादयः' ऐसा देकर फिर 'पित्रादयः' इत्यादि शब्द देसकते थे. परंतु वैसा न करके 'पितरो' शब्दके दो भेद, 'गुरू' शब्दके दो भेद, 'राजाऽपि' शब्दके दो भेद, 'कुलिंगिनः' शब्दके दो भेद ऐसे श्लोकमेंके सभी शब्दके दो दो भेद टीकामें करते

आये उसी मुजब ' कुदेवाः ' शब्दके भी दो भेद ' रुद्रादयः शासन-देवतादयश्च ' ऐसे करदिये. इस मुजब कुदेवके भेदमेंही शासनदेवता-दिकोंको उनोंने जो रखा है सो ऊपरके वाक्योंके अनुसार ही है. इस सटीक अनगारधर्मामृतका संपादन न्या. पं. बंसीधरजीने किया है. और संशोधन पं. मनोहरलाल शास्त्रीने किया है सो मूळ श्लोकमेके शब्द पितरौ, गुरू, राजापि, कुलिंगिनः, कुदेवाः ये शब्द बडे टाईपमें देकर उनके भेद माताच पिताच। गुरुश्च गुरुश्च । दीक्षागुरुः शिक्षागुरुः। किंपुनः अमात्यादि । तापसादयः पार्श्वस्थादयश्च । रुद्रादयः शासनदेव-तादयश्च । ये शब्द छोटे टाईपमें दिये हैं.इससे स्पष्ट होता है कि, मूळ श्लोकमेंके शब्दोंकेही ये भेद है. फिर भी वाक्यपूर्तताकी निशाणी खडी रेषा जो किई है सो तापसादयः पार्श्वस्थादयश्च इनके आगे और रुद्रा-दयः शासनदेवतादयश्च इन शब्दोंके आगे किई है.इससे तो अधिक स्पष्ट होता है कि, कुलिंगिनः शब्दके दो भेद और कुदेवाः शब्दके दो भेद किये है. यदि उनके दिलमें पार्श्वस्थादयः यह शब्द कुलिंगिनः के भेदमें और शासनदेवतादयः यह शब्द कुदेवाः शब्दके भेदमें नहीं होना चाहिये ऐसा रहता था तो तापसादयः के आखिरमें और रुद्रादयः के आखिरमें वाक्यपूर्तिकी खडी रेषा देदेते थे. परंतु उन्होने ऐसा यदि नहीं किया है तो पार्श्वस्थादयश्च यह शब्द कुलिंगिनः के भेदमें, और शासनदेवतादयश्च यह शब्द कुदेवाः के भेदमें ही समझना चाहिये ऐसा निश्चय होता है.

बृहद्द्रव्यसंग्रहटीकामें क्षेत्रपाल चंडिकाको मिथ्यादेवता कहाहै उसको संपादक जैनबोधक लिखते हैं कि, वे क्षेत्रपाल चंडिका शासनदे-वता नहीं है कोई अलग है. परंतु जब उस टीकामें रावण, कौरव, कंस इनोंने विद्या साध्य किई जिसका संबंध इन ही क्षेत्रपाल चांडिकाको लगाया है, और रावण, कौरव, कंस ये सब यदि जैनधर्मी थे तो उन्होने जो विद्या साध्य करनेके वास्ते देवताओंका आराधन किया सो जिनशा-

सनदेवता ही होनी चाहिये. अन्यमती देवताका आराधन वहां संभवता नहीं. देखो टकिाकारके वाक्य इस मुजब हैं-

" रागद्वेषोपहतार्तरौद्रपरिणतक्षेत्रपालचण्डिकादिमिथ्यादेवानां यदाराधनं करोति जीवस्तद्देवतामूढत्वं भण्यते । नच ते देवाः किमपि फलं प्रयच्छन्ति । कथमितिचेत्? रावणेन रामस्वामिलक्ष्मीधर विनाशार्थं बहुरूपिणीविद्यासाधिता, कौरवैस्तु पाण्डवनिर्मूलनार्थंकात्यायनीविद्यासाधिता, कंसेन च नारायणविनाशार्थं बह्वोपि विद्याः समाराधितास्ताभिः कृतं न किमपि रामस्वामिपाण्डवनारायणानाम् । तैस्तु यद्यपि मिथ्यादेवतानानुकूलितास्तथापि निर्मलसम्यक्त्वोपार्जितेन पूर्वकृतपुण्येन सर्वं निर्विघ्नं जातमिति । "

अर्थात्—" जो राग तथा द्वेपसे युक्त और आर्त्त तथा रौद्रध्यानरूप परिणामोंके धारक क्षेत्रपाल चण्डिकाआदि मिथ्यादृष्टी देवोंका आराधन करता है उसको देवमूढ कहते हैं । और ये क्षेत्रपाल, चंडिका आदि देव कुछभी फल नहीं देते हैं । फल कैसे नहीं देते हैं ? यदि ऐसा पूछोतो उत्तर यह है कि- रावणने श्रीरामचंद्रजी और लक्ष्मणजीके विनाशके लिये बहुरूपिणी विद्या सिद्धकी, और कारवोंने पांडवोंका मूलसे नाश करनेके अर्थ कात्यायनी विद्या सिद्ध कीथी, तथा कंसने श्रीकृष्ण नारायणके नाशके लिये बहुतसी विद्याओंकी आराधना कीथी । परंतु उन विद्याओंने श्रीरामचंद्रजी, पाण्डव और श्रीकृष्णनारायणका कुछभी अनिष्ट नहीं किया । और रामचंद्रजी आदिने इन मिथ्यादृष्टि देवोंको अनुकूल नहीं किया, अर्थात् नहीं आराधे तोभी निर्मल सम्यग्दर्शनसे उपार्जित जो पूर्वभवका पुण्यहै उससे उनके सब विघ्न दूर होगये. । "

जैनमित्रके उसही अंकमें बृहद्द्रव्यसंग्रहके टीकामें क्षेत्रपालादि शासनदेवताको मिथ्यादृष्टि कहाहै उसबारेमें जो प्रश्नोत्तर हुये हैं वे इस प्रकार-" १७ प्रश्न-शासनदेवताओंको बृहद्द्रव्यसंग्रहमें मिथ्यादृष्टि कहा है वह आपने बांचा है क्या ? "

" १७ उत्तर–' **मिथ्यादेवानाम्** ' इसका मिथ्यादृष्टी ऐसा अर्थ होता नहीं, वीतरागसे उलट ऐसा होता है। "

यहांभी क्षेत्रपालादि शासनदेवताको टीकाकारने 'मिथ्यादेव' ऐसा जो विशेषण दिया है वह पं. न्या. बनसीधरजीने कबूल किया है. और इस संस्कृत टीकाके हिंदीअनुवादक पं. जवाहरलालजी शास्त्री जयपुरवाले हैं; उन्होंने टीकामें " मिथ्यादेवानाम " इसका अर्थ— " मिथ्यादृष्टी देवोंका " ऐसा किया है.

तथा आपने वैशाख सुदी ५ के " खंडेलवालहितेच्छु " में पांच विद्वानोंके अभिप्राय प्रसिद्ध किये हैं उसमेंसे पं० ए. शांतराजय्या-शास्त्री मैसूरवाले अपने अभिप्रायमें कहते हैं कि—" सुरेंद्रमंत्रमें सत्य-जाताय स्वाहा, अर्हज्जातायस्वाहा, इत्यादि जितने मंत्र हैं वे सब सुरेंद्र (देवोंकास्वामी) वाचक मंत्र है। अतः पं० कलप्पा निटवेका—**ने-मिनाथायस्वाहा**—नेमिनाथ भगवानके लिये समर्पण; **परमार्हतायस्वाहा**–परमअर्हतके लिये समर्पण यह अर्थ बिलकुल गलत है." व " सारांश यह है कि सुरेंद्रमंत्रांतर्गत जितनें मंत्र हैं वे सब देव-राज वाचकही है. " लेकिन पं. लालारामजीने भी अपने हिंदीसार्थ महापुराणमें **नेमिनाथायस्वाहा**का अर्थ— " धर्मरूपचक्रकी धूरीके स्वामी ऐसे **जिनराज**के लिये मैं समर्पण करताहूं. " (महा-पुराणसार्थ हिंदी पर्व ४०। पृ० १४३२) ऐसा लिखाहै. वे उस अ-पने महापुराणके अर्थ बाबत खंडेलवालके उसही अंकमें कहते हैं कि— " मैने जो आदिपुराणका अर्थ लिखाहै वह संस्कृत टीका, संस्कृत टिप्पणी, पुरानी हिंदी टीका और कलप्पाजीकी मराठी टीकापरसे लि-खाहै संस्कृत टिप्पणीपर मेरा पूरा भरोसा था सो जानना. " तो फिर पं० लालारामजीने– **नेमिनाथाय स्वाहा**का अर्थ जो **जिनराज**के तरफ किया वह उनकी क्या गलती है ? यदि गलती है तो पं. लाला-रामजीने उस अपने अभिप्रायमें वह अपनी गलती कबूल क्यों नहीं

किई ? और यदि पं० लालारामजीने लिखाहुवा 'नेमिनाथायस्वाहा' का यह अर्थ अपने विश्वासनीय संस्कृत टिप्पणीके आधारसे लिखाहै तो आप उस अर्थको अमान्य करनेका कारण आपके प्रतिकूल है ऐसा मालूम होताहै. और पं. दौलतरामजीने अपने पुरानी हिंदी टीका (महापुराण) में सुरेंद्र मंत्रमेंसे—" सत्यजाताय स्वाहा " " अर्हज्जाताय स्वाहा " और " नेमिनाथाय स्वाहा " इन वाक्योंका अर्थ केवल अर्हतके तरफही किया है. देखो हस्त लिखित प्रत पृ. ४३२

श्रीमान पंडित पन्नालाल गोधाजी अपने पत्रोंमें लिखते हैं—

लि० इंदोरसे पन्नालाल गोधाका धर्मस्नेह उभयत्र शम् कार्ड आपका आया। पंडित माणिकचंदजीने आपके लेखकी प्रशंसाकी है पर सुरेंद्रमंत्रोंपर अपना मत प्रगट नहीं किया सो ऐसाही वैशाख सुदी ५ वीरसं० २४४८ के " खण्डलवाल जैनहितेच्छु " में उनोंने शासनदेव पूजाको सिद्धसा मान गृहस्थको करना प्रतिष्ठापाठके आधारपर सिद्ध किया है और गृहविरक्त उदासीन श्रावकको निषेधभी लिखाहै. और रावजी सखारामके लेखकी प्रशंसाभी की है. सो दुतरफा पीठ ठोकना सरीखी है। हितेच्छुने अनुकूल लेख छापे प्रतिकूल नहीं छापे. सो यह भी स्वाभाविक बात है. परंतु आप प्रयत्न करते रहिये अखीरपर सत्य ही की विजय होयगी

पं० लालारामजीने अपने सार्थ हिंदी महापुराणके सुरेंद्रमंत्रोंमें " नेमिनाथाय स्वाहा " का अर्थ २२ वे तीर्थंकरके तरफ लगाया है और उन्होंने संस्कृत टिप्पणीके आधारसे अपनी महापुराणकी बचनिका बनाई है. सो इससे पं. लोकनाथजी और शांतराजय्या शास्त्री म्हैसूरके—" स्वाहा " और 'नमः' का भेदरूप लेखका खण्डन होता है. क्योंकि उक्त मंत्रमें 'नमः' शब्द नहीं है और २२ वे भगवानको 'स्वाहा' शब्दकर आहुति दी है. सं. १९७९ ज्ये. कृ १.

श्री सोलापुर शुभस्थान श्रीमान् पंडित शंकरजी पंढरीनाथ रणदिवे योग्य.

इंदोर तुकोगंजसे पन्नालाल गोधाका श्रीधर्मस्नेह वाचना उभयत्र शम् पत्र आपका आया.

तथा जो पं० माणिकचंदजीने लिखा है उसका उत्तर मेरी बुद्धि अनुसार यह है कि अपने अभिप्रायमें वे कहते हैं कि– "विशेष शास्त्र देखनेपर निर्णय करूंगा. सभी मैंने क्रियाकांडके शास्त्र नहीं देखे है" इस वास्ते उनकी सम्मति उनके लिखनेसे ही पूरी मान्य नहीं होती.

दूसरे उन्होंनें प्रतिष्ठापाठोंका प्रमाण दिया है सो एक तो यह है कि–यह चर्चा प्रतिष्ठापाठके विषयमें नहीं चलरही किंतु नित्यपूजनके विषयमें है. प्रतिष्ठामें कदाचित् कोई कमश्रद्धानी विघ्ननिवारणके वास्ते बुलावे तो बात अलग है किंतु नित्यपूजनमें कोई विघ्नोंकी शंका नहीं.

फिर वह लिखते हैं कि– "गृहविरत उदासीनश्रावकको उक्त कृतियां आवश्यक नहीं प्रतीत होती." सो यह भी उनोंका लिखना ठीक नहीं है. क्यौं कि मिथ्यात्वकी अपेक्षा उदासीनश्रावक ये क्रियायें नहीं करें तो क्या साधारणगृहस्थ मिथ्यात्व क्रियाको करसकता है? कदापि नहीं. और जो यह कहा जाय कि उदासीन श्रावक आरंभका त्यागी ये क्रियांये नहीं करैं सो भी ठीक नहीं. क्यौं कि जो आरंभका त्यागी होगा वह तो प्रतिष्ठाही नहीं करेगा न करावेगा. फिर एक शासनदेवकोही पूजनेका निषेध क्यौं ?

और भी उनोंने लिखा है कि– शास्त्रोंमें तथा महापुराणमें भी शासनदेवोंकी पूजाका विधान है. सो कौनसे प्रामाणिक शास्त्रमें विधान है उसका प्रमाण देना चाहिये. इसही तरहसे आदिपुराणमें भी जिस विषयमें विवाद चल रहाहै उसके अतिरिक्त आदिपुराणमें स्पष्टतासे शासनदेवोंका पूजन कहां लिखा है? उसका भी प्रमाण देना था.

अर्थात् जो संवत् १००० एकहजारसे पहलेके शास्त्र दिगम्बराचार्योंकर बने हैं उनमें कदाचित् भी ऐसी बातें मैं जानताहूं कि कभीभी नहीं लिखी होगी यह निश्चय जानना चाहिये.

पं० लोकनाथजी मूडबिद्रीवालोंने जो हेतु इंद्रायस्वाहामें दिया है उनका खण्डन तो पूर्व पं० बनारसीदास आदिके लेखोंसे होही गया है और जो प्रतिष्ठापाठोंका प्रमाण दिया उसके विषयमें मैं ऊपर लिखही चुका. तीसरे उन्होंने लिखाहै कि—देवशास्त्रगुरुके समर्पणमें तो स्वाहाके साथमें नमः शब्द होता है और इंद्रादि देवोंके साथमें केवल स्वाहा शब्दकाही प्रयोग होताहै. सो यह हेतु उनोंका ठीक नहीं है. अर्थात् अर्हंतादिकोंके समर्पणमें भी बहुतसी जगह स्वाहा शब्दका प्रयोग है और कोई कोई स्थानमें अन्य देवोंके साथमें 'नमः' शब्दकाभी प्रयोग है इस वास्ते उनका हेतु प्रमाण नहीं है.

त्रेपन क्रियाके मंत्रोंमें प्रतिपक्षी कहते हैं कि—परमेष्ठी वाचक मंत्रोंमें तो "नमः स्वाहा" लगाया जाता है और अन्य देवादिकके मंत्रोंमें केवल "स्वाहा" शब्दका प्रयोग होताहै. "नमः" शब्दका नहीं होता. जिसका उत्तर यह है कि— वह कहीं कहीं होता है सर्वथा नहीं किंतु कहीं कहीं इसके विपरीत भी होता है अर्थात अन्यदेवादि वाचक मंत्रोंमें 'नमः' और परमेष्ठीवाचकोंमें केवल "स्वाहा" होता है सोही दिखाते हैं.

आदिपुराणमें सात प्रकारके मंत्र कहे हैं उन सातोंमेंही दो दो मंत्र देखिये पीठिकामंत्रमें—सत्यजातायनमः ॥१॥ अर्हज्जातायनमः॥२॥ जातिमंत्र— सत्यजन्मशरणं प्रपद्यामि ॥१॥ अर्हज्जन्मनः शरणं प्रपद्यामि ॥२॥ निस्तारकमंत्र—सत्यजातायस्वाहा ॥१॥ अर्हज्जातायस्वाहा ॥२॥ ऋषिमंत्र—सत्यजाताय नमः ॥१॥ अर्हज्जातायनमः ॥२॥ परमराजमंत्र-सत्यजातायस्वाहा ॥१॥ अर्हज्जातायस्वाह ॥२॥ सुरेंद्रमंत्र—सत्यजाताय-स्वाहा ॥१॥ अर्हज्जातायस्वाहा ॥२॥ परमेष्ठी मंत्र ॥७॥—सत्यजाता-

यनमः ॥१॥ अर्हज्जातायनमः ॥२॥ इस प्रकार सत्यजात और अर्हज्जात ये दो मंत्रोंमें सातोंही जातके मंत्रोंमें कहीं ' नमः ' कहीं खाली ' स्वाहा ' का प्रयोग है और मंत्र वेके वेही; इस वास्ते उनका हेतु व्यभिचारी है.

तथा दूसरे पत्रमें औरभी बहुतसे मंत्र हैं उनमें कोई कोईमें ' नमः ' शब्द है कोई कोईमें नहीं है किंतु अन्यदेवोंके मंत्रोंमेंभी नमः शब्द है सो देखलीजो । तथा परमराजमंत्रमें " नेमिनाथाय स्वाहा " और " नेमिविजय स्वाहा " तथा सुरेंद्रमंत्रमेंभी " नेमिनाथाय स्वाहा " है सो जब वे ' इंद्र ' शब्दमें तो खास देवोंके इंद्रका अर्थ करते हैं जो कि इंद्र शब्द जिनभगवानके नामपर (जिनेंद्र) प्रसिद्ध है और नेमिनाथ तो सिवाय नेमिनाथ भगवानके और किसीका ऐसा प्रसिद्ध है नहीं सो इस नेमिनाथ तीर्थंकरको छोडकर वे अन्य अर्थ क्यों करते हैं ? क्या अपने मतलब आवे तब तो इधर ढुलकजाय ? सो यह उनका पक्षपात है आप प्रयत्न अच्छा कर रहे हैं मै धन्यवाद आपको देताहौं आप प्रयत्नमें लगे रहिये कभीना कभी सत्यकी विजय होगी.

तथा आशाधर प्रतिष्ठापाठमें अध्याय दूसरा तीर्थोदक दानविधानमें—

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीपरमब्रह्मणे अनंतानंतज्ञान शक्तये इदं जलं गंधमक्षतान् पुष्पाणि चरुं दीपं धूपं फलं पुष्पांजलिंच निर्वपामीति स्वाहा ॥

तथा ॐ ह्रीं श्री प्रभृति देवताभ्य इदं जलं गंधमक्षतान् पुष्पाणि चरुं दीपं धूपं फलं पुष्पांजलिंच निर्वपामीति स्वाहा ॥

इसी तरह गंगादि देवी ॥ सीताविद्धमहाह्रद देव ॥ सीतोदा मागधादितीर्थदेवी ॥ संख्यातीतसमुद्र देव ॥ लोकाभिमततीर्थ देव ॥

इसमें अर्हतको और अन्यदेवादिकोंको एकही मंत्रसे केवल स्वाहा शब्दसे पूजे है और अर्हतके लिये यहां ' नमः ' शब्दका प्रयोग नहीं किया है.

तथा सकलीकरण विधान में—पंचपरमेष्ठीवाचक मंत्रोंमें ' नमः '

शब्द नहीं है केवल ' स्वाहा ' है. । तैसेही जिनसहस्र नाम विधान-मेंभी-" ॐ ब्रह्मणे जलं निर्वपामि स्वाहा, ॐ न्हीं शिवाय जलं नि-र्वपामि स्वाहा ॐ न्हीं जिनाय जलंनिर्वपामि स्वाहा " इत्यादि कहाहैं.

इस तरह आशाधर कृत सारे प्रतिष्ठापाठमें कोई दो चारको छोडकर संपूर्ण मंत्र पंचपरमेष्ठीवाचक तथा देवदेवीवाचक सबोंमें ' स्वाहा ' एक सारिखे बराबरीसे करे है हीनाधिकता बिलकुल नहीं जिन वाक्योंसे परमेष्ठीयोंका आराधन उनी वाक्योंसे सब देवी देवोंका आराधन किया है.

अब ' नमः ' शब्दकाभी देवदेवियोंमें कियाहै सो देखिये सर-स्वति प्रतिष्ठामें-ॐ वाग्वादिन्यैनमः ।। भगवत्यैनमः ।। सरस्वत्यैनमः ।। श्रुतदेव्यैनमः ।। इत्यादि.

इसही समाम अन्यदेवियोंको देखिये. ॐ नन्दायैनमः ।। स्तं-भिन्यै नमः ।। इत्यादि ।।

फिर ॐ रोहिण्यै नमः तथा मयूरवाहिन्यै इत्यादि परमेष्ठी और देवदेवी सबोंका बराबर पदसे (विनयसे) आराधन कियाहै, तथा औरभी कर्णपिशाचिनी आदि मंत्रोंमें ' नमः ' शब्द है. देखिये-श्रीँ न्हीँ क्लीँ कर्णपिशाचिनि नमः (प्रतिष्ठा सारोद्धार)

इसही भान्त वसुनंदि प्रतिष्ठापाठमें--ॐणमो अरहंताणं स्वाहा ।। ॐ अर्हत्सिद्धसयोगकेवलिभ्यः स्वाहा ।। ॐ नंद्यावर्तवलयाय स्वाहा ।। सकली करणार्थं ।। ॐ णमो अर्हंताणं आदि पश्चात्णमो आगासगामिणं ।। णमो विज्जाहराणं इत्यादि अन्य देवीयोंमें ' नमः ' शब्द परमेष्ठियोंके साथमें बराबरसे दिया है इससे कहीं तो परमेष्ठियोंको ' नमः ' शब्द न होकर केवल ' स्वाहा ' शब्दसे आराधन किया है सो ऐसेभी मंत्र बहुत है. तथा ' नमः ' शब्दसे कहीं कहीं अन्य देवोंका भी आराधन किया है इससे सिद्ध हुवा कि जो हेतु परमेष्ठी और अन्यदेवोंकी पूजामें दिया जाता है कि परमेष्ठीको ' नमः ' और अन्य देवोंको केवल ' स्वाहा '

होता है ' नमः ' नहीं होता सो पं० लोकनाथजी, पं० ए. शांतराजय्या ह्मसूरवाले, श्री० रावजी सखारामजी इनका वह हेतु असत्य ठहरा.

तथा पं० वासुदेव नेमिनाथजी बारामतीवालेने पं० आशाधरजी बाबत आपपर आक्षेप किया है उसका उत्तर इतनाही है कि—अन्यमति हिंदुमुसलमान जो यज्ञादि तथा मसाजिद आदिमें जीवघात करके धर्म मानते हैं उन्हीको उन्हीके शास्त्र कुरानसे दिखायाजाय कि—हिंसा निषेध है. तो क्या उनके शास्त्र जैनियोंको सर्वेही प्रमाण हो सक्ता है ?

पं० आशाधरने—पाक्षिकको सप्तव्यसनमें वेश्या व परस्त्रीका त्याग कराया और प्रथम प्रतिमामें सातव्यसनके अतिचारोंमें वेश्याका आवागमन भी छुडाया और दूसरी प्रतिमामें वेश्या सेवनको अतीचारमें कहा और वह अतीचार पहली प्रतिमा व पाक्षिकमें लगाना सिद्ध किया सो स्थापन और निषेध एकस्थान दोनों विरोधरूप; और इसही तरहसे शासनदेवोंको अपने मनमें भी न लावें और फिर प्रतिष्ठापाठादिमें पूज्य बतावें जो दूसरी प्रतिमावालाभी मुख्यतासे पूजनप्रतिष्ठा करता है. यह पूर्वापर विरुद्ध वचन होते सो प्रामाणिक कैसे हो सक्ता है ? परंतु आपसारिखे जो प्रमाण मानते हैं जिससे आपकोही समझानेको आशाधरका प्रमाण दिया है.

और भी वे अपने लेखमें लिखते हैं कि—शं. पं० आधुनिक पंडितके वाक्य जो अपने मतकी पुष्टीके होते है सो तो ले लेते हैं और विरुद्धोंको नहीं लेते. इत्यादि.

सो यह तो शास्त्रोंकी आज्ञाही है कि—जो पूर्वाचार्योंके अनुसार वाक्य हो वह चाहे जिसके हो निःशंक ग्रहण करना. किंतु जो विरुद्ध होवे चाहे वडेभारी पंडितकेभी वचन होंवे त्याज्य है । दूसरे प्रसिद्धभी है कि—आचार्य, पण्डित तथा वर्तमान के उपदेशक आदि खिश्चियनोंके मुसलमानोंके कुराण, इंजिल आदि पुस्तकोंके तथा व्याख्यानोंके वाक्योंसे जैनधर्मके तत्वोंको पुष्ट करते हैं. तो क्या उनको खिश्चियनधर्म

वा मुसिलामीन धर्मके श्रद्धानी कहे जाते हैं ? कदापि नहीं. तैसेही आपने पं. कल्लपा, पं० फत्तेलालजी, पं. आशाधर आदिके वाक्य प्रमाणमें दिये वे उतनेही प्रमाण है; जो जैनऋषिवाक्योंके अनुकूल हैं. ।

अतएव आशाधरका प्रमाण देनेको आपके ऊपर आक्षेप किया है सो उलटा है. जैसे जिस बातको वादी माने और वह प्रतिवादीके पक्षको पुष्ट करती होवे तो प्रतिवादीको योग्य है कि- अन्य पुरावा न देकर उसीका पुरावा देवें, तो इकवाली डिगरी हो जाती है. इसही तरहसे जो आशाधर खुद शासनदेवोंको माननेवालाही निषेध करे तब इसके सिवाय जबरदस्त और दूसरा पुरावा क्या हो सकताहै ? ।

और पं० शान्तराजय्याजीने आपको खं० हितेच्छुमें जो सीख दीहै वह सीख उनीहींको लेना चाहिये । वेही अन्यथा अर्थ कररहे हैं. " अर्हज्जाताय " " परमार्हताय " " नेमिनाथाय " का अर्थ पं० कल्लप्पा भरमप्पाने अर्हन्त और नेमिनाथ भगवानको अर्पण; ऐसा जो किया है उसके बाबत वे लिखते हैं कि- यह अर्थ गलत कियाहै. सो यही उनका पक्षपात है आप जो ' इंद्रायस्वाहा ' का अर्थ तो इंद्रोंके लिये माने, और अर्हतका अर्थ अर्हतकेलिये न माने ? कितनी बडी-भारी पक्षपात है? इंद्रनाम तो भगवानका प्रसिद्धही है. परंतु अर्हत् नाम किसी इंद्रका प्रसिद्ध नहीं है.

तथा आशाधरने सागारधर्मामृतके दर्शनप्रतिमाके अधिकारमें स्पष्ट लिखाहै कि—प्रथम प्रतिमाधारी शासनदेवको मनमेंभी न लगावें. तब बताइये प्रथम प्रतिमासे भी उंचा दरजेका दुसरी प्रतिमाधारीही के पूजन प्रतिष्ठाकी मुख्यता है तो वह कैसे शासनदेवको पूजे ?

सं० १९७९ ज्ये० कृ. ५

श्रीमान् पं० धर्मभूषण ब्रह्मचारीजी शीतलप्रसादजी, संपादक 'जैनमित्र' अपने ज्येष्ठ वदी २ वीरसं. २४४८ (ता० १८ मे १९२२) के साप्ताह्निक पत्रमें मेरे लेखपर अपने नोटमें अपना अभिप्राय इस मुजब प्रगट करते हैं—

" नोट—सिद्धार्चनमें व अर्हत पूजनमें व स्तोत्रोंमें बहुधा विद्वान् कवि अन्यमतियोंके मानेहुए देवोंके नाम लेकर स्तुति करते हैं जिससे उनका प्रयोजन यही दिखानेका होताहै कि सच्चा आप्तपना अर्हत व सिद्धमें है—**जो स्वरूप अरहंतका है उसमें तो उन शब्दोंका यथार्थ अर्थ लगसक्ताहै परंतु जिस स्वरूपको अजैन मानते हैं उनमें ठीक भाव नहींआता**—इसी बातको दिखाते हुये भी पूज्यपाद स्वामीने समाधिशतकमें यह श्लोक कहा है—

जयंति यस्यावदतोऽपि भारतिविभूतयः तीर्थकृतोऽप्यनीहतुः ॥ शिवाय धात्रे सुगताय विष्णवे। जिनाय तस्मै सकलात्मने नमः ॥२॥ इसमें शिव, ब्रह्मा, सुगत, विष्णुका नाम आनेपरभी उनके कार्यक्रमके आनंदरूप, धर्ममार्ग विधाता, सर्वज्ञ, ज्ञानापेक्षया सर्वव्यापी करने होंगे। यदि कोई इनके अर्थ अजैनोंके मानेहुए शिव, ब्रह्मा, विष्णु व बुद्ध करने लगे तो सर्वथा असंगतहै। **कविगण अपनी चतुराईसे मनसे आकर्षित करनेवाले शब्द रखकर ठीकठीक भाव दर्शातेहैं।** सिद्धचक्रपूजाविधान संस्कृतमें कई नामोंमें अजैनका नाम आया है परंतु वे सर्वनाम सिद्धभगवानकेही वाचक हैं।

संपादक—'जैनसिद्धांत'को उचितहै कि, सिद्धान्त की आम्नायके अनुसार यथार्थ अर्थ जैनजनताको बतावें। कुछकाकुछ अर्थ करके जनताको भ्रममें न डालें। संपादक."

पं० अजितकुमारजी शास्त्रीने अषाढ वदी ५ वीर सं० २४४८ के खंडेल० जैनहितेच्छुमें लिखाहै कि—" हमको केवल इतना कहना है कि आधुनिक पूजन पुस्तकोंमें जो कृत्याकृत्रिमादि श्लोक है उसका अर्थ

वही है जो कि पं० बनसीधरजीने कियाथा. यह यदि आप न जान-सकें तो किसी संस्कृतज्ञ अजैन विद्वानकोही दिखा लीजिए. "

चैत्यभक्तीके " कृत्याकृत्रिम. " इस श्लोकके–" वंदे भावनव्यंत-रान् द्युतिवरान् कल्पामरान् सर्वगान् " इस चरणके बारेमें पं. ब्र. शी-तलप्रसादजी, पं. बनवारीलालजी और पं. बनारसीदासजी आदि संस्कृ-तज्ञ जैनविद्वानोंने जो कहा है उसको आप मानते नहीं तो फिर अजैन विद्वानोंने कहाहुवा आपको कैसा श्रद्धेय होगा? हां यदी उनका कहना आपके प्रतिकूल न हो तब न? और कदाचित् अनुकूल न हो तो उनका कहना आप मान्य करेंगे क्या? नहीं. या ऊपर कहे हुवे ये जैनविद्वान् क्या संस्कृतज्ञ नहीं हैं? तो फिर इससे ऐसा सिद्ध होता है कि–जिसका कहना अपने अनुकूल हो वह आप श्रद्धेय मानोगे; चाहे वह विद्वान् जैन हो या अजैन! अस्तु फिर भी इस विषयमें और एक जैनविद्वानका मत देताहूं लेकिन् वह मानना या न मानना आ-पके मर्जी ऊपर है. मैने इसबारेमें पं० न्यायाचार्य माणिकचंद्रजीको पुछाथा उनोंने अपने चैत्र सुदी ५ सं० १९७९ के पत्रमें लिखा है कि–" कृत्याकृत्रिम " श्लोकका अर्थ तत्रस्थचैत्यालय है. पूर्वापर संदर्भ और मत्वर्थीय अच् प्रत्यय करनेसे तथा विरुद्ध सामानाधिकरण्य दोष न होजाय अतः चैत्यालय अर्थही उपयुक्त है। " गंगायांघोषः " का अर्थ लक्षणावृत्तिसे गंगातीरही लिया जाता है। "दुष्कर्मणांशान्तये" के समभिव्याहारसे नवदेवताहीं लिये जा सक्ते हैं। सामानाधिकरण्य-न्यायसे मत्वर्थीय प्रत्यय होता है। " भावनव्यंतरान् " का अर्थ— भावनस्थ व्यंतरस्थ हो जाता है। "

भवदीय,

माणिकचंद मोरेना. (ग्वालियर.)

और भी पं. अजितकुमार शास्त्रीजी कहते हैं कि-" **अनुचर** " शब्दका अर्थ **दास नोकर** है. व '**ग्रामपति**' शब्दका अर्थ साफ तौरसे गांवका स्वामी 'राजा' है." इसपर हमारा कहना यह है कि-

सुरेंद्रमंत्रमें- 'अनुचर' शब्दसे इंद्रको आहुतियां देते समयही उनके दासको ही देनी होगी. और निस्तारक मंत्रमें- 'ग्रामपति' जो राजा, या चौधरी पटेल. तथा 'निधिपति' 'वैश्रवण' इन शब्दोंसे कुबेर इनकोही गृहस्थाचार्यके साथ साथ आहुति देनी पडेगी. व ऋषिमंत्रमेंभी- 'भूपति' 'नगरपति' इन शब्दोंसे राजा; और 'कालश्रमण' इस नामसे कालश्रमण यक्षकोहि (जो कि पं. लालारामजीने अपने महापुराणमें कहा है) सर्व संगपरित्यागी परममुनिराजके साथ ही आहुति देनी पडेगी. इसपर विचार करना चाहिये कि- इन विषम पदवीके धारकोंकोही उन सुरेंद्र और निस्तारक मंत्रोंसे आहुतियां देना यह कितना विसंगत दीखता है!

और भी यहां विचार करनेकी मुख्य बात यह है कि-इन सप्तपरमस्थान मंत्रोंमेंसे प्रत्येक परमस्थानमंत्रके अन्तिम इस सेवाफलका मोबदला इस मुबज मांगा है कि—

सेवाफलं- षट्परमस्थानं भवतु। अपमृत्युविनाशनं भवतु। समाधिमरणं भवतु॥

इस प्रकार प्रार्थना करनेवाला गृहस्थ इन- इंद्र, इंद्रकादास, गृहस्थाचार्य, राजा या पटेल, कुबेर, **यक्ष** और चक्रवर्ती इन सबको आहुतियां देकर अंतमें याचना करता हैं कि- इस सेवा फलसे मोकूं षट्परमस्थानोंकी प्राप्ति होवें. अपमृत्यु न होवें और समाधिमरण भी साधे.

इसपर ऐसी शंका होती है कि- इन षट्परमस्थानोंमें-**परमार्हन्त्य, परमनिर्वाण** ये भी सर्वोत्कृष्ट दर्जेके स्थान हैं तो इनकी प्राप्ति इंद्र, गृहस्थाचार्य, कुबेर, दास, यक्ष, राजा, चक्री इनको आहुतियां देकर

याचना करनेसे कैसी होगी ? और अपमृत्यु भी नहीं टलेगा, तथा समाधिमरण भी नहीं साधेगा.

वास्तविक इन सबकी प्राप्ति सिद्ध भगवान् या सत्यार्थ देवगुरुशास्त्र या नवदेवता इनकी भक्ति पूजन (आहुतियां) करनेसेही होगी. कारण— " **स्वयं प्रमादैर्निपतन्भवांबुधौ कथं स भक्तानपि तारयिष्यति ॥** " इस नीतिके अनुसार जिसके पास जिस वस्तुकी याचना करनी है वहां वह दाता वह वस्तु देनेकी योग्यता रखता है या नहीं (अधिकारी या अनधिकारी)इसका भी पहले विचार करनाही चाहिये.

इससे स्पष्ट सिद्ध होता है कि— जिस समय आहुति देना होता है उस समय उन मंत्रोंका अर्थ अर्हंतसिद्धके तरफ लगानाही योग्य है. और जहां आशीर्वाद दिया गया है वहां इंद्र, चक्री, अर्हंत आदि अर्थ करना बराबर है. कारण यहां आशीर्वाद है और वहां पुजा करना है.

उदाहरणार्थ— जो कि पं० लालारामजीने भी अपने सार्थमहापुराणमें सुरेंद्रमंत्रमेंसे—" **नेमिनाथाय स्वाहा।** " और निस्तारक मंत्रमेंसे— " **स्नातकाय स्वाहा** " व " **अनुपमाय स्वाहा** " इन मंत्रोंका अर्थ आहुति देते समय अर्हंतके तरफही लगाया है.

यहांपर हम यह भी सूचित करते हैं कि—इंद्रादि ऐश्वर्यके इच्छासे भगवंतकी भक्ति करना (आहुति देना) यह भी ठीक नहीं है जिससे **निःकांक्षितांग** न पाला जानेसे सम्यक्त्वमें दूषण लगता है इसही हेतुसे इन सुरेंद्रादि स्थानोंकी प्राप्ति शुद्धसम्यक्त्वसेही याचे विना स्वयं हो सक्ती है, अन्य उपायसे नहीं होगी. ऐसे श्रीवीरनंदि सैद्धान्तिक अपने आचारसारमेंसे सम्यक्त्वके निःकांक्षितांगकथनमें इस तरह फर्माते हैं देखिये—

देवेंद्रादिश्रियो यस्मिन्सत्यायांति स्वयं सताम् ॥
सम्यक्त्वेऽनुपमे तस्मिन् किं तया परचिंतया ॥८६॥

और इसमें कोई ऐसी भी शंका उठावें कि— इन मंत्रोंके अन्तमें—

षट्परमस्थान प्राप्त होवें, अपमृत्यु नाश होवें और समाधिमरण भी साधें; ऐसा कहा गया है. तो फिर इस प्रकार भगवानके सेवाफलकी इच्छा रखना यह भी ठीक नहीं; यह तो **निदान** कहा जावेगा.

इसका उत्तर यह है कि– यह भक्ति **रागपूर्वक** है निदान नहीं है. क्योंकि, **संसारके कारणीभूत इच्छाको निदान कहते हैं.** यहां संसारके कारणका अभाव है. जिसको पारमार्थिक फलेच्छा कहते हैं. जैसे– " वंदे तद्गुणलब्धये " इसका विशेष स्पष्टीकरण मूलाचारमें इस प्रकार किया है—

टीका— एवं विशिष्टास्ते जिनवरेंद्रा महामारोग्यं जातिमरणाभावं बोधिलाभं च जिनसूत्रश्रद्धानं दीक्षाभिमुखीकरणं वा समाधिं च मरण-काले सम्यक्परिणामं ददतु प्रयच्छन्तु, किं पुनरिदं निदानं न भवति न भवत्येव कस्माद्विभाषात्रविकल्पोऽत्रकर्तव्यो यस्मादिति ॥ ६९ ॥ तेषां-जिनवरादीनामभिमुखतया भक्त्या चार्था वांछितेष्ट सिद्धयः सिद्धयति हस्तग्राह्या भवंति यस्मात्तस्माद्भक्तीरागपूर्वकमेददुच्यते न हि निदानं संसारकारणाभावादिति ॥ ७५ ॥ (मूलाचार सटीक पृ० ४३४)

इसका अर्थ पं० मनोहरलाल शास्त्रीने ऐसा दिया है– " अर्थ– ऐसे पूर्वोक्त विशेषणोंसहित जिनेंद्र देव मुझे जन्ममरणरूप रोगसे रहि-तकरें तथा भेद ज्ञानकी प्राप्ति और समाधि मरण दें । क्या यह निदान है यहां विकल्पसे समझना ॥ ५६६ ॥ अर्थ– उन जिनवरोंके सन्मुख होनेसे तथा उनकी भक्तीसे वांछित कार्य सिद्ध होते है इसलिये यह भक्ति रागपूर्वक है निदान नहीं है क्योंकि संसारके कारणको निदान कहते हैं यहां संसारके कारणका अभाव है ॥ ॥५७२ ॥ "

शब्दोंके अनेक अर्थ होसकते हैं. जैसा अज शब्दका अर्थ बकरा भी होता है और पुराना धान भी होता है. सैंधव शब्दका अर्थ घोडा भी होता है और लूण भी होता है. जैसा जहां प्रकरण होगा वैसा वहां अर्थ लेना चाहिये यह बात पंडित पन्नालालजी सोनी आदि सभी

पंडितलोक मान्य करते हैं. अब विचारनेकी बात है कि आदिपुराणमें सुरेंद्रमंत्र आदि जो पीठिकामंत्र हैं सो भरतचक्रीनें श्रावकोंको बताये हैं. यदि ये शासनदेवके पूजन अथवा आदरसत्कारके वास्ते कहेनेका उनका इरादा होता तो आप भरतचक्री आदिभगवानके समवसरणमें गये वहां उनको शासनदेवताका मिलाप प्रत्यक्ष हुवा था, लेकिन उन्होंने उनका पूजन, आहुति अथवा आदरसत्कार क्यों नहीं किया ? समवसरणमेंके मानस्तंभोंका, धर्मचक्रका, ध्वजाओंका और केवली भगवानका पूजन भरतचक्रीने किया ऐसा लिखा है. परंतु शासनदेवता प्रत्यक्ष मिलनेपर भी उनका पूजन,आहुति,सत्कार अर्घ्यदेना कुछ किया नहीं. इतनाही नहीं किंतु इससे उलट– भरतचक्री समवसरणमें आते समय द्वारपालशासनदेवताओंने उनका **बडे आदर सत्कारसे** भीतर प्रवेश कराया ऐसाहि प्रमाण मिलता है देखो—

ततो दौवारिकैर्देवैः संभ्राम्यद्भिः प्रवेशितः ॥
श्रीमंडपस्य वैदग्धीं सोऽपश्यत्स्वर्गजित्वरीम् ॥ १८ ॥

(महापुराण पर्व. ॥ २४ ॥)

इसपरसे अनुमान होता है कि, भरतचक्री शासनदेवताका पूजन, आहुति, आदरसत्कार अथवा अर्घ्यदेना यह कहेंगे नहीं. इतना सिद्ध हुवा तो फिर सुरेंद्रमंत्रोंका अर्थ शासनदेवोंके पूजनपर न लगाकर अर्हंतसिद्ध आदिपरमेष्ठीके पूजनपर लगानाही प्रकरणसंगत होगा.

सोलापूर,
ता. ११।७।१९२२.

आपका नम्र,
शंकर पंढरीनाथ रणदिवे.